नई दिल्ली, शुक्रवार
1 मार्च, 2024
राजधानी
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 18+4=22

दैनिक जागरण

www.jagran.com

दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

असम में भाजपा 11 सीट पर, अगप दो और यूपीपीएल एक सीट पर चुनाव लड़ेगी 11

गरीबों के कष्ट दूर करना ही मोदी की गारंटी: पीएम 11

सशक्त लोकतंत्र का • विकसित राष्ट्र का • शक्ति और समृद्धि का

महासमर

भारतीय लोकतंत्र स्वाधीनता के 75 वर्ष पूर्ण कर सौवें स्वतंत्रता दिवस की गौरवमयी यात्रा आरंभ कर चुका है। इसे अमृतकाल कहा जा रहा है जिसमें वर्ष 2047 तक विकसित भारत की भव्य छवि गढ़ने का संकल्प सरकार ही नहीं, हर भारतीय के लिए कर्मसिद्धि के मंत्र सरीखा है। अमृतकाल की अवधारणा पौराणिक ग्रंथों में है जहां इसे स्वर्णकाल माना गया है। नए प्रयास आरंभ करने के लिए शुभ और मंगलकारी अमृतकाल में उज्ज्वल भविष्य का स्वप्न साकार होने का योग बनता है। इस संदर्भ में आसन्न आम चुनाव मात्र सरकार चुनने का साधन भर नहीं है, यह विकसित और आत्मनिर्भर भारत की लक्ष्य प्राप्ति के लिए संकल्प और सिद्धि का प्रयोजन भी है। इसमें आमजन की सबसे अहम भूमिका होगी जो देश में राजनीतिक स्थायित्व के आधार पर सांस्कृतिक पहचान, आर्थिक महाशक्ति और शक्तिशाली राष्ट्र का भाव मन में लिए मतदान करेंगे। अमृतकाल के इस पहले चुनावी महासमर में मतदाता देश के साथ अपने भविष्य की दिशा भी तय करेगा। चुनाव के लिए राजनीतिक दलों का अपना-अपना एजेंडा है, लेकिन एक एजेंडा जनता का भी होना चाहिए। लोग केवल मतदान के लिए ही सजग नहीं रहें, बल्कि यह भी देखें कि राजनीतिक दल आरोप-प्रत्यारोप, अपशब्दों की सस्ती राजनीति, जाति, पंथ, क्षेत्र के विभाजनकारी- भावनात्मक मुद्दों और रेवड़ियों की आड़ में देश के सामने उपस्थित वास्तविक मुद्दों की अनदेखी न करने पाएं। लोगों को अपने साथ समाज और देश हित वाले मुद्दों को ही प्राथमिकता देनी चाहिए। ऐसा हो सके और भारतीय लोकतंत्र की छवि निखरे, इसलिए एक सजग और जिम्मेदार समाचार पत्र के नाते दैनिक जागरण आज से कर रहा है वर्ष 2024 के 'महासमर' का उद्घोष।

96.88
करोड़ मतदाता आम चुनाव 2024 में अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग कर सकेंगे

दैनिक जागरण संग संकल्प और सिद्धि का प्रयोजन

देश के विकास की दिशा तय करने वाले आम चुनाव 2024 की घोषणा जल्द होने वाली है। विकसित राष्ट्र से तात्पर्य बेहतर आर्थिकी ही नहीं है, प्रतिव्यक्ति आय में वृद्धि भी है। विकसित देश से यह भी आशय है कि नागरिकों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, खाद्य सुरक्षा, जल उपलब्धता, रोजगार सृजन, गरीबी उन्मूलन व पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्रों में भी देश की स्थिति सुदृढ़ हो। चुनाव के इस लोकतांत्रिक पर्व में दैनिक जागरण की प्रतिबद्धता देश व देशवासियों के साथ है। जन के मन की बात हमारे चुनावी कवरेज 'महासमर' की प्राथमिकता रहेगी। जिसमें देश में नई सरकार का गठन होने तक हम आपको प्रतिदिन राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तरीय बड़े मुद्दों की पहचान और गहन पड़ताल के साथ टिकट की टिकटिक, अतीत के आईने से, इंटरनेट मीडिया पर चुनावी हलचल, चुनावी चक्रम, सांसद का रिपोर्ट कार्ड और ग्राउंड रिपोर्ट जैसे नियमित कालम के माध्यम से चुनाव के हर पहलू से आपको अवगत कराते रहेंगे। साथ ही हर राजनीतिक घटनाक्रम की अंदरूनी कहानी, दलों के चुनावी वाररूम और रणनीतियों की जानकारी भी आप तक पहुंचाएंगे। वीआइपी सीटों का हाल और पूरब से पश्चिम व उत्तर से लेकर दक्षिण तक लोकसभा क्षेत्रों की ग्राउंड रिपोर्ट के माध्यम से आपको बताएंगे कि तंत्र के गण क्या सोच रहे हैं। दैनिक जागरण यह राष्ट्रव्यापी चुनावी अभियान इसलिए आयोजित कर रहा है ताकि आप अपने बहुमूल्य मत का प्रयोग राष्ट्र की उन्नति के लिए कर सकें। राष्ट्र समृद्ध होगा तभी हम सब भी समृद्ध हो सकेंगे।

मतदाता ही भाग्यविधाता

47.15
करोड़ महिला मतदाताओं की भूमिका महत्वपूर्ण होगी

49.72
करोड़ पुरुष इस आम चुनाव में मत प्रयोग कर सकेंगे

1.85
करोड़ पंजीकृत मतदाता 18 से 19 वर्ष के हैं

325
लोकसभा सीटें 2019 में राजग को मिलीं

90
लोकसभा सीटें आइएनडीआइए में शामिल दलों के पास अभी हैं

यह भी जानिए

- भारतीय मतदाताओं की संख्या विश्व के कई देशों की जनसंख्या से भी अधिक है
- इसमें पहली बार लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग करने को उत्साहित युवा मतदाताओं पर सभी दलों की निगाहें रहेंगी

सभी चुनें सही चुनें

18वां लोकसभा चुनाव

543
लोकसभा सीटों पर विभिन्न दलों के प्रत्याशी आजमाएंगे भाग्य

ये होंगे आमने-सामने

चुनाव आयोग के अनुसार देश में छह राष्ट्रीय राजनीतिक दल हैं-भाजपा, कांग्रेस, माकपा, नेशनल पीपुल्स पार्टी, बसपा और आम आदमी पार्टी। 50 से अधिक क्षेत्रीय पार्टियां भी हैं। इस चुनाव में प्रमुख राजनीतिक दल मुख्यत: दो घटकों में लामबंद हैं। भाजपा के नेतृत्व वाले राजग और कांग्रेस समेत अन्य दलों के आइएनडीआइए में मुकाबला होगा। कुछ क्षेत्रीय दल अकेले चुनाव में उतर रहे हैं। राजग की तरफ से प्रधानमंत्री पद का चेहरा नरेन्द्र मोदी हैं जबकि आइएनडीआइए लोकसभा चुनाव के बाद अपना नेता तय करेगा:

राजग

- भाजपा
- जनता दल यू
- शिवसेना-शिंदे
- राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी -अजीत
- लोक जनशक्ति पार्टी- दोनों गुट
- राष्ट्रीय लोक दल
- अपना दल-सोनेलाल
- राष्ट्रीय लोक मोर्चा
- हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा
- सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी

आइएनडीआइए

- कांग्रेस
- डीएमके
- समाजवादी पार्टी
- राजद
- शिवसेना-उद्धव
- राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी - शरद
- आम आदमी पार्टी
- माकपा-भाकपा
- तृणमूल कांग्रेस
- इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग

न इधर-न उधर

- बीजू जनता दल
- वाईएसआर कांग्रेस
- तेलुगु देसम पार्टी
- एआइएडीएमके
- अकाली दल
- बीआरएस
- नेशनल कान्फ्रेंस

	2014 में प्रदर्शन			2019 में प्रदर्शन		
पार्टी	प्रत्याशी	विजयी	मत प्रतिशत	प्रत्याशी	विजयी	मत प्रतिशत
भाजपा	428	282	31.3	436	303	37.7
कांग्रेस	464	44	19.31	422	52	19.7
एआइएडीएमके	40	37	3.27	23	23	2.3
तृणमल कांग्रेस	131	34	3.84	62	22	4.1
बीजद	21	20	1.71	21	12	1.7
शिवसेना	58	18	1.9	98	18	1.85
तेलुगु देसम	30	16	2.55	25	3	2.1
टीआरएस	17	11	1.22	17	9	1.3
वाईएसआरसीपी	38	9	2.53	25	22	2.6
सीपीआइ (एम)	93	9	3.25	69	3	1.77
लोजपा	7	6	0.41	6	6	0.5
एनसीपी	36	6	1.56	34	5	1.4
सपा	197	5	3.37	49	5	2.6
शिअद	10	4	0.66	10	2	0.6
जेडीयू	93	2	1.08	25	16	1.5
जेडीएस	34	2	0.67	9	1	0.6
बसपा	503	0	4.14	383	10	3.66
अपना दल(एस)	7	2	0.15	2	2	0.2
राजद	30	4	1.34	21	0	1.1
झामुमो	21	2	0.3	13	1	0.3



यहां से होकर गुजरता है केंद्र का रास्ता

हिंदी पट्टी के राज्यों में 214 लोकसभा सीटें हैं जबकि दक्षिण भारत में 132 सीटें हैं जिसमें सर्वाधिक 39 तमिलनाडु में हैं।

****

10.35 लाख पोलिंग बूथ बनाए गए थे 2019 के आम चुनाव में। 1989 के लोकसभा चुनाव में देश भर में पोलिंग बूथ की संख्या 5,80,798 थी। 1951-52 में हुए पहले आम चुनाव में पोलिंग बूथ की संख्या 1,96,084 थी।

अतीत के आईने से

पहला आम चुनाव लोकतंत्र का आगाज

स्वतंत्र भारत में पहला आम चुनाव 25 अक्टूबर 1951 से 21 फरवरी 1952 तक आयोजित किया गया। आम चुनाव में 1,874 उम्मीदवारों और 53 राजनीतिक दलों ने हिस्सा लिया। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने बड़े बहुमत से चुनाव जीत कर पंडित जवाहरलाल नेहरू की अगुआई में सरकार बनाई।

36 करोड़ आबादी थी देश की पहले लोकसभा चुनाव के समय

17.36 करोड़ मतदाता चुनाव में मतदान करने के लिए पात्र थे

364 सीटों के साथ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने जीता चुनाव

45% मतदाताओं ने किया अपने मताधिकार का इस्तेमाल

45.7% मत मिले पहले आम चुनाव में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को

पहला वोट

पहले आम चुनाव का पहला वोट हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में डाला गया।

पहले हुए माक पोल

आम चुनाव से पहले सितंबर 1951 में माक पोल कराया गया। इसका मकसद देश के नागरिकों को चुनाव प्रक्रिया से परिचित कराना था। भारत के पहले चुनाव आयुक्त सुकुमार सेन थे।

जीतने वाले बड़े नाम

पहले आम चुनाव में जीत हासिल करने वाले बड़े नामों में पंडित जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, सुचेता कृपलानी, गुलजारी लाल नंदा, काका साहेब कालेलकर, श्यामा प्रसाद मुखर्जी थे। पूर्व कानून मंत्री भीम राव आंबेडकर बांबे लोकसभा सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार से चुनाव हार गए थे।

राजनीतिक दलों की सीटें

दल	सीटें
कांग्रेस	364
सीपीआइ	16
जनसंघ	3
सोशलिस्ट पार्टी	12
किसान मजदूर प्रजा पार्टी	9
निर्दलीय	37

पहली लोकसभा में 677 दिन हुआ काम

पहली लोकसभा ने अप्रैल 1952 से अप्रैल 1957 तक अपना कार्यकाल पूरा किया। इस दौरान लोकसभा में रिकार्ड 677 दिन काम हुआ। पहली लोकसभा के अध्यक्ष जीवी मावलंकर थे।

बेहतर आर्थिकी से बदला माहौल, भरोसा बढ़ा

केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार के सही फैसलों और सुधार के कदम से लोगों के जीवन में आई खुशहाली



कितनी बदली जिंदगी

24.8 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर निकले पिछले नौ वर्षों में

10 वर्ष में 10वें से पांचवें पायदान पर पहुंची भारतीय अर्थव्यवस्था



राजीव कुमार • नई दिल्ली

बदहाल अर्थव्यवस्था और खुशहाल आर्थिकी का अंतर महसूस करना कठिन नहीं है। वर्ष 2004 से 2014 के बीच मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार के कार्यकाल और उसके बाद से अब तक के नरेन्द्र मोदी सरकार के समय देश ने दोनों दौर देखे हैं। 2014 में मोदी के नेतृत्व में जब राजग सरकार ने लोगों की असीमित आकांक्षाओं के साथ कमान संभाली थी, तब का परिदृश्य कुछ इस तरह था। संप्रग सरकार के अंतिम महीनों में महंगाई दर 10 प्रतिशत के आसपास थी। चालू खाता का घाटा पांच प्रतिशत के चिंताजनक स्तर पर था और विदेशी मुद्रा कोष में सिर्फ 292 अरब डालर थे। कच्चे तेल की कीमत 90 डालर प्रति बैरल को पार कर रही थी। अर्थव्यवस्था की कमजोर बुनियाद को देख देश-विदेश के निवेशक केवल हिचक ही नहीं रहे थे, बल्कि हताश भी थे। विदेशी निवेशक तो तेजी से अपना धन निकाल रहे थे। उन्हें ऐसी कोई तस्वीर नजर नहीं आ रही थी, जो उन्हें उनके निवेश के बदले कुछ मुनाफा पहुंचाती।

तब देश-दुनिया की किसी एजेंसी ने यह सोचा भी नहीं था कि इन हालात में विश्व में 10वें पायदान पर खड़ी भारतीय आर्थिकी अगले 10 वर्ष में पांचवें स्थान पर पहुंच जाएगी। यह हुआ और वह भी 2020 से 2022 तक कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के बावजूद। जब बाकी दुनिया ने इस अभूतपूर्व चुनौती के समक्ष हथियार डाल दिए थे, तब भारत की इकोनमी न केवल टिकी रही, बल्कि एक बड़े हिस्से के लिए उम्मीद की किरण के रूप में भी उभरी। आज जब देश आर्थिक मजबूती की तरफ बढ़ रहा है, तब एक कारपोरेट प्रोफेशनल से लेकर समाज में सबसे पिछली पंक्ति में खड़े व्यक्ति के जीवन में भी व्यापक परिवर्तन आया है। सरकार के पास खर्च करने के लिए पर्याप्त धन है।

यह सब संभव हो सका सरकार के उन सुधार कार्यक्रमों से, जिसने देश को वैश्विक निवेश का केंद्र बना दिया। मैन्यूफैक्चरिंग हब बनने के लिए माहौल तैयार कर दिया। टैक्स की व्यवस्था बदलकर सरकार की आमदनी को बढ़ा दिया और इन सबकी बदौलत लोगों के जिंदगी जीने के अंदाज को बदल दिया। अर्थव्यवस्था के विकास से लोगों की आय और खरीदारी क्षमता बढ़ने लगी। कभी बिजली को तरसने वाले गांवों में भी एसी और फ्रिज चल रहे हैं, क्योंकि बिजली की उपलब्धता बढ़ रही है। खाना बनाने के लिए लकड़ी जैसी चीजों पर निर्भर रहने वाले घरों में गैस चूल्हे पर खाना पकने लगा। सरकार को सामाजिक योजनाओं में खर्च करने के लिए भी पैसा मिला। इनके केंद्र में महिलाएं हैं।

गांव से लेकर शहर तक सड़कें बनीं

खेती के लिए किसानों की ड्रोन तक पहुंच सामान्य बात नहीं है। यह कई मोर्चों, जिसमें कृषि का आधुनिकीकरण भी शामिल है, पर एक साथ ध्यान देने के कारण संभव हो सका। गांव से लेकर शहर तक सड़कें बनीं तो इससे बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर उत्पन्न हुए हैं। देश में राजमार्गों की लंबाई वर्ष 2014 के मुकाबले 60 प्रतिशत तक बढ़ चुकी है। यह सड़क निर्माण में आई तेजी का ही नतीजा है कि हर वर्ष एक करोड़ से अधिक दोपहिया वाहन बिक रहे हैं। महंगी कारों के लिए अगर लोगों को इंतजार करना पड़ रहा है तो इसका कारण भी मांग में अभूतपूर्व बढ़ोतरी है।

कंपनियों के बीच निवेश की होड़

मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया, प्रोडक्शन लिंक्ड इन्सेंटिव व आत्मनिर्भर भारत जैसी योजनाओं ने पूरे भारत में मैन्यूफैक्चरिंग का माहौल बनाया है। कंपनियों के बीच निवेश की होड़ है। पहली बार भारतीय वस्तुओं का निर्यात 400 अरब डालर को पार कर गया। यह सब देख एपल जैसी दिग्गज कंपनी भी खुद को भारत आने से रोक नहीं पाई। टेस्ला जैसी नामी कार निर्माता कंपनी भारत आने की तैयारी में जुट गई। इससे भारतीय श्रमिकों के लिए रोजगार के अवसर खुल गए और कभी सिर्फ सरकारी नौकरी पर निर्भर रहने वाले युवाओं की मांग देश-विदेश में होने लगी।

तीन वर्ष में तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था

कभी भारतीय अर्थव्यवस्था को दुर्बल व अस्थिर श्रेणी में रखने वाली वैश्विक एजेंसियां अब अगले तीन वर्ष में भारत को तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था का ताज पहनाने की तैयारी में हैं। आइएमएफ व विश्व बैंक भारत को दुनिया के नक्शे का चमकता सितारा बता रहे हैं। यह कैसे हुआ, इस सवाल का सीधा जवाब है- समय पर लिए गए फैसले, सही क्रियान्वयन और आगे की दृष्टि। इन्फ्रास्ट्रक्चर का तेज विकास, टैक्स संरचना में सुधार और बहुआयामी गरीबी से बाहर लाने के लिए सामाजिक क्षेत्र पर बड़े खर्च ने इस लक्ष्य को हासिल करने में बड़ी भूमिका निभाई।

विदेशी निवेशकों में भरोसा जागा

जीएसटी लागू करने से देशभर में एकल कर व्यवस्था लागू हुई। विदेशी निवेशकों में भरोसा जागा और अब तो हर वर्ष जीएसटी से मिलने वाले राजस्व में बढ़ोतरी हो रही है। इनकम टैक्स नियमों के सरलीकरण और सरकार की पैनी नजर से हर वर्ष प्रत्यक्ष कर देने वालों की संख्या भी बढ़ रही है। गरीबी को दूर करने के प्रयास से स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, पोषण, आवास जैसी सुविधाओं पर सरकार ने खर्च बढ़ाया, जिससे पिछले नौ वर्ष में 24.8 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले। देश में एक ऐसे वर्ग ने आकार लेना शुरू किया, जो अब अपनी सुविधाओं पर खर्च कर सकता है।

इस बार कांग्रेस के दो कीर्तिमानों पर मोदी की एक साथ निगाह

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : पिछले दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कई ऐसे चौंकाने वाले निर्णय लेते रहे हैं, जिन्हें लगभग असंभव माना जाता रहा था। अब जब वह प्रधानमंत्री के रूप में लगातार तीसरी पारी के लिए मैदान में खड़े हैं तो सामने एक कीर्तिमान है। पंडित जवाहरलाल नेहरू को छोड़कर कोई लगातार तीसरी बार नहीं जीत पाया है, लेकिन पीएम मोदी का खुद का विश्वास इतना प्रबल है और राजनीतिक माहौल उनके लिए इतना सकारात्मक है कि फिलहाल यह पड़ाव दूर नहीं दिख रहा है। इसके अतिरिक्त इस बार पीएम मोदी के नेतृत्व में राजग वर्ष 1984 में कांग्रेस को मिलीं 415 सीटों के कीर्तिमान से भी आगे निकलने की कोशिश कर सकता है। उस समय कांग्रेस को 48.5 प्रतिशत वोट हासिल हुए थे और इस बार भाजपा इससे आगे निकलने की तैयारी करती नजर आ रही है।

देश में हुए अब तक के 17 लोकसभा चुनावों में नेहरू के अलावा किसी प्रधानमंत्री को लगातार तीसरी बार जनादेश नहीं मिला है। नेहरू के नेतृत्व में कांग्रेस 1952, 1957, 1962 का लोकसभा चुनाव जीती। इसी बीच वर्ष 1964 में नेहरू के देहांत के बाद लाल बहादुर शास्त्री पीएम बने। वर्ष 1966 में उनके देहांत के बाद इंदिरा गांधी ने देश की बागडोर संभाली। 1967 के लोकसभा चुनाव में उनके नेतृत्व में कांग्रेस सत्ता में लौटी। बांग्लादेश का निर्माण करने के परिप्रेक्ष्य में इंदिरा गांधी ने वर्ष 1972 के चुनाव में लगातार दूसरी बार जनता का भरोसा जीता, मगर आपातकाल के बाद वर्ष 1977 में हुए आम चुनाव में हार ने लगातार तीसरी पारी की राह पर विराम लगा दिया। वर्ष 1977 में जनता सरकार के पीएम बने मोराराजी देसाई की सरकार 1979 में गिर गई। 1980 के चुनाव में इंदिरा गांधी को तीसरी पारी जरूर मिली, मगर तीन वर्ष के विराम के बाद। अक्टूबर 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद राजीव गांधी पीएम बने और वर्ष 1984 के आखिर में हुए आम चुनाव में अब तक के रिकार्ड बहुमत 415 सीटों के साथ सत्ता हासिल की। हालांकि वर्ष 1989 के आम चुनाव में राजीव गांधी को पीएम के तौर पर लगातार दूसरी पारी नहीं मिल पायी। जनता दल नेता वीपी सिंह भाजपा और वाम दलों के समर्थन से पीएम बने, लेकिन 11 महीने में ही यह सरकार गिर गई। उनके स्थान पर कांग्रेस के बाहरी समर्थन से चंद्रशेखर की सरकार बनी, जो चार महीने रही। वर्ष 1991 में चुनाव के दौरान कांग्रेस के पीएम उम्मीदवार राजीव गांधी की हत्या हो गई। तब चुनाव में कांग्रेस की जीत के बाद पीवी नरसिंह राव पीएम बने। वर्ष 1996 के चुनाव में चुनाव में किसी दल को बहुमत नहीं मिला तो सबसे पहले अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में 13 दिन की भाजपा सरकार बनी जो बहुमत नहीं जुटा पायी। फरवरी-मार्च 1998 में चुनाव के बाद अटल प्रधानमंत्री बने और भाजपा के नेतृत्व में 24 पार्टियों के राजग गठबंधन की पहली सरकार बनी मगर अप्रैल 1999 में 13 महीने में ही वाजपेयी सरकार एक वोट से बहुमत खो बैठी। चुनाव 1999 के सितंबर-अक्टूबर में हुए और वाजपेयी बतौर पीएम लगातार दूसरी बार सत्ता में लौटे। वर्ष 2004 के चुनाव में उतरी भाजपा-एनडीए के साथ वाजपेयी को भी इसमें निराशा हाथ लगी और लगातार तीसरी पारी की राह नहीं खुली।



- लोकसभा चुनाव में बीते 62 वर्ष में जवाहर लाल नेहरू के अलावा किसी प्रधानमंत्री को नहीं मिला है लगातार तीन बार जनादेश
- 1984 में राजीव गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस को मिले रिकार्ड बहुमत से आगे निकलने की भी हो सकती है कोशिश
- आपातकाल के बाद 1977 में हुए चुनाव में हार ने इंदिरा गांधी की लगातार तीसरी पारी की राह पर विराम लगा दिया

1996 में किसी को बहुमत न मिलने की स्थिति में अटल के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनी

24 पार्टियों के राजग की पहली सरकार मार्च 1998 में बनी

मोदी को वर्ष 2019 में लगातार दूसरी बार मिला स्पष्ट जनादेश

कांग्रेस के नेतृत्व में वर्ष 2004 में चुनाव बाद संप्रग गठबंधन बना और प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह की सरकार बनी, जिसने वर्ष 2009 के चुनाव में लगातार दूसरी बार स्पष्ट जनादेश हासिल किया। वर्ष 2014 में मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्री रहते हुए चुनाव में संप्रग भी लगातार तीसरी पारी हासिल करने से दूर रह गया और नरेन्द्र मोदी की अगुआई में भाजपा अकेले दम पर बहुमत के साथ सत्ता में आयी। प्रधानमंत्री मोदी को वर्ष 2019 में लगातार दूसरी बार स्पष्ट जनादेश मिला और दो पूर्ण कार्यकाल के बाद जब वह वर्ष 2024 के चुनावी रण में उतरेंगे तो जाहिर तौर पर उनका लक्ष्य 62 वर्ष से अब तक नहीं बदले रिवाज को बदलने पर होगा।

टिकट की टिकटिक

बिहार में दुविधा में फंसे राजग के अधिसंख्य सांसद

अरुण अशेष • पटना

वर्ष 2019 में बिहार से लोकसभा चुनाव जीतने वाले अधिसंख्य सांसद दुविधा में हैं। पहली यह कि वोटरों का रुख क्या होगा, उससे भी बड़ी दुविधा यह कि टिकट का क्या होगा? इनसे मुक्ति के लिए वे दल के नेतृत्व का चक्कर लगा रहे हैं। राज्य में लोकसभा की 40 सीटें हैं। वर्ष 2019 में 39 सीटों के साथ राजग की एकतरफा जीत हुई थी। महागठबंधन के दलों में सिर्फ कांग्रेस को एक सीट पर सफलता मिली थी।

तब लोकसभा चुनाव के समय एक रही लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) अब दो हिस्से में बंट चुकी है। लोकसभा के रिकार्ड के अनुसार, चिराग पासवान लोजपा (आर) के इकलौते सांसद हैं। उनके चाचा और केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस की पार्टी रालोजपा के पांच सांसद हैं। ऐसे में यह तय होना बाकी है कि भाजपा किस गुट को असली मानकर सीटों का बंटवारा करती है। गारंटी सिर्फ दो-चिराग पासवान और पशुपति कुमार पारस की है। दोनों गुटों के बाकी चार सांसदों-वीणा देवी, चंदन सिंह, प्रिंस राज और महबूब अली कैसर भी दुविधा में हैं।

सीतामढ़ी से पिछली बार जदयू के टिकट पर जीते सुनील कुमार पिंटू भी उलझे हैं। अब वह भाजपा के साथ हैं। वर्ष 2019 में भाजपा ने जदयू को सीतामढ़ी क्षेत्र के साथ उम्मीदवार भी दे दिया था। 2022 में जदयू का भाजपा से अलगाव हुआ तो पिंटू मुख्यमंत्री नीतीश के मुखर विरोधी हो गए। ऐसे में जदयू ने देवेश चंद्र ठाकुर को सीतामढ़ी से अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया। जदयू के 17 में 16 उम्मीदवार सांसद चुने गए थे।

भाजपा सांसदों की दुविधा उम्र और क्षेत्र में उनकी सक्रियता या उपलब्धियों को लेकर है। चर्चा है कि 72 की उम्र पार कर चुके सांसद अब उम्मीदवार नहीं होंगे। अगर यह फार्मूला लागू हुआ तो कई नेताओं के टिकट कटेंगे, लेकिन एक चर्चा सांसदों को दिलासा देती है कि उपलब्धियां उन्हें उम्र की सीमा से राहत देंगी। जदयू ने बेटिकट करने का कोई फार्मूला नहीं बनाया है। उम्र की सीमा भी तय नहीं है।

भाजपा के चुनावी तरकश में मौजूद हैं अनेक 'रामबाण'

एक्स फैक्टर

जितेंद्र शर्मा • नई दिल्ली

- राम मंदिर निर्माण, अनुच्छेद 370 की समाप्ति और तीन तलाक कानून जैसे मुद्दे बढ़ा रहे भाजपा का आत्मविश्वास
- ऐतिहासिक निर्णयों से सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति और बहुमत के बल का भी संदेश, विपक्ष के लिए बढ़ सकती चुनौती

2020 में पीएम ने राम मंदिर का भूमिपूजन व 2024 में श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा की • जागरण आर्काइव

लोकसभा चुनाव के महासमर में उतरने से पहले विपक्षी दल जब इस जुगत में हों कि मिलकर कैसे भाजपा को तीसरी बार सत्ता में आने से रोका जाए, तब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा को 370 और राजग को 400 सीटों के पार पहुंचाने का आत्मविश्वास दिखाया है। राजनीतिक विश्लेषकों के मन में यह सवाल कौंध सकता है कि 10 वर्ष की सत्ता के बाद किसी भी सरकार के लिए चुनौती बढ़ जाती है, तब भाजपा के इस उत्साह का आधार क्या है? इसका उत्तर संसद में मोदी सरकार द्वारा लाए गए श्वेत-पत्र, राष्ट्रीय अधिवेशन के राजनीतिक प्रस्ताव सहित शीर्ष नेतृत्व से लेकर बूथ स्तर के कार्यकर्ता की जुबानी चर्चा में मिलता है, जिसमें राम मंदिर निर्माण से लेकर जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 की समाप्ति, तीन तलाक के विरुद्ध कानून, नारी शक्ति वंदन अधिनियम और नागरिकता संशोधन अधिनियम जैसे मुद्दे हैं। वर्ष 2019 से 2024 के बीच इन ऐतिहासिक निर्णयों से भाजपा ने अपना चुनावी तरकश इस तरह सजाया है, जिन्हें वह 'रामबाण' मानकर चल रही है।

भाजपा के चुनाव प्रचार अभियान में इस बार 'मोदी की गारंटी' की गूंज है। यह सिर्फ जनकल्याणकारी योजनाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि पार्टी इस गारंटी को उन निर्णयों से भी जोड़कर प्रचारित कर रही है, जो ऐतिहासिक हैं और जिनके माध्यम से मोदी सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति तथा बहुमत वाली सरकार के बल का भी संदेश जाता है। यूं भाजपा ने तो अपनी सरकार की 10 वर्ष की उपलब्धियों को जिल्दबंद किया है, लेकिन प्रमुख मुद्दों के साथ वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव मैदान में उतरी भाजपा से इस बार की तुलना करें तो अब वह बड़ी उपलब्धियों से लैस दिखाई देती है। इनमें सबसे प्रमुख मुद्दे की बात करें तो अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का उल्लेख होना स्वाभाविक है। पिछली सदी के आठवें-नौवें दशक से जिस राम मंदिर को चुनावी एजेंडे में रखकर भाजपा चल रही थी, उसके निर्माण का रास्ता सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से नवंबर 2019 में तब प्रशस्त हुआ, जब भाजपा वर्ष 2019 में दोबारा सरकार बना चुकी थी। पांच अगस्त, 2020 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंदिर का भूमिपूजन किया और 22 जनवरी, 2024 को मोदी ने ही प्रभु श्रीराम के बालक रूप की प्राण-प्रतिष्ठा की। एक समय राम मंदिर आंदोलन को भाजपा की 'कमंडल की राजनीति' घोषित कर गैर-भाजपाई दलों ने 'मंडल' के सहारे बढ़त बनाई थी। अब जिस तरह से कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने जाति आधारित गणना को चुनावी मुद्दा बनाने का प्रयास किया है, उसमें मंडल बनाम कमंडल का सोच इंगित होता है। रामलला प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के उल्लास को भाजपा और उसके सहयोगी संगठन गली-गली पहुंचाकर संदेश दे चुके हैं कि भाजपा ने 'रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे' का संकल्प सिद्ध कर दिया है।

'एक विधान, एक निशान, एक प्रधान' का संकल्प पूरा

भाजपा के चुनावी एजेंडे में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 की समाप्ति हमेशा शामिल रही। इस बार भाजपा इसे लेकर भी पीठ थपथपा रही है कि उसने देश के 'एक विधान, एक निशान, एक प्रधान' के संकल्प को पूरा कर दिया है। दरअसल, यह निर्णय भी मोदी सरकार ने दूसरी बार सत्ता प्राप्ति के बाद किया। इसके साथ ही जम्मू-कश्मीर को मिला विशेष राज्य का दर्जा समाप्त हो गया। तीन तलाक के विरुद्ध कानून और नारी शक्ति वंदन अधिनियम जैसे निर्णय भी ऐतिहासिक हैं। तीन तलाक के मुद्दे को मुस्लिम समुदाय से जुड़ा होने के कारण कोई अन्य दल छूने की हिम्मत नहीं करता था, पर प्रबल इच्छाशक्ति का संदेश देते हुए मोदी सरकार ने मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम 2019 पारित कराया। इसी तरह सरकार ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिलाने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम को सितंबर, 2023 में पारित कराया।

...और अब सीएए की बारी

इन तमाम मुद्दों के साथ ही सरकार ने एक और हथियार तराशकर तैयार कर लिया है। नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) भी ऐसा मुद्दा है, जिस पर राजनीतिक बहस छिड़ी है। इसके तहत सरकार पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए अल्पसंख्यक यानी हिंदू, सिख, जैन, पारसी और ईसाई शरणार्थियों को नागरिकता देना चाहती है। चूंकि, उक्त देशों के बहुसंख्यक यानी मुस्लिम इस कानून में शामिल नहीं हैं, इसलिए इसे मुस्लिम विरोधी घोषित कर विपक्षी दल तूल देना चाहते हैं। इस बड़े निर्णय से भी मोदी मजबूत सरकार का संदेश देना चाहते हैं। 2019 को संसद से पारित हो चुके इस अधिनियम को सरकार लोस चुनाव से पहले देशभर में लागू करने की तैयारी में दिख रही है।

****

नई दिल्ली, शुक्रवार
1 मार्च, 2024
राजधानी
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 18+4=22

दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

एलजी बोले, शर्मनाक है कि कई क्षेत्रों में नल से पानी नहीं पहुंचता 2
पुतिन ने पश्चिमी देशों को दी परमाणु युद्ध की चेतावनी 15

भारत सरकार
cbc 22201/13/0318/2324

मोदी सरकार की गारंटी
मतलब भव्य इंफ्रास्ट्रक्चर की गारंटी
सबसे लंबा सी-ब्रिज अटल सेतु, दुनिया का सबसे ऊंचा रेल आर्च ब्रिज चिनाब
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें
हमारा संकल्प विकसित भारत

संपादकीय

पक्ष-विपक्ष की चुनावी चुनौती: मोदी हटाओ के लक्ष्य संधान हेतु

आइएनडीआइए का हर राज्य में एनडीए से सीधा मुकाबला होना चाहिए था, लेकिन ऐसा होता दिख नहीं रहा। **डा. एके वर्मा** का विश्लेषण।

पाला बदलने वालों से सचेत रहे भाजपा: दूसरे दलों के नेता भाजपा में उसकी विचारधारा के कारण नहीं, बल्कि सत्ता की संभावना के कारण आ रहे हैं। **अवधेश कुमार** का आकलन। ● पेज 10

जागरण विशेष

कर्मठ किसान

कालीन ही नहीं, अब भदोही से सब्जी भी हो रही निर्यात

भदोही: अब तक गुजरात, महाराष्ट्र, केरल से जलमार्ग द्वारा दुबई के लिए सब्जियों का निर्यात हो रहा पर अब भदोही भी इसकी शुरुआत कर रहा है। ● पेज 14

अंदर पढ़ें

छह माह बाद स्वत: समाप्त नहीं होगा स्थगन आदेश: कोर्ट

नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट की पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने गुरुवार को एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि किसी भी मामले में निचली अदालत या हाई कोर्ट से जारी स्थगन आदेश (स्टे आर्डर) छह महीने में स्वत: समाप्त नहीं होगा। ● पेज 11

1993 के बम धमाकों के मामले में आतंकी टुंडा बरी

जयपुर: 6 दिसंबर, 1993 को हुए सिलसिलेवार बम धमाकों के मामले में अजमेर की टाडा न्यायालय ने 30 साल बाद फैसला सुनाते हुए आतंकी अब्दुल करीम टुंडा (80) को सुबूतों के अभाव में बरी कर दिया। कोर्ट ने कहा, टुंडा के खिलाफ कोई डायरेक्ट एवीडेंस (सीधा प्रमाण) नहीं मिला है। ● पेज 13

jagran.com वेबसाइट पर पढ़ें
शाहजहां शेख
बांग्लादेश से आया 'शाहजहां', बंगाल में की मजदूरी, पढ़ें-ईंट भट्ठे पर काम करते-करते कैसे बना संदेशखाली का डान
देखें » जागरण सिटी
दैनिक जागरण इंकार जिंदगी की
शिव मेरे सहचर
कैलास छोड़कर कहां विराजे हैं भोले भंडारी
आंखें बोल देंगी
अपराधी मन और मस्तिष्क के द्वंद्व की विश्वप्रसिद्ध कहानी
तीखे कांटों के गुलाब
कैसे स्त्री सशक्तीकरण की अनूठी किस्सागोई बनगई एक फिल्म
पढ़ें इस रविवार
दैनिक जागरण सप्तरंग
मनोरंजन की दुनिया का
खलचरित्र भी होता है अपनी कहानी का नायक
सबकी पसंद का काम करूंगा: हर्षवर्धन राणे
● जागरण सिटी

संदेशखाली कांड का मास्टरमाइंड टीएमसी नेता 55 दिन बाद गिरफ्तार, महिलाओं ने खेली होली

राज्य ब्यूरो, कोलकाता : बंगाल के संदेशखाली में गत पांच जनवरी को ईडी की टीम पर हुए हमले की घटना के मास्टरमाइंड शाहजहां शेख को 55 दिनों के बाद बुधवार रात को पुलिस ने मिनाखां इलाके से गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार को राज्य पुलिस के एडीजी (दक्षिण बंगाल) सुप्रतिम सरकार ने इसकी जानकारी दी। तृणमूल नेता पर महिलाओं के यौन शोषण व लोगों की जमीन कब्जा करने का भी आरोप है। इसके खिलाफ पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र में लगातार विरोध प्रदर्शन हो रहा था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक शाहजहां के खिलाफ हत्या का प्रयास, हिंसा, अशांति फैलाने समेत 34 धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। उधर, मंत्री ब्रात्य बसु ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद टीएमसी ने शाहजहां को छह साल के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया है। उसे सभी पदों से हटा दिया गया। उसकी गिरफ्तारी के बाद संदेशखाली में महिलाओं ने गुलाल लगाकर होली खेली। वहीं, दूसरी ओर राशन घोटाले में शाहजहां के करीबी आमिर गाजी को बुधवार रात ओडिशा के राउरकेला से गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि शेख को संदेशखाली से लगभग 30 किलोमीटर दूर एक घर से गिरफ्तार किया गया, जहां वह अपने कुछ साथियों के साथ छिपा था। वह लगातार अपना स्थान बदल रहा था। उसके मोबाइल फोन की लोकेशन से उसका पता लगाया गया। गिरफ्तार करने के बाद उसे बशीरहाट अदालत में पेश किया गया, जहां न्यायाधीश ने उसे 10 दिनों की पुलिस हिरासत में भेजने का निर्देश दिया।

- पांच जनवरी को ईडी टीम पर हमले की घटना के बाद से फरार था शाहजहां शेख
- तृणमूल नेता पर महिलाओं के यौन शोषण व लोगों की जमीन कब्जा करने के आरोप
- कोर्ट ने 10 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा, तृणमूल ने किया निलंबित

संदेशखाली कांड के आरोपित तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख को गिरफ्तार करके पुलिस ने अदालत में पेश किया ● प्रेट्र

गिरफ्तारी की खुशी : तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख को गिरफ्तार किए जाने पर 24 परगना में महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर व गुलाल लगाकर बधाई दी ● प्रेट्र

संदेशखाली में जश्न

शाहजहां की गिरफ्तारी की खबर से संदेशखाली में जश्न का माहौल रहा। महिलाओं ने एक-दूसरे का मुंह मीठा किया व गुलाल लगाए। महिलाओं का कहना था कि अब शेख को जेल से छूटना नहीं चाहिए। उसे सख्त सजा मिलनी चाहिए। वहीं, कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए संदेशखाली के 49 स्थानों पर धारा 144 लागू की गई है।

ग्रीन कारिडोर बनाकर सीआइडी मुख्यालय पहुंचाया : शाहजहां को ग्रीन कारिडोर बनाकर बशीरहाट अदालत से कोलकाता स्थित सीआइडी मुख्यालय पहुंचाया गया, जहां उससे पूछताछ की जाएगी। ऐसा पहली बार हुआ है जब किसी अपराधी को अदालत से पुलिस रिमांड में ग्रीन कारिडोर बनाकर पहुंचाया गया है। वहीं रिमांड लेटर में पुलिस ने दावा किया है कि शाहजहां ने ईडी अधिकारियों पर हमले की घटना में अपना गुनाह स्वीकार किया है।

पुलिस के हाथों गिरफ्तारी भी एक रणनीति » पेज 13
सत्ता का शर्मनाक इस्तेमाल » संपादकीय

छह कांग्रेसी विधायक अयोग्य घोषित

हिमाचल प्रदेश के इतिहास में पहली बार आया इस तरह का फैसला, सुखविंदर सिंह सुक्खू सीएम बने रहेंगे

जागरण संवाददाता, शिमला : हिमाचल प्रदेश में दो दिन से चल रहे राजनीतिक संकट के बीच विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने गुरुवार को पार्टी व्हिप का उल्लंघन करने पर कांग्रेस के छह विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया। इनमें सुधीर शर्मा, राजेंद्र राणा, इंद्रदत्त लखनपाल, रवि ठाकुर, देविंद्र भुट्टो और चैतन्य शर्मा शामिल हैं। यह फैसला 30 पन्नों का था। विधानसभा सचिवालय ने देर शाम अधिसूचना जारी कर उनकी सीटों को रिक्त घोषित कर दिया। राज्य के इतिहास में पहली बार ऐसी कार्रवाई की गई है। अब अयोग्य ठहराए गए विधायक शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में विधानसभा अध्यक्ष के निर्णय को चुनौती दे सकते हैं और भाजपा भी हाई कोर्ट जा सकती है।

उधर, केंद्रीय पर्यवेक्षकों के हस्तक्षेप से गुरुवार शाम को प्रदेश में सरकार के नेतृत्व का संकट टल गया। सुखविंदर सिंह सुक्खू मुख्यमंत्री पद पर बने रहेंगे। सरकार व संगठन के बीच मुद्दे सुलझाने के लिए छह सदस्यीय समन्वय समिति बनेगी। इसमें मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के साथ तीन और सदस्य होंगे। पार्टी हाईकमान समिति का गठन कर औपचारिक घोषणा करेगा। राज्यसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी की हार को लेकर सुक्खू ने गलती मानी और कहा कि रणनीति बनाते समय सरकार व संगठन से चूक हुई है। हम शराफत में रहे और यह इंटेलिजेंस फेलियर भी रहा।

वहीं, पर्यवेक्षक डीके शिव कुमार, भूपेंद्र सिंह हुड्डा, मुख्यमंत्री सुक्खू, उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में हिदायत दी कि सरकार व संगठन के अंदरूनी मामलों को लेकर कोई भी मीडिया में नहीं जाएगा।

ब्रेकफास्ट के लिए बुलाए विधायक: मुख्यमंत्री ने गुरुवार सुबह अपने सरकारी आवास ओकओवर में सभी विधायकों को ब्रेकफास्ट पर बुलाया व सियासी हालात पर चर्चा कर एकजुटता का संदेश दिया। हालांकि, विक्रमादित्य सिंह नहीं पहुंचे।

डीके शिवकुमार ने कहा-विक्रमादित्य सिंह ने वापस लिया त्यागपत्र : पर्यवेक्षक डीके शिव कुमार ने कहा कि सरकार व संगठन में अनुशासन जरूरी है। दोनों एकजुट होकर काम करेंगे। जो भी मामले हैं, उन्हें सुलझा लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने त्यागपत्र वापस ले लिया है। प्रतिभा सिंह ने ही बैठक में सुक्खू का मुख्यमंत्री पद के लिए नाम प्रस्तावित किया। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि सबके छोटे मोटे मतभेद थे, जिन्हें दूर कर दिया गया है। हिमाचल में आप्रेशन लोटस नहीं होगा। प्रतिभा सिंह ने कहा कि इस बात का दुख है कि राज्यसभा सीट नहीं जीत सके।

- दो दिन से चल रहा सियासी संकट केंद्रीय पर्यवेक्षकों के हस्तक्षेप से हुआ दूर
- छह सदस्यीय समन्वय समिति करेगी मुद्दों का समाधान, सीएम, प्रदेश अध्यक्ष, उपमुख्यमंत्री होंगे शामिल
- विस सचिवालय ने जारी की अधिसूचना, आज निर्णय को कोर्ट में दी जा सकती है चुनौती

शिमला में प्रेस वार्ता करते हिमाचल के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू। साथ में कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और हिमाचल कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ● एएनआइ

विधानसभा में दलीय स्थिति

बहुमत का आंकड़ा 32



जो अयोग्य घोषित, उनकी गलती माफ की जा सकती है: सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि गलतियां हो जाती हैं और वापसी के लिए दरवाजे खुले हैं। जिन छह विधायकों की सदस्यता रद की गई है, वे हमारे भाई हैं। गलती को माफ किया जा सकता है। यदि वे कांग्रेस की विचारधारा में आना चाहते हैं तो उनका स्वागत है।

आया राम-गया राम की राजनीति पर लगेगा विराम: विस अध्यक्ष

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि यह निर्णय प्रदेश व देश में आया राम-गया राम की राजनीति पर विराम लगाएगा। लोकतांत्रिक प्रणाली में जनमत से धोखा देने वाले ऐसे जनप्रतिनिधियों के ऐसे आचरण को रोकना आवश्यक है। उन्होंने कहा-अयोग्य करार दिए गए विधायकों को ई-मेल और वाट्सएप के माध्यम से पार्टी व्हिप के उल्लंघन के मामले में हुई सुनवाई में हाजिर होने की सूचना भी दी गई थी।

साइकिलिंग कर रहे इंटेल इंडिया के पूर्व प्रमुख को कैब ने कुचला

मिडडे, मुंबई : मुंबई में साइकिलिंग पर निकले इंटेल इंडिया के पूर्व कंट्री हेड अवतार सैनी को तेज रफ्तार कैब ने कुचल दिया। उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उन्होंने इंटेल के 'पेंटियम प्रोसेसर' का डिजाइन तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। पुलिस ने लापरवाही से गाड़ी चलाने के आरोप में आरोपित टैक्सी चालक 23 वर्षीय हृषिकेश खाड़े को गिरफ्तार कर लिया है और उसकी टैक्सी भी जब्त कर ली है।

पुलिस ने गुरुवार को बताया कि यह दुर्घटना बुधवार सुबह करीब 5:50 बजे हुई, जब 68 वर्षीय सैनी अपने घर से लगभग 20 किमी दूर नवी मुंबई के पाम बीच रोड पर साथियों के साथ साइकिलिंग कर रहे थे। घटना के बाद कैब चालक ने भागने की कोशिश की, लेकिन साइकिल का फ्रेम कैब के अगले पहियों के नीचे फंस गया और आसपास के लोगों ने चालक को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। बता दें कि सैनी की पत्नी का तीन साल पहले निधन हो गया था। उनका एक बेटा और एक बेटी है, जो अमेरिका में रहते हैं।

उधर, टैक्सी चालक का दावा है कि गाड़ी चलाते समय नींद आने के कारण उसने नियंत्रण खो दिया और साइकिल को टक्कर मार दी। अब पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि टैक्सी ड्राइवर शराब के नशे में तो नहीं था। पुलिस ने उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया है।

चेंबूर निवासी अवतार सैनी प्रख्यात चिप डिजाइनर थे। 1982 से 2004 तक इंटेल में अपने शानदार करियर में उन्होंने इंटेल 386 और 486 माइक्रोप्रोसेसर सहित कई प्रोसेसर डिजाइन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एक दशक तक चेंबूर एमेच्योर साइकिलिंग ग्रुप के सदस्य रहे अवतार सैनी को साइकिल चलाने का बहुत शौक था और वह अक्सर सुबह के समय साइकिल चलाते थे।

- तेज रफ्तार कैब ने अवतार सैनी की साइकिल को पीछे से मारी टक्कर

अवतार सैनी (फाइल) एक्स

- सैनी की पेंटियम प्रोसेसर का डिजाइन बनाने में थी अहम भूमिका

दिल्ली कूच पर किसान नेता बोले- जल्द करेंगे घोषणा

जागरण संवाददाता, बठिंडा : संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) के सिद्धूपुर और किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा गुट ने गुरुवार को दिल्ली कूच को लेकर कोई घोषणा नहीं की। सिद्धूपुर गुट के पंजाब अध्यक्ष जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा, वे जल्द ही अपने अगले कदम की घोषणा करेंगे। किसान नेता डल्लेवाल गुरुवार को बठिंडा के गांव बल्लो में युवा किसान नेता शुभकरण सिंह के अंतिम संस्कार के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

बता दें कि 21 फरवरी को संगरूर के खनौरी से हरियाणा सीमा में प्रवेश करने के दौरान शुभकरण की गोली लगने से मौत हो गई थी। इसके बाद सिद्धूपुर गुट ने दिल्ली कूच 29 फरवरी तक स्थगित कर दिया था। साथ ही घोषणा की थी कि जब तक पंजाब सरकार शुभकरण की मौत के लिए जिम्मेदार हरियाणा पुलिस के खिलाफ केस दर्ज नहीं करती, शव का पोस्टमार्टम नहीं होने दिया जाएगा। इस दौरान शव पटियाला के राजिंदरा अस्पताल की मोर्चरी में पड़ा था और किसान लगातार वहां पहरा दे रहे थे। बुधवार रात किसानों को बताया गया कि अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। इसके बाद किसान पोस्टमार्टम के लिए राजी हुए। संबंधित » पेज 5

संगरूर में मारे गए शुभकरण का हुआ अंतिम संस्कार, अज्ञात के विरुद्ध एफआइआर के बाद पोस्टमार्टम को राजी हुए किसान

छह तिमाहियों में सबसे तेज 8.4 प्रतिशत रही आर्थिक विकास दर

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली: चुनावी साल में सरकार अर्थव्यवस्था की बेहद सुनहरी तस्वीर लेकर मतदाताओं के बीच जाने वाली है। एक तरफ जहां ब्रिटेन, जापान, जर्मनी जैसे विकसित देशों की अर्थव्यवस्थाओं की हालत खराब है, वहीं भारत की अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर सारी उम्मीदों को पार कर रही है। सरकार की तरफ से जारी ताजा आंकड़े बताते हैं कि वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) की आर्थिक विकास दर 8.4 प्रतिशत रही है। पिछली छह तिमाहियों (18 महीने) में यह सबसे तेज विकास दर है।

मैन्यूफैक्चरिंग, कंस्ट्रक्शन और माइनिंग (खनन) क्षेत्र ने इस तिमाही में बहुत ही उम्दा प्रदर्शन किया है, जिसकी वजह से कृषि क्षेत्र में महज 0.7 प्रतिशत की विकास दर का समग्र विकास दर पर कोई असर नहीं हुआ। गुरुवार को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से वर्ष 2023-24 में विकास दर के 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है जो न सिर्फ विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, एडीबी जैसी अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के अनुमान से ज्यादा है। बल्कि आरबीआइ के अनुमान (7.3 प्रतिशत) से भी ज्यादा है। वर्ष 2022-23 में भारत की आर्थिक विकास दर सात प्रतिशत रही थी।

तीसरी तिमाही की वृद्धि दर और पूरे वित्त वर्ष की वृद्धि दर के अनुमान से संकेत मिलता है कि भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा। खासतौर पर ऐसे समय में जब वैश्विक अर्थव्यवस्था में गिरावट आ रही है। वित्त वर्ष 2024-25 में सरकार की पूंजीगत खर्च योजना और रक्षा व मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र में निवेश की ताजा घोषणाएं संभवतः देश की बढ़ी हुई मैन्यूफैक्चरिंग और निवेश-आधारित आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त कर रही हैं। इसके अलावा एनएसओ ने चालू वित्त वर्ष की पहली और दूसरी तिमाही की विकास दर को संशोधित करके क्रमशः 8.2 और 8.1 प्रतिशत किया है। पहले इन दोनों तिमाहियों की विकास दर क्रमशः 7.8 और 7.6 प्रतिशत बताई गई थी। एनएसओ के अनुसार, अक्टूबर-दिसंबर 2022 के दौरान विकास दर 4.3 प्रतिशत थी। चालू वित्त वर्ष की पहली तीन तिमाहियों में औसत विकास दर 8.2 प्रतिशत रही है। पिछले वित्त वर्ष में समान अवधि में यह 7.3 प्रतिशत थी। हाल के दिनों में मोदी सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल में देश की विकास दर और पूर्व संप्रग सरकार के कार्यकाल के दौरान दर्ज विकास दर के बीच काफी तुलनात्मक चर्चा हुई है। संबंधित » पेज 12

- राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने वर्ष 2023-24 में विकास दर के 7.6% रहने का अनुमान लगाया
- आरबीआइ ने 7.3 प्रतिशत रहने का लगाया है अनुमान, 2022-23 में सात प्रतिशत रही थी विकास दर

172.90 लाख करोड़ रुपये रह सकता है चालू वित्त वर्ष में जीडीपी का आकार एनएसओ के मुताबिक

चीन से बहुत आगे रहेगा भारत

एनएसओ के डाटा से यह भी प्रतीत हो रहा है कि इस वर्ष चीन व भारत के आर्थिक विकास दर के बीच अंतर और ज्यादा बढ़ा होगा। आइएमएफ की रिपोर्ट में वर्ष 2024 में चीन की विकास दर 4.5 प्रतिशत व भारत की 6.5% रहने की बात कही गई है।

> 8.4 प्रतिशत की विकास दर भारतीय अर्थव्यवस्था की ताकत और इसकी क्षमता को दर्शाती है। सरकार तेज विकास दर बनाए रखने और 140 करोड़ भारतीयों की भलाई व विकसित भारत बनाने के लिए काम करती रहेगी। -नरेन्द्र मोदी

एअर इंडिया पर 30 लाख रुपये का जुर्माना

मुंबई हवाईअड्डे पर बुजुर्ग यात्री की मौत मामले में डीजीसीए ने की कार्रवाई

नई दिल्ली, प्रेट्र : नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने गुरुवार को एअर इंडिया पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर व्हीलचेयर नहीं मिलने से बुजुर्ग की मौत मामले में विमानन नियामक ने यह कार्रवाई की है। 12 फरवरी को हवाईअड्डे पर व्हीलचेयर नहीं मिलने से 80 वर्षीय बुजुर्ग यात्री को विमान से टर्मिनल तक पैदल ही जाना पड़ा। इस दौरान वह गिर गए और दिल का दौरा पड़ने से उनकी मौत हो गई।

डीजीसीए के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि बुजुर्ग यात्री को व्हीलचेयर उपलब्ध कराने में विफल रहने के कारण जुर्माना लगाया गया है। एअर इंडिया ने गलती करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ एयरलाइन द्वारा की गई किसी भी कार्रवाई के बारे में सूचित नहीं किया। भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए की गई कोई भी सुधारात्मक कार्रवाई के बारे में जानकारी देने में भी एयरलाइन कंपनी विफल रही। डीजीसीए के दिशानिर्देशों के अनुसार किसी भी यात्री को व्हीलचेयर उपलब्ध कराना पूरी तरह से एयरलाइंस की जिम्मेदारी है।

इस मामले में नागरिक उड्डयन आवश्यकताओं (सीएआर) के प्रविधानों का अनुपालन नहीं करने के कारण डीजीसीए ने एअर इंडिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। एअर इंडिया ने 20 फरवरी को दिए जवाब में कहा कि बुजुर्ग यात्री दूसरी व्हीलचेयर का इंतजार करने के बजाय एक व्हीलचेयर जो उन्हें दी गई थी, पर पत्नी को बैठाया और चल दिए।

- व्हीलचेयर नहीं मिलने के कारण 80 वर्षीय बुजुर्ग को पैदल चलना पड़ा था
- विमान से टर्मिनल जाने के दौरान गिर पड़े, दिल का दौरा पड़ने से हुई थी मौत

सरकारी नौकरी के लिए दो बच्चों का नियम सही

नई दिल्ली, प्रेट्र : सरकारी नौकरियों के लिए राजस्थान सरकार के दो बच्चों के पात्रता मानक को सुप्रीम कोर्ट ने बरकरार रखा है। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह भेदभावपूर्ण नहीं है और संविधान का उल्लंघन नहीं करता। राजस्थान विभिन्न सेवा (संशोधन) नियम, 2001 ऐसे अभ्यर्थियों को सरकारी नौकरियां पाने से रोकता है जिनके दो से अधिक बच्चे हैं।

जस्टिस सूर्य कांत, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने इसके साथ ही पूर्व सैनिक रामजी लाल जाट की अपील खारिज कर दी जिन्होंने 2017 में सेना से सेवानिवृत्ति के बाद 25 मई, 2018 को राजस्थान पुलिस में कांस्टेबल की नौकरी के लिए आवेदन किया था। पीठ ने कहा कि राजस्थान पुलिस अधीनस्थ सेवा नियम, 1989 का नियम 24(4) गैर-भेदभावपूर्ण है और संविधान का उल्लंघन नहीं करता। यह नियम कहता है कि कोई भी ऐसा अभ्यर्थी सेवा में नियुक्ति के लिए योग्य नहीं होगा जिसके एक जून, 2002 को या उसके बाद दो से ज्यादा बच्चे होंगे। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस प्रविधान का मकसद परिवार नियोजन को बढ़ावा देना था।

रामजी लाल की उम्मीदवारी को इस आधार पर खारिज कर दिया गया था कि एक जून, 2002 के बाद उसके दो से अधिक बच्चे थे। इसके बाद रामजी लाल ने राजस्थान हाई कोर्ट का रुख किया था जिसने उनकी अपील को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि जिस नियम के तहत उसे अयोग्य करार दिया गया है वह नीति के दायरे में आता है और इसमें अदालती हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है। हालांकि रामजी लाल की दलील थी कि दो बच्चों का पात्रता मानदंड निर्धारित करने वाले नियमों के अलावा पूर्व सैनिकों को नौकरी में रखने के ऐसे नियम भी हैं जिनमें दो से अधिक बच्चे नहीं होने की शर्त का उल्लेख नहीं है। शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में कहा, 'इसे सही मानते हुए हमारा विचार है कि ऐसी दलील अपीलकर्ता का केस आगे नहीं बढ़ाती। यह अविवादित है कि अपीलकर्ता ने राजस्थान पुलिस में कांस्टेबल पद पर भर्ती के लिए आवेदन किया था और यह भर्ती राजस्थान पुलिस अधीनस्थ सेवा नियमों, 1989 के अधीन आती है। हमें हाई कोर्ट द्वारा अपनाए गए दृष्टिकोण में हस्तक्षेप का आधार नजर नहीं आता।'

- सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान विभिन्न सेवा (संशोधन) नियमों को रखा बरकरार
- कहा, इस प्रविधान का मकसद परिवार नियोजन को बढ़ावा देना
- एक पूर्व सैनिक का आवेदन इस नियम के आधार पर कर दिया गया था रद

****



एयर क्वालिटी इंडेक्स

अलीपुर		
आज का अनुमान	102	मध्यम
बृहस्पतिवार	98	संतोषजनक
पटपड़गंज		
आज का अनुमान	142	मध्यम
बृहस्पतिवार	138	मध्यम
शादीपुर		
आज का अनुमान	157	मध्यम
बृहस्पतिवार	155	मध्यम
वजीरपुर		
आज का अनुमान	163	मध्यम
बृहस्पतिवार	156	मध्यम
बवाना		
आज का अनुमान	198	मध्यम
बृहस्पतिवार	194	मध्यम
गुरुग्राम		
आज का अनुमान	153	मध्यम
बृहस्पतिवार	145	मध्यम
गाजियाबाद		
आज का अनुमान	115	मध्यम
बृहस्पतिवार	103	मध्यम
ग्रेटर नोएडा		
आज का अनुमान	189	मध्यम
बृहस्पतिवार	181	मध्यम
फरीदाबाद		
आज का अनुमान	122	मध्यम
बृहस्पतिवार	110	मध्यम
नोएडा		
आज का अनुमान	123	मध्यम
बृहस्पतिवार	115	मध्यम

0	50	अच्छा
51	100	संतोषजनक
101	200	मध्यम
201	300	खराब
301	400	बहुत खराब
401	500	गंभीर
501 से आगे		आपातकालीन

एलजी ने फ्लैटों की एक समान लीज डीड के ड्राफ्ट को मंजूरी दी

- बवाना व नरेला में वर्कर्स हाउसिंग स्कीम के आवंटियों को होगा लाभ
- इससे 5,311 आवंटियों को मिलेगा फ्लैट का कानूनी हक

राज्य ब्यूरो,नई दिल्ली: उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने उत्तर पश्चिमी दिल्ली के बवाना और नरेला में विभिन्न वर्कर्स हाउसिंग स्कीम के तहत मूल आवंटियों और दिल्ली राज्य औद्योगिक एवं ढांचागत विकास निगम (डीएसआइआइडीसी) के बीच फ्लैटों की लीज डीड (कानूनी हक) के निष्पादन का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। इस स्कीम की शुरुआत लगभग दो दशक पहले हुई थी। उपराज्यपाल ने एक समान लीज डीड के एक ड्राफ्ट को मंजूरी दे दी है।

एलजी ने फाइल में लिखा कि यह देखना चौंकाने वाला है कि 2003-2004 में पहली हाउसिंग स्कीम की शुरुआत के लगभग दो दशक बीत जाने के बाद भी लीज डीड के मसौदे को अंतिम रूप दिया जाना अभी बाकी है। बवाना में वर्ष 2003-2004 में राजीव गांधी आवास योजना (आरजीएचएस)-I और वर्ष 2006-2007 में नरेला और बवाना में आरजीएचएस-II की शुरुआत की गई थी। उन्होंने इस पर चिंता जताई कि श्रमिकों की आवास योजनाओं के संबंध में 2019 में उनके पूर्ववर्ती द्वारा लीज डीड के निष्पादन में देरी का कारण बताने के लिए स्पष्ट रूप से दिए निर्देशों के बावजूद डीएसआइआइडीसी ने लीज डीड को अंतिम रूप देने के मामले में अकारण ही लगभग पांच वर्षों की देरी की। उन्होंने इस मामले में अब किसी भी तरह की देरी को बर्दाश्त न करने और लीज डीड के निष्पादन की पूरी प्रक्रिया तय समय सीमा के अंदर पूरा करने के निर्देश दिए। इससे 5,311 आवंटियों को लाभ मिलेगा।

गौरतलब है कि 1996 में सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुपालन में दिल्ली में नान कंफर्मिंग एरिया (गैर-अधिसूचित क्षेत्रों) में चल रहे उद्योगों को औद्योगिक क्षेत्रों बवाना और नरेला में स्थानांतरित कर दिया गया था। इंडस्ट्रियल वर्कर्स को किफायती आवास प्रदान करने के लिए डीएसआइआइडीसी द्वारा कम लागत वाली आवास योजनाएं शुरू की गई थीं। सक्सेना ने फाइल पर टिप्पणी की कि केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) और प्रगति पावर कार्पोरेशन लिमिटेड (पीपीसीएल) जैसे अन्य संगठन जिन्हें एमओयू के माध्यम से फ्लैट आवंटित किए गए थे,उनकी पहल से विभाग की नींद टूटी। एलजी ने इस मामले में देरी करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए हैं।

संकल्प पत्र के लिए भाजपा का जनता से संपर्क अभियान

राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली: लोकसभा चुनाव के लिए आम नागरिक से सुझाव लेकर भाजपा संकल्प पत्र तैयार करेगी। इसके लिए दिल्ली भाजपा ने अभियान शुरू किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि 15 मार्च तक चलने वाले इस अभियान में भाजपा कार्यकर्ता दिल्ली के प्रत्येक घर में जाकर लोगों से सुझाव लेंगे। प्रत्येक बाजार में भी यह अभियान चलेगा।

वीरेंद्र सचदेवा ●

प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 में नागरिकों के सुझाव के आधार पर संकल्प पत्र में शामिल किए गए 234 में से 222 सुझाव पर कार्य हुए हैं। इस बार भी लोगों से सुझाव लेने के लिए अभियान शुरू कर दिया गया है। इसके लिए एक पत्रक बनाया गया है। लोग उस पर अपनी राय लिखकर सुझाव पेटी में डालेंगे। इसके साथ ही भाजपा द्वारा जारी किए गए मोबाइल नंबर और नमो एप पर भी सुझाव दे सकते हैं।

एलजी ने याद दिलाई मर्यादा सरकार बोली, काम करने दें

सीएम को चार पेज का पत्र लिखकर एलजी ने नसीहत दी

राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली: पानी के बिल को लेकर लाई जा रही वन टाइम सेटलमेंट योजना पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपराज्यपाल वी के सक्सेना के बीच तकरार बढ़ गई है। आप सरकार और आप के नेताओं के आरोपों के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री की ओर से लिखे गए पत्र पर पलटवार करते हुए एलजी ने मुख्यमंत्री को चार पेज का पत्र लिखकर नसीहत दी है। उधर एलजी के पत्र के बाद दिल्ली सरकार ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है।

वीके सक्सेना ●

केजरीवाल को लिखे पत्र में एलजी ने उनकी टोन और अमर्यादित भाषा का जिक्र करते हुए कहा है कि आपका पत्र जो मुझे कल देर रात मिला, उसने मुझे अतीत में जाने और सरकार तथा पार्टी में आपके व आपके सहयोगियों द्वारा दिए गए बयानों को याद करने के लिए मजबूर कर दिया है। मैं आपके तत्काल संदर्भ के लिए उनमें से कुछ को रिकार्ड करूंगा। एलजी ने विधानसभा में सीएम द्वारा दिए गए बयान जिसमें बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना.... ये एलजी कहां से आ गया.... कौन एलजी, कहां से आ गया एलजी.. किस बात का एलजी, हमारे सर पे बैठ गया आकर.. इत्यादि का जिक्र किया है। एलजी ने पार्टी के नेताओं और कैबिनेट मंत्रियों के बयानों पर भी आपत्ति जताई है।

एलजी ने अपने पत्र में कहा है कि 'जल योजना' को लेकर मुझे हैरानी है कि उठाए गए सवाल का आपने एक भी जवाब नहीं दिया है। जबकि मैं इस बात पर कायम हूं कि कथित 'जल योजना' से संबंधित कागज का एक भी टुकड़ा मुझे प्रस्तुत नहीं किया गया है। बावजूद इसके योजना को रोकने के लिए मुझे दोषी ठहराया जा रहा है। एलजी ने कहा है कि एक और बड़ी चिंता है, जो मैंने अपने पत्र में उठाई थी, वह 17 लाख ईमानदार उपभोक्ताओं के बारे में थी, जिन्होंने 2012 से नियमित रूप से अपने पानी के बिलों का भुगतान किया है। मैंने आपको ब्याज सहित उनके बिलों की प्रतिपूर्ति करने की सलाह दी थी। मुझे आश्चर्य है कि आपके उत्तर में एक शब्द नहीं है।

उधर, एलजी के पत्र पर दिल्ली सरकार की ओर से प्रतिक्रिया आई है। एलजी के पत्र पर दिल्ली सरकार ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जिस तरह से एलजी ने उदाहरण देते हुए पत्र लिखा है उससे साफ होता है कि उनके इशारे पर ही अधिकारी सरकार के काम रोक रहे हैं। आज एक बार फिर एक और पत्र लिखने का निर्णय लिया गया। वह दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई का रास्ता अपना सकते थे या कम से कम सरकार के एक निर्वाचित प्रमुख द्वारा उठाए गए ऐसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा के लिए सीएम को बुला सकते थे। लेकिन इसके बजाय उन्होंने अधिकारियों के गलत कामों को नजरअंदाज करना चुना और एक बार फिर सीएम और चुनी हुई सरकार पर अभद्र भाषा में आरोप लगाना शुरू कर दिया, जिसका इस्तेमाल राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी भी शायद ही कभी करते हैं।

'ऐसा करना लोकतांत्रिक सिद्धांतों के साथ विश्वासघात होगा'

दिल्ली सरकार ने कहा है कि एलजी साहब हर दिन इतने लंबे पत्र लिखकर सीएम और मंत्रियों पर जी भर कर आरोप लगाने के लिए स्वतंत्र हैं। लेकिन हम उनसे अनुरोध करते हैं कि कृपया दिल्ली में चुनी हुई सरकार को बिना रुकावट या बाधा के दिल्ली के लोगों की सेवा करने और काम करने की अनुमति दें, जो दुर्भाग्य से उनके कार्यकाल के तहत एक दैनिक मामला बन गया है। ऐसा न करना उस शपथ के साथ विश्वासघात होगा, जो उन्होंने दिल्ली के उपराज्यपाल के उच्च संवैधानिक पद पर रहते हुए ली थी और साथ ही उन लोकतांत्रिक सिद्धांतों के साथ भी विश्वासघात होगा, जो दुनिया की नजरों में भारत को एक गौरवान्वित लोकतंत्र बनाते हैं।

अफसरों को धमकाकर बंद कराई गई मार्शल स्कीम

राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली: बसों में महिलाओं समेत सभी यात्रियों की सुरक्षा में तैनात मार्शलों को नौकरी से हटाए जाने के मुद्दे पर सीएम अरविंद केजरीवाल ने भाजपा और एलजी पर तीखा हमला बोला है। बस मार्शल योजना की बहाली को लेकर विधानसभा के बजट सत्र में पेश संकल्प पत्र पर सीएम ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा में तैनात मार्शल आज भाजपा की घटिया राजनीति के चलते सड़कों पर प्रदर्शन करने के लिए मजबूर हैं। सीएम ने आरोप लगाया कि भाजपा के कहने पर एलजी साहब ने अफसरों को धमकाया और स्कीम बंद कराई है।

उन्होंने कहा, एलजी का कहना है कि बसों में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं तो सिविल डिफेंस वालंटियर्स पर 280 करोड़ रुपये खर्च करने की क्या जरूरत है? ऐसे तो राजनिवास के चारों तरफ कैमरे लगे हैं, तो क्या उनकी सुरक्षा हटा देनी चाहिए? उन्होंने कहा कि भाजपा वाले दिल्लीवालों को मारने की पूरी कोशिश कर रहे हैं, लेकिन मैं जब तक जिंदा हूं, कोई आंच नहीं आने दूंगा। सीएम ने कहा कि मैंने अगस्त-सितंबर 2023 में इसके कागजात देखे। परिवहन, राजस्व और वित्त मंत्री ने इस संबंध में अफसरों के साथ बैठक की और लिखित में आदेश दिए कि बस मार्शल योजना बंद नहीं होनी चाहिए, लेकिन एलजी से सारे अधिकारी डरते हैं।

सीएम के अनुसार दिल्ली के दो करोड़ लोग मेरे अपने हैं। 280 करोड़ रुपये तो कुछ भी नहीं है, 2800 करोड़ रुपये भी खर्च करने को तैयार हूं। मुख्यमंत्री होने के नाते यह मेरा अधिकार है और दिल्ली की जनता ने एलजी को नहीं, मुझे चुनकर भेजा है। एलजी इस योजना को नहीं रोक सकते। सीएम ने कहा कि भाजपा वालों ने खुद सिविल डिफेंस वालंटियर्स को नौकरी से हटाया और अब ये लोग उनके धरने में शामिल होकर मगरमच्छ के आंसू बहा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा कहती है कि सिविल डिफेंस वालंटियर्स को नियमित किया जाए। मैं इनको नियमित करने के लिए तैयार हूं। भाजपा के लोग अभी मेरे साथ एलजी के पास चलें। मैं खाली कागज पर दस्तखत करने को तैयार हूं। उन्होंने कहा कि हमारी एलजी से दो मांगें हैं। पहली, जब तक नए लोगों की बहाली नहीं हो जाती, तब तक सिविल डिफेंस को जारी रखा जाए। दूसरा, जब नए लोगों की बहाली होगी तो इन्हीं लोगों को बतौर होमगार्ड नियुक्त कर दिया जाए।

परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने बस मार्शलों को आश्वासन दिया कि जब तक बस मार्शलों की बहाली नहीं होगी हम चैन से नहीं बैठेंगे।हमारी पूरी सरकार बस मार्शलों के साथ है।

विधानसभा के बजट सत्र में बोलते मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ● सौ: दिल्ली सरकार

सरकार वालंटियरों को खाली पदों पर नियुक्त करे: बिधूड़ी

रामवीर सिंह बिधूड़ी

दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने सिविल डिफेंस वालंटियर के मामले में केजरीवाल सरकार पर अक्षमता के आरोप लगाए। उन्होंने सुझाव दिया कि दिल्ली सरकार इन वालंटियरों को खाली पदों पर नियुक्त करे। सिविल डिफेंस वालंटियरों के मामले में चर्चा में भाग लेते हुए बिधूड़ी ने कहा कि भाजपा विधायक दल सिविल डिफेंस वालंटियरों के साथ है, जिन्हें बस मार्शल के रूप में नियुक्त किया गया था। उन्होंने कहा कि सरकार ने स्वयं इन वालंटियरों से वादा किया था कि उन्हें नियमित किया जाएगा। वे आठ साल तक नौकरी करते रहे, लेकिन सरकार बताए कि उन्हें नियमित क्यों नहीं किया गया?

एलजी ने गलत कहा कि वन टाइम सेटलमेंट स्कीम कागजों पर नहीं है: सरकार

दिल्ली विधानसभा की कार्यवाही के दौरान कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने एलजी के सीएम को लिखे पत्र की भाषा पर सवाल उठाते हुए कहा कि चिट्ठी जिसने भी लिखी है, बेहद घटिया भाषा का इस्तेमाल किया है और यह चिट्ठी पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि पहली बार ऐसा हुआ कि एलजी ने एमसीडी के चुनाव के बाद सरकार की सहमति के बिना जबरदस्ती 10 लोगों को मनोनीत पार्षद नियुक्त कर दिया और ये 10 लोग भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि उपराज्यपाल की चिट्ठी में जल बोर्ड की वन टाइम सेटलमेंट स्कीम के कागजों पर होने की बात को भी गलत बताया। भारद्वाज ने कहा कि यह सरासर झूठ है कि ऐसी कोई स्कीम कागजों पर नहीं है। 13 जून 2023 को जल बोर्ड की बोर्ड मीटिंग में यह स्कीम पास की गई थी।

दिल्ली सरकार सोमवार को पेश कर सकती है बजट

दिल्ली सरकार वित्त वर्ष 2024-25 के लिए चार मार्च को बजट पेश कर सकती है। आप सरकार के सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए आर्थिक सर्वेक्षण और परिणाम बजट शुक्रवार को पेश किए जाने की संभावना है। बजट अगले सप्ताह की शुरुआत में विधानसभा में पेश किए जाने की संभावना है। पूरी संभावना है कि इसे सोमवार को विधानसभा के समक्ष पेश किया जाएगा।

दैनिक जागरण संगिनी जिंदगी के हर पहलू की

समाज की नई नायिकाएं नारी शक्ति के नेतृत्व में देश विकास की महागाथा लिख रहा है

महिला दिवस का अर्थ अभिनेत्री दीपिका पादुकोण की नजर में क्या है इसका अर्थ

टीका-टिप्पणी पर न दें ध्यान अभिनेत्री दीया मिर्जा क्यों कह रही हैं यह बात

पढ़ें इस शनिवार

निर्माणाधीन फैक्ट्री में गिरा लेंटर, दबकर कामगार की मौत

जासं, मोदीनगर: कोतवाली क्षेत्र में सिखेड़ा रोड इंडस्ट्रियल एरिया स्थित निर्माणाधीन फैक्ट्री का बृहस्पतिवार रात लेंटर गिर गया। मलबे में दबकर एक कामगार की मौत हो गई, जबकि दो की हालत गंभीर बनी है। स्वजन ने आरोपित ठेकेदार नदीम व मालिक शाहिद के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा किया। ख़बर लिखे जाने तक स्वजन ने शव पोस्टमार्टम को नहीं भेजने दिया। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। हापुड़ जिले के हापुड़ देहात थाना क्षेत्र के गांव शिवनगर के विशाल, प्रिंस व ललित दोस्त हैं। तीनों कामगार हैं। विशाल ललित व प्रिंस के साथ 10 दिन पहले यहां मोदीनगर स्थित सिखेड़ा रोड पर निर्माणाधीन फैक्ट्री में काम करने आया था।

एलजी बोले, शर्मनाक है कि कई क्षेत्रों में नल से पानी नहीं पहुंचता

- खुद को दिल्ली का अभिभावक बता एलजी बोले, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में भेदभाव नहीं करना चाहिए
- शास्त्री पार्क में छह करोड़ रुपये की लागत से बनाए गए कन्वेंशन सेंटर का एलजी ने किया लोकार्पण

जागरण संवाददाता, पूर्वी दिल्ली: एलजी वीके सक्सेना ने खुद को दिल्ली का अभिभावक बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय राजधानी के लिए बड़े ही शर्म की बात है कि यहां के कई क्षेत्र आज भी ऐसे हैं जहां पर नल से पानी लोगों के घरों तक नहीं पहुंचा है। जबकि केंद्र सरकार ने देश के कोने-कोने तक पानी पहुंचाया है, उस क्षेत्र तक में भी पानी पहुंचाया है जहां संभव नहीं था। भले ही एलजी ने किसी राजनीतिक पार्टी का नाम नहीं लिया, लेकिन उनका निशाना दिल्ली सरकार की तरफ था। उन्होंने यहां तक कहा कि दिल्ली बहुत पिछड़ गई थी, उसे फिर से मुख्यधारा में लाया जा रहा है।

बृहस्पतिवार को एलजी ने शास्त्री पार्क में उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी के साथ मिलकर डीडीए के कन्वेंशन सेंटर का लोकार्पण किया। यह उत्तर पूर्वी जिले का पहला कन्वेंशन सेंटर है, जिसे छह करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है। यहां लोग सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रम के साथ ही शादी समारोह कर सकेंगे। यहां रसोई के साथ ही एक रेस्तरां भी है। एलजी ने कहा कि दिल्ली देश की राजधानी है ऐसे में यहां के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में सुविधाएं बराबर होनी चाहिए। कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए। उसी उद्देश्य को लेकर वह काम कर रहे हैं। गांवों के विकास के लिए दिल्ली सरकार के पास पड़े 960 करोड़ रुपये सरकार से वापस लेकर डीडीए को सौंप दिए हैं। उस रकम से दिल्ली के दो सौ गांव को संवारा जा रहा है। किसी ने सोचा भी नहीं था कि गांव में गैस की पाइपलाइन भी होगी। उन्होंने पांच गांव में पाइपलाइन डालने की शुरुआत करवा दी है।

एलजी ने कहा, उनकी कोशिश है कि दिल्ली को फूलों की नगरी बनाया जाए। पहले एनडीएमसी क्षेत्र में ही फूल लगाए जाते थे, लेकिन अब दिल्ली में जगह-जगह फूल लगाए जा रहे हैं। सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि यह एलजी का प्रयास ही है जो यहां कन्वेंशन सेंटर बन पाया है। उत्तर पूर्वी दिल्ली की आबादी 50 लाख है। यहां ऐसा कोई सेंटर नहीं था, जहां पर लोग बड़े स्तर पर सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रम कर सकें। उन्हें कार्यक्रम करने के लिए नई दिल्ली जाना पड़ता था।

'युवा अधिवक्ताओं को मानक पारिश्रमिक पर जल्द निर्णय लें'

जासं, नई दिल्ली: दिल्ली हाई कोर्ट ने बार काउंसिल आफ इंडिया (बीसीआइ) और बार काउंसिल आफ दिल्ली (बीसीडी) को युवा अधिवक्ताओं और कानून प्रशिक्षुओं के लिए मानकीकृत वजीफा और पारिश्रमिक की मांग वाले एक आवेदन पर शीघ्रता से निर्णय लेने का आदेश दिया। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की पीठ ने कहा कि बीसीआइ और बीसीडी के पास इस पर विचार करने के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया गया।

पीठ युवा अधिवक्ता आशीष श्योराण द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ता ने अदालत को बताया कि 20 फरवरी को बीसीआइ और बीसीडी को एक आवेदन दिया गया था, लेकिन अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। याचिकाकर्ता ने कहा कि युवा अधिवक्ताओं और प्रशिक्षुओं के लिए एक मानकीकृत वजीफा और पारिश्रमिक प्रणाली आवश्यक है।

समाचार पत्र पंजीयन (केन्द्रीय) कानून, 1956 आठवें नियम के अंतर्गत अपेक्षित "दैनिक जागरण" दिल्ली नामक समाचार पत्र से संबंधित स्वामित्व और अन्य बातों का ब्यौरा:-

प्रपत्र-4

1.	प्रकाशन स्थान	: 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली
2	प्रकाशन अवधि	: प्रतिदिन
3.	मुद्रक का नाम	: नीतेन्द्र श्रीवास्तव वास्ते जागरण प्रकाशन लि.
	क्या भारत के नागरिक हैं	: हां
	पता	: डी-210, 211, सेक्टर-63, नोएडा (उ.प्र.)
4.	प्रकाशक का नाम	: नीतेन्द्र श्रीवास्तव वास्ते जागरण प्रकाशन लि.
	क्या भारत के नागरिक हैं	: हां
	पता	: डी-210, 211, सेक्टर-63, नोएडा (उ.प्र.)
5.	संपादक का नाम (दिल्ली-एनसीआर)	: विष्णु प्रकाश त्रिपाठी
	क्या भारत के नागरिक हैं	: हां
	पता	: 621-बी, रायल, शिप्रा सन सिटी, इंदिरापुरम, गाजियाबाद-201014
6.	उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हों, तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हो	: जागरण प्रकाशन लि. 2, सर्वोदय नगर, कानपुर-5

मैं, नीतेन्द्र श्रीवास्तव एतद्द्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिए गए विवरण सत्य हैं।

ह. नीतेन्द्र श्रीवास्तव
ता.- 1 मार्च, 2024 (प्रकाशक के हस्ताक्षर)

धन लेकर भी पीएमश्री स्कूल योजना पर नहीं किए दस्तखत

- दिल्ली, ओडिशा, तमिलनाडु, बंगाल व केरल ने एमओयू पर दस्तखत नहीं किए
- पंजाब सरकार ने सहमति पत्र पर दस्तखत किए, फिर भी योजना नहीं की लागू

नई दिल्ली, प्रेट्र: केंद्र सरकार ने पीएमश्री स्कूलों के लिए दिल्ली समेत पांच राज्यों के शिक्षा मंत्रालय के साथ अब तक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर नहीं करने को लेकर चिंता जताई है। सूत्रों का कहना है कि समग्र शिक्षा योजना के तहत इसके लिए धन लेने के बावजूद दिल्ली समेत पांचों राज्यों ने पीएमश्री स्कूल योजना पर अपनी सहमति नहीं जताई है। जबकि पंजाब सरकार ने सहमति पत्र पर दस्तखत तो कर दिए मगर योजना लागू नहीं की।

सूत्रों के अनुसार, शिक्षा मंत्रालय के साथ अब तक ओडिशा, बंगाल, तमिलनाडु, केरल और दिल्ली ने सहमति पत्र पर दस्तखत नहीं किए हैं। जबकि 30 अन्य राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों ने दस्तखत कर दिए हैं। केंद्र सरकार से समग्र शिक्षा योजना के तहत धनराशि लेने के बावजूद विपक्षी दलों शासित पांच राज्यों ओडिशा, बंगाल, तमिलनाडु, केरल और दिल्ली ने पीएमश्री स्कूलों के लिए सहमति पत्र पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं, जोकि परेशानी में डालने वाला पैटर्न है। पीएम-श्री योजना के तहत 14,500 स्कूलों का स्तर बढ़ाने से 18 लाख छात्रों को लाभ होगा। यह स्कूल नई शिक्षा नीति-2020 के तहत माडल संस्थान बनेंगे।

हरियाणा सरकार

अनुसूचित जाति के किसानों को ट्रैक्टर पर अनुदान हेतु आवेदन आमंत्रित

45 HP व अधिक क्षमता के ट्रैक्टर की खरीद पर 1 लाख रुपये का अनुदान

लाभार्थियों का चयन सम्बन्धित उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय कार्यकारी समिति द्वारा

चयन उपरान्त किसान भारत सरकार द्वारा अधिकृत निर्माताओं से मोल-भाव कर अपनी पसन्द के निर्माता से खरीद कर सकते हैं

कृषि यंत्र निर्माता स्कीम में मशीनों की आपूर्ति हेतु पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवाएं

ऑनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि 11-03-2024

इच्छुक किसान www.agriharyana.gov.in पर आवेदन करें

अथवा

अधिक जानकारी के लिए

टोल फ्री नं० 1800-180-2117 या जिला कृषि उप-निदेशक व सहायक कृषि अभियंता से सम्पर्क करें। या

क्यू आर कोड स्कैन करें

कृषि तथा किसान कल्याण विभाग, हरियाणा
www.agriharyana.gov.in

सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा

www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

****

आज का मौसम

आसमान में बादल छाए रहेगा।

पूर्वानुमान	अधिकतम	न्यूनतम
दिल्ली		
1 मार्च	27.0	12.0
2 मार्च	24.0	14.0
नोएडा		
1 मार्च	26.0	15.0
2 मार्च	22.0	15.0
गुरुग्राम		
1 मार्च	25.0	14.0
2 मार्च	24.0	14.0

डिग्री सेल्सियस में

QUALITY SINCE 1986
KANODIA
कानोडिया कोल्हू ब्रांड
कच्ची घानी और पीली सरसों का तेल

दिल्ली सरकार और दिल्ली जल बोर्ड से एनजीटी ने पूछा–

पर्यावरण मानदंड उल्लंघन पर क्यों न लगाया जाए जुर्माना

विनीत त्रिपाठी • नई दिल्ली

- नाले में सीवरेज मिलने की समस्या का नहीं हुआ समाधान
- जुर्माना लगाने के बिंदु पर छह मई को सुनवाई में होगी जिरह

मालवीय नगर विधान सभा क्षेत्र से ग्रेटर कैलाश विधानसभा (शाहपुर जाट) के बीच बरसाती नाले में सीवरेज मिलने के मामले में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने सख्त रुख अपनाया है। एनजीटी ने कहा कि तीन साल का समय बीत जाने के बाद भी दिल्ली सरकार व दिल्ली जल बोर्ड समस्या का समाधान नहीं कर सके। अब तक इस संबंध में उचित कार्रवाई नहीं की गई। एनजीटी ने कहा कि 24 फरवरी को दाखिल की गई दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) की रिपोर्ट में कोई कार्ययोजना नहीं पेश की गई है। इन तथ्यों को देखते हुए एनजीटी ने कहा कि प्रतिवादी दिल्ली सरकार व डीजेबी को पर्यावरण मानदंड के उल्लंघन के लिए उन पर जुर्माना क्यों न लगाया जाए, इस बाबत जवाब दाखिल करने का आखिरी मौका दिया जाता है। एनजीटी चेयरमैन न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की अध्यक्षता वाली पीठ ने दिल्ली सरकार व डीजेबी को चार सप्ताह के अंदर मामले पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। एनजीटी ने कहा कि जुर्माना लगाने के बिंदु पर अदालत छह मई को जिरह सुनेगी।

आवेदनकर्ता सुनील कुमार अलेदिया के आवेदन पर सुनवाई के दौरान एनजीटी ने दर्ज किया कि बरसाती नाले में सीवर का पानी मिलने के मामले पर 13 मार्च 2023 को संयुक्त समिति गठित की थी। इस मामले में 12 दिसंबर 2023 को हुई सुनवाई के दौरान वीडियो कांफ्रेंसिंग से पेश हुए जिला मजिस्ट्रेट दक्षिण, डीजेबी के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर ने एनजीटी को पूर्व आदेशों के अनुपालन करने का आश्वासन दिया था।

डीजेबी ने 24 फरवरी को अनुपालन रिपोर्ट पेश करके कहा कि क्षतिग्रस्त नाले से बरसाती नाले में मिल रहे सीवरेज की समस्या को दूर करने के लिए सी-ब्लाक शिवालिक से बीएसईएस कार्यालय के बीच पुरानी सीवरेज लाइन को बदलने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि रिप्लेसमेंट में कुल 1.26 करोड़ रुपये का खर्च आएगा और बजट आवंटित करने के लिए इसका प्रस्ताव डीजेबी चेयरमैन को भेजा गया है। रिपोर्ट को देख एनजीटी ने कहा कि डीजेबी की रिपोर्ट से पता चलता है कि कोई उपचारात्मक कार्रवाई नहीं की गई है।

सख्ती जरूरी » संपादकीय

आप पार्षद पर किशोरी से छेड़छाड़ की प्राथमिकी दर्ज

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली: रंजीत नगर वार्ड से आम आदमी पार्टी के पार्षद पर एक किशोरी ने छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। किशोरी की शिकायत पर रंजित नगर थाना पुलिस ने पार्षद अंकुश नारंग व उनकी सहयोगी सोनिया व अन्य के खिलाफ छेड़छाड़, जान से मारने की धमकी देने कई धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। छेड़छाड़ का मामला सामने आने पर किशोरी के परिवार व क्षेत्र के लोगों ने पार्षद के कार्यालय पर हंगामा भी किया। पार्षद ने अपने ऊपर लगे आरोप को राजनीति से प्रेरित बताते हुए मामले को झूठा बताया।

मध्य जिला पुलिस उपायुक्त एम हर्षवर्धन ने बताया कि गत रविवार को 14 वर्षीय किशोरी ने छेड़छाड़ के संबंध में पुलिस को सूचना दी थी। पीड़िता ने बताया कि मुंशीराम पार्क के पास खड़ी होकर अपने भाई का इंतजार कर रही थी। उसी दौरान पार्षद अपने सहयोगियों के साथ वहां पहुंचे। सभी ने उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी और उसके साथ बदसलूकी करने लगे। विरोध करने पर उसे धमकी भी दी। पुलिस सभी लोगों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

इंद्रपुरी में चाकू से गोदकर किशोर की हत्या

हरित पार्क में दिया गया वारदात को अंजाम, पुलिस ने तीन नाबालिग आरोपितों को पकड़ा, हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद

जासं, पश्चिमी दिल्ली: इंद्रपुरी थाना क्षेत्र एक किशोर की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। पुलिस को प्रारंभिक छानबीन में पता चला कि वारदात से पहले कुछ लड़कों के बीच झगड़ा हुआ था, जिसके बाद हत्या हुई है। जिस किशोर की हत्या हुई है उनका नाम प्रवीण है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से आरोपितों की पहचान की और तीन नाबालिगों को पकड़ा है। इनके पास से हत्या में इस्तेमाल चाकू बरामद कर लिया गया है। घटना 27 फरवरी की रात नौ बजे की है। इंद्रपुरी थाना पुलिस को क्षेत्र के हरित पार्क में किशोर को चाकू मारे जाने की जानकारी मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि एक किशोर खून से लथपथ हालत में पार्क में पड़ा है। पुलिस फौरन उन्हें लेकर अस्पताल पहुंची, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

दोस्त के साथ गए थे पार्क में

छानबीन में पता चला कि प्रवीण परिवार के साथ इंद्रपुरी इलाके में रहते थे। वे सरकारी स्कूल में 10वीं कक्षा के छात्र थे। ये मंगलवार की शाम अपने एक दोस्त के साथ पार्क में गए थे। पूछताछ में इनके दोस्त ने पुलिस को बताया कि तीन लड़कों का उनके साथ झगड़ा हुआ था। इस दौरान ही प्रवीण पर चाकू से हमला कर दिया। अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ कि आखिर इनके बीच झगड़े की वजह क्या थी। पुलिस यह भी पता करने में जुटी है कि आरोपितों ने चाकू कहां से खरीदा था। छानबीन जारी है।

थायराइड अब ला इलाज नहीं


- मोटापा होना
- कम सुनाई देना
- सांस का फुलना
- शरीर में दर्द होना
- गर्भ धारण ना हो पाना
- कोसिकायां कमजोर होना
- वजन का बढना या कम होना

वैद्य विजय कुमार आचार्य
मों. - 8630978992
SS- पोद्दार एव्हरप्राइजेज - नई दिल्ली - 011-46696237

CHANDIGARH UNIVERSITY
Discover. Learn. Empower.
QS UNIVERSITY RANKINGS 2024 ASIA
1st AMONG ALL PRIVATE UNIVERSITIES IN INDIA
ABET Engineering Accreditation Commission
1st PRIVATE UNIVERSITY IN INDIA TO HAVE THE HIGHEST NUMBER OF ENGINEERING PROGRAMS ACCREDITED BY US-BASED ACCREDITATION BODY - ABET

CLINCH TOP-NOTCH PLACEMENTS WITH INDIA'S NO.1 PRIVATE UNIVERSITY

HIGHEST NUMBER OF COMPANIES FOR PLACEMENT IN NORTH INDIA (BATCH 2023-24)
904 Companies Visited | 9124 Placement Offers | ₹54.75 LAKHS Highest Package

REGISTER FOR cucet COMMON ENTRANCE TEST
https://cucet.cuchd.in
SCHOLARSHIPS WORTH ₹170 CRORES
Scan QR Code to Avail Scholarship

Chandigarh University Common Entrance Test (CUCET) is a national-level entrance exam and scholarship test mandatory for admission into the Engineering, MBA, Pharmacy, LLM, and Integrated Law programs. CUCET is important for students of all courses who want to avail up to 100% scholarships.

CAMPUS: NH-05, Chandigarh-Ludhiana Highway, Gharuan, Mohali, Punjab
+91 99159-99224, 1800 1212 88800 | Website: www.cuchd.in
NEW DELHI ADMISSION OFFICE HELPLINE - 96500 12670
9F, 9th Floor, Gopala Tower, Rajendra Place

NEW LAUNCH
पेश है Pure Buffalo Milk
MOTHER DAIRY maa jaisi

ताकत खूब, खुशियाँ भरपूर
प्रोटीन से भरपूर
एक्स्ट्रा गाढ़ा
स्वाद मज़ेदार
For Distributor and MDP enquiry please call at 18001801018
*Images for visual depiction only.

****

सह-संचालिका का दुपट्टे से घोंटा था गला

पुलिस को अंदेशा- साझेदार ने ही प्ले स्कूल की सह-संचालिका की हत्या की

जागरण संवाददाता, बाहरी दिल्ली: नरेला में प्ले स्कूल की सह-संचालिका व भाजपा कार्यकर्ता की हत्या के एक दिन बाद ही स्कूल के साझेदार (पार्टनर) ने आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने फिलहाल अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है, लेकिन पुलिस को अंदेशा है कि साझेदार ने ही सह-संचालिका की दुपट्टे से गला घोटकर हत्या की थी। इस बीच पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव युवती के स्वजन को सौंप दिया है। दूसरी ओर सोनीपत (हरियाणा) सीमा में मिले स्कूल साझेदार के शव को राजकीय रेलवे पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद स्वजन को सौंपा। मृतका के पिता ने बताया कि स्कूल में लगा डीवीआर और उनकी बेटी की स्कूटी गायब है।

मृतक वर्षा पंवार ●

नरेला के स्वतंत्र नगर गोंडा रोड स्थित ड्रीमवैरी प्ले स्कूल ● जागरण

गत 23 फरवरी से गुमशुदा नरेला के स्वतंत्र नगर की रहने वाली 32 वर्षीय वर्षा पंवार का शव 28 फरवरी को उनके खुद के प्ले स्कूल के कार्यालय में मिला था। पुलिस जांच में सामने आया है कि वर्षा की हत्या संभवतः 23 को हो गई थी और 25 फरवरी को सुबह सोहनलाल का शव हरियाणा के सोनीपत जिले के गांव हसराना के पास रेलवे ट्रैक पर मिला था। इससे ऐसा माना जा रहा है कि सोहनलाल ने 24 फरवरी की रात में आत्महत्या की होगी। बुधवार को वर्षा का शव मिलने के बाद ही दिल्ली पुलिस ने रेलवे पुलिस के सोनीपत स्थित थाने से संपर्क किया, तब इस मामले की कड़ी जुड़ी। रेलवे पुलिस का कहना है कि स्वजन ने शव की बृहस्पतिवार की पहचान की। इसके बाद शव उन्हें सौंप दिया गया। उत्तरी-बाहरी जिला पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि फिलहाल अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। जांच व अन्य प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद आरोपित को नामजद किया जाएगा। वर्षा के पिता ने बताया कि उनकी बेटी के गले पर निशान पाए गए हैं। दुपट्टे से गला घोंटकर उसे मारा गया है। शरीर पर खरोंच के निशान भी देखे थे। नाक और मुंह से खून भी निकला हुआ था।

एक महीने पहले खोला था प्ले स्कूल: वर्षा के पिता विजय पंवार ने बताया कि उनकी बेटी ने सोहनलाल के साथ मिलकर पिछले महीने की 26 तारीख को ही प्ले स्कूल खोला था। स्कूल में उनकी बेटी ने सात-आठ लाख रुपये की फंडिंग की थी। वे स्कूल के कामकाज में बेटी का हाथ बंटाना चाहते थे, लेकिन बीमारी की वजह से वे स्कूल नहीं जा सके और यह घटना हो गई। विजय ने बताया कि स्कूल में सीसीटीवी कैमरे और डीवीआर समेत पूरा सेटअप लगाया था, घटना के बाद से डीवीआर गायब है। उन्हें शक है कि डीवीआर सोहनलाल ने गायब किया होगा। उनकी बेटी की स्कूटी भी गायब है।

किशोरी का अश्लील वीडियो प्रसारित करने वाला धरा

- आरोपित ने स्नैप चैट एप पर लड़की की प्रोफाइल बनाकर नाबालिग लड़की से की थी दोस्ती
- ट्रुथ और डेयर गेम खेलने के दौरान ले लिए थे अश्लील वीडियो और फोटो, करने लगा ब्लैकमेल
- मां ने एक दिन स्नैप चैट खोला, तो सामने आ गई बेटी की अश्लील फोटो, पुलिस को दी जानकारी

जागरण संवाददाता, दक्षिणी दिल्ली: दक्षिण पश्चिम जिले की साइबर पुलिस ने नाबालिग छात्रा की अश्लील फोटो और वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित करने वाले आरोपित सुभान अली को गिरफ्तार किया है। आरोपित ने स्नैप चैट एप पर लड़की की प्रोफाइल बनाकर किशोरी से दोस्ती की थी। फिर एक गेम खेलने के दौरान उसकी अश्लील फोटो और वीडियो बना लिया। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त मोबाइल आरोपित से बरामद कर लिया है।

पुलिस उपायुक्त रोहित मीना ने बताया कि 20 फरवरी को एक व्यक्ति ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी नाबालिग बेटी 11वीं कक्षा में है, वह आनलाइन कक्षाएं लेने के लिए स्मार्ट फोन का प्रयोग करती है। कुछ दिन पूर्व व्यक्ति की पत्नी ने अपने मोबाइल पर स्नैप चैट एप डाउनलोड कर उस पर प्रोफाइल बनाया था। इस पर अचानक उनकी नाबालिग बेटी की अश्लील वीडियो और फोटो सामने आ गई। उन्होंने अपनी बेटी से बात की। बेटी ने बताया कि एक युवक ने उससे एप पर लड़की बनकर बात की थी। किशोरी से पूछताछ में पता चला कि आरोपित ने ट्रुथ और डेयर गेम खेलने के दौरान किशोरी की अश्लील वीडियो और फोटो ले लिए। अब आरोपित ब्लैकमेल कर किशोरी पर जबरन बात करने और मिलने का दबाव बना रहा था। किशोरी के इन्कार करने पर आरोपित ने उसकी अश्लील फोटो और वीडियो एप पर प्रसारित कर दिए।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में उसकी पहचान उत्तराखंड के उधम सिंह नगर के बाजपुर निवासी सुभान अली के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित के मोबाइल में मौजूद सभी वीडियो और फोटो को जब्त कर लिए हैं।

अभिभावक बच्चों पर रखें नजर

- मोबाइल में एप चलाते समय बच्चों पर अभिभावक जरूर रखें नजर
- अभिभावक यह देखें कि बच्चा किसी अनजान व्यक्ति के संपर्क में तो नहीं है
- बच्चों को एप इस्तेमाल करते समय सही और गलत का अंतर बताएं
- किसी साइट व एप को बच्चों की पहुंच से दूर करने को लाक कर सकते हैं

यूएपीए मामले में क्या पूरी हो चुकी है जांच : हाई कोर्ट

दिल्ली दंगा मामला

- आरोपित खालिद सैफी की याचिका पर हाई कोर्ट ने दिल्ली पुलिस से पूछा सवाल
- कहा, हमें बताएं कि पांचवां पूरक आरोपपत्र दाखिल किया जाएगा या नहीं

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली: दिल्ली दंगा में कई छात्र कार्यकर्ताओं के विरुद्ध गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत मामला दर्ज करने के मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली पुलिस से पूछा कि क्या फरवरी 2020 के दंगों के पीछे कथित बड़ी साजिश के मामले में जांच पूरी कर ली है। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत व न्यायमूर्ति मनोज जैन की पीठ ने दिल्ली पुलिस से यह भी सवाल किया कि क्या वे कोई और पूरक आरोपपत्र दायर करेंगे। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस से कहा इस बिंदु पर निर्देश लें और बयान दाखिल करें कि क्या जांच बंद कर दी गई है या जारी रखेंगे।

यूनाइटेड अगेंस्ट हेट संस्था के संस्थापक खालिद सैफी की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि हमें बताएं कि पांचवां पूरक आरोपपत्र दाखिल किया जाएगा या नहीं। सैफी की तरफ से पेश वकील ने इस बात पर जोर दिया कि वह लगभग चार साल से हिरासत में हैं और मुकदमे के निर्णय में काफी समय लगेगा। उन्होंने कहा कि मामले में 18 से अधिक आरोपित हैं और ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही में देरी हो रही है। उन्होंने तर्क दिया कि कोर्ट में अभी तक आरोप तय नहीं हुए हैं।

पुलिस ने सैफी की जमानत अर्जी का विरोध करते हुए तर्क दिया कि संरक्षित गवाहों के बयानों और आरोपितों के बीच वाट्सएप चैट से हिंसा भड़काने की साजिश का पता लगाया जा सकता है। सीएए और राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान भड़की हिंसा में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में 53 लोग मारे गए थे।

शाहरुख की याचिका पर पुलिस को नोटिस

जासं, नई दिल्ली: फरवरी 2020 में हुए दिल्ली दंगों के दौरान एक पुलिसकर्मी पर बंदूक तानने के आरोपित शाहरुख पठान की जमानत याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने पुलिस से जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति ज्योति सिंह की पीठ ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर मामले की सुनवाई 16 अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दी। शाहरुख पर दंगा करने, गैरकानूनी सभा में नफरत फैलाने वाले भाषण और विभिन्न समूहों के बीच नफरत को बढ़ावा देने सहित कई अपराधों का आरोप है। शाहरुख की तरफ से पेश हुए अधिवक्ता ने जमानत की मांग करते हुए तर्क दिया कि मामले में उनके मुवक्किल को अधिकतम 10 साल की सजा दी जा सकती है और वह पहले ही 4 साल जेल में रह चुका है। दिसंबर 2021 में शाहरुख के विरुद्ध आरोप तय किए गए थे और 14 दिसंबर 2023 को मामले में जमानत देने से ट्रायल कोर्ट ने इन्कार कर दिया था। जमानत देने से इन्कार करने के निचली अदालत के निर्णय को शाहरुख ने चुनौती दी है। निचली अदालत ने जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा था कि अदालत में कार्यवाही के दौरान पठान ने एक सह-अभियुक्त को एक फोन नंबर के साथ एक नोट दिया था।

हाई कोर्ट के स्थानांतरण की मांग वाली याचिका खारिज

पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट को जालंधर में स्थानांतरित करने की याचिका में थी मांग

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली: पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट को चंडीगढ़ से जालंधर में स्थानांतरित करने सहित उत्तर-भारत के विभिन्न शहरों के विलय की मांग वाली जनहित याचिका को खारिज करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा कि अदालत राज्यों की सीमाओं का पुनर्गठन नहीं करती। यह तय नहीं कर सकते कि कौन सा हाई कोर्ट कहां कार्य करेगा। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की पीठ ने कहा कि अब कोई हमसे भारत का नक्शा दोबारा बनाने के लिए कह रहा है। अदालत ने याचिकाकर्ता से पूछा कि आपने खुद को केवल उत्तर भारत तक ही सीमित क्यों रखा है? आपको देश के अन्य हिस्सों में भी जाना चाहिए था।

अदालत ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद-तीन के अनुसार किसी भी राज्य की सीमाएं केवल संसद द्वारा बदली जा सकती हैं और अदालतें विधायिका को निर्देश नहीं दे सकती हैं। अदालत ने यह टिप्पणी याचिकाकर्ता जेपी सिंह की याचिका पर की। जेपी सिंह ने केंद्र सरकार को मेरठ कमिश्नरेट, सोनीपत, फरीदाबाद और गुरुग्राम का दिल्ली के साथ विलय करने और चंडीगढ़ का हरियाणा के साथ विलय करने का निर्देश देने व पंजाब के लिए हाई कोर्ट को जालंधर में स्थानांतरित करने की मांग की थी।

PRESS NOTICE INVITING e-TENDER NO: 30/EE/MCD/PWD(R&B)/2023-24, Dated:-23-02-2024

On behalf of the 'Governor of Tripura' The **Executive Engineer, Medical College Division, PWD(R&B), Agartala, West Tripura** invites **percentage rate e-tender** from the eligible bidders up to **3.00 PM on 30-03-2024** for the following works:-

1. DNIeT NO:- **CE(Buildings)/PWD/ACE/Project Unit/ DNIeT/68/2023-24.**

For details visit website **https://tripuratenders.gov.in** and contact at **9436452719 (M) // 7005353321 (M)**. Any subsequent corrigendum will be available in the website only.

Executive Engineer
Medical College Division, PWD(R&B)
Kunjaban, Agartala.

ICA-C-4910/2023-24

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त राहुल उर्फ गोलू पुत्र श्री धर्मेंदर, निवासी– ए–43, कैंप नंबर 01, भीम नगर, नांगलोई, दिल्ली ने मुकदमा सं० 410/2019 धारा 33 Delhi Excise Act अन्तर्गत थाना पश्चिम विहार वेस्ट, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त राहुल उर्फ गोलू मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त राहुल उर्फ गोलू फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि मुकदमा सं० 410/2019 धारा 33 Delhi Excise Act अन्तर्गत थाना पश्चिम विहार वेस्ट, दिल्ली के उक्त अभियुक्त राहुल उर्फ गोलू से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 27.04.2024 को या इससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
श्री अंकित करण सिंह
महानगर दंडाधिकारी–08 (पश्चिम)
कमरा संख्या–30,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/2214/OD/2024 (Court Matter)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड, गाजियाबाद

पत्रांक: 2711/ग्रा.अ.वि./निविदा-57/2023-24 **निविदा सूचना-57** दिनांक: 17.02.2024

1. महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड गाजियाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों की प्रतिष्ठा दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्यों के लिये ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग में रजिस्ट्रेड "ए, बी, सी व डी" वर्ग/भवन श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार ही निविदा डालने योग्य होंगे। निविदादाता किसी एक अथवा समस्त कार्य की निविदा डाल सकता है। निविदादाता से अपेक्षा की जाती है, कि निविदा डालने से पूर्व निविदा प्रपत्र के क्लॉज सं०-3 में अंकित न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में शर्तों का भली-भाँति अध्ययन कर लें।
2. कार्य का विवरण निम्नवत है–

क्रमांक	विधान सभा क्षेत्र /जनपद	योजना का नाम	कार्य का नाम	निर्माण लागत (रू० लाख में) ऑनलाइनटैक्स सहित	बिड डिपॉजिट (रू० लाख में) EMD	निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइनटैक्स सहित	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7	8
1	साहिबाबाद / गाजियाबाद	मा0 विधायक श्री सुनील कुमार शर्मा द्वारा प्रस्तावित	वार्ड न0-20 तुलसी निकेतन में वजीराबाद रोड़ से लेकर शिव पार्वती मन्दिर तक इन्टरलॉकिंग टाईल्स का कार्य।	14.85	0.30	766.00	4 माह
2	साहिबाबाद / गाजियाबाद	मा0 विधायक श्री सुनील कुमार शर्मा द्वारा प्रस्तावित	वार्ड न0-60 राजेन्द्र नगर इंडस्ट्रियल एरिया के इंदिरा गार्डन में हरबौला पंडित के मकान से राकेश गुप्ता के मकान तक काली सड़क का कार्य।	11.36	0.23	766.00	4 माह

1. ई-प्रोक्योरमेण्ट के माध्यम से निविदायें प्रकाशित होने की तिथि 05.03.2024 से पूर्व।
2. ई-प्रोक्योरमेण्ट के माध्यम से निविदायें प्रारम्भ होने की तिथि 05.03.2024 प्रातः 10.00 बजे से।
3. ई-प्रोक्योरमेण्ट के माध्यम से निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि 13.03.2024 अपरान्ह 12.00 बजे तक।
4. ई-निविदा खोलने की तिथि 14.03.2024 को अपरान्ह 12.30 बजे।
5. नियोक्ता को आईटीबी क्लॉज 10 ऑनलाइन के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जाएगा। सभी संभावित बोली दाताओं को सलाह दी जाती है कि नियमित रूप से निगरानी रखें और नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर जाए।

विस्तृत विवरण देखने हेतु http://etender.up.nic.in को खोले तथा बिड डाउनलोड करें।

वाई.एन. चौधरी
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड-गाजियाबाद

UP-204718 दिनांक 28.02.2024 विज्ञापन वेबसाइट www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
मध्य गंगा नहर निर्माण खण्ड-14, गढ़मुक्तेश्वर (हापुड़)

ई-निविदा सूचना सं0- 04/ई0ई0/ 2023-24

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदायें http://etender.up.nic.in के माध्यम से सिंचाई विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 07.03.2024 की अपरान्ह 02:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा दिनांक 02.03.2024 की पूर्वान्ह 11 बजे से दिनांक 07.03.2024 की अपरान्ह 02:00 बजे तक उपरोक्त वेबसाईट पर डाउनलोड/अपलोड की जा सकती हैं। निविदा की प्री-क्वालिफिकेशन/टेक्निकल बिड दिनांक 07.03.2024 की अपरान्ह 03.00 बजे निर्धारित समिति के समक्ष कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, मध्य गंगा नहर निर्माण खण्ड-14, गढ़मुक्तेश्वर (हापुड़) के कार्यालय कक्ष मे उपस्थित फर्मो/ठेकेदारों के समक्ष ऑनलाईन खोली जायेगी। कार्यालय बन्द होने या अवकाश होने की स्थिति मे यह बिड अगले कार्य दिवस मे उसी समय खोली जायेगी।

एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा। निविदा अपलोड करने से पहले निविदादाता नियम एवं शर्तों का भली भाँति अध्ययन कर लें।

क्र0 सं0	लाट सं0	कार्य का विवरण	कार्य की अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	धरोहर राशि (रू0 लाख में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र स्टेशनरी (ऑनलाइनटैक्स)	पंजीकृत श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
1	01	सालारपुर अल्पिका के कि0मी0 0.500 पर पी0आर0सी0 कम फॉल का निर्माण कार्य	4.30	0.21	चार माह	300+500 + 144	सी अथवा उच्च श्रेणी
2	02	सालारपुर अल्पिका के कि0मी0 6.200 पर पी0आर0सी0 कम फॉल का निर्माण कार्य	13.90	0.69	चार माह	300+500 + 144	
3	03	सालारपुर अल्पिका के कि0मी0 7.400 पर फॉल का निर्माण कार्य	5.40	0.27	चार माह	300+500 + 144	
4	04	सालारपुर अल्पिका के कि0मी0 7.500 पर पी0आर0सी0 कम फॉल का निर्माण कार्य	6.00	0.30	चार माह	300+500 + 144	
5	05	सालारपुर अल्पिका के कि0मी0 7.800 पर फॉल का निर्माण कार्य	5.50	0.28	चार माह	300+500 + 144	
6	06	मुरीदपुर अल्पिका के कि0मी0 2.100 पर पी0आर0सी0 कम फॉल का निर्माण कार्य	13.60	0.68	चार माह	300+500 + 144	
7	07	मुरीदपुर अल्पिका के कि0मी0 4.700 पर पी0आर0सी0 कम फॉल का निर्माण कार्य	12.90	0.65	चार माह	300+500 + 144	
8	08	रामपुर अल्पिका के कि0मी0 0.100 पर फॉल का निर्माण कार्य	4.65	0.23	चार माह	300+500 + 144	
9	09	रामपुर अल्पिका के कि0मी0 1.482 पर पी0आर0सी0 का निर्माण कार्य	17.85	0.89	चार माह	300+500 + 144	
10	10	रामपुर अल्पिका के कि0मी0 2.700 पर फॉल का निर्माण कार्य	5.70	0.28	चार माह	300+500 + 144	
11	11	कुतनपुर अल्पिका के कि0मी0 0.020 पर पी0आर0सी0 कम फॉल का निर्माण कार्य	6.60	0.33	चार माह	300+500 + 144	
12	12	मुबारिकपुर अल्पिका के कि0मी0 4.855 पर पी0आर0सी0 का निर्माण कार्य	23.70	1.18	चार माह	300+500 + 144	बी अथवा उच्च श्रेणी
13	13	खजूरी अल्पिका के कि0मी0 3.200 पर फॉल का निर्माण कार्य	6.90	0.34	चार माह	300+500 + 144	सी अथवा उच्च श्रेणी
14	14	खजूरी अल्पिका के कि0मी0 4.400 पर फॉल का निर्माण कार्य	10.60	0.53	चार माह	300+500 + 144	
15	15	खजूरी अल्पिका के कि0मी0 5.450 पर डी0आर0सी0 का निर्माण कार्य	24.30	1.21	चार माह	300+500 + 144	बी अथवा उच्च श्रेणी
16	16	खजूरी अल्पिका के कि0मी0 10.800 पर डी0आर0सी0 का निर्माण कार्य	5.00	0.25	चार माह	300+500 + 144	सी अथवा उच्च श्रेणी
17	17	खजूरी अल्पिका के कि0मी0 10.700 पर पी0आर0सी0 का निर्माण कार्य	5.96	0.30	चार माह	300+500 + 144	
18	18	धनौरी अल्पिका के कि0मी0 0.100 पर पी0आर0सी0 कम फॉल का निर्माण कार्य	13.30	0.66	चार माह	300+500 + 144	
19	19	धनौरी अल्पिका के कि0मी0 5.570 पर डी0आर0सी0 का निर्माण कार्य	21.85	1.09	चार माह	300+500 + 144	बी अथवा उच्च श्रेणी
20	20	धनौरी अल्पिका के कि0मी0 8.100 पर पी0आर0सी0 कम फॉल का निर्माण कार्य	5.90	0.29	चार माह	300+500 + 144	सी अथवा उच्च श्रेणी

यह निविदा सूचना एवं प्रपत्र विभागीय वेबसाइट http://www.idup.gov.in पर उपलब्ध है।

(विकास कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
मध्य गंगा नहर निर्माण खण्ड-14
गढ़मुक्तेश्वर (हापुड़)

UP-204699 दिनांक 28.02.2024 विज्ञापन वेबसाइट www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय आबकारी आयुक्त, उत्तराखण्ड देहरादून

विज्ञप्ति संख्या: 24968 /सात लाई०-47/ आबकारी नीति-2024/देहरादून: **विज्ञप्ति** दिनांक: फरवरी 29, 2024

आबकारी नीति विषयक अधिसूचना संख्या: 148(1)/XXIII-1/2024-04(01)/2024 दिनांक 21 फरवरी 2024 के अनुक्रम में वर्ष 2024-25 हेतु देशी मदिरा एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों का व्यवस्थापन हेतु जारी विज्ञप्ति संख्या-24208/सात लाई०- 47/आबकारी नीति-2024/देहरादून: दिनांक: 21 फरवरी, 2024 में आंशिक संशोधन करते हुए सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मदिरा दुकानों के व्यवस्थापन का कार्यक्रम निम्नवत् निर्धारित किया जाता है:-

जनपद अल्मोड़ा, बागेश्वर, नैनीताल, चंपावत, पौड़ी, टिहरी एवं हरिद्वार की मदिरा की फुटकर दुकानों के नवीनीकरण हेतु समय-सारणी

क्रमांक	विवरण	दिनांक
1	जिला अधिकारी द्वारा दुकानों का वर्ष 2024-25 के निर्धारित राजस्व पर दुकानों के नवीनीकरण हेतु आबकारी आयुक्त को प्रेषित किए जाने की अन्तिम तिथि	05.03.2024
2	आबकारी आयुक्त द्वारा नवीनीकरण के संबंध में निर्णय लेते हुये सम्बन्धित आवेदक को नवीनीकरण शुल्क तथा दुकान की वर्ष 2024-25 हेतु निर्धारित राजस्व पर दुकान संचालन की अनुमति प्रदान किए जाने की अन्तिम तिथि	07.03.2024
3	नवीनीकरण हेतु निर्धारित धनराशियां जमा करने की अन्तिम तिथि व समय (नवीनीकरण की प्रक्रिया समाप्त)	08.03.2024
4	अंतिम रुप से नवीनीकृत तथा अनवीनीकृत दुकानों की सूची तैयार की जाएगी तथा अनवीनीकृत (अव्यवस्थापित) मदिरा दुकानों के लॉटरी के माध्यम से व्यवस्थापन हेतु विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि (जिला आबकारी अधिकारी द्वारा)	09.03.2024

जनपद पिथौरागढ़, ऊधमसिंह नगर, उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग एवं देहरादून की मदिरा की फुटकर दुकानों के नवीनीकरण हेतु समय-सारणी

क्रमांक	विवरण	दिनांक
1	जिला अधिकारी द्वारा दुकानों का वर्ष 2024-25 के निर्धारित राजस्व पर दुकानों के नवीनीकरण हेतु आबकारी आयुक्त को प्रेषित किए जाने की अन्तिम तिथि	07.03.2024
2	आबकारी आयुक्त द्वारा नवीनीकरण के संबंध में निर्णय लेते हुये सम्बन्धित आवेदक को नवीनीकरण शुल्क तथा दुकान की वर्ष 2024-25 हेतु निर्धारित राजस्व पर दुकान संचालन की अनुमति प्रदान किए जाने की अन्तिम तिथि	09.03.2024
3	नवीनीकरण हेतु निर्धारित धनराशियां जमा करने की अन्तिम तिथि व समय (नवीनीकरण की प्रक्रिया समाप्त)	10.03.2024
4	अंतिम रुप से नवीनीकृत तथा अनवीनीकृत दुकानों की सूची तैयार की जाएगी तथा अनवीनीकृत (अव्यवस्थापित) मदिरा दुकानों के लॉटरी के माध्यम से व्यवस्थापन हेतु विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि (जिला आबकारी अधिकारी द्वारा)	10.03.2024

नवीनीकरण के पश्चात अवशेष मदिरा दुकानों के व्यवस्थापन हेतु लॉटरी की समय सारिणी:-

क्रमांक	प्रथम चरण	दिनांक
1	लॉटरी हेतु आवेदन करने की तिथि (प्रारंभ)	11.03.2024
2	लॉटरी हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय	15.03.2024 सांय 05:00 बजे तक
3	लॉटरी हेतु आवेदन पत्रों का परीक्षण	17.03.2024
4	लॉटरी की तिथि / समय एवं स्थल (संबंधित जनपद के कलेक्ट्रेट परिसर में)	18.03.2024 प्रातः 10:00 से प्रक्रिया समाप्त होने तक
क्रमांक	**लॉटरी हेतु द्वितीय चरण**	**दिनांक**
1	द्वितीय चरण की लॉटरी हेतु सूक्ष्म विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि	19.03.2024
2	लॉटरी हेतु आवेदन करने की तिथि (प्रारंभ)	19.03.2024
3	लॉटरी हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय	21.03.2024 सांय 05:00 बजे तक
4	लॉटरी हेतु आवेदन पत्रों का परीक्षण	22.03.2024
5	लॉटरी की तिथि/समय एवं स्थल (संबंधित जनपद के कलेक्ट्रेट परिसर में)	23.03.2024 प्रातः 10:00 से प्रक्रिया समाप्त होने तक
क्रमांक	**प्रथम आवक प्रथम पावक के सिद्धान्त पर मदिरा दुकानों का आवंटन**	**दिनांक**
1	प्रथम आवक प्रथम पावक के सिद्धांत से मदिरा दुकानों के आवंटन हेतु आवेदन की तिथि व समय	24.03.2024 (प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 02:00 बजे तक)
2	प्रथम आवक प्रथम पावक के सिद्धांत से मदिरा दुकानों के आवंटन हेतु आवेदन पत्रों का परीक्षण	24.03.2024 (अपरान्ह 02:00 बजे से 03:00 बजे तक)
3	प्रथम आवक प्रथम पावक के सिद्धांत से मदिरा दुकानों के आवंटन की तिथि व समय (संबंधित जनपद के कलेक्ट्रेट परिसर में)	24.03.2024 (सांय 04:00 बजे से आवंटन की प्रक्रिया समाप्त होने तक)
क्रमांक	**अधिकतम ऑफर के माध्यम से मदिरा दुकानों का आवंटन**	**दिनांक**
1	अधिकतम ऑफर के माध्यम से मदिरा दुकानों के आवंटन हेतु आवेदन की तिथि व समय	25.03.2024 सायं 05:00 बजे तक
2	अधिकतम ऑफर के माध्यम से प्राप्त राजस्व ऑफर के अनुमोदनार्थ आबकारी आयुक्त को प्रेषित किए जाने की तिथि	25.03.2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु थोक मदिरा अनुज्ञापन (एफ०एल०-2/सी०एल०-2/एफ०एल०- 2 (O)) के व्यवस्थापन/आवंटन हेतु जारी समय सारणी में संशोधन किया जाता है, जो निम्नवत है -

क्रमांक	विवरण	दिनांक
1	एफ०एल०-2 (O) अनुज्ञापन हेतु आवेदन किये जाने की अंतिम तिथि	04.03.2024
2	एफ०एल०-2/ सी०एल०-2 अनुज्ञापन हेतु आवेदन किए जाने की अंतिम तिथि	05.03.2024
3	एफ०एल०-2/सी०एल०-2 अनुज्ञापन हेतु आबकारी आयुक्त द्वारा स्वीकृति प्रदान किए जाने की अंतिम तिथि	07.03.2024
4	एफ०एल०-2 (O) अनुज्ञापन हेतु आबकारी आयुक्त द्वारा स्वीकृति प्रदान किए जाने की अंतिम तिथि	05.03.2024
5	जनपद स्तर पर लाइसेंसिंग प्राधिकारी द्वारा एफ०एल०-2/सी०एल०-2 अनुज्ञापन जारी किए जाने की अंतिम तिथि	09.03.2024
6	मदिरा निर्माता ईकाई/बॉण्ड अनुज्ञापन धारकों द्वारा ई०डी०पी० प्रेषित किए जाने की अंतिम तिथि	09.03.2024
7	देशी/विदेशी मदिरा, बीयर, वाइन, आर०टी०डी० आदि के ब्राण्ड लेबल अनुमोदन हेतु आवेदन की अंतिम तिथि	09.03.2024

जनपद में मदिरा की फुटकर बिक्री की दुकानों का नवीनीकरण एवं नवीनीकरण उपरांत अवशेष/अव्यवस्थापित मदिरा दुकानों को लॉटरी के माध्यम से प्राप्त करने हेतु इच्छुक एवं अर्ह आवेदक जनपद की दुकानों की सूची, निर्धारित राजस्व की सूची, अन्य आवश्यक विवरण एवं शर्तें तथा व्यवस्थापन से संबंधित सामान्य निर्देश एवं आवेदन पत्र आदि पत्र आदि के प्रारूप विभाग की वेबसाइट **www.uttrakhandexcise.org.in** तथा **www.uk.gov.in** से प्राप्त जा सकती है एवं सम्बन्धित जनपद के कार्यालय जिलाधिकारी/जिला आबकारी अधिकारी व कार्यालय आबकारी आयुक्त, उत्तराखण्ड, देहरादून से भी प्राप्त की जा सकती है।

इसी क्रम में थोक मदिरा अनुज्ञापनों हेतु थोक मदिरा अनुज्ञापन (एफ०एल०-2/सी०एल०-2/ एफ०एल०-2 (O)) हेतु सामान्य निर्देश एवं आवेदन पत्र आदि के प्रारूप, विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाइट **www.uttrakhandexcise.org.in** तथा **www.uk.gov.in** से प्राप्त जा सकती है एवं सम्बन्धित जनपद के कार्यालय जिलाधिकारी/जिला आबकारी अधिकारी व कार्यालय आबकारी आयुक्त, उत्तराखण्ड देहरादून से भी प्राप्त की जा सकती है।

विस्तृत जानकारी के लिए मुख्यालय स्तर पर फोन नं० 7017375607, गढ़वाल मण्डल के जनपदों के लिए फोन नं० 7983344624 एवं कुमायूँ मण्डल के जनपदों के लिए फोन नं० 9760150000 पर संपर्क किया जा सकता है।

**प्रशांत आ

मेवात के साइबर ठग देते थे सिम, मैनेजर उपलब्ध कराते थे खाता

विनय त्रिवेदी ● गुरुग्राम

- फोन में सिम डालकर ओटीपी लेते और फिर बैंक खाता एक्टिवेट करते
- वाटिका सिटी शाखा में 20 हजार बैंक खाते खोले जाते थे हर माह

कोटेक महिंद्रा बैंक के पकड़े गए तीन मैनेजरों ने मेवात के साइबर ठगों को जो बैंक खाते उपलब्ध कराए, उन सभी में साइबर ठगों द्वारा दी गई सिम का ही इस्तेमाल किया गया। खाते खोलने से पहले साइबर ठग मैनेजरों को सिम दे देते थे। इसी सिम को मैनेजर अपने फोन में डालकर ओटीपी लेते और फिर ओटीपी से बैंक खाता एक्टिवेट करते। खाता खुलने के बाद आरोपित मैनेजर सिम और डेबिट कार्ड साइबर ठगों तक पहुंचा देते थे।

मानेसर साइबर पुलिस द्वारा पकड़े गए असिस्टेंट मैनेजर मोहित राठी, डिप्टी मैनेजर महेश और विश्वकर्मा मौर्या एमजी रोड पर वाटिका सिटी के सेकेंड फ्लोर पर स्थित कोटेक महिंद्रा बैंक की कारपोरेट शाखा में काम करते थे। कारपोरेट शाखा से विभिन्न कंपनियों में तैनात कर्मचारियों के खाते ही खोले जाते हैं। सूत्रों के अनुसार इस शाखा में औसतन एक महीने में 20 हजार बैंक खाते खोले जाते हैं। आरोपित मोहित राठी, महेश और विश्वकर्मा को बिलासपुर का क्षेत्र दिया गया था। ये लोग इस क्षेत्र में स्थित कंपनियों में तैनात कर्मचारियों के खाते खोलते थे। आरोपित कंपनियों में तैनात कच्चे कर्मचारियों से आइडी और बायोमीट्रिक करा लेते थे। उन्हें कहा जाता था कि उनका खाता किसी कारणों से नहीं खुल पाया। इसके बाद आरोपित बैंक कर्मी इन खातों को साइबर ठगों को उपलब्ध करा देते थे। इससे पहले साइबर ठग उन्हें खातों में इस्तेमाल में आने वाले सिम को भी उपलब्ध कराते थे, ताकि ओटीपी और वेरिफिकेशन के दौरान उनके पास ही काल आए। अपने आठ महीने के कार्यकाल में तीनों ने करीब दो हजार बैंक खाते खोले। आरोपित साइबर ठगों से प्रति खाता 20 हजार रुपये तक लेते थे, जिसे तीनों में बराबर बांट लेते थे।

गगनयान मिशन के लिए चार अंतरिक्ष यात्रियों का चयन।

एक नजर में

होटल में रुकी अमेरिकी महिला की अंगूठियां चोरी

गुरुग्राम : सेक्टर 29 थाना क्षेत्र के वेस्टिन होटल में ठहरी अमेरिकी महिला की स्पा के दौरान दो अंगूठियां चोरी हो गईं। उन्होंने इसकी शिकायत थाना पुलिस से की है। वाशिंगटन निवासी प्रेरणा गोजा मिसरी ने पुलिस को बताया कि वह निजी काम से भारत आई थीं। वह गुरुग्राम के वेस्टिन होटल में ठहरी थीं। मंगलवार शाम को वह होटल के स्पा में गईं। यहां वाश हेयर के दौरान उन्होंने दो हीरे की अंगूठियां निकालकर रख दीं। इसके बाद वह बाहर चली गईं। इसी दौरान किसी ने उनकी अंगूठियां चोरी कर लीं। उन्होंने दोनों अंगूठियों की कीमत 65 से 70 लाख बताई है। उन्होंने पुलिस से कहा कि स्पा के स्टाफ से कड़ाई से पूछताछ की जाए। (जासं)

धोखाधड़ी का फरार इनामी बदमाश दिल्ली से दबोचा

कोटद्वार (पौड़ी गढ़वाल) : मैट्रिमोनियल साइट्स पर शादी का विज्ञापन देकर ठगी करने वाले गिरोह के फरार सदस्य को पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित पर ढाई हजार रुपये का इनाम रखा था। दो फरवरी 2022 को कोटद्वार नगर निगम के अंतर्गत खूनीबड़ निवासी रघुवीर सिंह की तहरीर पर कोतवाली कोटद्वार पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था। पीड़ित का कहना था कि एक मैट्रिमोनियल साइट्स पर अनुश्री किशोर रामराज नाम की महिला ने उनकी प्रोफाइल पर एक प्रस्ताव भेजा, जिसे उन्होंने स्वीकार कर दिया। इसके बाद उक्त महिला ने इंस्टाग्राम के जरिये उनसे संपर्क किया व उन्हें अपना वाट्सएप नंबर भेजा। उक्त महिला ने स्वयं की लोकेशन इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा दिल्ली की भेजी। महिला ने एक लाख की विदेशी मुद्रा को भारतीय करेंसी में ट्रांसफर करने के लिए रघुवीर सिंह को धनराशि देने को कहा। रघुवीर सिंह ने चार बैंक खातों में अलग-अलग धनराशि ट्रांसफर की। पुलिस ने बताया कि रघुवीर से 3.30 लाख रुपये की ठगी की गई। (जासं)

नंदू के शूटरों ने नफे सिंह की हत्या की

पुलिस के मुताबिक- राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता भी हो सकती है हत्या का कारण

राकेश कुमार सिंह ● नई दिल्ली

- जेलों में बंद लारेंस-काला जठेड़ी व कपिल सांगवान गुप के बदमाशों से पूछताछ कर रही है दिल्ली और हरियाणा की पुलिस
- दिल्ली, हरियाणा सहित अन्य जेलों में पूछताछ में पुलिस को बदमाश कह रहे हैं कि जल्द और बड़ी वारदात को दिया जाएगा अंजाम

नफे सिंह ●

बहादुरगढ़ में इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक नफे सिंह राठी के हत्यारों के बारे में पुलिस को भले ही अब तक कुछ पता नहीं लग पाया है, लेकिन जांच से यह साफ हो गया है कि कुख्यात गैंगस्टर लारेंस बिश्नोई-काला जठेड़ी ग्रुप के गैंगस्टर कपिल सांगवान उर्फ नंदू के शूटरों ने ही वारदात को अंजाम दिया है। स्पेशल सेल का यह भी दावा है कि नफे सिंह की हत्या का कारण राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता भी हो सकता है। कपिल के विदेश में होने के कारण हत्या के कारण का पता लगाना मुश्किल हो रहा है।

स्पेशल सेल के एडिशनल पुलिस कमिश्नर प्रमोद सिंह कुशवाहा का कहना है कि नंदू गिरोह में हाल के महीने में करीब आठ-दस शूटर शामिल हुए हैं। ये शूटर दिल्ली व हरियाणा में इन दिनों सबसे अधिक सक्रिय हैं। कुछ समय पहले इसी के शूटरों ने नजफगढ़ में दो लोगों की सरेआम हत्या की, जिसका वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ था। करीब 15 दिन पहले फरीदाबाद के सेक्टर-आठ में जिम से घर लौटने के दौरान बल्लू पहलवान की हत्या में उन्हीं शूटरों के नाम सामने आए हैं। अब नफे सिंह की हत्या भी इन्हीं शूटरों द्वारा की जाने की आशंका जताई जा रही है। कुशवाहा का कहना है कि पिछले चार दिनों से दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल, क्राइम ब्रांच व सभी 15 जिले के स्पेशल स्टाफ समेत हरियाणा पुलिस की सीआइए व एसटीएफ की टीमें दिल्ली, हरियाणा व पंजाब के जेलों में बंद लारेंस, जठेड़ी व नंदू गिरोह के बदमाशों से लगातार पूछताछ कर शूटरों के बारे में पता लगाने की कोशिश कर रही हैं। कुछ शूटरों के बारे में पता लग भी गया है। जेलों में पूछताछ के दौरान गैंगस्टर हाल के दिनों में और कई बड़ी वारदात कराने के दावे कर रहे हैं। नजफगढ़ के रहने वाले कपिल सांगवान का भाई ज्योति प्रकाश उर्फ बाबा तिहाड़ में बंद है। पुलिस को शक है कि नफे सिंह की हत्या करने वाले शूटर, ज्योति प्रकाश के जानकार हो सकते हैं।

ताबड़तोड़ वारदात को अंजाम देते हैं शूटर

पुलिस का कहना है कि गैंगस्टर को अच्छे शूटर आसानी से नहीं मिलते हैं। अच्छे शूटर मिलने पर गैंगस्टर उन शूटरों के जरिये जल्द से जल्द अपने सभी बड़े टारगेट को पूरा करने की कोशिश करता है। नजफगढ़ में दो लोगों की हत्या, बल्लू पहलवान की हत्या के बाद नफे सिंह राठी की हत्या को उसी नजरिए से देखकर दिल्ली पुलिस जांच कर रही है। गैंगस्टरों को पता होता है कि शूटर हर हाल में पकड़ लिए जाएंगे इसलिए उनसे ताबड़तोड़ वारदात करा ली जाती है।

इंटरनेट मीडिया पर नंदू ले चुका है जिम्मेदारी

बुधवार को इंटरनेट मीडिया पर गैंगस्टर कपिल सांगवान के नाम से एक पोस्ट प्रसारित हुआ था जिसमें नंदू ने नफे सिंह की हत्या कराने की जिम्मेदारी ली है। हत्या का कनेक्शन गैंगस्टर मंजीत महाल से नंदू गिरोह की दुश्मनी को जोड़कर भी देखा जा रहा है। मंजीत महाल से नफे सिंह से करीबी संबंध बताया जा रहा है। नफे सिंह, मंजीत को शेल्टर देने का काम करते थे। हालांकि नफे सिंह के स्वजन ने नंदू के नाम के पोस्ट को फर्जी करार दिया है।

कुख्यात नंदू-ज्योति बाबा गिरोह को अवैध हथियार मुहैया कराता था, गिरफ्तार

- एन टी पी सी नार्थ करणपुरा एस टी पी पी, चतरा, इकाई एक (660 MW)
- टोरी शिवपुर (फर्स्ट एवं सेकंड लाइन) और बिरटोली शिवपुर (थर्ड लाइन)
- मोहनपुर हंसडीहा रेल लाइन

शिलान्यास

- रेलवे लाइन डबलिंग, प्रधान खानटा जंक्शन-पठारडीहबाजार-भोजुडीह
- सिंदरी मार्शलिंग यार्ड रिमॉडलिंग
- रेलवे लाइन डबलिंग, जमुनिटांड़-चंद्रपुरा
- रेल ओवर रेल लाइन, पतरातू-टोकीसूद
- कुजू रांची रोड वाई कनेक्शन रेलवे लाइन
- धनबाद, चंद्रपुरा रेलवे लाइन
- सोननगर-अंडाल तीसरी और चौथी रेल लाइन

ट्रेन सेवाओं को हरी झंडी

- देवघर-छिब्बूगढ़ ट्रेन
- शिवपुर स्टेशन से लंबी दूरी माल गाड़ी
- टाटानगर बदामपहाड़ डेली मेमू ट्रेन

नरेन्द्र मोदी

प्रधानमंत्री

के कर कमलों द्वारा

शुक्रवार, 01 मार्च, 2024 | प्रातः 10:45 बजे | सिंदरी, धनबाद (झारखण्ड)

- HURL के द्वारा तीन फ़र्टिलाइज़र प्लांट (गोरखपुर, बरौनी एवं सिंदरी) और FRCL के द्वारा रामागुंडम फ़र्टिलाइज़र प्लांट के पुनरुद्धार से वार्षिक यूरिया उत्पादन क्षमता 50.8 लाख टन बढ़ी है
- भारत सरकार ने किसानों के हित में यूरिया सब्सिडी बढ़ाकर अब 1 लाख 75 हज़ार करोड़ रुपये कर दी है जो की वर्ष 2014 की तुलना में लगभग ढाई गुना ज़्यादा है
- रेल इन्फ्रास्ट्रक्टर मजबूत करने से नागरिको को बेहतर रेल कनेक्टिविटी की सुविधा मिलेगी एवं मालगाड़ियों की आवाजाही काफी आसान हो जाएगी जिससे झारखण्ड राज्य की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी
- नॉर्थ करणपुरा सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट से ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बनी रहेगी और ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों के उपभोक्ताओं की निरंतर बढ़ती हुई बिजली की मांगों को निर्बाध रूप से पूरा किया जा सकेगा
- FGD तकनीक हवा की गुणवत्ता में सुधार करने और एसिड वर्षा, धुंध और सल्फर प्रदूषकों के कारण होने वाली श्वसन संबंधी बीमारियों के हानिकारक प्रभावों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है

गरिमामयी उपस्थिति

श्री सी. पी. राधाकृष्णन
राज्यपाल, झारखण्ड

श्री चम्पाई सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

डॉ. मनसुख मांडविया
केंद्रीय मंत्री, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय
और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

श्री अर्जुन मुंडा
केंद्रीय मंत्री, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
और जनजातीय कार्य मंत्रालय

श्री पी. एन. सिंह
सांसद

कृपया दूरदर्शन न्यूज़ पर सीधा प्रसारण देखें

****

संपादकीय जागरण

शुक्रवार, 1 मार्च, 2024 : फाल्गुन कृष्ण - 6 वि. 2080

सफलता न मिले तो समझिए कि प्रयास में कोई कमी रह गई

सत्ता का शर्मनाक इस्तेमाल

प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी की टीम पर हमले के साथ संदेशखाली में जमीन कब्जाने एवं महिलाओं के यौन उत्पीड़न का आरोपित तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख 55 दिन बाद गिरफ्तार कर लिया गया, लेकिन उसकी गिरफ्तारी तब हुई, जब कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बंगाल सरकार को फटकार लगाई। यदि उसने फटकारा नहीं होता तो वह अभी भी छिपा ही रहता, बल्कि यह कहा जाए तो ज्यादा अच्छा कि उसे छिपाए रखा गया होता। शाहजहां शेख जिस ठसक से थाने एवं अदालत में दाखिल हुआ, उससे तो ऐसा लगा कि वह कोई अति विशिष्ट व्यक्ति है। बंगाल पुलिस भी उससे विशिष्ट व्यवहार करती दिखाई दी। इससे यदि कुछ स्पष्ट हुआ तो यही कि उसे सत्ता का खुला संरक्षण प्राप्त था। यह शर्मनाक हकीकत तृणमूल कांग्रेस के इस कथन से छिपने वाली नहीं कि हमने उसे छह साल के लिए निलंबित कर दिया। आखिर उसे निलंबित करने के लिए उसकी गिरफ्तारी की प्रतीक्षा क्यों की गई? यह कैसा राजधर्म है कि इतने गंभीर आरोपों से घिरे आपराधिक छवि वाले व्यक्ति को गिरफ्तार न करने के लिए तरह-तरह के बहाने बनाए गए और यहां तक कि उच्च न्यायालय के आदेश की जानबूझकर गलत व्याख्या की गई? इस पर हैरानी नहीं कि ईडी को यह संदेह है कि बंगाल पुलिस शाहजहां की मदद करने और साक्ष्यों को नष्ट करने का काम कर सकती है। ईडी ने यह आशंका व्यक्त करते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाया है।

शाहजहां शेख की काली करतूतों से आंखें मूंदें रखने के आरोपों से घिरी ममता सरकार अपनी सफाई में कुछ भी कहे, यह एक तथ्य है कि बंगाल में राजनीतिक कारणों से ऐसे अनेक तत्वों को संरक्षण मिल रहा है, जो आपराधिक प्रवृत्ति के हैं और जो कानून एवं व्यवस्था को चुनौती देते रहते हैं। इन तत्वों का इस्तेमाल राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ भी किया जाता है। इसी कारण बंगाल में राजनीतिक हिंसा कभी थमती नहीं। बंगाल के पिछले विधानसभा चुनावों के बाद पुलिस की मौजूदगी में हुई भीषण हिंसा को लोग अभी तक भूले नहीं हैं। बंगाल सरकार ने अपने राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ वैसी ही रीति-नीति अपना रखी है, जैसी एक समय वाम दलों ने अपना रखा थी और जिसके खिलाफ ममता ने संघर्ष किया था। वाम दलों के वे अनेक दबंग नेता अब तृणमूल कांग्रेस में हैं, जो अपनी मनमानी से लोगों को त्रस्त किए हुए थे। शाहजहां शेख भी माकपा से तृणमूल कांग्रेस में आया है। वह संदेशखाली में एक लंबे समय से बेखौफ होकर अपना समानांतर शासन चला रहा था, क्योंकि उसके खिलाफ कोई सुनवाई नहीं होती थी। चूंकि पुलिस शाहजहां शेख के आगे नतमस्तक थी, इसलिए न तो जमीन कब्जाने के आरोपों की सुनवाई होती थी और न ही महिलाओं के यौन उत्पीड़न की। यदि उसके खिलाफ लगे आरोपों की जांच बंगाल पुलिस करती है तो इसके आसार कम ही हैं कि उसका कुछ बिगड़ सकेगा।

सख्ती जरूरी

मालवीय नगर से ग्रेटर कैलाश विधानसभा क्षेत्र के बीच बरसाती नाले में सीवर का पानी मिलने की समस्या दूर नहीं होने पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने नाराजगी जताई है। एनजीटी की नाराजगी उचित है, क्योंकि उसके आदेश के तीन वर्ष बाद भी स्थिति नहीं सुधरी है। पिछले वर्ष मार्च में समस्या के समाधान के लिए संयुक्त समिति भी गठित की गई थी। इसे लेकर दिल्ली जल बोर्ड द्वारा 24 फरवरी को रिपोर्ट पेश की गई थी। इसके अनुसार समस्या के समाधान के लिए अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। सिर्फ सीवर लाइन बदलने के प्रस्ताव की जानकारी दी गई है। इस तरह की लापरवाही का यह कोई पहला मामला नहीं है। अक्सर पर्यावरण मानकों के उल्लंघन को रोकने के लिए संबंधित विभाग गंभीरता नहीं दिखाते हैं।

> सीवर के पानी को नियम के अनुसार वैज्ञानिक तरीके से शोधित कर उसका उपयोग करना चाहिए

अदालत व एनजीटी के आदेशों का सही तरह से पालन नहीं किया जाता है, जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है। इससे दिल्लीवासियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ता है। सीवर का गंदा पानी बरसाती नाले से होता हुआ यमुना तक पहुंच रहा है। इसे रोकने के लिए उचित कदम उठाने की जरूरत है। इसे लेकर दावे तो बहुत किए जाते हैं, लेकिन सच्चाई इससे अलग है। कई नालों का पानी सीधे यमुना में गिर रहा है। सीवेज उपचार संयंत्रों (एसटीपी) की स्थिति भी सही नहीं है। कई एसटीपी मानक के अनुरूप नहीं हैं। सीवर के पानी को नियम के अनुसार वैज्ञानिक तरीके से शोधित कर उसका उपयोग करना दिल्ली जल बोर्ड व नगर निगम की जिम्मेदारी है।

कह के रहेंगे

माधव जोशी

जागरण जनमत

कल का परिणाम

क्या हिमाचल की राज्यसभा सीट पर हार के लिए कांग्रेस का राजनीतिक कुप्रबंधन जिम्मेदार है?

आज का सवाल

क्या श्रेयस अय्यर और इशान किशन को केंद्रीय अनुबंध से बाहर करने का बीसीसीआइ का फैसला सही है?



परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है। सभी आंकड़े प्रतिशत में।

पक्ष-विपक्ष की चुनावी चुनौती

डा. एके वर्मा

मोदी हटाओ के लक्ष्य संधान हेतु आइएनडीआइए का हर राज्य में एनडीए से सीधा मुकाबला होना चाहिए था, लेकिन ऐसा होता दिख नहीं रहा

चुनावों में राजनीतिक दलों की जीत और हार को लेकर हमेशा कौतूहल बना रहता है, लेकिन क्या लोकसभा चुनाव 2024 का परिणाम सुनिश्चित है? क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाजपा के नेतृत्व वाले राजग की जीत को लेकर आश्वस्त हैं? क्या आइएनडीआइए की पराजय तय है? ऐसा कहना जल्दबाजी होगी। सुनिश्चित विजय की हवा से भाजपा कार्यकर्ता एवं उसके समर्थक मतदाता इस कारण उदासीन हो सकते हैं कि मोदी तो जीत ही रहे हैं तब उनके वोट से क्या फर्क पड़ेगा? वहीं विपक्षी दल अति सक्रियता दिखाकर अपनी पार्टी को जीत के मुहाने तक ले जा सकते हैं, लेकिन क्या मोदी और भाजपा इस सबसे अनभिज्ञ है? आखिर क्या हैं सत्तारूढ़ और विपक्षी गठबंधन की रणनीतियां, चुनौतियां, मुद्दे और हार-जीत की संभावनाएं?

गत वर्ष 18 जुलाई को आइएनडीआइए का गठन हुआ। इसके गठन के साथ ही विपक्षी खेमे में नवीन उर्जा का संचार हुआ। ऐसा लगा कि मोदी सरकार को चुनावों में सशक्त विपक्ष का सामना करना पड़ेगा, लेकिन बिना साझा-विचारधारा, न्यूनतम साझा कार्यक्रम, संगठनात्मक व्यवस्था, स्पष्ट नेतृत्व और सीट बंटवारे के गठबंधन पर प्रश्नचिह्न लग रहे थे। सात महीने बाद गठबंधन में बिखराव और खिंचाव दिख रहा है। उसके पास 'मोदी हटाओ' जैसा एकमात्र नकारात्मक मुद्दा है। विपक्ष ने पंजाब के किसानों को उकसा कर एमएसपी को मुद्दा बनाने की कोशिश की, लेकिन क्यों केवल पंजाब के बड़े किसान आंदोलन करते हैं? क्या देश के अन्य किसानों को कोई समस्या नहीं? केवल पंजाब के किसान ही बार-बार आंदोलन क्यों करते हैं? फिर आंदोलन के उनके तौर-तरीके क्या लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण हैं? इन प्रश्नों के चलते ही किसान संगठनों और विपक्ष को इस मुद्दे पर जनसमर्थन नहीं मिल रहा है। वहीं, मोदी ने अपनी सरकार की उपलब्धियों, कृषि और औद्योगिक विकास, युवाओं के स्वरोजगार, गरीब कल्याण, महिला सशक्तीकरण तथा 'सबका-साथ, सबका-विकास' को अपनी समावेशी राजनीति का सकारात्मक मुद्दा बनाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व भर में भारत का मान बढ़ाया है और बिगड़ैल पड़ोसी पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगभग अलग-थलग कर दिया है।

आइएनडीआइए की अभी तक कोई रणनीति उभरकर सामने नहीं आई। मोदी विरोध और मोदी हटाओ के लक्ष्य संधान हेतु ऐसी रणनीति की मांग थी कि प्रत्येक राज्य में राजग यानी एनडीए और आइएनडीआइए में सीधा मुकाबला होता दिखता, लेकिन ऐसा होता नहीं दिख रहा। बंगाल में तृणमूल कांग्रेस और बिहार में राजद कांग्रेस को बेहद सीमित सीटें देना चाहते हैं। आप ने कांग्रेस से दिल्ली और कुछ राज्यों में तो गठजोड़ किया है, लेकिन पंजाब में नहीं। सपा ने उत्तर प्रदेश में कांग्रेस को केवल 17 सीटें लड़ने को दी हैं। इसकी अनदेखी कर कांग्रेस राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में उलझी हुई है। संभवतः कांग्रेस इस चुनाव को जीतने से अधिक भविष्य के चुनावों और राहुल के नेतृत्व को स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही हो, लेकिन यदि कांग्रेस को राष्ट्रीय राजनीति में अपना वजूद बनाए रखना है, तो उसे गठबंधन का मार्ग छोड़ पूरे देश में अकेले चुनाव लड़ना होगा, जो उसकी राष्ट्रीय पहचान अक्षुण्ण रखेगा और प्रत्येक लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में उसे संगठनात्मक आधार एवं नेतृत्व देगा। गठबंधन की बात करें तो उत्तर प्रदेश में सपा की चुनावी रणनीति कमजोर है। अखिलेश यादव पहले भी गठबंधन के प्रयोग कर चुके हैं, लेकिन उन्हें किसी में भी कोई खास सफलता नहीं मिली। उन्हें सर्वाधिक सफलता 2022 के विधानसभा चुनाव में मिली, जिसमें सपा-गठबंधन ने लगभग 36 प्रतिशत वोट प्राप्त किया, जबकि 2017 में सपा को केवल 21.82 प्रतिशत और 2019 के लोकसभा चुनाव में 17.96 प्रतिशत वोट मिले थे। ऐसे में सवाल उठता है कि अखिलेश ने वह गठबंधन माडल क्यों चुना, जिसमें उन्हें कम मत मिले? बंगाल में ममता बनर्जी की रणनीति सबसे कारगर है, क्योंकि वह अपनी राजनीतिक जमीन पर किसी सहयोगी दल को हाथ नहीं रखने दे रहीं। अरविंद केजरीवाल भी ममता बनर्जी से कम नहीं हैं। पंजाब में वह कांग्रेस को कोई भाव नहीं देना चाहते, जहां उनकी पार्टी अपेक्षाकृत बेहतर स्थिति में है। बिहार में तो विपक्षी गठबंधन के प्रणेता नीतीश कुमार ने ही पाला बदल लिया।



अवधेश राजपूत

आइएनडीआइए के विपरीत प्रधानमंत्री मोदी न केवल अपनी मौजूदा सीटों पर पकड़ मजबूत करने की जीतोड़ कोशिश में हैं, बल्कि तमिलनाडु में भी कर्नाटक जैसा प्रयोग करना चाहते हैं। संभवतः उन्होंने अन्य दक्षिण भारतीय राज्यों में भाजपा की पैठ बढ़ाने का सूत्र भी तलाश लिया है। कर्नाटक के विधानसभा चुनावों (2018 और 2023) में भाजपा को 38 प्रतिशत वोट मिले, जबकि 2019 के लोकसभा चुनाव में उसे राज्य में 51.38 प्रतिशत वोट मिले थे। यानी कर्नाटक में मोदी कारक प्रभावी है। क्या यह प्रभाव अब तमिलनाडु में भी दिखाई देगा? जयललिता के बाद तमिलनाडु में अन्नाद्रुमक के आधार में कमी आई है, जिसका लाभ भाजपा उठा सकती है। ओडिशा में भाजपा का जनाधार मजबूत है। उसे 2019 में वहां 38.37 प्रतिशत मत मिले। यदि इसमें थोड़ी भी वृद्धि हो जाए तो वह और बेहतर प्रदर्शन कर सकती है। ओडिशा में भाजपा और बीजद की चुनावी रणनीतियां लगभग समान हैं। भाजपा राष्ट्रीय-धार्मिकता, तो नवीन पटनायक स्थानीय-धार्मिकता को प्रश्रय देते हैं। ओडिशा में स्थानीय देवी-देवताओं की काफी मान्यता है। उसे 'प्रमोट' करने और पिता बीजू पटनायक की विरासत का लाभ नवीन पटनायक को मिलता रहा है।

भाजपा की चुनौतियां भी कम नहीं हैं। जबसे यह संदेश गया है कि जनता मोदी के नाम पर वोट देती है, तबसे भाजपा के सांसदों और विधायकों की स्थानीय सक्रियता और जनसंपर्क में कमी आई है। जहां-जहां 'डबल इंजन' की सरकार है, वहां 'तीसरे इंजन' अर्थात नगरपालिकाओं और पंचायतों का काम असंतोषजनक है, जो सीधे 'मोदी-प्रभाव' को निस्तेज कर रहा है। केंद्र सरकार के स्तर पर तो भ्रष्टाचार न्यूनतम है, लेकिन कुछ राज्यों में भाजपा सरकारें इस पर प्रभावी रूप से अंकुश नहीं लगा पा रही हैं। यह सब 'मोदी के बाद' की भाजपाई राजनीति के लिए खतरे की घंटी है। हालांकि, हाल-फिलहाल के चुनावी परिदृश्य में भाजपा-नीत राजग विपक्षी आइएनडीआइए से काफी आगे है।

(लेखक सेंटर फार द स्टडी आफ सोसायटी एंड पालिटिक्स के निदेशक एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं)

response@jagran.com

पाला बदलने वालों से सचेत रहे भाजपा

अवधेश कुमार

दूसरे दलों के नेता भाजपा में उसकी विचारधारा के कारण नहीं, बल्कि सत्ता की संभावना के कारण आ रहे हैं

लोकसभा या विधानसभा चुनावों की तरह राज्यसभा के चुनाव आमतौर हमारा ध्यान कम ही खींचते हैं, लेकिन इस बार ऐसा नहीं रहा। 12 राज्यों की 56 राज्यसभा सीटों के लिए हाल में हुए चुनावों ने न सिर्फ देश का ध्यान अपनी ओर खींचा, बल्कि हमें कई पहलुओं पर विचार करने को विवश भी किया है। इनमें 41 राज्यसभा सीटों पर तो सभी दलों के उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हुए, किंतु बाद में 15 उम्मीदवारों के मतदान में जो कुछ हुआ, वह किसी दृष्टि से सहज नहीं माना जा सकता। सामान्य तौर पर इस चुनाव में हिमाचल प्रदेश की एक सीट कांग्रेस और उत्तर प्रदेश में तीन सपा के पक्ष में जानी चाहिए थीं, लेकिन नतीजों ने सबको चौंका दिया। हिमाचल में कांग्रेस के छह विधायकों और तीन निर्दलियों ने भाजपा के पक्ष में मत दिया। उत्तर प्रदेश में सपा के सात विधायकों ने भाजपा के समर्थन में मतदान कर दिया, जबकि भाजपा की सहयोगी सुभासपा के एक विधायक ने सपा को वोट दिया। वहीं कर्नाटक में भाजपा के एक विधायक ने कांग्रेस के समर्थन में मतदान किया। उत्तर प्रदेश और हिमाचल के पालाबदल से इन राज्यों के भावी राजनीतिक समीकरणों पर भी असर हो सकता है। इसके चलते ही हिमाचल प्रदेश में राजनीतिक तूफान आ गया।

विधायकों का यह पालाबदल परेशान करता है। इस पालाबदल का सामान्य राजनीतिक विश्लेषण तो यही है कि वर्तमान राजनीति में बड़ी संख्या ऐसे नेताओं की है, जिनका अपने देश एवं समाज और दल को लेकर कोई व्यापक विजन नहीं है। उनमें किसी तरह का आदर्श, सिद्धांत या विचारधारा नहीं है। अगर वे राजनीति में पद और प्रभाव के लिए हैं तो जहां भी इसका अवसर मिलेगा, उसकी ओर भागेंगे। इस स्थिति का मूल कारण यही है कि आज अधिकांश पार्टियों का नेतृत्व भी व्यापक सोच तथा देश, समाज और जनता के कल्याण के बड़े लक्ष्य से समर्पित होकर काम नहीं करता। आज का नेता तभी तक अपने दल के साथ जुड़ा रहेगा, जब तक दूसरी ओर उसे सत्ता और शक्ति की संभावना न दिखे? भाजपा में भी दोष हैं, पर विचारधारा के स्तर पर वर्तमान राजनीतिक दलों में सर्वाधिक प्रतिबद्ध और मुखर नेतृत्व उसी के पास है। उसके पीछे वैचारिक स्तर पर प्रतिबद्ध संगठन है। इसलिए अनेक प्रकार की पीड़ा, अनदेखी और सत्ताविहीनता की स्थिति झेलते हुए भी बड़ी संख्या में लोग उसके साथ भावनात्मक रूप से जुड़े रहते हैं। दूसरी पार्टियों के साथ अब ऐसी स्थिति नहीं रही।

पालाबदल से चुनाव जीते भाजपा के हर्ष महाजन • प्रेट्र

हिमाचल प्रदेश में सुखविंदर सिंह सुक्खू को नेतृत्व थमाने के समय से ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह की पत्नी प्रतिभा सिंह और उनके समर्थक नाराज थे। ऐसा नहीं है कि उन्होंने पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व को अपनी मंशा से अवगत नहीं कराया या नाखुशी का संकेत नहीं दिया। उनके पुत्र विक्रमादित्य सिंह ने कहा भी कि पार्टी के असंतोष पर हमने केंद्रीय नेतृत्व से लगातार बात करने की कोशिश की, लेकिन जब नेतृत्व सुनने को तैयार नहीं हुआ तो स्वाभाविक ही वे सब ऐसे अवसर की प्रतीक्षा कर रहे थे जहां पार्टी को मुखर संदेश दे सकें। राज्यसभा चुनाव इसका पहला अवसर बना।

यदि कांग्रेस नहीं संभली तो लोकसभा चुनाव में उसे इससे भी बड़ा झटका लग सकता है। सपा के अंदर भी कई तरह के असंतोष काम कर रहे हैं, जिनका एक छोटा प्रकटीकरण राज्यसभा चुनाव में हुआ। अगर अखिलेश यादव सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाते, पार्टी के अंदर तथा समय की धारा के अनुरूप स्वयं एवं पार्टी की भूमिका में बदलाव करते तो शायद यह स्थिति उत्पन्न नहीं होती। विपक्षी दल भाजपा पर आरोप लगा सकते हैं, किंतु अगर आपके घर में ही समस्या हो तो बाहरी लाभ उठाएंगे ही। वर्तमान राजनीति का सच यही है कि इस समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की ओर व्यापक आकर्षण है। लोकसभा चुनाव का भावी परिणाम भी दूसरी पार्टी के नेताओं को साफ दिख रहा है। संघ परिवार और सत्ता में भाजपा द्वारा हिंदुत्व और राष्ट्रीय चेतना तथा समाज के सभी वर्गों तक पहुंचने के कार्यक्रमों का जमीन पर व्यापक असर दिख रहा है। विभिन्न विपक्षी दलों का नेतृत्व इस सच्चाई को स्वीकार करने के बजाय पुरानी लीक पर राजनीति करने की कोशिश में है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के समय विरोधी पार्टियों के रुख को उनके नेताओं ने ही दिल से स्वीकार नहीं किया। सपा के विधायक मनोज पांडेय ने कहा भी कि वह रामलला का सामूहिक दर्शन करना चाहते थे, लेकिन अखिलेश जी ने इसकी अनुमति नहीं दी। इसी तरह कांग्रेस में सोनिया गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे ने निमंत्रण अस्वीकार कर मुस्लिम वोटों के तुष्टीकरण की जो कोशिश की, उसका संदेश पार्टी के अंदर भी नकारात्मक गया।

पाला बदलकर भाजपा में जाने की स्थिति राज्यसभा के चुनावों तक सीमित नहीं है। इस समय कई पार्टियों में उथल-पुथल मची है। जगह-जगह बड़ी संख्या में दूसरी पार्टी से लोग भाजपा की ओर रुख कर रहे हैं। राज्यसभा चुनावों के बीच ही गुजरात, महाराष्ट्र, झारखंड और बिहार में भी कांग्रेस के कई नेता भाजपा में शामिल हो गए। हालांकि यह भाजपा के भविष्य की दृष्टि से चिंताजनक है, क्योंकि आने वाले लोग उसकी विचारधारा के कारण नहीं, बल्कि सत्ता की संभावना और जिन दलों में वे हैं, उनकी आंतरिक निराशा के कारण आ रहे हैं। बाद में जब कभी भाजपा कमजोर होगी तो यही सबसे पहले छोड़कर जाएंगे। इनके आने से पार्टी के निष्ठावान नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को जरूर समस्या हो रही होगी। इससे उनके अंदर जो निराशा और नाराजगी पैदा होगी, उसका परिणाम भी कई रूपों में भाजपा को भुगतना पड़ सकता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं)

response@jagran.com

ऊर्जा

कृतघ्नता

मनुष्य को अपने जीवन में सर्वाधिक असंतोष परमात्मा से रहता है। जब भी उसे असहजता की अनुभूति होती है वह दोषारोपण को व्यग्र हो उठता है। अंततः अपने दुख का उत्तरदायी उसे परमात्मा ही दिखता है। वह परमात्मा से ऐसी व्यवस्था चाहता है, जो उसके मनोनुकूल हो।

जीवन में दुख और सुख का आकलन ही मूलतः दोषपूर्ण है। मनुष्य तो स्वयं में सुख का बड़ा प्रमाण है। चौरासी लाख प्रकार की योनियों मे मनुष्य योनि सर्वोत्तम है। मनुष्य योनि में जन्म लेना तो आनंद का महान उत्सव है। इसकी प्रतीति है तो दुख का विचार स्वप्न में भी नहीं आना चाहिए। जिसे हीरे की पहचान नहीं, हीरा पास होने पर भी उसके जीवन में निर्धनता का राग गूंजता रहेगा। हीरे और पत्थर में भेद का ज्ञान होना आवश्यक है। मानव जीवन अन्य योनियों के लिए हीरे के समान ही है। उनका दुख स्वाभाविक है, किंतु मनुष्य के दुख को उसकी अज्ञानता का दुर्भाग्य कहा जाएगा। जिस परमात्मा ने उसे इतना अमूल्य सुख दिया उससे शिकायत घोर कृतघ्नता है।

मनुष्य ही अपने दुखों का कारण है। उसे धन, संपदा चाहिए। प्रतिष्ठा, सत्ता चाहिए। भोग विलास हो, ऐश्वर्य हो। आध्यात्मिक जगत में इनका कोई मोल नहीं। इनकी प्राप्ति की कामना हीरे जैसे जीवन को पत्थरों में गंवा देना है। यह वृत्ति इस जीवन में भी दुख उत्पन्न करती है और परलोक में भी असहाय बनाती है। परमात्मा ने जीवन दिया है और जीवन का एक निश्चित उद्देश्य भी प्रदान किया है। मनुष्य को प्राप्त हुई बुद्धि, बल और सामर्थ्य दुख हेतु नहीं हैं। मनुष्य जीवनपर्यंत धन संचित करने में लगा रहता है, जबकि यह धन ही उसके जीवन को तनाव से भर देता है। भोग-विलास उसे निर्बल और रोगग्रस्त बनाते हैं। सत्ता का मान ही अपमान का कारण भी बनता है। परमात्मा का दिया जीवन परमात्मा को पाने के लिए है। परमात्मा के विधान में रहने का सुख अकथ्य है। कृतघ्न बन कर नहीं, कृतज्ञ बनकर जीवन जीने में ही आनंद है।

डा. सत्येंद्र पाल सिंह

पाठकनामा

pathaknama@nda .jagran.com

मेहनत को विफल करता पेपर लीक

'पेपर लीक न होने की भी गारंटी मिले' शीर्षक से प्रकाशित डा. ब्रजेश कुमार तिवारी के आलेख में उचित ही कहा गया है कि राज्यों में अलग-अलग पार्टियों की सरकारें हैं, लेकिन उनमें पेपर लीक का सिस्टम एक जैसा ही है। इन घटनाओं के सुर्खियों में आते ही राजनीति के गलियारों में आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो जाता है, पर देखा जाए तो कोई भी दूध का धुला नहीं है। दसवीं, बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं से लेकर जेईई आदि तक की परीक्षाओं में होने वाली धांधली न जाने कितने ही परिवारों की उम्मीदों को तोड़ देती है। घर से दूर एक छोटे से कमरे में किताबों के बीच सिर झुका कर रहने वाले अभ्यर्थियों की वर्षों की मेहनत बस एक झटके में बर्बाद हो जाती है और प्रशासन जांच के नाम पर फिर न जाने कितने ही साल खा जाता है। ऐसे में अभ्यर्थी विरोध-प्रदर्शन करने पर मजबूर हो जाते हैं। इन अव्यवस्थाओं से परेशान होकर कई प्रतियोगी छात्र आत्महत्या तक कर लेते हैं। सरकार सख्त कानून और बेहतर नीति तो बना सकती है, पर सवाल यह है कि पेपर बनने से लेकर परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने तक में जितने लोग शामिल होते हैं क्या वे पूरी ईमानदारी से काम करते हैं? पेपर लीक जैसा अपराध करने वालों को यह समझना चाहिए कि चंद लोगों की बेईमानी न जाने कितने परिवारों को उजाड़ देती है। ऐसे में जरूरी है कि अपनी स्वार्थ सिद्धि के लिए लोग देश के उज्ज्वल भविष्य के साथ खिलवाड़ न करें। प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक न होने की गारंटी देना सरकार की जिम्मेदारी है, जिसके लिए परीक्षा कराने वाली संस्थाओं का गठन एक अच्छा विकल्प है। साथ ही सरकार को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि जांच के नाम पर अभ्यर्थियों का अधिक समय नष्ट न हो।

सोनल वर्मा, प्रयागराज

ड्रग्स तस्करों पर सख्ती

सरकार ड्रग्स तस्करों के खिलाफ सख्त है। युवाओं की जीवनलीला समाप्त करने और भारत को तोड़ने की साजिश विश्वस्तरीय बन गई है। यह घातक है। गुजरात मे तटीय क्षेत्र की वजह से ड्रग्स कारोबारी सफल तो नही हो रहे हैं, लेकिन नशीली ड्रग्स गुजरात के दरिया क्षेत्रों में घुसाने की कई बार कोशिश की जाती है। पाकिस्तान से वाया अफगानिस्तान होकर भारत भेजा जाती है। गुजरात राज्य पाकिस्तान के नदियों के तटीय क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। इसलिए ड्रग्स घुसाने के लिए सबसे पहले गुजरात लाया जाता है। जहर बेचने वाले इंसानियत के दुश्मन हैं। गुजरात के पोरबंदर के पास पकड़ा गया था 33 सौ किलो ड्रग्स। भारतीय उपदीप की सबसे बड़ी खेप बताई गई है। अगर यह ड्रग्स गुजरात मे घुसाने में सफल हो जाते तो युवाओ की जिंदगी तबाह हो जाती। 2022 में साढ़े चार सौ करोड़ का ड्रग्स पुलिस ने बरामद किया था। उत्तरभारत में भी ड्रग्स कारोबारी सक्रिय हुए हैं। युवाओं को नशे के डोज देकर मानसिक संतुलन खोखला करने की नीति दुश्मन देश की है। हमें सतर्क रहना है। ड्रग्स तस्कर के खिलाफ कड़ी कार्यवाई के लिए पटना में विधानसभा में मुद्दा उठा था। ड्रग्स कारोबारियों पर सरकार सख्त रवैया अपना कर दोषियों को सलाखों के पीछे धकेलने के लिए सख्त कदम उठाए। यह धीमा जहर नस्ल बिगाड़ने के लिए उपयुक्त है।

कांतिलाल मांडोत, नई दिल्ली

मुश्किल में कांग्रेस

संपादकीय लेख 'मुश्किल में कांग्रेस' बहुत सटीक है। इंडी गठबंधन के प्रति आशावान हो कर कांग्रेस ने न अपना जनाधार बढ़ाया न ही इंडी गठबंधन में शामिल पार्टियां कांग्रेस को खास भाव दे रही हैं। परिणाम सबके सामने है, एकतरफ भाजपा में अनेक दलों के नेता आ रहे हैं, वहीं कांग्रेस को बहुत से नेता छोड़ रहे हैं। हिमाचल में जिस तरह कांग्रेस विधायकों ने क्रास वोटिंग कर कांग्रेस के प्रत्याशी सिंघवी को हरवा दिया, वह कांग्रेस नेतृत्व की नेताओं पर कमजोर पकड़ को दर्शाता है। कांग्रेस ऐसी राजनीति कर रही है जो तर्क व तथ्य पर सही नहीं उतर रही। उदाहरण के लिए जिस आप ने पंजाब में कांग्रेस से सीट बंटवारे से इंकार कर दिया, उसी आप से दिल्ली में कम सीटों 3 पर समझौता कर लिया। जिन कम्युनिस्टों ने केरल में सीट बंटवारे से मना कर दिया, उन्हीं कम्युनिस्टों से बंगाल में समझौता करने को तैयार है। इससे कांग्रेस चुनाव में लाभ हो न हो, अपनी प्रतिष्ठा तो गंवा ही रही है। बिहार में भी कांग्रेसी पार्टी को छोड़ रहे हैं और गठबंधन के दल सम्मानजनक सीटें देने को तैयार नहीं हैं। कांग्रेस अपनी इस कठिन स्थिति के लिए खुद जिम्मेदार है। अब राहुल गांधी जातिगत और ओबीसी के मुद्दे हर जगह उठा रहे हैं। जबकि मोदीजी समावेशी राजनीति कर रहे हैं। मोदीजी हर क्षेत्र में एक विजन रखते हैं और पहला लक्ष्य पूरा होने से पहले ही दूसरा, तीसरा निर्धारित कर लेते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी बहुत आगे की सोच रखते हैं।

सीपी बंसल, दिल्ली

X पोस्ट

वार्षिक अनुबंध नीति के मामले में बीसीसीआइ ने बहुत अच्छा एवं कड़ा कदम उठाया है। इसमें उन क्रिकेटरों को प्रोत्साहित किया गया है, जो इस प्रारूप की सबसे कड़ी कसौटी पर खरा उतरने के लिए तत्पर हैं।

संजय मांजरेकर@sanjaymanjrekar

शेख शाहजहां को बचाने की तमाम कोशिशों में असफल होने और कलकत्ता हाई कोर्ट की फटकार के बाद बंगाल पुलिस ने उसे गिरफ्तार तो कर लिया, मगर इस मामले की जांच राज्य पुलिस के हाथ में रहेगी तो हमेशा संदेह रहेगा। जांच सीबीआइ या न्यायालय की निगरानी में होनी चाहिए। हर्ष वर्धन त्रिपाठी@MediaHarshVT

संदेशखाली सिर्फ भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के बीच होड़ की कहानी नहीं है। यह बंगाल में आदिवासी और दलित महिलाओं के उठ खड़े होने की कहानी है। भद्रलोक के साम्राज्य में वंचितों-शोषितों की गूंज है।

दिलीप मंडल@Profdilipmandal

बंगाल में पहले से जारी ध्रुवीकरण संदेशखाली के बाद और बढ़ गया है। अब देखना यही है कि ममता बनर्जी कितना डैमेज कंट्रोल कर पाती हैं? वैसे बंगाल को जानने वाले जानते हैं कि वहां की राजनीति बदलने में बहुत वक्त नहीं लेती। सत्या चौधरी@satyagodara

जनपथ

अपने खुद के पांव पर लिया कुल्हाड़ी मार,
अब तो सत्यानाश में दिवस बचे बस चार।
दिवस बचे बस चार यार कुछ सोचा होता,
कौन भला इस भांति स्वयं की ताकत खोता!
माना कि अभिषेक मनु के टूटे सपने,
किंतु विधायक कौन लुटाता ऐसे अपने!!

– ओमप्रकाश तिवारी

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन, नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त, प्रधान संपादक-संजय गुप्त, नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा जागरण प्रकाशन लि. के लिए डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा से मुद्रित एवं 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित, संपादक (दिल्ली एनसीआर) विष्णु प्रकाश त्रिपाठी, स्थानीय संपादक-प्रदीप कुमार शुक्ल* दूरभाष : नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No 50755/90 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई शुल्क अतिरिक्त। वर्ष 34 अंक 227

****

देश में तेंदुओं का कुनबा बढ़ा, अनुमानित आबादी 13,874 हुई

- वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने जारी की तेंदुओं की 2022 की गणना रिपोर्ट
- मध्य प्रदेश में सबसे अधिक 3,907 तेंदुए, महाराष्ट्र दूसरे नंबर पर पहुंचा

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : वन्यजीवों के लिहाज से बड़ी खुशखबरी है। देश में तेंदुओं के कुनबे में बढ़ोतरी जारी है। 2022 की गणना रिपोर्ट के अनुसार देश में इनकी अनुमानित संख्या बढ़कर 13,874 (रेंज : 12,616-15,132) हो गई है। इसमें 2018 के मुकाबले एक हजार से अधिक और तेंदुए जुड़ गए हैं। 2018 में देश में तेंदुओं की अनुमानित संख्या 12,852 (रेंज : 12,172-13,535) थी। इस दौरान मध्य प्रदेश में सबसे अधिक 3,907 तेंदुए पाए गए हैं। दूसरे नंबर पर महाराष्ट्र रहा है, जिसमें कर्नाटक को पछाड़ते हुए यह जगह बनाई है। महाराष्ट्र में कुल 1,985 तेंदुए मिले हैं, वहीं कर्नाटक में इस बार 1,879 तेंदुए पाए गए हैं।

केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने गुरुवार को तेंदुओं की 2022 की यह गणना रिपोर्ट जारी की। इससे पहले तेंदुओं की 2018 की गणना रिपोर्ट 2022 में जारी की गई थी। इस मौके पर उन्होंने वन्यजीवों की बढ़ती संख्या को पर्यावरण संरक्षण के लिहाज से शुभ संकेत बताया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में पर्यावरण संरक्षण की यह मुहिम अब पूरी दुनिया को एक पृथ्वी, एक परिवार व एक भविष्य की तरह देख रही है। रिपोर्ट के अनुसार इस दौरान मध्य भारत और पूर्वी घाटों में तेंदुओं की संख्या में डेढ़ प्रतिशत की बड़ी वृद्धि दर्ज हुई है, जबकि शिवालिक पहाड़ियों और गंगा के मैदानों में इनकी संख्या में 3.4 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। 2018 में इस क्षेत्र में 1,253 तेंदुए पाए गए थे, जबकि 2022 में यहां 1,109 ही पाए गए है। यह तेंदुओं की गणना की पांचवीं रिपोर्ट है। मंत्रालय की ओर से तेंदुओं की गणना प्रत्येक चार साल बाद कराई जाती है।

बड़ी खुशखबरी। तेंदुओं की संख्या में यह उल्लेखनीय वृद्धि जैव विविधता के प्रति भारत के अटूट समर्पण का प्रमाण है। मैं उन सभी को बधाई देता हूं जो वन्यजीव संरक्षण की दिशा में सामूहिक प्रयासों का हिस्सा हैं और स्थायी सह-अस्तित्व का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। - **नरेन्द्र मोदी**, पीएम



किस राज्य में कितने तेंदुए

मध्य प्रदेश	3,907
महाराष्ट्र	1,985
कर्नाटक	1,879
तमिलनाडु	1,070
छत्तीसगढ़	722
राजस्थान	721
उत्तराखंड	652
उत्तर प्रदेश	371
तेलंगाना	297
बिहार	86
झारखंड	51

बिग कैट संरक्षण मुहिम को दुनियाभर में रफ्तार देगा भारत

कैबिनेट ने देश में इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस का मुख्यालय खोलने को दी मंजूरी, 150 करोड़ रुपये किए स्वीकृत

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : इंटरनेशनल सोलर अलायंस के बाद अब इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस (आइबीसीए) का मुख्यालय भी भारत में होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में गुरुवार को हुई कैबिनेट बैठक में इसे मंजूरी प्रदान की गई। साफ है दुनियाभर में बिग कैट (बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, प्यूमा, जगुआर और चीता) के संरक्षण की मुहिम की अगुवाई अब भारत करेगा। कैबिनेट ने मुख्यालय के संचालन के लिए अगले पांच सालों के लिए 150 करोड़ रुपये भी स्वीकृत किए हैं।

बिग कैट के संरक्षण के लिए बनाए गए इस इंटरनेशनल अलायंस में दुनियाभर के उन सभी 96 देशों को शामिल करने की परिकल्पना की गई है, जहां बिग कैट की प्रजातियां पाई जाती हैं। भारत में प्यूमा और जगुआर को छोड़कर अन्य पांचों प्रजातियां पाई जाती हैं। इनमें से चीता ही देश से विलुप्त हो गया था लेकिन पीएम मोदी के प्रयासों से 2022 में इन्हें देश में 73 सालों के बाद फिर से बसाया गया। बता दें कि पीएम मोदी ने 2019 में वैश्विक बाघ दिवस के मौके पर वन्यजीवों के अवैध शिकार रोकने के लिए दुनियाभर के नेताओं से अलायंस बनाने का आह्वान किया था।

'सीबीआइ के नोटिस का दे दिया जवाब, आपको बताना जरूरी नहीं'

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने गुरुवार को सीबीआइ के नोटिस को लेकर कहा, मैंने उसका जवाब दे दिया है। जवाब में क्या लिखा है यह आपको (मीडिया) बताने की जरूरत नहीं है। लीक करने का काम तो भाजपा करती है।

अखिलेश यादव ●

सपा अध्यक्ष पार्टी मुख्यालय पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुझसे बेहतर आप जानते हो, यह पहली बार नहीं है जब सीबीआइ बुला रही है। अगर आप राजनीति कर रहे हैं और पीडीए की लड़ाई लड़ रहे हैं तो इन सब चीजों का सामना करना पड़ेगा।

भाजपा के हथकंडों से हम नहीं डरते : डिंपल

जासं, मैनपुरी : सपा सांसद डिंपल यादव ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को भेजे गए समन को लेकर कहा कि यह पार्टी के लिए कोई नई बात नहीं है। चुनाव के समय ही भाजपा द्वारा ऐसे हथकंडे अपनाए जाते हैं, लेकिन इससे हम लोग डरने वाले नहीं हैं। रास चुनाव में हुई क्रास वोटिंग डिंपल ने कहा कि हमारा गठबंधन चुनाव लड़ने जा रहा है और सपा-कांग्रेस मजबूत स्थिति में हैं।

डिंपल यादव ●

एक नजर में

देवी-देवताओं पर टिप्पणी, आपराधिक मामला दर्ज

जशपुरनगर : छत्तीसगढ़ में भारत मुक्ति मोर्चा और राष्ट्रीय क्रिश्चियन मोर्चा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित जनजागृति और संवैधानिक प्रबोधन कार्यक्रम के आयोजकों के खिलाफ पुलिस ने आपराधिक मामला दर्ज किया है। 27 फरवरी को कुनकुरी थाना क्षेत्र में एक कार्यक्रम में हिंदू धर्म के देवी- देवताओं, बागेश्वरधाम के धीरेन्द्र शास्त्री के खिलाफ अपमानजनक बयान दिया गया था। विहिप, गौरक्षा वाहिनी, उत्कल ब्राह्मण समाज, धर्म जागरण मंच ने इसकी शिकायत की थी। (नईदुनिया)

द्रमुक ने भाकपा व माकपा को दो-दो सीटों की पेशकश की

चेन्नई : तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक ने लोकसभा चुनाव के लिए वाम दलों के साथ अपने सीट बंटवारे समझौते को अंतिम रूप दिया। इसके तहत भाकपा और माकपा को दो-दो सीटें की पेशकश की गई है। द्रमुक की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि सीट बंटवारे की बातचीत को अंतिम रूप दिया गया। द्रमुक राज्य में बहुदलीय धर्मनिरपेक्ष प्रगतिशील गठबंधन का नेतृत्व करता है। (प्रेट्र)

'मुझे गिरफ्तार किया तो करोड़ों मराठा भूख हड़ताल करेंगे'

छत्रपति संभाजीनगर : मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने कहा कि यदि उन्हें गिरफ्तार किया गया तो करोड़ों मराठा भूख हड़ताल करेंगे। मराठा समुदाय अपने अधिकारों के लिए लड़ रहा है। छत्रपति संभाजीनगर स्थित एक अस्पताल में इलाज करा रहे जरांगे ने मीडिया से कहा कि सरकार के पास अभी भी कुनबी मराठों के रक्त संबंधी मसौदा अधिसूचना को लागू करने का अवसर है। (प्रेट्र)

बागी विधायक दस-दस करोड़ में बिके : राबड़ी

पटना : बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने पार्टी छोड़कर जाने वाले बागी विधायकों को बेशर्म कहा है। विधान परिषद परिसर में पत्रकारों से बातचीत में राबड़ी ने आरोप लगाया कि दस-दस करोड़ रुपये लेकर विधायक सत्ता पक्ष में जा रहे हैं। ऐसे लोगों को इस्तीफा देकर जाना चाहिए। अपराध नियंत्रण को लाए जा रहे नए कानून के बारे में पूछने पर राबड़ी ने कहा कि कानून बनता रहता है, मगर कोई कार्रवाई नहीं होती है। (राब्यू)

'जाति-धर्म के आधार पर कैदियों को अलग नहीं करें'

नई दिल्ली: केंद्र ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा कि जाति-धर्म के आधार पर कैदियों को अलग नहीं करें। गृह मंत्रालय ने कहा कि कुछ राज्यों के जेल मैनुअल में कैदियों को जाति-धर्म के आधार पर ही जेलों में काम सौंपे जाते हैं। हालांकि भारत का संविधान धर्म, जाति, नस्ल और जन्म के स्थान के आधार पर भेदभाव करने पर रोक लगाता है। (प्रेट्र)

पीएम ने मप्र में **17 हजार करोड़** की परियोजनाओं का किया लोकार्पण-शिलान्यास, बोले-

गरीबों के कष्ट दूर करना ही मोदी की गारंटी

- उज्जैन में विश्व की पहली वैदिक घड़ी का शुभारंभ किया, मप्र में साइबर तहसील व्यवस्था भी लागू की
- 'अबकी बार-400 पार' का नारा भाजपा ने नहीं, जनता ने अपनी प्रिय सरकार की वापसी के लिए दिया है

राज्य ब्यूरो, भोपाल: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि गरीबों को मुसीबत से बचाना और महिलाओं के कष्ट दूर करना ही मोदी की गारंटी है। हमारे लिए सिर्फ तीसरी बार सरकार बनाना लक्ष्य नहीं है, बल्कि तीसरी बार में देश को विश्व की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनाना लक्ष्य है। पहली बार चारों तरफ से एक ही बात सुनाई दे रही है 'अबकी बार-400 पार'। यह नारा भाजपा ने नहीं, जनता ने अपनी प्रिय सरकार की वापसी के लिए दिया है। उक्त बातें उन्होंने गुरुवार को 'विकसित भारत-विकसित मध्य प्रदेश' कार्यक्रम में वर्चुअली 17 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने उज्जैन में विश्व की पहली वैदिक घड़ी का शुभारंभ कर मप्र में साइबर तहसील व्यवस्था भी लागू की।

प्रधानमंत्री ने पहली बार के मतदाताओं को संदेश देते हुए कहा कि युवा चाहता है देश के अग्रणी औद्योगिक राज्यों में मध्य प्रदेश एक बने। भाजपा सरकार नए अवसर बनाने में कोई कसर नहीं रखेगी। पीएम ने कहा कि मोदी की गारंटी थी कि माताओं-बहनों के जीवन से कष्ट दूर करने का ईमानदार प्रयास करेंगे और किया। अगले पांच वर्ष में हर गांव में लखपति दीदियां बनेंगी। पीएम ने कहा कि केन-बेतवा परियोजना से बुंदेलखंड के लाखों परिवारों का जीवन बदलने वाला है।

विक्रमादित्य वैदिक घड़ी का शुभारंभ करते हुए मोदी ने कहा कि उज्जैन कभी पूरी दुनिया के लिए काल की गणना का केंद्र थी, लेकिन इसके महत्व को भुला दिया गया। हमने विश्व की पहली वैदिक घड़ी स्थापित की है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये विकसित भारत, विकसित मध्य प्रदेश कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया ● प्रेट्र

'प्रधानमंत्री मोदी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ नेता'

नई दिल्ली, एएनआइ: अमेरिका-इंडिया स्ट्रैटजिक पार्टनरशिप फोरम (यूएसआइएसपीएफ) के अध्यक्ष जान चैंबर्स ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा करते हुए उन्हें आज के समय में दुनिया का सर्वश्रेष्ठ नेता करार दिया। उन्होंने कहा कि मैं उनका बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। मैं चाहता हूं कि हमारे पास अमेरिका में भी उनके जैसा कोई नेता होना चाहिए। हमारे पास ऐसा कोई नेता नहीं है, जिसकी अप्रूवल रेटिंग (लोगों की पसंद) 50 प्रतिशत हो। हालांकि, प्रधानमंत्री मोदी को 76 प्रतिशत अप्रूवल रेटिंग मिली। इसका मतलब साफ है कि लोग उन्हें पसंद करते हैं। पूर्व तकनीकी दिग्गज चैंबर्स ने निजी चैनल को दिए साक्षात्कार में प्रधानमंत्री मोदी की भरोसा जीतने की काबिलियत का हवाला देते हुए कहा कि उनके अमेरिका के प्रत्येक नेता से संबंध हैं। लोग उन पर भरोसा करते हैं।

30 मुहूर्त के साथ भारतीय मानक समय बता रही वैदिक घड़ी

नईदुनिया, उज्जैन : उज्जैन में स्थापित विश्व की पहली वैदिक घड़ी 30 मुहूर्त के साथ भारतीय मानक समय और तापमान भी बता रही है। इसकी स्थापना नगर निगम, उज्जैन द्वारा एक करोड़ 47 लाख रुपये खर्च कर बनाए टावर पर की गई है। टावर पर अगले चरण में टेलिस्कोप स्थापित किया जाना है। टावर के कक्षों का उपयोग खगोल विज्ञान आधारित संग्रहालय के रूप में किए जाने पर विचार किया जा रहा है। वैदिक घड़ी को भविष्य में लोग एप डाउनलोड कर मोबाइल फोन और हाथ घड़ी में भी देख पाएंगे।

- जीवाजी वेधशाला में 82 फीट ऊंचा क्लाक टावर बनाने और उस पर वैदिक घड़ी की स्थापना के लिए नींव छह नवंबर 2022 को भूमि पूजन कर रखी गई थी। दावा किया गया था कि लोकार्पण गुड़ी पड़वा (22 मार्च 2023) को किया जाएगा, मगर ऐसा न हो सका।

- इस वैदिक घड़ी का निर्माण लखनऊ की संस्था 'आरोहण' के आरोह श्रीवास्तव ने किया है। इसमें जीएमटी के 24 घंटों को 30 मुहूर्त (घटी) में बांटा गया है। हर घटी का धार्मिक नाम और खास मतलब है। घड़ी में घंटे, मिनट और सेकंड वाली सुई भी है। सूर्योदय और सूर्यास्त के आधार पर समय की गणना घड़ी कर रही है। मुहूर्त गणना, पंचांग, मौसम से जुड़ी जानकारी भी घड़ी से मिल रही है।
- घड़ी में वैदिक समय के साथ भारतीय मानक समय, ग्रीनविच मीन समय, विक्रम संवत की जानकारी देखने को मिल रही है। घड़ी में विक्रम संवत पंचांग (भारतीय प्राचीन कैलेंडर) भी शामिल है। सूर्योदय से सूर्यास्त के साथ ग्रह, योग, भद्रा, चंद्र स्थिति, नक्षत्र, चौघड़िया, सूर्यग्रहण, चंद्रग्रहण की जानकारी भी दिखाई दे रही है। अभिजीत मुहूर्त, ब्रह्म मुहूर्त, अमृत काल और मौसम से जुड़ी सभी जानकारी मिल रही है।
- घड़ी के बैकग्राउंड में हर घंटे नई तस्वीर दिख रही है। ये तस्वीर द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर, नवग्रह, राशि चक्र के साथ दूसरे धार्मिक स्थल, देश-दुनिया के खूबसूरत सूर्यास्त, सूर्य ग्रहण की हैं। घड़ी इंटरनेट और ग्लोबल पाजिशिनिंग सिस्टम (जीपीएस) से जुड़ी है।

पहली सूची पर भाजपा ने किया मंथन

- देर रात तक चली पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक
- पीएम मोदी के साथ शाह, राजनाथ और नड्डा भी हुए शामिल

नई दिल्ली, प्रेट्र : भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) ने गुरुवार देर रात तक बैठक की और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत इसके सदस्यों ने लोकसभा चुनावों के लिए प्रत्याशियों की पहली सूची को अंतिम रूप देने पर मंथन किया।

बैठक में हिस्सा लेने वालों में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल थे। साथ ही उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत समेत विभिन्न राज्यों के नेता भी बैठक में पहुंचने वालों में शामिल थे। राज्यों के नेतागण केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में तभी शामिल होते हैं जब उनके राज्य के संसदीय क्षेत्रों के प्रत्याशियों पर चर्चा होती है। सूत्रों का कहना है कि प्रत्याशियों की शुरुआती सूचियों में बड़ी संख्या में ऐसी सीटें शामिल हो सकती हैं जिन पर भाजपा 2019 के चुनाव में पराजित हुई थी और जिन पर उसने अपनी संभावनाएं सुधारने का लक्ष्य तय किया है।

भूपेंद्र यादव, धर्मेंद्र प्रधान और मनसुख मांडविया समेत कई केंद्रीय मंत्रियों को पार्टी आम चुनाव में उतार सकती है क्योंकि हालिया राज्यसभा चुनाव में पार्टी ने उन्हें संसद के उच्च सदन का प्रत्याशी नहीं बनाया। भाजपा प्रत्याशियों की सूची अक्सर इसलिए खास होती है क्योंकि पार्टी नए चेहरों को मौका देती है, लिहाजा सभी की निगाहें सूची पर हैं। मालूम हो कि केंद्रीय चुनाव समिति में अंतिम रूप से विचार से पहले शाह और नड्डा समेत पार्टी के 'ब्रेन ट्रस्ट' ने संभावितों की सूची तैयार करने के लिए राज्यों के अपने नेताओं के साथ कई बैठकें की हैं।

लोस चुनाव में प्रत्याशियों के नामों पर चर्चा के लिए भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी के साथ जेपी नड्डा, अमित शाह व अन्य नेता भी उपस्थित रहे ● एएनआइ

असम में भाजपा 11, अगप दो और यूपीपीएल एक सीट पर चुनाव लड़ेगी

गुवाहाटी, प्रेट्र : असम में लोकसभा सीटों के बंटवारे को लेकर भाजपा और उसके सहयोगी दलों के बीच समझौता हो गया है। यह जानकारी राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने दी। इस समझौते के अनुसार, भाजपा राज्य में 11 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। वहीं, उसकी सहयोगी असम गण परिषद (अगप) दो और यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल (यूपीपीएल) एक सीट पर चुनावी मैदान में उतरेगी। अगप बारपेटा और धुबरी से चुनाव लड़ेगी, जबकि यूपीपीएल कोकराझार में अपना उम्मीदवार उतारेगी।

मुख्यमंत्री भाजपा की प्रदेश इकाई के मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बुधवार को भाजपा की राज्य इकाई के प्रमुख भाबेश कलिता और मैंने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय महासचिव बीएल संतोष के साथ बैठक की। इस दौरान सीट बंटवारे पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि राज्य की कुल 14 सीटों में से हम 11 सीटों को जीतने में सफल होंगे। राज्य से निवर्तमान लोकसभा में भाजपा के नौ सांसद हैं, जबकि अगप और यूपीपीएल का कोई प्रतिनिधित्व नहीं है। कांग्रेस के पास तीन और एआइयूडीएफ के पास एक सीट है, जबकि एक सीट निर्दलीय उम्मीदवार के पास है।

उधर, असम कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने वाले राणा गोस्वामी गुरुवार को भाजपा में शामिल हो गए। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने भाजपा में उनका स्वागत किया। उन्होंने इसे पूर्वोत्तर के राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी के लिए एक महत्वपूर्ण दिन बताया।

गांवों से शहरों में लोगों के पलायन के लिए कांग्रेस जिम्मेदार : गडकरी

हैदराबाद, प्रेट्र: केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि आजादी के बाद गांवों से शहरों की ओर बड़े पैमाने पर लोगों के पलायन के लिए कांग्रेस जिम्मेदार है। वह तेलंगाना में राज्य भाजपा की विजय संकल्प यात्रा के तहत निजामाबाद में आयोजित रैली को संबोधित कर रहे थे। कहा कि हमारे देश में किसानों की स्थिति अच्छी नहीं है। इसका कारण है कि 1947 में जवाहरलाल नेहरू प्रधानमंत्री बने और कांग्रेस सरकार आई। नेहरू ने हमसे कई वादे किए थे लेकिन आजादी के बाद ग्रामीणों, गरीबों, मजदूरों और किसानों का कल्याण नहीं हो सका।

नितिन गडकरी।

अरुणाचल में फ्रंटियर हाइवे के लिए 6728 करोड़ रुपये

नई दिल्ली, प्रेट्र : केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि अरुणाचल प्रदेश में एनएच-913 (फ्रंटियर हाइवे) पर 305 किमी के आठ खंडों के निर्माण के लिए 6728.33 करोड़ रुपये के आवंटन को मंजूरी दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि निवेश का उद्देश्य सीमावर्ती इलाकों में कनेक्टिविटी बढ़ाने के साथ ही सामाजिक-आर्थिक प्रगति को बढ़ावा देना है। केंद्रीय मंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा कि इस हाइवे के निर्माण से प्रवासन पर अंकुश लगने और सीमावर्ती क्षेत्रों की ओर बसावट को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। इसके साथ यह हाइवे महत्वपूर्ण नदी घाटियों को जोड़ेगा।

राष्ट्रपति ने केरल लोकायुक्त विधेयक को दी मंजूरी

तिरुअनंतपुरम, प्रेट्र : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राज्य विधानसभा द्वारा पारित केरल लोकायुक्त विधेयक को मंजूरी दे दी है। उन्होंने तीन विश्वविद्यालय कानून विधेयकों पर अपनी स्वीकृति अभी नहीं दी है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने राष्ट्रपति को ये विधेयक उनकी स्वीकृति के लिए भेजे थे।

राजभवन ने गुरुवार को कहा कि राष्ट्रपति ने केरल विश्वविद्यालय कानून विधेयक 2022 पर अभी अपनी स्वीकृति नहीं दी है। बयान के अनुसार इसके अलावा विश्वविद्यालय कानून संशोधन विधेयक, 2022 और विश्वविद्यालय कानून संशोधन विधेयक, 2021 को भी राष्ट्रपति की मंजूरी नहीं मिली है। बयान में कहा गया है कि राज्यपाल द्वारा राष्ट्रपति को भेजे गए सात विधेयकों में से केवल एक विधेयक केरल लोकायुक्त संशोधन विधेयक 2022 को सहमति दी गई है।

भाजपा का महिलाओं को साधने पर फोकस

माला दीक्षित ● नई दिल्ली

- चार से छह मार्च के बीच महिलाओं की मैराथन और स्कूटी रैली
- मोदी बंगाल में एक लाख महिलाओं की सभा को करेंगे संबोधित

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अबकी बार भाजपा के 370 सीट के साथ एनडीए के 400 पार के नारे को हकीकत में बदलने के लिए पार्टी के सभी अंगों ने अपने-अपने स्तर पर जमीनी काम शुरू कर दिया है। पार्टी को इस मुकाम तक पहुंचाने में आधी आबादी की खास भूमिका होगी। इसलिए, भाजपा ने महिलाओं को साधने की रणनीति पर फोकस बढ़ा दिया है।

देशभर में महिला मतदाताओं को साधने की इस कोशिश के तहत चार से छह मार्च के बीच देशभर में महिला मैराथन, महिला स्कूटी व बाइक रैली निकाली जाएगी। मैराथन और स्कूटी रैली में आम महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए इसका आयोजन सीधे भाजपा के बैनर तले करने के स्थान पर गैर सरकारी संगठनों के सहयोग से होगा।

प्रधानमंत्री मोदी इसके बाद बंगाल में छह मार्च को करीब एक लाख महिलाओं की जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री की रैली के पहले देशभर में महिलाओं को एकत्र करने के लिए भाजपा महिला मोर्चा शक्ति वंदन रैली के नाम से देशव्यापी अभियान चलाएगी। इसमें महिला मैराथन और महिला स्कूटी व बाइक रैलियों को सफल बनाने पर जोर दिया जाएगा। इन कार्यक्रमों में महिला खिलाड़ी, छात्राएं, पेशवर युवतियों से लेकर हर वर्ग की महिलाओं को जोड़ा जाएगा।

कार्यक्रम के अनुसार, चार मार्च को देश के हर जिले में महिला मैराथन, पांच मार्च को विधानसभा वार महिलाओं की स्कूटी और बाइक रैली निकाली जाएगी। महिलाओं को जोड़ने की दो दिन की इस कसरत के बाद तीसरे दिन बंगाल में प्रधानमंत्री महिला रैली को ही संबोधित करेंगे। भाजपा महिला मोर्चा पीएम की इस रैली का सीधा प्रसारण हर मंडल करने करने का प्रयास भी करेगा।

महिलाओं की भागीदारी चुनाव में और ज्यादा बढ़ाने पर भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वानाति श्रीनिवासन कहती हैं कि पार्टी की महिला मोर्चा का पूरा जोर इस बार हर बूथ पर 370 अतिरक्त वोट भाजपा को डलवाने पर होगा और इसके लिए जमीनी स्तर पर काम हो रहा है।

लोस चुनाव के लिए सीएपीएफ की तैनाती की कवायद आज से

नई दिल्ली, प्रेट्र: लोस चुनाव और कुछ राज्यों में विस चुनावों के मद्देनजर केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के 3.4 लाख से अधिक कर्मियों की तैनाती की पहले चरण की कवायद शुक्रवार से शुरू होगी। संवेदनशील और अति संवेदनशील निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव पूर्व तैनाती के रूप में लगभग दो हजार कंपनियों को तैनात किया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि इस कवायद के हिस्से के रूप में लगभग डेढ़ लाख कर्मी सड़कों और रेल मार्ग से जाएंगे। सीएपीएफ की पहली इकाइयां इस सप्ताह के अंत में बंगाल के अलावा वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित राज्यों और जम्मू-कश्मीर में पहुंचना शुरू कर देंगी। इन इकाइयों की तैनाती की दूसरे चरण की कवायद सात मार्च से शुरू की जाएगी।

कर्नाटक में 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के मुद्दे पर हंगामा

- भाजपा विधायकों ने सदन से किया बहिर्गमन, सिद्दरमैया सरकार को बर्खास्त करने की मांग की
- विस परिसर में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने के आरोप में हावेरी से मिर्च व्यापारी पकड़ा

बेंगलुरु, प्रेट्र : कांग्रेस प्रत्याशी सईद नासिर हुसैन के राज्यसभा चुनाव जीतने के बाद कर्नाटक विधानसभा परिसर में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने के मुद्दे पर गुरुवार को भी खूब हंगामा हुआ। भाजपा विधायकों ने सदन से घटना के विरोध में बहिर्गमन किया और आरोप लगाया कि इस मामले में अपेक्षित कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने देश की कांग्रेस सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए बर्खास्त करने की मांग की। बाद में विपक्ष के नेता आर अशोक के नेतृत्व में भाजपा विधायकों ने 'राजभवन चलो' मार्च निकाला। इसके अलावा राज्य में कई जगह भाजपा ने प्रदर्शन किए। उधर, घटना के आरोप में गुरुवार को राज्य के हावेरी जिले से एक व्यक्ति को पुलिस ने हिरासत में लिया है। पकड़ा गया व्यक्ति सूखी मिर्च का एक बड़ा व्यापारी है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार आवाज के नमूने के आधार पर पुलिस को संदेह है कि इसी मिर्च व्यापारी ने पाकिस्तान समर्थक नारे लगाए थे। वह राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस नेता सैयद नसीर हुसैन की जीत का जश्न मनाने के लिए विधान सौध (कर्नाटक विधानसभा एवं सचिवालय परिसर) आया था। उन्होंने बताया कि आगे की जांच के लिए उसे बेंगलुरु ले जाया गया है।

विधान परिषद में गिरा मंदिर विधेयक विस में फिर पारित

बेंगलुरु, प्रेट्र : 10 लाख रुपये से अधिक वार्षिक आय वाले मंदिरों पर आयकर लगाने से संबंधित विधेयक पुनर्विचार के लिए फिर कर्नाटक विधानसभा में रखा गया और इसे सिद्दरमैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने पारित भी कर दिया। बीते 21 फरवरी को विधानसभा द्वारा पारित किए जाने के बाद यह विधेयक 23 फरवरी को उच्च सदन यानी विधान परिषद में रखा गया था, जहां विपक्षी भाजपा-जद (एस) गठबंधन का बहुमत है और यह ध्वनि मत से गिर गया था। गुरुवार को विधानसभा में विधेयक को पेश करते हुए मुजराई मंत्री रामलिंगा रेड्डी ने कहा, 'मैं विधानसभा से अनुरोध करता हूं कि एक बार फिर विधेयक को पारित कर दिया जाए।" इसके बाद स्पीकर यूटी खादर ने विधेयक को मतदान के लिए रखा और इसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया।

छह माह बाद स्वतः समाप्त नहीं होगा स्थगन आदेशः कोर्ट

- पांच न्यायाधीशों की पीठ ने 2018 का तीन न्यायाधीशों का फैसला किया रद
- 2018 के फैसले में कहा था, स्थगन आदेश छह महीने में स्वतः हो जाएगा समाप्त

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट की पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने गुरुवार को एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि किसी भी मामले में निचली अदालत या हाई कोर्ट से जारी स्थगन आदेश (स्टे आर्डर) छह महीने में स्वतः समाप्त नहीं होगा। सुप्रीम कोर्ट ने अपने ही पूर्व के एशियन रिसर्फेसिंग मामले में 2018 में दिए गए फैसले को पलटते हुए यह नई व्यवस्था दी।

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दिए फैसले में 2018 का तीन न्यायाधीशों का आदेश रद करते हुए कहा कि सभी तरह के दीवानी और फौजदारी मामलों में दिए गए स्थगन आदेशों को छह महीने तक सीमित रखने एवं छह महीने के बाद स्थगन आदेश स्वतः समाप्त हो जाने का एक सामान्य (जेनरिक) आदेश नहीं दिया जा सकता। बेहतर हो कि ऐसा करना संबंधित अदालत पर छोड़ा जाए जो केस की प्राथमिकताओं को देखते हुए निर्णय ले।

यह फैसला प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस एएस ओका, जस्टिस जेबी पार्डीवाला, जस्टिस पंकज मित्तल और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने 2018 के एशियन रिसर्फेसिंग आफ रोड एजेंसी प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक बनाम सीबीआइ फैसले पर पुनर्विचार की मांग वाली इलाहाबाद हाई कोर्ट बार एसोसिएशन की याचिका पर सुनाया है। कोर्ट ने हाई कोर्ट बार एसोसिएशन की अपील स्वीकार कर ली है। एशियन रिसर्फेसिंग फैसले में तीन न्यायाधीशों की पीठ ने स्टे आर्डर की अवधि छह महीने तक सीमित करने का आदेश देते हुए यह सोचा था कि इससे मुकदमों और ट्रायल में होने वाली देरी घटेगी। कोर्ट का मानना था कि देरी घटाने में यह तरीका प्रभावकारी हो सकता है। इस फैसले में पीठ ने कहा था कि हाई कोर्टों समेत विभिन्न अदालतों द्वारा प्रदान किए जाने वाले स्थगन आदेश छह महीने बाद स्वतः समाप्त हो जाएंगे, बशर्ते उन्हें खास तौर पर बढ़ाया न जाए।

'खनिज अधिकारों पर कर लगाने की शक्ति संसद नहीं, राज्यों के पास'

नई दिल्ली, प्रेट्र: सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को केंद्र से कहा क

सेंसेक्स	सराफा (दिल्ली के भाव)	सोना (10 ग्राम)	चांदी (1 किलो)	डालर ($)
72,500.30 ↗ 195.42		₹ 62,970 ↗ ₹ 70	₹ 76,100 ↗ ₹200	₹ 82.89 ↘ ₹ 0.02

एक नजर में

केंद्र ने लांच की कोयला परिवहन के लिए नई नीति

नई दिल्ली : केंद्रीय कोयला एवं खनन मंत्री प्रल्हाद जोशी ने गुरुवार को नई कोयला परिवहन नीति लांच की। इस नीति के आने से देश में कोयला के परिवहन में आसानी होगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कोयला खनन का विस्तार करने और इसकी निकासी से जुड़ा इन्फ्रास्ट्रक्चर बढ़ाने की आवश्यकता है। इसका कारण यह है कि भारत में बिजली उत्पादन में कोयले की मांग बढ़ती रहेगी। (प्रेट्र)

ओएनडीसी को स्टार्टअप आफ द ईयर पुरस्कार

नई दिल्ली : सरकारी ई-कामर्स प्लेटफार्म ओपन नेटवर्क फार डिजिटल कामर्स ने गुरुवार को कहा कि उसे 14वें इंडिया डिजिटल अवार्ड्स में स्टार्टअप आफ द ईयर का पुरस्कार मिला है। ओएनडीसी ने कहा कि ई-कामर्स में क्रांति लाने और सभी भारतीयों को बराबर डिजिटल अवसर प्रदान करने के लिए यह पुरस्कार मिला है। वाणिज्य मंत्रालय ने 2021 में ओएनडीसी की शुरुआत की थी। (आइएएनएस)

भारत स्टार्टअप इकोसिस्टम रजिस्ट्री लांच की गई

नई दिल्ली : केंद्र सरकार ने गुरुवार को भारत स्टार्टअप इकोसिस्टम रजिस्ट्री लांच करने की घोषणा की। इसका उद्देश्य सभी स्टार्टअप इकोसिस्टम हितधारकों का एक ही छत के नीचे विभिन्न श्रेणियों में एक व्यापक डाटाबेस तैयार करना है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल इस रजिस्ट्री में पंजीकृत होने वाले पहले व्यक्ति बने हैं। यह रजिस्ट्री स्टार्टअप इकोसिस्टम में आसान पहुंच और खोज की सुविधा प्रदान करेगी। (प्रेट्र)

79 हजार करोड़ रहा अदाणी समूह का कर-पूर्व लाभ

नई दिल्ली : अदाणी समूह ने गुरुवार को बताया कि उसकी कंपनियों का कैलेंडर वर्ष 2023 में कर-पूर्व लाभ 79 हजार करोड़ रुपये रहा है। वित्त वर्ष 2020-21 के मुकाबले इसमें ढाई गुना की वृद्धि रही है। समूह ने बताया कि इस वृद्धि में इन्फ्रास्ट्रक्चर कारोबार का सबसे ज्यादा योगदान रहा है। इन्फ्रा कारोबार की वृद्धि दर 35.5 प्रतिशत रही है और इसने 66,208 करोड़ का राजस्व जुटाया है। (प्रेट्र)

साढ़े नौ वर्षों में 92 हजार किमी एनएच का निर्माण

नई दिल्ली: सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने पिछले साढ़े नौ सालों में लगभग 92,000 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) का निर्माण किया है और अगले महीने के अंत तक यह आंकड़ा 95,000 किलोमीटर तक पहुंच जाएगा। इंटरनेशनल रोड फेडरेशन के कार्यक्रम में परिवहन सचिव अनुराग जैन ने कहा कि नवीनतम तकनीकों के उपयोग ने मंत्रालय को भविष्य के लिए परिवहन माडल की योजना बनाने और विकसित करने में मदद की है। (प्रेट्र)

केंद्र ने राज्यों के लिए 1.42 लाख करोड़ रुपये जारी किए

नई दिल्ली: केंद्र सरकार ने कर हस्तांतरण के तहत राज्यों के लिए 1,42,122 करोड़ रुपये की अतिरिक्त किस्त जारी की है। वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि अतिरिक्त किस्त जारी करने का उद्देश्य विभिन्न सामाजिक कल्याण उपायों और बुनियादी ढांचा विकास योजनाओं के वित्तपोषण के लिए राज्य सरकारों के हाथों को मजबूत करना है। यह 12 फरवरी की 72,961 करोड़ की किस्त के अतिरिक्त है। (प्रेट्र)

जीडीपी की तेजी में मैन्यूफैक्चरिंग, कंस्ट्रक्शन और खनन क्षेत्र का महत्वपूर्ण योगदान

43.72 लाख करोड़ रुपये रहा तीसरी तिमाही में जीडीपी का आकार

2,10,679 रुपये रह सकता प्रति व्यक्ति जीडीपी

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली: चालू वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर से दिसंबर, 2023) में 8.4 प्रतिशत की विकास दर हासिल करने में मैन्यूफैक्चरिंग, खनन और कंस्ट्रक्शन उद्योग ने सबसे अहम भूमिका निभाई है। इन तीनों में मैन्यूफैक्चरिंग उद्योग का योगदान सबसे महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसने लगातार दूसरी तिमाही में भी दोहरे अंक में (11.6 प्रतिशत) वृद्धि दर्ज की है। इससे इस बात का संकेत मिलता है कि निवेश बढ़ रहा है। मैन्यूफैक्चरिंग में निवेश बढ़ने का मतलब है कि देश में संपत्ति का निर्माण हो रहा है और लोगों को ज्यादा रोजगार मिलने का रास्ता साफ हो रहा है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के इन आंकड़ों को अधिकांश विशेषज्ञों ने उम्मीद से बेहतर बताया है। साथ ही विशेषज्ञों ने अर्थव्यवस्था में सकल मूल्यवर्द्धन (जीवीए) की विकास दर (6.5 प्रतिशत) और जीडीपी की विकास दर में बढ़ते अंतर को लेकर भी आश्चर्य जताते हुए कहा है कि इसे लंबे समय तक बनाकर नहीं रखा जा सकता।

एनएसओ ने अर्थव्यवस्था को लेकर जो आंकड़े पेश किए हैं उससे यह भी पता चलता है कि कृषि क्षेत्र की विकास दर के खास नहीं रहने के बावजूद देश की अर्थव्यवस्था सात से आठ प्रतिशत की छलांग लगा सकती है। कृषि सेक्टर में इस तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर, 2023) में 0.8 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में इस सेक्टर में 5.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। इससे साफ है कि इस साल रबी की पैदावार उम्मीद से खराब रही है। सरकार ने दूसरे अग्रिम अनुमान में कृषि की विकास दर 0.7 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है जो पिछले आठ वर्षों में सबसे कम है।

बहरहाल, इस अवधि में मैन्यूफैक्चरिंग की विकास दर 11.6 प्रतिशत रही है जबकि पिछले वर्ष की इसी तिमाही में इसमें 4.8 प्रतिशत की गिरावट हुई थी। पिछले वर्ष जहां लगातार दो तिमाहियों में इस सेक्टर में गिरावट दर्ज की गई थी वहीं इस साल लगातार दो तिमाहियों में इसकी वृद्धि दर दोहरे अंक में रहने का संकेत मिल रहा है। कंस्ट्रक्शन में इस साल भी 9.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और पिछले वर्ष भी यहीं वृद्धि दर थी। बिजली, गैस, जलापूर्ति सेक्टर की वृद्धि दर इस दौरान क्रमशः नौ प्रतिशत और 8.7 प्रतिशत रही है। दोनों तरह के सर्विस सेक्टर (वित्तीय और ट्रेड, होटल आदि) की वृद्धि दर सात प्रतिशत से नीचे बनी हुई है और इनका प्रदर्शन पिछले साल के समान अवधि के मुकाबले कमतर रहा है, यह सरकार के लिए चिंता की बात हो सकती है। इकोनमी में सर्विस सेक्टर की लगातार बढ़ती हिस्सेदारी के बावजूद सात प्रतिशत की विकास दर को असंतोषजनक माना जाएगा।

एनएसओ ने जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाया

एनएसओ ने पूरे वित्त वर्ष (2023-24) के दौरान जीडीपी की वृद्धि दर के 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। यह एनएसओ का दूसरा अग्रिम अनुमान है। पहले इसके 7.3 प्रतिशत रहने की बात कही थी। तीसरी तिमाही में जीडीपी का आकार 43.72 लाख करोड़ रुपये रहा है, जबकि पूरे वर्ष के दौरान जीडीपी का आकार 172.90 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। प्रति व्यक्ति जीडीपी 2,10,679 रुपये रहने का अनुमान लगाया गया है।

> विकास दर के आंकड़े मजबूत रहे हैं और चौथी तिमाही में भी आर्थिक गतिविधियों में अच्छी गति जारी रहने की संभावना है
>
> **वी. अनंत नागेश्वरन,** मुख्य आर्थिक सलाहकार

प्रमुख क्षेत्रों की वृद्धि 15 माह के निचले स्तर पर

नई दिल्ली, प्रेट्र: रिफाइनरी उत्पादों, उर्वरक, इस्पात और बिजली जैसे क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन के कारण जनवरी में आठ प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों की वृद्धि धीमी होकर 15 महीने के निचले स्तर 3.6 प्रतिशत पर आ गई। आठ प्रमुख क्षेत्रों कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली की वृद्धि दिसंबर में 4.9 प्रतिशत थी। जनवरी, 2023 में यह 9.7 प्रतिशत थी। इससे पहले अक्टूबर, 2022 में आठ प्रमुख क्षेत्रों की विकास दर 0.9 प्रतिशत दर्ज की गई थी।

राजकोषीय घाटा चालू वित्त वर्ष के लक्ष्य के 63.6% पर पहुंचा

नई दिल्ली, प्रेट्र: चालू वित्त वर्ष में जनवरी के अंत तक सरकार का राजकोषीय घाटा 11 लाख करोड़ रुपये के साथ संशोधित वार्षिक लक्ष्य के 63.6 प्रतिशत पर पहुंच गया है। पिछले वर्ष समान अवधि में 67.8 प्रतिशत था। मौजूदा वित्त वर्ष 2023-24 में राजकोषीय घाटा 17.35 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है।

लेखा महानियंत्रक के आंकड़ों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में जनवरी तक सरकार की कुल प्राप्तियां 22.52 लाख करोड़ रुपये रहीं, जो समूचे वित्त वर्ष के संशोधित अनुमान का 81.7 प्रतिशत है। कुल प्राप्तियों में 18.8 लाख करोड़ रुपये कर राजस्व (शुद्ध), 3.38 लाख करोड़ रुपये गैर-कर राजस्व और 34,219 करोड़ रुपये गैर-ऋण पूंजीगत प्राप्तियों के रूप में थीं।

1.26 लाख करोड़ की लागत से बनेंगे तीन नए सेमीकंडक्टर संयंत्र

कैबिनेट ने गुजरात में दो और असम में एक संयंत्र लगाने को दी मंजूरी, चिप निर्यात भी कर सकेगा भारत

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में गुरुवार को दो सेमीकंडक्टर यूनिट गुजरात में और एक असम में लगाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। 1.26 लाख करोड़ की लागत से बनने वाले इन तीनों संयंत्रों से हर वर्ष कुल 2602 करोड़ चिप बनेंगी। इससे न सिर्फ घरेलू इलेक्ट्रिक वाहन, इलेक्ट्रिक उपकरण, आटोमोबाइल, दूरसंचार, रक्षा क्षेत्र की कंपनियों को पर्याप्त मात्रा में आसानी से व किफायती कीमत पर चिप की आपूर्ति हो सकेगी, बल्कि वैश्विक बाजार में भारत के प्रवेश का रास्ता खुलेगा।

कैबिनेट ने जो प्रस्ताव मंजूर किए हैं, उनमें टाटा समूह व ताइवान कंपनी पावरचिप (पीएसएमसी) द्वारा धोलेरा (गुजरात) में लगाया जाने वाले प्लांट है। इसकी निर्माण क्षमता 300 करोड़ चिप की होगी। इस संयंत्र की स्थापना पर कुल 91,000 करोड़ का निवेश किया जाएगा। दूसरा संयंत्र असम के मोरीगांव में लगाया जाएगा। इसे टाटा समूह की कंपनी टाटा सेमीकंडक्टर एसेंबली एंड टेस्ट प्राइवेट लिमिटेड (टीएसएटी) एक बड़ी आटोमोबाइल कंपनी के साथ मिलकर लगाएगी। हालांकि उस कंपनी का नाम नहीं बताया गया है। इस पर कुल 21,000 करोड का निवेश होगा। इसकी क्षमता 1752 करोड़ चिप सालाना होगी। 7,600 करोड़ की लागत से तीसरा संयंत्र सीजी पावर और जापान की रेनेसा इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन संयुक्त तौर पर लगाएंगे। यहां सालाना 500 करोड़ चिप बनेंगी। इस संयंत्र में बेहद संवेदनशील उद्योगों जैसे रक्षा, अंतरिक्ष, इलेक्ट्रिक वाहनों, हाइस्पीड ट्रेनों के लिए चिप का निर्माण होगा।

नई दिल्ली में गुरुवार को सेमीकंडक्टर संयंत्र को लेकर कैबिनेट के फैसले के बारे में जानकारी देते सूचना-प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ● एएनआइ

> जहां भी सेमीकंडक्टर उद्योग पनपता है वहां इलेक्ट्रानिक उद्योग भी स्थापित होता है। हमें उम्मीद है कि भारत में कई तरह के इलेक्ट्रानिक उपकरण बनाने वाली कंपनियां आएंगी। अभी भारतीय इलेक्ट्रानिक उपकरण उद्योग का बाजार 105 अरब डालर का है जो अगले कुछ वर्षों में 300 अरब डालर का हो जाएगा। पूर्व में भारत में वर्ष 1962, वर्ष 1984, वर्ष 2005, वर्ष 2007 व 2011 में भी सेमीकंडक्टर उद्योग लगाने की कोशिश हुई थी लेकिन सफलता नहीं मिली। -**अश्विनी वैष्णव**, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

केंद्र ने वर्ष 2020 में दी थी सेमीकंडक्टर उद्योग के लिए पीएलआइ को मंजूरी

संचार व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि उक्त तीनों परियोजनाओं में कुल 1.26 लाख करोड़ रुपये का निवेश होगा। इसमें सरकार बतौर सब्सिडी 59 हजार करोड़ रुपये की मदद देगी। केंद्र सरकार ने वर्ष 2020 के शुरुआत में 76 हजार करोड़ रुपये की मदद से सेमीकंडक्टर उद्योग के लिए पीएलआइ स्कीम को मंजूरी दी थी। इसके तहत अभी तक चार कंपनियों को संयंत्र लगाने की मंजूरी दी जा चुकी है। वैष्णव ने कहा कि सेमीकंडक्टर उद्योग को फलने-फूलने के लिए तीन चीजें चाहिए। डिजाइन इंजीनियर, फैब्रिकेशन सेंटर और एसेंबलिंग, टेस्टिंग, मार्किंग व पैकेजिंग (एटीएमपी) करने वाली कंपनियां। भारत में आज की तारीख में तीन लाख सेमीकंडक्टर डिजाइन इंजीनियर हैं। फैब्रिकेशन सेंटर की कमी को कैबिनेट का ताजा फैसला पूरा करेगा जबकि एटीएमपी भी स्थापित होने लगे हैं। इस तरह से सेमीकंडक्टर उद्योग की सारी जरूरतें भारत पूरी करेगा। फैब्रिकेशन के साथ कई सारी कंपनियां आती हैं, जिन्होंने अपनी रुचि दिखाना शुरू कर दिया है।

खाद सब्सिडी के लिए मंजूर किए गए 24 हजार करोड़ रुपये

केंद्र सरकार ने खाद्य सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पिछले वर्ष के मूल्य पर ही इस साल भी उर्वरक बेचने का निर्णय लिया है और किसानों को मिलने वाली उर्वरक सब्सिडी को बरकरार रखा है। कैबिनेट की बैठक में गुरुवार को खाद सब्सिडी के रूप में 24 हजार 420 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई। सरकार के इस फैसले से किसानों को रियायती एवं किफायती मूल्य पर उर्वरक पहली अप्रैल से 30 सितंबर तक मिलते रहेंगे। डीएपी का 50 किलो का एक बैग 1,350 रुपये, एनपीके का बैग 1,470 रुपये एवं एमओपी का बैग 1,677 रुपये में मिलता है।

पीएम सूर्यघर के लिए 75 हजार करोड़ मंजूर

एक करोड़ घरों की छत पर लगेंगे सौर ऊर्जा के संयंत्र, प्रत्येक परिवार को मिलेगी 78 हजार रुपये की वित्तीय सहायता

नई दिल्ली, प्रेट्र: सरकार ने गुरुवार को 75,021 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ 'पीएम सूर्यघरः मुफ्त बिजली योजना' को मंजूरी दे दी। योजना के तहत सौर संयंत्रों की स्थापना के लिए प्रत्येक परिवार को 78 हजार रुपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी। इस संयंत्र से उत्पादित होने वाली 300 यूनिट बिजली का उपभोग जहां वह परिवार स्वयं कर सकेगा वहीं अतिरिक्त बिजली बेचकर धन भी कमा सकेगा। एक करोड़ घरों के ऊपर रूफटाप सोलर लगाने से जुड़ी इस योजना का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 13 फरवरी, 2024 को किया था।

योजना के तहत अगर कोई परिवार दो किलोवाट का सोलर संयंत्र अपनी छत के ऊपर लगवाता है तो उसे 60 प्रतिशत की वित्तीय सहायता दी जाएगी। वहीं दो से तीन किलोवाट क्षमता का सौर संयंत्र लगाने वाले परिवार को 40 प्रतिशत की अतिरिक्त वित्तीय सहायता दी जाएगी। इसका मतलब यह हुआ कि एक किलोवाट सौर संयंत्र के लिए 30 हजार रुपये, दो किलोवाट संयंत्र के लिए 60 हजार रुपये और तीन किलोवाट या उससे अधिक क्षमता के सौर पैनल के लिए 78 हजार रुपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी। https://pmsuryagarh.gov.in के माध्यम से कोई भी परिवार सौर संयंत्र के लिए वित्तीय सहायता लेने के लिए आवेदन कर सकता है। माना जा रहा है कि एक करोड़ घरों पर सौर संयंत्र स्थापित होने से 30 गीगावाट सौर क्षमता बढ़ जाएगी।

पीएम मोदी ने एक्स पोस्ट पर इस फैसले की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल जेब पर बोझ डाले बिना रोशनी का वादा करती है। ताकि सभी के लिए एक उज्ज्वल और हरित भविष्य सुनिश्चित हो सके।

पहले नौ महीनों में 13% घटा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश

नई दिल्ली, प्रेट्र: देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह यानी अप्रैल से दिसंबर, 2023 के दौरान 13 प्रतिशत घटकर 32.03 अरब डालर रह गया। मुख्य रूप से कंप्यूटर हार्डवेयर और साफ्टवेयर, दूरसंचार, वाहन और फार्मा क्षेत्रों में कम निवेश के कारण एफडीआइ घटा है। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में देश में 36.74 अरब डालर का एफडीआइ आया था।

उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (डीपीआइआइटी) के आंकड़ों के अनुसार, कुल एफडीआइ प्रवाह (जिसमें इक्विटी प्रवाह, पुनर्निवेश आय और अन्य पूंजी शामिल है) अप्रैल-दिसंबर, 2022 के 55.27 अरब डालर के मुकाबले चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह में सात प्रतिशत घटकर 51.5 अरब डालर रह गया है। अप्रैल-दिसंबर, 2023 के दौरान केमैन आइलैंड और साइप्रस से एफडीआइ घटकर क्रमशः 21.5 करोड़ डालर और 79.6 करोड़ डालर रहा है। हालांकि, मारीशस, नीदरलैंड, जापान और जर्मनी से एफडीआइ बढ़ा है।

चालू सीजन में सरकार का 3.2 करोड़ टन गेहूं खरीद का लक्ष्य

नई दिल्ली, प्रेट्र: सरकार ने 2024-25 के रबी मार्केटिंग सीजन के दौरान तीन से 3.2 करोड़ टन गेहूं खरीद का लक्ष्य तय किया है। खास बात यह है कि कृषि मंत्रालय ने फसल वर्ष 2023-24 (जुलाई-जून) में 11.4-11.5 करोड़ टन रिकार्ड गेहूं उत्पादन का अनुमान लगाया है, लेकिन इसके बावजूद गेहूं खरीद का लक्ष्य बहुत कम तय किया गया है।

खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा की अध्यक्षता में हुई बैठक में राज्यों के खाद्य सचिवों के साथ विचार-विमर्श के बाद लक्ष्य तय किया गया। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'विचार-विमर्श के बाद, आगामी रबी मार्केटिंग सीजन 2024-25 के दौरान गेहूं की खरीद का अनुमान 3.0-3.2 करोड़ टन के बीच तय किया गया।'' गेहूं के अलावा मंत्रालय ने रबी सीजन के लिए चावल के मामले में धान खरीद का लक्ष्य 90 लाख टन से एक करोड़ टन के बीच तय किया है। सरकार ने रबी मोटे अनाज/बाजरा (श्री अन्न) के लिए छह लाख टन खरीद का लक्ष्य रखा है। बैठक में केंद्र ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से फसलों के विविधीकरण और आहार पैटर्न में पोषण बढ़ाने के लिए बाजरा की खरीद पर ध्यान केंद्रित करने को कहा है। 2023-24 सीजन में सरकार ने 3.415 करोड़ टन लक्ष्य के मुकाबले 2.62 करोड़ टन गेहूं की खरीद की। 2022-23 में खरीद का लक्ष्य 4.44 करोड़ टन तय किया गया था, लेकिन उत्पादन कम रहने से खरीद 1.88 करोड़ टन ही हो पाई थी।

11.20 करोड़ टन गेहूं उत्पादन का अनुमान

नई दिल्ली, प्रेट्र: सरकार ने दूसरे अग्रिम अनुमान में चालू फसल वर्ष 2023-24 के दौरान गेहूं उत्पादन 11.20 करोड़ टन रहने का अनुमान है। यह फसल वर्ष 2022-23 के उत्पादन अनुमान 11.05 करोड़ टन से 14.6 लाख टन ज्यादा है। गेहूं रबी सीजन की प्रमुख फसल है और अगले महीने से कई राज्यों में कटाई व बिक्री के लिए तैयार हो जाएगी।

पीएम किसान योजना से 90 लाख नए लाभार्थी जुड़े

नई दिल्ली, प्रेट्र: कृषि मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान पिछले साढ़े तीन महीनों के दौरान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम किसान) योजना से 90 लाख नए लाभार्थी जोड़े गए हैं। केंद्रीय योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार ने 15 नवंबर 2023 को विकसित भारत संकल्प यात्रा लांच की थी। केंद्र सरकार ने दो फरवरी 2019 को पीएम किसान योजना लांच की थी। योजना के तहत योग्य किसान परिवारों को तीन समान किस्तों में प्रत्येक वर्ष छह हजार रुपये की नकद राशि मिलती है। यह राशि डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के जरिये सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में जमा की जाती है। योजना के तहत अब तक करीब तीन लाख करोड़ रुपये की राशि वितरित की जा चुकी है। इसमें से 1.75 लाख करोड़ रुपये कोरोना महामारी के दौरान किसानों को दिए गए थे। एक सर्वे के अनुसार, किसान योजना के तहत मिल रही नकद राशि कृषि उपकरण, बीज, उर्वरक और पेस्टीसाइड खरीदने में इस्तेमाल कर रहे हैं।

अहम मुद्दों पर सहमति न बनने से डब्ल्यूटीओ की बैठक आगे बढ़ी

- किसान व मछुआरों के हितों के लिए अपने रुख पर कायम है भारत
- अब एक मार्च को ही किसी नतीजे पर पहुंचने की संभावना

जागरण ब्यूरो, अबूधाबी: विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के मिनिस्ट्रियल कांफ्रेंस में अहम मुद्दों पर सहमति नहीं बन पाने से चौथे दिन देर रात तक बैठक जारी रही और अब पांचवें दिन ही किसी सहमति पर पहुंचने की संभावना है। एमसी13 का आयोजन 26 फरवरी को शुरू हुआ था और 29 फरवरी को समाप्त होना था, लेकिन अब एक मार्च को ही किसी नतीजे पर पहुंचने की संभावना है।

डब्ल्यूटीओ में किसानों के हित से जुड़े पब्लिक स्टाक होल्डिंग पर स्थायी समाधान के साथ मछुआरों के हित की रक्षा करना भारत के लिए अहम मुद्दा है। डिजिटल रूप में आने वाली वस्तुओं पर सीमा शुल्क की छूट अवधि को बढ़ाने या उसे समाप्त करना भी एमसी13 का अहम मुद्दा है। भारत वैश्विक व्यापार विवाद के निपटान के लिए डब्ल्यूटीओ की अपीलेट बाडी में जज की नियुक्ति भी चाहता है ताकि सैकड़ों लंबित विवादों का निपटान हो सके। एमसी13 में हिस्सा ले रहे वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार देर शाम बताया था कि भारत गरीब व विकासशील देशों के हितों को ध्यान में रखते हुए एमसी13 में सहमति बनाने का पूरा प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत हर हाल में अपने किसान व मछुआरों के हित से कोई समझौता नहीं करेगा और हम पहले की तरह ही सभी विकासशील व गरीब देशों के किसान व मछुआरों के हित के मुद्दों को डब्ल्यूटीओ के मंच पर उठाते रहेंगे। विकसित देश विकासशील देश की तरफ से किसानों की दी जाने वाली सब्सिडी को खत्म कराना चाहते हैं। हालांकि वर्ष 2013 में डब्ल्यूटीओ के मिनिस्ट्रियल कांफ्रेंस में सभी देशों के बीच पीस क्लाज पर हस्ताक्षर किए गए थे, जिसके तहत किसानों की दी जाने सब्सिडी को स्थायी समाधान निकलने तक चुनौती नहीं दी जा सकती।

शहरी सहकारी बैंक और सशक्त बनाए जाएंगे

जाब्यू, नई दिल्ली : 'सहकार से समृद्धि' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए शहरी सहकारी बैंकिंग क्षेत्र को अत्यधिक सशक्त बनाने की तैयारी है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शनिवार को इन बैंकों के मूल संगठन नेशनल अर्बन को-आपरेटिव फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड (एनयूसीएफडीसी) का उद्घाटन करेंगे। संगठन का उद्देश्य शहरी सहकारी बैंकों को आधुनिक एवं सशक्त करना है।

अभी देश में 1,500 से अधिक अनुसूचित और गैर-अनुसूचित शहरी सहकारी बैंक हैं, जिनकी कुल शाखाओं की संख्या 11 हजार से अधिक है। इनके पास 5.33 लाख करोड़ रुपये से अधिक की जमा राशि है। साथ ही इन्होंने 3.33 लाख करोड़ रुपये से अधिक का ऋण वितरण कर रखा है। इनमें से कई बैंक पुराने तरीके से काम करते हैं, जिससे नवीनतम सेवाएं नहीं मिल पाती हैं। अब एनयूसीएफडीसी का हिस्सा बनकर अधिकांश बैंक नई तकनीक में अपग्रेड करने और नए उत्पादों और सेवाओं की पेशकश करने में सक्षम होंगे।

एएसआइ को सौंपे 101 बहुमूल्य पुरावशेष

नई दिल्ली, आइएएनएस : वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को 101 बेशकीमती पुरावशेषों को एएसआइ को सौंपा। इनमें मध्यकालीन काल की भगवान विष्णु भी शामिल हैं और इनमें से कुछ को गोवा स्थित राष्ट्रीय सीमा शुल्क एवं जीएसटी संग्रहालय 'धरोहर' में दिखाया जाएगा। इन बहुमूल्य पुरावशेषों को सीमा शुल्क विभाग द्वारा तस्करों से जब्त किया था। वित्त मंत्री ने दिल्ली, बेंगलुरु, मुंबई, पुणे, भोपाल, भुवनेश्वर समेत सात स्थानों पर आयोजित समारोहों की वर्चुअली अध्यक्षता की।

एएसआइ को सौंपा ईस्ट इंडिया कंपनी का टेलीस्कोप

गुवाहाटी, प्रेट्र : सीमा शुल्क विभाग ने ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी का एक 206 वर्ष पुराना ट्रैकर टेलीस्कोप गुरुवार को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआइ) को सौंप दिया। यह दुर्लभ टेलीस्कोप 2018 में असम के कामरूप जिले के रंगिया में सीमा शुल्क दस्ते ने जब्त किया था। केंद्रीय उत्पाद एवं सीमा शुल्क मुख्य आयुक्त बंधन देओरी ने बताया कि इस टेलीस्कोप की बंगाल से भूटान तस्करी की जा रही थी।

'टेक्सटाइल में दुनिया को भारत का इंतजार'

- प्रगति मैदान में आयोजित 'भारत टेक्स 2024' में शामिल हुए योगी
- जय श्रीराम के जयघोष से हुआ उप्र के मुख्यमंत्री योगी का स्वागत

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली : टेक्सटाइल सेक्टर में हमारे हुनर, इनोवेशन और तकनीक का इंतजार दुनिया का बाजार कर रहा है। भारत से 17 हजार करोड़ का कार्पेट एक्सपोर्ट होता है, जिसमें से 60 प्रतिशत कार्पेट यूपी के भदोही, मिरजापुर और वाराणसी से भेजा जाता है। ये बातें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को प्रगति मैदान में आयोजित 'भारत टेक्स 2024' के चौथे दिन मीडिया से बातचीत में कही। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को देखते ही लोगों ने भारत माता की जय और जय श्रीराम का नारा लगाकर उनका स्वागत किया। योगी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया।

उत्तर प्रदेश के उत्पादों की विशेष सराहना : सीएम योगी ने बताया कि 'भारत टेक्स 2024' में उत्तर प्रदेश के 20 एग्जिबिटर्स यशोभूमि में और 46 एग्जिबिटर्स भारत मंडपम में अपने हुनर की प्रदर्शनी के साथ शामिल हुए हैं। यहां हस्तशिल्प, कालीन और अन्य हथकरघा उत्पादों को कारीगरों ने देश-दुनिया के सामने प्रस्तुत किया है। सभी ने उत्तर प्रदेश के उत्पादों की विशेष सराहना की है।

भारत मंडपम में मीडिया को संबोधित करते उप्र के सीएम योगी ● सौ.: उप्र सरकार

हर तहसील में फायर स्टेशन वाला पहला राज्य होगा उप्र : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित कार्यक्रम में 25 जिलों में 34 अग्निशमन केंद्रों का लोकार्पण तथा चार अग्निशमन केंद्रों का शिलान्यास किया। इसके साथ ही 35 अग्निशमन वाहनों का हरी झंडी दिखाकर विभिन्न जिलों के लिए रवाना किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि उत्तर प्रदेश जल्द सभी तहसील में फायर स्टेशन वाला पहला राज्य होगा। आगामी डेढ़ वर्ष में इस लक्ष्य को पूरा कर लिया जाएगा। बताया कि प्रदेश में सात वर्ष में 71 नए फायर स्टेशनों की स्थापना की गई है।

रामलला के लिए त्याग सकता हूं बड़ा से बड़ा पद : मनोज पाण्डेय

जासं, अयोध्या: रायबरेली के ऊंचाहार से समाजवादी पार्टी के विद्रोही विधायक मनोज पाण्डेय ने गुरुवार को सपरिवार रामलला का दर्शन किया। उन्होंने रामलला को दंडवत किया। समाजवादी पार्टी विधायक दल के मुख्य सचेतक पद से त्यागपत्र देने पर मनोज पाण्डेय ने कहा कि रामलला के लिए बड़ा से बड़ा पद त्याग सकता हूं।

उन्होंने इशारों-इशारों में सपा मुखिया अखिलेश यादव को भी उत्तर दिया। रामलला का दर्शन-पूजन के बाद उन्होंने कहा कि जहां एक नहीं, दर्जनों रामद्रोही हों और नित्य भगवान राम व रामचरितमानस पर अपमानजनक टिप्पणी करते हों, वहां के मुखिया का इस पर चुप रहना दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। पाण्डेय ने सपा मुखिया अखिलेश यादव पर भी बड़ा हमला किया। उन्होंने कहा कि दलीय बैठक में मैंने सबसे पहले यह मांग की थी कि सभी विधायकों को रामलला का दर्शन कराया जाए। अधिकांश विधायक ऐसा चाहते भी थे। लेकिन पार्टी के मुखिया ने हमसे कहा कि रामलला का दर्शन करने नहीं जाना है।

कानपुर में इज्जत तार-तार होने पर फंदे पर झूलीं दो किशोरियां

जागरण संवाददाता, कानपुर : ईंट-भट्टे पर पिता के साथ मजदूरी करने वाली दो किशोरियों ने बुधवार रात बेर के पेड़ पर फंदा लगाकर जान दे दीं। पुलिस की जांच में पता चला कि भट्ठे पर ठेकेदार के बेटे और भांजे ने किशोरियों को शराब पिलाकर सामूहिक दुष्कर्म करने के साथ उनका वीडियो भी बनाया था। आरोपित युवकों द्वारा लोगों को वीडियो दिखाने पर किशोरियों के स्वजन को जानकारी हुई और उलाहना देने पर उनसे मारपीट की। स्वजन के मुताबिक इससे आहत किशोरियों ने आत्महत्या कर ली।

किशोरियां हमीरपुर की थीं और परिवार के साथ भट्ठे पर मजदूरी करती थीं। एक नाबालिग के पिता ने पुलिस को बताया कि ठेकेदार रामरूप उन्हें यहां लेकर आया था। आरोप लगाया कि रामरूप के बेटे रज्जू और भांजे संजय ने मं

एक नजर में

अगस्ता वेस्टलैंड घोटाले में मिशेल की याचिका खारिज

नई दिल्ली : दिल्ली की एक अदालत ने अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआइपी हेलीकाप्टर घोटाले के आरोपित क्रिश्चियन मिशेल जेम्स की याचिका खारिज कर दी। राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश संजीव अग्रवाल ने कहा कि सीबीआइ ने जेम्स के खिलाफ आइपीसी की धारा 467 (जालसाजी) भी लगाई है और इस अपराध में आजीवन कारावास की सजा हो सकती है। इसलिए यह दलील तर्कसंगत नहीं है कि आरोपित हिरासत की अधिकतम अवधि गुजार चुका है। (जासं)

'कानूनी पेशा सेवा है, पैसा कमाने का जरिया नहीं'

कोच्चि : केरल हाई कोर्ट ने गुरुवार को वकीलों के बारे में कुछ मौखिक टिप्पणियां कीं। कोर्ट ने जोर देकर कहा कि कानूनी पेशा समाज की सेवा है और उन्हें इसे पैसा कमाने का जरिया नहीं मानना चाहिए। जस्टिस देवन रामचंद्रन की पीठ ने कहा कि कानूनी सेवा के लिए घंटे के हिसाब से शुल्क लेना एक गलत धारणा है और केरल में निश्चित रूप से इसका चलन नहीं है। उन्होंने कहा, 'आप इंटरनेट पर पढ़ने के बाद यहां आते हैं कि अमेरिकी और सभी क्या कर रहे हैं। हम घंटे के हिसाब से काम नहीं करते। हमारे लिए यह पेशा अभी भी सेवा है। कानून को एटीएम की तरह नहीं देखा जा सकता। जो ऐसा समझते हैं, वे दुखद रूप से एवं पूर्ण रूप से गलत हैं।'' (आइएएनएस)

मुकदमे को प्रभावित करने लायक कुछ भी नहीं : कोर्ट

मुंबई : बांबे हाई कोर्ट ने कहा कि अपनी बेटी शीना बोरा की हत्या की आरोपित इंद्राणी मुखर्जी पर बनी डाक्यूमेंट्री सीरीज में ऐसा कुछ भी नहीं मिला है, जिससे कि उसके विरुद्ध चल रहा मुकदमा प्रभावित हो। कोर्ट ने सीबीआइ द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया। इस याचिका में मामले की सुनवाई पूरी होने तक फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने की मांग की गई थी। इससे सीरीज को ओटीटी प्लेटफार्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज करने का रास्ता साफ हो गया है। (प्रेट्र)

1993 के बम धमाकों के मामले में टुंडा बरी

आतंकी टुंडा के साथी इरफान व हमीरूद्दीन को उम्र कैद, कोर्ट ने कहा-सीधा प्रमाण नहीं मिला

जागरण संवाददाता, जयपुर : 6 दिसंबर, 1993 को हुए सिलसिलेवार बम धमाकों के मामले में अजमेर की टाडा न्यायालय ने 30 साल बाद फैसला सुनाते हुए आतंकी अब्दुल करीम टुंडा (80) को सुबूतों के अभाव में बरी कर दिया। कोर्ट ने कहा, टुंडा के खिलाफ कोई डायरेक्ट एवीडेंस (सीधा प्रमाण) नहीं मिला है। वहीं, आतंकी इरफान व हमीरूद्दीन को दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। तीनों को लखनऊ, कानपुर, हैदराबाद, सूरत व मुंबई की ट्रेनों में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों के लिए आरोपित माना गया था। जज महावीर गुप्ता ने फैसला सुनाया है। सुनवाई 21 फरवरी को पूरी हुई थी।

सीबीआइ के वकील भवानी सिंह रोहेल ने कहा, सर्वोच्च न्यायालय में अपील की जाएगी। इरफान और हमीरूद्दीन को उनके बयानों व सुबूतों के आधार पर सजा सुनाई गई है। पूर्व में हुई मामले की सुनवाई में सीबीआइ की ओर से न्यायालय में तर्क दिया गया था कि बम धमाकों का मास्टरमाइंड टुंडा था। उसने अन्य आतंकियों को बम बनाना सिखाया था। वहीं टुंडा के वकील का तर्क था कि वह निर्दोष है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तारी के बाद से अब तक सीबीआइ ने टुंडा के खिलाफ अलग से कोई चार्जशीट पेश नहीं की है। जबकि पहले जो भी आरोपित गिरफ्तार हुए थे, उनके खिलाफ चार्जशीट पेश की गई थी। उसको गिरफ्तार करने वाले अफसर भी न्यायालय में पेश नहीं हुए। इरफान के वकील अब्दुल रशीद ने बताया कि टाडा कानून की विभिन्न धाराएं लगाई गई थी। मामले में 430 गवाह पेश किए गए थे।

अजमेर में अदालत में पेशी के दौरान लश्कर आतंकी अब्दुल करीम टुंडा ● एएफपी

16 को सुनाई थी सजा, चार हुए बरी : 20 साल पहले 28 फरवरी, 2004 को टाडा न्यायालय ने ही मामले में 16 आरोपितों को उम्र कैद की सजा सुनाई थी। सर्वोच्च न्यायालय ने इनमें से चार आरोपितों को बरी कर शेष की सजा बहाल रखी थी। इनमें से एक आरोपित जमाल अल्वी की जयपुर जेल में मौत हो गई और दो आरोपित निसार अहमद एवं मोहम्मद तुफैल फरार हैं। शेष नौ जेल में बंद हैं। जेल में बंद आरोपितों में से तीन टुंडा, इरफान और हमीरूद्दीन के मामले पर गुरुवार को फैसला सुनाया गया।

आइएसआइ से लिया था प्रशिक्षण : हापुड़ के पिलखुवा कस्बे का निवासी टुंडा ने 80 के दशक में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आइएसआइ से प्रशिक्षण लिया था। इसके बाद वह लश्कर-ए-तैयबा के संपर्क में आया था। यह माना गया था कि सिलसिलेवार बम धमाकों के समय टुंडा लश्कर का विस्फोटक विशेषज्ञ था। सीबीआइ जांच में सामने आया था कि मुंबई के डा.जलीस अंसारी, नांदेड़ के आजम गौरी व टुंडा ने तंजीम इस्लाम उर्फ मुसलमीन संगठन बनाकर विवादित ढांचा विध्वंस का बदला लेने को धमाके किए थे। उसके बाद तीनों फरार हो गए थे। 1996 में दिल्ली पुलिस मुख्यालय के सामने बम धमाकों का आरोप टुंडा पर था। 2001 में संसद भवन पर हुए हमले के बाद भारत ने पाक से 20 आतंकियों की प्रत्यर्पण की मांग की थी, उनमें टुंडा भी शामिल था। 2015 में टुंडा को नेपाल सीमा पर गिरफ्तार किया गया था।

तीन टाडा न्यायालय हैं

देश में अजमेर, मुंबई और श्रीनगर में टाडा (आतंकवाद और विघटनकारी गतिविधि रोकथाम अधिनियम) न्यायालय हैं। उत्तर भारत के अधिकांश मामलों की सुनवाई अजमेर में होती है। सिलसिलेवार बम धमाकों के सभी मामलों को सीबीआइ ने 1994 में एक साथ मिलाकर अजमेर स्थित टाडा न्यायालय में भेज दिया था। तब से तीनों आरोपित अजमेर जेल में बंद है।

एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल फील्ड फायरिंग का अभ्यास

गंगटोक/जलपाईगुड़ी, प्रेट्र : वार्षिक पूर्वी कमान एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल फील्ड फायरिंग द्वारा तीस्ता फील्ड फायरिंग रेंज में अभ्यास का आयोजन किया गया।

सेना के बयान में कहा गया कि यह अभ्यास त्रिशक्ति कोर के तत्वावधान में आयोजित किया गया था, और ''एक मिसाइल एक टैंक'' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 260 से अधिक मिसाइलें दागी गईं। पैदल सेना और बटालियन की विभिन्न इकाइयों के 1,500 से अधिक कर्मियों ने सिलीगुड़ी के पास 20-28 फरवरी तक कमांड-स्तरीय प्रशिक्षण अभ्यास में भाग लिया।

स्वदेशी वायु रक्षा प्रणाली मिसाइल का परीक्षण

डीआरडीओ ने ओडिशा के चांदीपुर में स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज में जमीन पर आधारित पोर्टेबल लांचर से बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली मिसाइल का परीक्षण किया। इसे डीआरडीओ और भारतीय उद्योग भागीदारों के सहयोग से स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किया गया है ● एएनआइ

मुस्लिमों के दल ने कहा-कहीं और मस्जिद बनाए अंजुमन इंतेजामिया

श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में बाबा का दर्शन करके निकलने के बाद हर हर महादेव का नारा लगाते मुस्लिम राष्ट्रीय मंच सेवा के सदस्य ● जागरण

जागरण संवाददाता, वाराणसी : मुस्लिम राष्ट्रीय मंच एवं मुस्लिम महिला फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को लखनऊ से मुस्लिमों का जत्था काशी पहुंचा। मुस्लिम काशी विश्वनाथ का दर्शन करेंगे, इसकी जानकारी मिलते ही लोगों की भीड़ लग गई। मुसलमानों के जत्थे ने हर-हर महादेव का नारा व ओम नमः शिवाय की स्तुति के साथ गेट नंबर चार से ज्ञानवापी मंदिर में प्रवेश किया। बाबा का दर्शन कर बाहर निकले मुसलमान खुश थे। हर हर महादेव के साथ जय सियाराम का उद्घोष किया।

मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय सेवा प्रमुख ठाकुर राजा रईस ने कहा कि सब चाहते हैं कि मंदिर का मसला अदालत के बाहर तय हो जाए और दोनों वर्गों के बीच शांति स्थापित हो। विश्वनाथजी से दुआ मांगी है कि जल्द से जल्द यह मसला हल हो। अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कहीं और जमीन लेकर मस्जिद बना ले। आज सच का साथ देने का समय है।

बगैर चालक मालगाड़ी चलने के मामले में लोको पायलट बर्खास्त

जासं, फिरोजपुर : जम्मू-कश्मीर के कठुआ स्टेशन से हाल ही में बिना चालक मालगाड़ी दौड़ने के मामले में रेलवे ने सख्त कदम उठाते हुए लोको पायलट (चालक) संदीप कुमार को नौकरी से बर्खास्त कर दिया है। एक माह के भीतर उसे रेलवे क्वार्टर खाली करने को भी कहा गया है।

गत 25 फरवरी को कठुआ रेलवे स्टेशन से बिना चालक के मालगाड़ी आठ से नौ रेलवे स्टेशनों को पार करते हुए आगे बढ़ गई थी। लगभग 80 किलोमीटर की दूरी तय कर होशियारपुर के ऊंची बस्सी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन को रोका जा सका। रेलवे ने प्राथमिक जांच में छह अधिकारियों को निलंबित किया था, जिसमें लोको पायलट भी शामिल था। फिरोजपुर डिवीजन के सीनियर डिवीजनल मैकेनिकल इंजीनियर (डीएमई) राहुल चौधरी की जांच रिपोर्ट के बाद यह कार्रवाई की गई है। राहुल चौधरी ने रिपोर्ट में कहा है कि लोको पायलट की लापरवाही के कारण लोगों के जीवन और संपत्ति दोनों को नुकसान हो सकता था।

पुलिस के हाथों गिरफ्तारी भी एक रणनीति

तृतीय पृष्ठ से आगे

कलकत्ता हाई कोर्ट ने बुधवार को कहा था कि सीबीआइ, ईडी या बंगाल पुलिस कोई भी शेख को गिरफ्तार कर सकती है। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने दावा किया था कि शाहजहां पुलिस की सुरक्षित हिरासत में है। इसके 24 घंटे के भीतर ही शेख को गिरफ्तार कर लिया गया। विपक्ष का कहना है कि शाहजहां केंद्रीय एजेंसियों की गिरफ्त में न चला जाए उसके पहले ही उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इस पूरे मामले की जांच बंगाल सीआइडी को सौंप दी गई है।

ईडी पहुंची हाई कोर्ट : शाहजहां के पुलिस हिरासत में रहने से इस मामले के तथ्य नष्ट हो सकते हैं, यह आशंका जताते हुए गुरुवार को ईडी ने हाई कोर्ट का रुख किया। इस पर सोमवार को सुनवाई होगी। वहीं मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की अगुवाई वाली पीठ ने याचिका ठुकराते हुए कहा, शाहजहां के खिलाफ करीब 43 मामले दर्ज हैं।

ऐसे बना डान : शाहजहां बांग्लादेश से भागकर बंगाल आया था और परिवार के साथ संदेशखाली में रहने लगा। शुरुआत में वह ईंट भट्टे में मजदूरी करता था। 2002 में ईंट-भट्ठा पर काम करने के दौरान ही उसने मजदूरों की एक यूनियन बनाई और उसका नेता बन गया। उसने कंडक्टर का भी काम किया। यूनियन बनाने के बाद वह 2004 में माकपा के सक्रिय सदस्य के रूप में जुड़ गया। इसमें उसके मामा मोस्लेम शेख जो उस समय माकपा नेता व पंचायत प्रधान थे, ने मदद की। इसके बाद उसका सियासी सफर शुरू हुआ। बंगाल में 2011 में जब टीएमसी की सरकार बनी तो वह उससे जुड़ गया और क्षेत्र का दबंग नेता बन गया। इसी दौरान उसने कई जमीनों पर अवैध कब्जे किए।

शाहजहां शेख अब कानूनी संरक्षण में : भाजपा

नई दिल्ली, प्रेट्र : भाजपा ने गुरुवार को बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर संदेशखाली के मुख्य आरोपित शाहजहां शेख को राजनीतिक और कानूनी संरक्षण प्रदान करने का आरोप लगाया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता व सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने सवाल उठाया कि यदि ईडी के मामले में उसे गिरफ्तार किया गया है तो ईडी को क्यों नहीं सौंपा गया? उन्होंने कहा कि यदि उसे दूसरे मामले में गिरफ्तार किया गया है तो महिला उत्पीड़न संबंधित आरोप क्यों नहीं लगाए गए?

ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट के नियम सख्त होंगे

नई दिल्ली, प्रेट्र : ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट को लेकर नियम को सख्त किया जाएगा। नागर विमानन महानिदेशालय के आदेश में कहा गया है कि हवाईअड्डे पर सुरक्षा से संबंधित संवेदनशील कार्य करने वाले हवाई यातायात नियंत्रकों, ग्राउंड स्टाफ, विमान रखरखाव इंजीनियरों और कर्मियों में से कम से कम 25 प्रतिशत कर्मियों का प्रतिदिन ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट किया जाएगा। ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट के लिए केवल फ्यूल सेल तकनीक पर आधारित मशीन का इस्तेमाल किया जाएगा।

इस संबंध में संशोधित नागरिक उड्डयन आवश्यकताएं तीन महीने बाद लागू होंगी। यह नियम हवाई यातायात नियंत्रकों, ग्राउंड स्टाफ, विमान रखरखाव इंजीनियरों और ग्राउंड हैंडलिंग सेवा कर्मियों पर लागू होगा।

सीएए से मुस्लिमों को खतरा नहीं : कादरी

जागरण संवाददाता, देहरादून : आल इंडिया मुस्लिम जमात के प्रदेश अध्यक्ष व नायब सुन्नी शहर काजी सैयद अशरफ हुसैन कादरी ने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि सीएए के नाम पर कुछ लोग मुस्लिमों को डराने व गुमराह का काम कर रहे हैं। कानून का अध्ययन करने के बाद उन्हें पता चला कि इस कानून से देश के मुस्लिमों को कोई खतरा नहीं है। यह कानून उन लोगों से संबंध रखता है जो अफगानिस्तान, पाकिस्तान, बांगलादेश, श्रीलंका व म्यामार से आए हैं। यह ऐसे लोग हैं जो भारत में रह रहे हैं, लेकिन उन्हें अब तक नागरिकता नहीं मिली है। सीएए के माध्यम से ऐसे लोगों को नागरिकता मिलेगी।

कादरी ने गुरुवार को कहा कि यह कानून केंद्र सरकार काफी समय पहले लेकर आई थी और इसे लागू करना चाहती थी, लेकिन हकीकत को समझे बगैर विरोध प्रदर्शन के कारण यह कानून लागू नहीं हो सका। अब सरकार इसे लागू करना चाहती है।

असम में सीएए के विरोध में प्रदर्शन करेंगे 30 से अधिक समूह

गुवाहाटी, प्रेट्र : असम में सीएए के खिलाफ आल असम स्टूडेंट्स यूनियन सहित 30 से अधिक समूहों ने प्रदर्शन करने का फैसला लिया है। आसू के अध्यक्ष उत्पल शर्मा ने प्रधानमंत्री मोदी की राज्य यात्रा के दौरान नौ मार्च को सभी जिलों में 12 घंटे की भूख हड़ताल सहित आंदोलन किया जाएगा। उधर असम के सीएम हिमंत ने दावा किया कि इस समय सीएए के खिलाफ किसी प्रदर्शन की प्रासंगिकता नहीं है और कानून के खिलाफ लोग सुप्रीम कोर्ट का रुख कर सकते हैं।

जाति-धर्म के आधार पर कैदियों को अलग नहीं करें : गृह मंत्रालय

नई दिल्ली, प्रेट्र : केंद्र ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा कि जाति-धर्म के आधार पर कैदियों को अलग नहीं करें। साथ ही भेदभावपूर्ण नजरिए से जेल की रसोई के प्रबंधन जैसे काम सौंपना बंद करने की भी हिदायत दी गई है। इस संबंध में गृह मंत्रालय ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के प्रमुख सचिव और महानिदेशक व कारागार महानिरीक्षक को एडवायजरी जारी की है।

पंजाब सरकार

नगर निगम लुधियाना
ई-निविदाएं आमंत्रण सूचना (विश्व बैंक)
निआसू सं. 380/एसई (टीआईसी), दिनांक 28.02.2024

नगर निगम विभाग लुधियाना (भ एवं म) निम्न प्रदान की गई अनुसूची के अनुसार लुधियाना में शहरी जल एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन कार्यालय के निर्माण हेतु ऑनलाईन टोहरी बोलियां आमंत्रित करता है (आरएफबी सं. आईएन-एलएमसी-355620-सीडब्ल्यू-आरएफबी) (प्रथम समय):-
समापन तिथि एवं समय : 26.03.2024 को दोपहर 02.00 बजे
विवरणों हेतु eproc.punjab.gov.in पर लॉग ऑन करें
नोट :- कार्यों का विवरण, अन्य नियम एवं शर्तें एवं निविदा दस्तावेज और निविदा सूचना का कोई शुद्धिपत्र/परिशिष्ट केवल उक्त वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।

अधीक्षण अभियंता (टीआईसी)
नगर निगम लुधियाना
Ro No.: NA/12/22442/2023/33036

पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल
निविदा सूचना
ई. M247GNTWMFP2403
Date: 28/02/2024
कार्य का नाम 8 कोच DETC (अंडर स्लंग टाईप) में मेकेनिकल फर्नीशिंग कार्य, रतलाम मु.का.अ./पश्चिम रेलवे कार्यालय, कार्य की अनुमानित लागत ₹ 4,07,89,270/-, बयाना राशि ₹ 3,54,000/-, ई-निविदा जमा करने तथा खुलने की दिनांक तथा समय 21/03/2024 को 14.30 बजे तक तथा ई-निविदा उसी दिन 15.00 बजे खोली जायेगी। निविदा सूचना तथा प्रपत्र उपलब्धता: www.ireps.gov.in/E-Tenders/Works/IR Electrical.
AK/17/1456
हमें लाईक करें facebook.com/WesternRly

स्थानिक अभियंता का कार्यालय भवन प्रमंडल, नई दिल्ली।
अति-अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या 13/2023.24
बिहार भवन, बिहार निवास, चाणक्यपुरी नई दिल्ली हेतु निम्नलिखित कार्यों के लिए बिहार राज्य अंतर्गत भवन प्रमंडल में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी में निबंधित संवेदक बिहार लोक निर्माण विभाग में होने वाले कार्यों के लिए मुहर बंद कोटेशन आमंत्रित की जाती है।
1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता :- स्थानिक अभियंता, भवन प्रमंडल, नई दिल्ली।
2. परिमाण विपत्र के बिक्री की तिथि :- 07-03-2024 (अपराह्न 1:00 बजे तक)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :- 11-03-2024 (अपराह्न 3:00 बजे तक)
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 11-03-2024 (अपराह्न 3:30 बजे तक)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (1) स्थानिक अभियंता कार्यालय बिहार निवास चाणक्यपुरी, नई दिल्ली। (2) उप स्थानिक अभियंता कार्यालय बिहार सदन, द्वारका नई दिल्ली। (3) अधीक्षण अभियंता कार्यालय दक्षिण बिहार अंचल, भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :- स्थानिक अभियंता कार्यालय बिहार निवास चाणक्यपुरी, नई दिल्ली।

कार्य का विवरणी:-

Sl. No	Name Of Work
01	AMC work of Plumbing System, cleaning of Sewer line and grease chamber of Bihar Bhawan and Bihar Niwas, New Delhi for the year 2024-25
02	AMC with parts of Sensor Lock at Bihar Bhawan and Bihar Niwas, New Delhi for the year 2024-25

अधिक जानकारी हेतु संबंधित उप स्थानिक अभियंता एवं अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में संपर्क करेंगे
विशेष शर्तें, मद एवं मात्रा की विस्तृत जानकारी हेतु सूचना पट्ट या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से संपर्क करें।
विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखी जा सकती है।
PR- 18550 (B C D) 2023-24
नशे से बनानी दूरी है, क्योंकि परिवार जरूरी है
स्थानिक अभियंता
भवन प्रमंडल, नई दिल्ली।

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधिकरण का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खोलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रुपयों में	बोर्ड/निगम/प्राधिकरण की वेबसाइट	नोडल अधिकारी/संपर्क विवरण/ईमेल
1	एमआईसीएडी मंडल जींद	आउटलेट आरडी 35716-आर करसोला माइनर के पुनर्वास/रिमॉडलिंग हेतु अनुमान।	CLOSING DATE 06.03.2024	390 LACS	https://etenders.hry.nic.in	9991129289 xenjindcad1@gmail.com

आगामी जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट पर जाएं : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
PRDH-13/2024/40/25485/67/7

महानिदेशक, खान एवं भूविज्ञान, हरियाणा
सार्वजनिक सूचना
ई-नीलामी कार्यक्रम
No. DMG/HY/Auction/SNP/2022/969 Dated 28.02.2024.
आम जनता की जानकारी के लिए है कि जिला सोनीपत से गौण खनिज 'रेत' के उत्खनन हेतु 01 खनन अनुबंध/खनिज अधिकार प्रदान करने हेतु ई-नीलामी नीचे दिए गए कार्यक्रम के अनुसार 28.03.2024 को आयोजित की जाएगी :-

क्र.सं.	शीर्षक	से	तक
1.	पंजीकरण और उपयोगकर्ता आईडी का निर्माण और दस्तावेज अपलोड करना	01.03.2024 प्रातः 10.00 बजे	26.03.2024 सायं 05.00 बजे तक
2.	ईएमडी को जमा	01.03.2024 प्रातः 10:00 बजे	26.03.2024 सायं 05.00 बजे तक
3.	ई-सेवा शुल्क	01.03.2024	26.03.2024 सायं 05.00 बजे तक
4.	बोलियां	28.03.2024 प्रातः 10:00 बजे	नीलामी समाप्ति तक

नोट : संभावित बोलीदाताओं के लिए मैनुअल ई-नीलामी पोर्टल पर उपलब्ध होगी।

2. जिला सोनीपत की खनन इकाई का विवरण इस प्रकार है :-

क्र. सं.	खनन इकाई	गांव का नाम	क्षेत्र (एकड़ में) रैवेन्यु रिकॉर्ड अनुसार		कुल खनिज रियायत क्षेत्र (एकड़ में)	आरक्षित कीमत (करोड़ में)	अवधि (वर्षों में)
			खनन हेतु	सहायक क्षेत्र हेतु			
1.	नांदनौर-बरौली	नांदनौर	47.26	11.23	405.31	35.92	10
		बरौली	335.04	11.78			

4. अनुबंध की अवधि सक्षम प्राधिकारी द्वारा पर्यावरणीय मंजूरी और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा संचालन की सहमति (सीटीओ) प्रदान करने की तारीख, जो भी बाद में हो, या 12 महीने की अवधि की समाप्ति पर शुरू होगी। एलओएल जारी करने की तारीख, जो भी पहले हो।
5. खनन ठेकेदार को ठेकेदार को दिए गए खनन क्षेत्र के लिए ''राज्य नियम, 2012'' के अध्याय 10 के अनुसार मान्यता प्राप्त योग्य व्यक्ति से खदान समापन योजना (प्रगतिशील और अंतिम) के साथ एक खनन योजना तैयार करानी होगी और प्राप्त करना होगा। इसे इस संबंध में निदेशक, खान एवं भूविज्ञान द्वारा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अनुमोदित किया गया है। ठेकेदार/एलओएल धारक को सक्षम प्राधिकारी से खनन ब्लॉक/क्षेत्र के लिए पूर्व पर्यावरण मंजूरी प्राप्त करनी होगी, जैसा कि भारत सरकार के MoE&F द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 14/09/2006 के तहत आवश्यक है या समय-समय पर संशोधित और अन्य आवश्यक अनुमोदन भी प्राप्त करना होगा। खनन के लिए वास्तविक खनन परिचालन शुरू होने से पहले स्थापना की सहमति और संचालन की सहमति सहित।
6. ई-नीलामी के अन्य सभी विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, इच्छुक बोलीदाता विभाग की वेबसाइट http://www.minesharayana.gov.in या हरियाणा सरकार की वेबसाइट www.harayana.gov.in से नीलामी सूचना/दस्तावेज डाउनलोड कर सकते हैं। नीलामी सूचना खनन अधिकारी, खान एवं भूविज्ञान विभाग, सोनीपत के कार्यालय या महानिदेशक, खान एवं भूविज्ञान, हरियाणा, डीएलएल स्क्वायर, प्लॉट नंबर 9, सेक्टर 22, आईटी पार्क, पंचकुला के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस पर प्राप्त की जा सकती है।

महा निदेशक
खान एवं भूविज्ञान, हरियाणा
PRDH-1150/11/47/2024/25465/67/7

महानिदेशक, खनन एवं भूविज्ञान, हरियाणा
सार्वजनिक नोटिस
ई-नीलामी कार्यक्रम
क्र.सं. के.सी/डीएमजी/एचवाई/नीलामी/फरीदाबाद/2021/965 दिनांक 27.02.2024
यह आम जनता की जानकारी के लिए है कि जिला फरीदाबाद और पलवल से गौण खनिज अर्थात् 'रेत' की खुदाई के लिए खनन अनुबंध/खनिज अधिकार देने के लिए ई-नीलामी 08.04.2024 से नीचे दिए गए कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की जाएगी:-

क्र.सं.	टाइटल	से	को
1.	पंजीकरण और उपयोगकर्ता आईडी का निर्माण और दस्तावेजों को अपलोड करना	11/03/2024 प्रातः 10:00 बजे	05/04/2024 शाम 05: बजे तक
2.	ईएमडी जमा करना और धरोहार सत्यापन	11/03/2024 प्रातः 10:00 बजे	05/04/2024 शाम 05:00 बजे
3.	ई-सेवा शुल्क	11/03/2024	05/04/2024 शाम 05:00 बजे तक
4.	बिडिंग	08/04/2024 प्रातः 10.00 बजे	नीलामी समाप्ति तक

नोट: संभावित बोलीदाताओं के लिए मैनुअल ई-नीलामी पोर्टल पर उपलब्ध होगा।

2. जिला फरीदाबाद और पलवल की खनन इकाई का विवरण इस प्रकार है:-

Sr. No.	Name of Mining Unit	Name of the villages	Area for mining activity (in acre)	Total area for ancillary activities	Total Area of mining unit in acre (In acre)	Proposed Reserve Price (in Crores)	Period (in years)
District Faridabad							
1	Dadsia- Kiranwali Unit	Dadsia	146.25	31.63	235.23	14.96	10
		Kiranwali	57.35				
2	Mahawatpur Baskola Unit	Lalpur	2.33	27.05	134.40	9.43	09
		Mahawatpur	69.00				
		Mojmabad	5.4				
		Baskola	30.63				
3	Amipur Unit	Amipur	221.65	27.5	249.15	16.26	08
4	Makhanpur	Makhanpur	135.80	30.00	165.80	9.98	07
District Palwal							
5	Kashipur Unit	Kashipur	27.97	42.33	209.06	7.68	09
		Farstaku-nagar	64.60				
		Hasanpur	37.31				
		Maholi	36.85				

3. अनुबंध की अवधि सक्षम प्राधिकारी द्वारा पर्यावरणीय मंजूरी और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा संचालन की सहमति (सीटीओ) देने की तिथि, जो भी बाद में हो, या एलओएल जारी करने की तिथि से 12 माह की अवधि की समाप्ति पर, जो भी पहले हो, से प्रारंभ होगी।
4. खनन ठेकेदार को ठेकेदार को दिए गए खनन क्षेत्र के लिए "राज्य नियम, 2012" के अध्याय 10 के अनुसार मान्यता प्राप्त योग्य व्यक्ति से खदान समापन योजना (प्रगतिशील और अंतिम) के साथ एक खनन योजना तैयार करानी होगी और इसे इस संबंध में निदेशक, खान एवं भूविज्ञान द्वारा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अनुमोदित ठेकेदार/ एलओआई धारक को सक्षम प्राधिकारी से खनन ब्लॉक /क्षेत्र के लिए पूर्व पर्यावरण मंजूरी प्राप्त करनी होगी, जैसा कि MoF&F, भारत सरकार द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 के तहत आवश्यक है या समय-समय पर संशोधित और अन्य आवश्यक अनुमोदन भी प्राप्त करना होगा। खनन के लिए वास्तविक खनन परिचालन शुरू होने से पहले स्थापना की सहमति और संचालन की सहमति सहित।
5. ई-नीलामी के अन्य सभी विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, इच्छुक बोलीदाता विभाग की वेबसाइट द्वारा http://www.minesharayana.gov.in या हरियाणा सरकार की वेबसाइट www.harayana.gov. in से नीलामी सूचना/दस्तावेज डाउनलोड कर सकते हैं। नीलामी सूचना खनन अधिकारी, खान एवं भूविज्ञान विभाग, सोनीपत के कार्यालय या महानिदेशक, खान एवं भूविज्ञान, हरियाणा, डीएचएल स्क्वायर, प्लॉट नंबर 9, सेक्टर-22, आईटी पार्क पंचकूला के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

महानिदेशक,
खनन एवं भूविज्ञान, हरियाणा
PRDH-1150/11/48/2024/25466/67/7

कार्यालय: प्रधानाचार्य स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, गोण्डा
E-mail: principalasmacgonda@gmail.com
asmcgonda@gmail.com
M-No-8858004085 Website: www.asmcgonda.org
संख्या: 3247/ए.एस.एम.सी./फैकल्टी/वॉक-इन इन्टरव्यू/2024, दिनांक 24 फरवरी, 2024
वॉक इन इन्टरव्यू
संविदा के आधार पर
चिकित्सा शिक्षकों के चयन/नियुक्ति के लिये वॉक-इन-इन्टरव्यू आयोजित किया जा रहा है। नियुक्ति पूर्णतयः संविदा के आधार पर 06 माह या नियमित संकायों के कार्यभार ग्रहण करने, जो भी पहले हो, तक के लिये की जायेगी। अधिक जानकारी के लिये चिकित्सा महाविद्यालय की वेबसाइट www.asmcgonda.org पर देखें।
1. स्थान, दिनांक एवं समय निम्नवत् है।
क. स्थानः प्रधानाचार्य कार्यालय, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, सर्किट हाउस के सामने, पन्तनगर, गोण्डा, उ०प्र०, पिनकोड-271001
ख. दिनांकः प्रत्येक दिवस।
ग. समयः 11:00 बजे से।
प्रधानाचार्य
स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय
गोण्डा

कार्यालय: प्रधानाचार्य स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, गोण्डा
E-mail: principalasmacgonda@gmail.com
asmcgonda@gmail.com
M-No-8858004085 Website: www.asmcgonda.org
संख्या: 3248/ए.एस.एम.सी./फैकल्टी/वॉक-इन इन्टरव्यू/2024, दिनांक 24 फरवरी, 2024
वॉक इन इन्टरव्यू
सीनियर रेजीडेण्ट
अधिक जानकारी के लिये चिकित्सा महाविद्यालय की वेबसाइट www.asmcgonda.org पर देखें।
1. स्थान, दिनांक एवं समय निम्नवत् है।
क. स्थानः प्रधानाचार्य कार्यालय, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, सर्किट हाउस के सामने, पन्तनगर, गोण्डा, उ०प्र०, पिनकोड-271001
ख. दिनांकः प्रत्येक दिवस।
ग. समयः 11:00 बजे से।

क्र0सं0	विभाग का नाम	पदों की संख्या
01	इमरजेन्सी मेडिसिन	04
02	एनेस्थीसियोलॉजी	01
03	रेडियो-डायग्नोसिस	01
	कुल	06

Note:
1. Qualifications as per latest NMC Norms.
2. Pay Scale as per UP Govt. rules.
प्रधानाचार्य
स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय
गोण्डा

****

दैनिक जागरण
इंग्लिश चुनौती
नई दिल्ली, 1 मार्च, 2024
www.jagran.com

मैं अचंभित हूं कि श्रेयस अय्यर रणजी ट्राफी में नहीं खेले। यह महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है और उन्हें इसमें खेलना चाहिए था। यह बीसीसीआइ का निर्णय है और जो उन्हें सही लगा उन्होंने वैसा किया। सभी अनुबंधित खिलाड़ियों को प्रथम श्रेणी में खेलना चाहिए।
– सौरव गांगुली, पूर्व बीसीसीआइ अध्यक्ष

एक नजर में

झाझरिया का पीसीआइ अध्यक्ष चुना जाना तय

नई दिल्ली : दो बार के पैरालिंपिक स्वर्ण पदक विजेता देवेंद्र झाझरिया का नौ मार्च को विलंब से होने वाले चुनावों में भारतीय पैरालिंपिक समिति (पीसीआइ) का निर्विरोध अध्यक्ष चुना जाना लगभग तय है। वह पैरा खिलाड़ी दीपा मलिक की जगह लेंगे। एथेंस 2004 और रियो 2016 पैरालिंपिक की एफ46 भाला फेंक स्पर्धा में पदक जीतने वाले 42 वर्षीय झाझरिया एकमात्र उम्मीदवार हैं जिन्होंने गुरुवार दोपहर डेढ़ बजे तक की समय सीमा तक पीसीआइ प्रमुख पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया। (प्रेट्र)

प्रगनानंद का अपराजेय अभियान हुआ समाप्त

प्राग : भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रगनानंद को प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में ईरान के परहाम मघसूडलू के हाथों पराजय का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही क्लासिकल शतरंज में उनका 47 मैचों का अपराजेय अभियान समाप्त हो गया। 18 वर्ष के इस खिलाड़ी ने लाइव रेटिंग में शीर्ष स्थान भी गंवा दिया जो विश्वनाथन आनंद ने फिर प्राप्त कर लिया है। डी गुकेश ने चेक गणराज्य के एंगुयेन थाई दाइ वान को हराया। (प्रेट्र)

भांबरी पहली बार एटीपी 500 टूर के सेमीफाइनल में

दुबई : भारत के टेनिस खिलाड़ी युकी भांबरी ने गुरुवार को यहां एटीपी 500 टूर में अपने पहले पुरुष डबल्स सेमीफाइनल में प्रवेश किया। उन्होंने अपने जोड़ीदार रोबिन हासे के साथ मिलकर दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप में जैमी मरे और माइकल वीनस की जोड़ी को हराकर उलटफेर किया। भांबरी और नीदरलैंड्स के हासे ने क्वालीफाइंग दौर से मुख्य ड्रा में जगह बनाई थी। जोड़ी ने एक घंटे 22 मिनट में ब्रिटेन के मरे और न्यूजीलैंड के वीनस को 6-4, 7-6 (1) से मात दी। (प्रेट्र)

जाली-गोपीचंद जर्मन ओपन के क्वार्टर फाइनल में

मुलहेम अन डेर रूर : भारत की त्रिसा जाली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने गुरुवार को यहां जर्मन ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला डबल्स क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इस भारतीय जोड़ी ने अंतिम 16 के मैच में चेक गणराज्य की सोना होरिंकोवा और कैटरीना जुजाकोवा की जोड़ी पर 21-10, 21-11 से जीत हासिल की। अब क्वार्टर फाइनल में उनका सामना फ्रांसेस्का कोर्बेट और एसिन ली तथा छठी वरीयता प्राप्त जिंग यि और जु मिन लुओ की जोड़ी के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। (प्रेट्र)

चार गुणा 200 मी. रिले टीम ने 'सर्वश्रेष्ठ समय' निकाला

नई दिल्ली : तैराक आर्यन नेहरा, अनीश गौड़ा, साजन प्रकाश और श्रीहरि नटराज ने फिलिपीन्स में एशियाई आयु वर्ग एक्वाटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान चार गुणा 200 मीटर फ्रीस्टाइल रिले में 'सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय' दर्ज किया। भारतीय चौकड़ी ने पिछले वर्ष हांगझू एशियाई खेलों में आर्यन, अनीश, कुशाग्र रावत और तनीष जार्ज मैथ्यू के सात मिनट 29.04 सेकेंड के प्रयास को बेहतर करते हुए सात मिनट 26.64 सेकेंड का समय लिया। वियतनाम और थाइलैंड ने क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीते। (प्रेट्र)

केएल राहुल पांचवें टेस्ट से बाहर, बुमराह की वापसी

इंग्लैंड के विरुद्ध धर्मशाला में होने वाले अंतिम टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे राहुल चोट पर विशेषज्ञ की राय लेने लंदन में हैं भारतीय बल्लेबाज

नई दिल्ली, प्रेट्र : भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) ने गुरुवार को कहा कि सीनियर बल्लेबाज केएल राहुल चोट के कारण धर्मशाला में इंग्लैंड के विरुद्ध पांचवें और अंतिम टेस्ट में नहीं खेलेंगे, जबकि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टीम में वापसी करेंगे। राहुल के दाएं पैर की जांघ में सूजन बनी हुई और वह अपनी चोट पर विशेषज्ञ की राय लेने के लिए लंदन गए हैं।

राहुल जनवरी में हैदराबाद में सीरीज के पहले मैच के बाद से ही उपलब्ध नहीं हैं और बीसीसीआइ के अनुसार वह इस महीने के शुरू में राजकोट में तीसरे टेस्ट से पहले 90 प्रतिशत फिट थे। बीसीसीआइ ने कहा, 'केएल राहुल की सीरीज के अंतिम टेस्ट में भागीदारी फिटनेस पर निर्भर थी, लेकिन वह धर्मशाला में पांचवें और अंतिम टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे। बीसीसीआइ की मेडिकल टीम उनकी चोट पर नजर रखे है और इस संबंध में लंदन में विशेषज्ञों से सलाह लेने की कोशिश कर रही है।'

टीम की कार्यभार प्रबंधन नीति के तहत रांची में चौथे टेस्ट के लिए टीम से रिलीज किए गए बुमराह सात मार्च से धर्मशाला में शुरू होने वाले अंतिम टेस्ट के लिए टीम से जुड़ेंगे। भारत ने रांची में चौथे टेस्ट में जीत के बाद सीरीज में 3-1 से अजेय बढ़त बनाई हुई है। अंतिम टेस्ट में राहुल की अनुपस्थिति का मतलब है कि रजत पाटीदार टीम में बने रहेंगे, लेकिन अंतिम एकादश में उनका शामिल होना निश्चित नहीं है क्योंकि वह छह पारियों में कुल मिलाकर 63 रन ही बना सके हैं। आलराउंडर वाशिंगटन सुंदर को भी टीम से रिलीज कर दिया गया है। बीसीसीआइ ने कहा, 'वह दो मार्च से मुंबई के विरुद्ध शुरू होने वाले रणजी ट्राफी सेमीफाइनल मैच के लिए अपनी रणजी टीम तमिलनाडु में शामिल होंगे और अगर जरूरत पड़ी तो अपना घरेलू मैच पूरा होने के बाद पांचवें टेस्ट के लिए भारतीय टीम में जुड़ जाएँ।'

पांचवें टेस्ट के लिए भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव चंद जुरैल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), पडिक्कल, रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, आकाश दीप।

राहुल आइपीएल में लखनऊ सुपरजायंट्स का नेतृत्व करेंगे और उन्हें आइपीएल से पहले पूरी तरह फिट होना होगा। इसी चोट के कारण राहुल पिछले साल भी लगभग चार महीने तक टीम से बाहर रहे थे। आइपीएल के दौरान चोटिल होने के बाद राहुल ने पिछले सितंबर में एशिया कप के दौरान वापसी की। पिछले साल दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट दौरे में राहुल भारत के लिए शतक बनाने वाले एकमात्र खिलाड़ी थे। यह सीरीज ड्रा रही थी। बीसीसीआइ ने यह भी कहा कि सीनियर तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी 26 फरवरी को सर्जरी के बाद अच्छी तरह उबर रहे हैं। बीसीसीआइ ने शमी के बारे में कहा, 'वह सर्जरी से उबर रहे हैं और जल्द ही रिहैबिलिटेशन शुरू करने के लिए बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) जाएंगे।'

जसप्रीत बुमराह (बाएं) और केएल राहुल • फाइल फोटो, बीसीसीआइ

रोहित-कोहली भी खेलें घरेलू क्रिकेट : आजाद

नई दिल्ली, प्रेट्र : भारत की 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य कीर्ति आजाद ने क्रिकेटरों के लिए रणजी ट्राफी खेलने के बीसीसीआइ के निर्देश का समर्थन करते हुए कहा कि यह अच्छी पहल है और रोहित शर्मा तथा विराट कोहली समेत भारतीय टीम के हर सदस्य पर लागू होनी चाहिए। आजाद ने कहा, 'यह निर्देश बहुत अच्छी पहल है। हर किसी को रणजी ट्राफी खेलनी चाहिए। पांच दिन का क्रिकेट ही असली क्रिकेट है। घरेलू क्रिकेट खेलना अच्छी बात है। जब भी खिलाड़ी खाली हो तो उन्हें अपने प्रदेश के लिए रणजी क्रिकेट खेलना चाहिए। चाहे वह रोहित शर्मा हो या विराट कोहली। प्रदेश ने आपको खिलाड़ी बनने का मौका दिया जिससे आप देश के लिए खेल सके।' उन्होंने कहा कि सिर्फ इशान किशन और श्रेयस अय्यर को सजा देना सही नहीं है। उन्होंने कहा, 'सिर्फ दो को सजा देना सही नहीं है। हर किसी को सजा मिलनी चाहिए।' आजाद ने इस पर टिप्पणी से इन्कार कर दिया कि क्या इशान और श्रेयस के लिए रास्ते अब बंद हो चुके हैं। उन्होंने टी-20 क्रिकेट और रणजी ट्राफी में संतुलन बनाने के लिए जुरैल और सरफराज की तारीफ की।

अय्यर-इशान को अनुबंध नहीं मिलने पर इरफान ने उठाए सवाल

नई दिल्ली, प्रेट्र : भारत के पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान ने रणजी ट्राफी खेलने के आदेश का पालन नहीं करने पर इशान किशन और श्रेयस अय्यर को बीसीसीआइ का केंद्रीय अनुबंध नहीं दिए जाने के फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा है कि हार्दिक पांड्या जैसे खिलाड़ियों के लिए यह मानदंड नहीं था। इरफान ने एक्स पर लिखा, 'अगर हार्दिक जैसे खिलाड़ी लाल गेंद का क्रिकेट नहीं खेलना चाहते तो क्या उन्हें और उनके जैसे दूसरों को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेलने पर सफेद गेंद का घरेलू क्रिकेट खेलना चाहिए। अगर यह सब पर लागू नहीं होता तो भारतीय क्रिकेट को इच्छित नतीजे नहीं मिलेंगे। ये दोनों प्रतिभाशाली क्रिकेटर हैं और उम्मीद है कि मजबूती से वापसी करेंगे।'

कैमरन ग्रीन ने शतक जड़कर आस्ट्रेलियाई टीम को संभाला

वेलिंगटन, एपी : आस्ट्रेलिया ने गुरुवार को यहां न्यूजीलैंड के विरुद्ध पहले टेस्ट के शुरुआती दिन लगातार विकेट गंवाने के बावजूद कैमरन ग्रीन (अविजित 103 रन) की शतकीय पारी से स्टंप तक पहली पारी में नौ विकेट गंवाकर 279 रन बना लिए। दिन का खेल समाप्त होने के समय ग्रीन के साथ जोश हेजलवुड क्रीज पर थे जिन्होंने खाता नहीं खोला था।

न्यूजीलैंड ने ठंडे और बादलों भरे मौसम में टास जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया, लेकिन जैसे ही धूप निकली न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने कमाल कर दिया। न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने लंच के बाद विविधता का अच्छी तरह इस्तेमाल किया जिससे उन्हें जल्दी-जल्दी विकेट मिले। न्यूजीलैंड के लिए हैनरी ने 43 रन देकर चार विकेट हासिल किए। विलियम ओरोरके और स्काट कुगेलेजिन ने दो-दो विकेट लिए।

स्मिथ ने की लेग साइड बाउंसर पर हस्तक्षेप की मांग : आस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने क्रिकेट अधिकारियों से आग्रह किया है कि तेज गेंदबाजों के लेग साइड पर लगातार बाउंसर फेंकने के मसले पर गौर करे क्योंकि इससे बल्लेबाज विकेट के सामने कहीं भी शाट नहीं लगा पा रहे हैं।

आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ने कहा, 'लेग साइड में बाउंसर फेंकने को लेकर नियम में बदलाव किया जा सकता है। आप विकेट के सामने शाट खेल ही नहीं पाते। ऐसी गेंद डालने पर उसे वाइड करार दिया जाना चाहिए या गेंदबाज को चुनौती मिलनी चाहिए।'

दिल्ली ने आरसीबी के विजय रथ को रोका

नई दिल्ली, जेएनएन : शेफाली वर्मा के अर्धशतक और कैप-जेस के आलराउंड प्रदर्शन के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने गुरुवार को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) टी-20 मैच में 25 रन से जीत प्राप्त कर आरसीबी के विजय रथ को रोक दिया। प्रारंभिक बल्लेबाज शेफाली वर्मा (50 रन) के तेज तर्रार अर्धशतक से दिल्ली कैपिटल्स ने पांच विकट पर 194 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसके बाद कप्तान मंधाना ने 43 गेंद में 74 रन की तेज पारी खेली जिसमें 10 चौके और तीन छक्के जड़े थे, लेकिन उनके अर्धशतक के बावजूद आरसीबी नौ विकेट पर 169 रन ही बना सकी।

शाट लगातीं शेफाली वर्मा • प्रेट्र

अच्छी शुरुआत के बाद बिखरी टीम : मंधाना के अलावा अन्य बल्लेबाज अच्छी शुरुआत के बावजूद बड़ी पारी नहीं खेल सकीं। मंधाना और सोफी डिवाइन (23 रन) ने पहले विकेट के लिए 77 रन की साझेदारी कर टीम को अच्छी शुरुआत कराई जिससे लक्ष्य अधिक बड़ा नहीं दिख रहा था। डिवाइन के आउट होने पर यह भागीदारी टूटी जिसके बाद मंधाना ने विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष (13 गेंद, 19 रन, दो छक्के) के साथ 45 रन जोड़े, पर वह मारिजाने कैप (35 रन देकर दो विकेट) की गेंद पर बोल्ड हो गईं। घोष ने लगातार दो छक्के जड़कर आशा जगाई, लेकिन 15वें ओवर की पहली गेंद पर वह आउट हो गईं, तब स्कोर तीन विकेट पर 138 रन था। टीम ने इसके बाद छह विकेट 30 रन के अंदर गंवा दिए।

शेफाली ने दिलाई थी तेज शुरुआत : इससे पहले, कैपिटल्स की ओर से शेफाली ने 31 गेंद का सामना करते हुए अपनी पारी के दौरान तीन चौके और चार छक्के जमाए। उन्होंने कप्तान मेग लेनिंग के शुरू में ही आउट होने के बाद एलीस कैप्से (6 रन) के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 82 रन की भागीदारी निभाई।

बंगाल क्लब क्रिकेट मैच में फिक्सिंग का आरोप

राज्य ब्यूरो, कोलकाता : बंगाल के पूर्व क्रिकेटर श्रीवत्स गोस्वामी ने कोलकाता क्लब क्रिकेट के सुपर डिवीजन के एक मैच में फिक्सिंग का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने अपने फेसबुक अकाउंट पर टाउन क्लब व मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब के बीच पिछले दिनों हुए एक मैच का वीडियो फुटेज अपलोड कर मोहम्मडन स्पोर्टिंग के कुछ बल्लेबाजों के आउट होने के तरीके पर प्रश्न उठाया है।

श्रीवत्स ने वीडियो फुटेज अपलोड कर लिखा, 'यह कोलकाता क्लब क्रिकेट का सुपर डिवीजन मैच है। दो बड़ी टीमें क्या कर रही हैं, क्या इसके बारे में कोई बता सकता है? मैं यह देखकर शर्मिंदगी महसूस कर रहा हूं। क्लब क्रिकेट बंगाल का दिल व आत्मा है। इसे बर्बाद न करें।'

चयन ट्रायल में उतरने से बजरंग का इन्कार

नई दिल्ली, प्रेट्र : आगामी राष्ट्रीय ट्रायल में भाग लेने के भारतीय कुश्ती महासंघ के न्योते को ठुकराते हुए अनुभवी पहलवान बजरंग पूनिया ने दिल्ली उच्च न्यायालय में आपात संयुक्त याचिका दायर करके 10 और 11 मार्च को डब्ल्यूएफआइ द्वारा आयोजित चयन ट्रायल पर रोक लगाने की मांग की है।

सूत्रों से पता चला है कि बजरंग, विनेश, साक्षी और सत्यव्रत कादियान ने बुधवार को न्यायालय की शरण ली है। मामले की सुनवाई शुक्रवार को होगी। बजरंग ने याचिका दायर करने की पुष्टि नहीं की, लेकिन भारतीय कुश्ती पर सरकार की चुप्पी पर सवाल दागे। पिछले दो महीने से रूस में अभ्यास कर रहे बजरंग ने कहा कि अगर ट्रायल संजय सिंह की अगुआई वाली डब्ल्यूएफआइ करा रही है तो वह इसमें भाग नहीं लेंगे।

बजरंग पूनिया • एक्स

दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर पूनिया ने चयन ट्रायल पर रोक लगाने की मांग की

उन्होंने कहा, 'अगर मुझे ट्रायल में भाग नहीं लेना होता तो मैं अपने अभ्यास पर 30 लाख रूपये खर्च नहीं करता, लेकिन निलंबित डब्ल्यूएफआइ ट्रायल कैसे करा रहा है। सरकार इसे अनुमति कैसे दे सकती है। सरकार क्यों चुप है? यह मेरा, विनेश और साक्षी का संयुक्त निर्णय है।'

सीनियर शिविर ट्रायल के बाद : डब्ल्यूएफआइ

नई दिल्ली, प्रेट्र : भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआइ) लगभग 15 महीने बाद सीनियर राष्ट्रीय शिविर की तैयारी कर रहा है और किसान आंदोलन के कारण शिविर पटियाला की बजाय दिल्ली में हो सकता है। डब्ल्यूएफआइ के राष्ट्रीय शिविर जनवरी 2023 के बाद से बंद है जब देश की तीन शीर्ष पहलवानों ने तत्कालीन अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के विरुद्ध यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर प्रदर्शन किया था। तदर्थ समिति ने जयपुर में अपनी राष्ट्रीय चैंपियनशिप कराने के बाद रोहतक (पुरुष) और पटियाला (महिला) में अभ्यास शिविर शुरू किए।

उत्तर प्रदेश सेमीफाइनल में

जासं, ग्रेटर नोएडा : इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग के पहले सत्र में लगातार पवन नेगी बेहतरीन फार्म में नजर आ रहे हैं। उन्होंने गुरुवार को छत्तीसगढ़ वारियर्स के विरुद्ध 54 गेंदों पर 83 रन की पारी खेलकर वीवीआइपी उत्तर प्रदेश को जीत दिलाई। यूपी ने यह मैच 16 रन से जीता। इस जीत के साथ उत्तर प्रदेश की टीम ने अपना सेमीफाइनल का टिकट भी पक्का कर लिया है।

पहले बल्लेबाजी करते हुए वीवीआइपी उत्तर प्रदेश ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 183 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ वारियर्स की टीम 20 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 167 रन ही बना सकी। छत्तीसगढ़ वारियर्स को अंतिम ओवर में जीत के लिए 19 रन चाहिए थे, लेकिन अंतिम ओवर में टीम दो ही रन बना पाई।

विकेट लेने के बाद जश्न मनाते वीवीआइपी उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी • सौ. आयोजक

पोग्बा पर डोपिंग के लिए चार वर्ष का प्रतिबंध

फुटबाल डायरी

रोम, एपी : फ्रांस और जुवेंटस के मिडफील्डर पाल पोग्बा पर टेस्टोस्टेरान का पाजिटिव पाए जाने के बाद गुरुवार को चार वर्षों के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया। इटली की डोपिंग रोधी न्यायालय ने विश्व कप विजेता फुटबालर पोग्बा के सितंबर में पाजिटिव पाए जाने के बाद इस अधिकतम प्रतिबंध की घोषणा की। 20 अगस्त को उडिनेसे में जुवेंटस के मैच के बाद उनकी जांच की गई थी। वह सीरी ए के इस मैच में नहीं खेले थे और बेंच पर ही थे।

पोग्बा ने इटली की डोपिंग रोधी एजेंसी के साथ कोई समझौता नहीं करने का निर्णय लिया जिसके बाद यह मामला देश की डोपिंग रोधी न्यायालय के समक्ष चलाया गया।

पोग्बा यद्यपि इस निर्णय के विरुद्ध स्विट्जरलैंड स्थित खेल पंचाट में अपील कर सकते हैं।

पाल पोग्बा • फाइल फोटो, रायटर

सऊदी प्रो लीग में रोनाल्डो एक मैच के लिए निलंबित

रियाद, एपी : सऊदी प्रो लीग फुटबाल में अल नस्र के लिए खेलते हुए कथित रूप से अश्लील इशारे करने की वजह से पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो एक मैच के लिए निलंबित कर दिए गए हैं। अल नस्र ने स्थानीय प्रतिद्वंद्वी अल शबाब को रविवार को 3-2 से हराया जिसके बाद रोनाल्डो ने विरोधी टीम के समर्थकों को देखकर अभद्र इशारे किए थे। सऊदी अरब फुटबाल महासंघ की अनुशासन और नैतिकता समिति ने इंटरनेट मीडिया पर गुरुवार को इस निलंबन की घोषणा की।

खिलाड़ियों को डिजिटल सर्टिफिकेट जारी किए जाएंगे : अनुराग ठाकुर

नई दिल्ली, प्रेट्र : खेलमंत्री अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को घोषणा की कि सरकार देश भर में रजिस्टर्ड खिलाड़ियों को डिजिटल सर्टिफिकेट देगी। इस पहल से खिलाड़ियों के प्रदर्शन और प्रतिभागिता को लेकर पारदर्शिता बनी रहेगी। डिजिटल सर्टिफिकेट में खिलाड़ियों की प्रतिस्पर्धाओं में भागीदारी की प्रशंसा रहेगी और यह उनकी उपलब्धियों का सबूत भी होगा।

अनुराग ठाकुर •

ठाकुर ने एक्स पर लिखा, 'हमारे खेल ढांचे की धुरी खिलाड़ी हैं और इसे ध्यान में रखकर खेल मंत्रालय ने उन्हें डिजिटल सर्टिफिकेट देने का अहम निर्णय लिया है।' खेल मंत्री ने राष्ट्रीय खेल महासंघों के लिए चीजें आसान करने की अपनी योजना की घोषणा पिछले वर्ष 29 अगस्त को की थी। उन्होंने कहा, 'यह निर्णय एनएसएफ के खेल प्रशासन में पारदर्शिता और कुशलता को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों के दस्तावेजों की सुरक्षा, पहुंच और सत्यता सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है।'

राष्ट्रीय जागरण

बनभूलपुरा थाना फूंकने का वांछित अब्दुल मोईद दिल्ली से गिरफ्तार

जासं, हल्द्वानी : उत्तराखंड के हल्द्वानी जिले में बनभूलपुरा थाना फूंकने के मामले में नामजद अब्दुल मोईद को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वह दिल्ली में छिपा था। कोर्ट में पेश कर उसे जेल भेज दिया गया है। मोईद इस बवाल के मुख्य साजिशकर्ता अब्दुल मलिक का बेटा है। अब्दुल मलिक की चार दिन की पुलिस रिमांड गुरुवार को पूरी हो गई। शुक्रवार को उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा।

गुरुवार को एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि आठ फरवरी को बनभूलपुरा में सरकारी जमीन पर बने अवैध मदरसा व नमाज स्थल को तोड़ने पर उपद्रव हुआ था। भीड़ ने पुलिस, प्रशासन व निगम की टीम पर पथराव व आगजनी की। दर्जनों वाहनों के अलावा थाना भी फूंक दिया था। अब्दुल मलिक उपद्रव का मुख्य साजिशकर्ता था। उसी ने सरकारी जमीन पर कब्जा किया था। उसका बेटा अब्दुल मोईद बनभूलपुरा थाना फूंकने के मामले में नामजद था। आठ फरवरी के बाद से फरार चल रहा था।

जागरण विशेष
कर्मठ किसान

कालीन ही नहीं, भदोही से सब्जी भी भेजी जाएगी विदेश

पहली बार जल मार्ग से 40 फीट के एसी कंटेनर से भेजी जाएगी 15 टन हरी मिर्च

जितेंद्र उपाध्याय • भदोही

कालीन निर्यात ही नहीं, भदोही से सब्जियां भी निर्यात हो रही हैं। दुबई में हरी सब्जियों की खूब मांग है। अब तक गुजरात, महाराष्ट्र, केरल से जलमार्ग द्वारा दुबई के लिए सब्जियों का निर्यात किया जा रहा पर अब भदोही भी इसकी शुरुआत कर रहा है। छतमी गांव निवासी शाश्वत पांडेय जलमार्ग से पहली बार 15 टन हरी मिर्च का निर्यात करेंगे। वह अपने यहां बने पैक हाउस में इसका संग्रह कर रहे हैं।

त्रिसागर फार्मर प्रोड्यूसर आर्गेनाइजेशन (एफपीओ) छतमी से भदोही, मीरजापुर, प्रयागराज के 400 के अलावा बाराबंकी व रामपुर के 150 किसान जुड़े हैं। इन दोनों जिलों के एक-एक किसान ने 40 से 50 हेक्टेयर में मिर्च की खेती की है। चूंकि पूर्वांचल में जनवरी में हरी मिर्च की उपज खत्म हो जाती है, इसलिए वे बाराबंकी और रामपुर की मिर्च मंगा रहे हैं।

तीन साल पूर्व इस एफपीओ से जुड़े किसानों में ऐसे युवा भी जुड़ गए जो बैंकिंग सेक्टर और इंजीनियरिंग से जुड़े थे। वह अब सीजन के हिसाब से पुश्तैनी खेतों और बटाई पर खेत लेकर महीने का एक लाख रुपये तक कमा रहे हैं। अपना उत्पाद एफपीओ को देने के साथ स्वयं भी मंडी, सट्टियों पर पहुंचा कर अच्छा कमा रहे हैं।

पुश्तैनी कालीन के धंधे से अलग हटकर खेती में आजमाया हाथ : बात 2020 की है। विदेश से पढ़कर लौटे शाश्वत पांडेय पर दबाव था कि वह पिता के कालीन के कारोबार को आगे बढ़ाए। लेकिन शाश्वत को खेती का काम इस कदर भाया कि वह किसान बन गए। उन्होंने अपने बाग में निर्यात मानकों पर खरे उतरने वाले लंगड़ा आम की पैदावार की और दुबई भेजा। इससे उन्हें अच्छा दाम मिला और सरकार की योजनाओं की जानकारी मिली तो एफपीओ का गठन किया। इससे भदोही के 40 किसानों को जोड़ा और उनके उत्पाद प्रयागराज मंडी भेजने लगे। इसके बाद मीरजापुर और प्रयागराज के किसान इससे जुड़े और इनकी संख्या 400 से भी अधिक हो गई। बाद में बाराबंकी और रामपुर के लगभग 150 किसान भी उनके एफपीओ से जुड़कर अपनी आर्थिकी मजबूत कर रहे हैं।

कानपुर आइसीडी से होगा पहला निर्यात : 15 टन मिर्च की पहली खेप कानपुर आइसीडी (इनलैंड कंटेनर डिपो) से निर्यात होगी। कानपुर से रेलमार्ग से कंटेनर द्वारा मिर्च मुंबई बंदरगाह पहुंचाई जाएगी। सब्जियां दुबई तक पहुंचाने के लिए पूरी तरह 40 फीट के कंटेनर में चार किलो तीन सौ ग्राम के सब्जियों के 3300 पैकेट भेजे जाएंगे। स्थानीय बाजार से वहां दाम अधिक मिलता है। अभी हवाई मार्ग से सब्जियां निर्यात होती हैं, लेकिन अब पहली बार जलमार्ग से उनकी सब्जी जाएगी।

पैक हाउस से पूर्वांचल की मंडियों में भी जाएंगी सब्जियां

करखियांव पैक हाउस में हरी सब्जियों की पैकिंग करते शाश्वत पांडेय। (फाइल)

त्रिसागर फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी का छतमी में दो करोड़ की लागत से पैक हाउस बना है। यह पूर्वांचल का इकलौता ऐसा पैक हाउस है जो पूरी तरह वातानुकूलित है। यहां सब्जियों को लंबे समय सुरक्षित तक रखा जा सकता है। इसके लिए अलग-अलग केबिन बनाए गए हैं। हरी मिर्च के लिए भी अलग से स्टोर बना है। जैसे ही बाजार में मांग होगी स्थानीय पैक हाउस से फल, हरी मिर्च व अन्य सब्जियां जिलों की मंडी में यहां से जाएंगी।

वाराणसी के राजातालाब स्थित पैरिशेबल कार्गो सेंटर में हरी मिर्च की छंटाई करते श्रमिक • सौ. स्वयं

दुबई के लिए हरी मिर्च भेजने की तैयारी चल रही है। पूर्वांचल के जिलों में जनवरी से हरी मिर्च का उत्पादन बंद हो जाता है। इससे बाराबंकी व रामपुर से हरी मिर्च मंगाकर जमा की जा रही है। 15 मार्च तक 40 के फीट एसी कंटेनर में 15 टन मिर्च भेजी जाएंगी। गर्मी में पैक हाउस में सब्जियों व फलों का संरक्षण कार्य भी शुरू हो जाएगा।

शाश्वत पांडेय

अतिरिक्त सामग्री पढ़ने के लिए स्कैन करें।

स्मृति इरानी केस में दिल्ली हाई कोर्ट ने स्पष्ट की प्रक्रिया

जासं, नई दिल्ली : केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति इरानी व उनकी बेटी के विरुद्ध इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर आपत्तिजनक सामग्री को हटाने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया को दिल्ली हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया है। एक्स, फेसबुक और यूट्यूब द्वारा दायर तीन आवेदनों पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति प्रतीक जालान की पीठ ने कहा कि अगर इरानी इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स, फेसबुक और यूट्यूब पर किसी भी सामग्री को 29 जुलाई, 2022 के निषेधाज्ञा आदेश का उल्लंघन मानती हैं, तो उनके वकील इस प्रकिया का पालन कर सकते हैं। अदालत ने कहा कि सामग्री अपलोड करने वाले व्यक्ति या संस्था को अदालत के आदेशों की एक प्रति के साथ एक पत्र भेजें। अदालत ने कहा कि यदि अनुरोध तीन दिनों के भीतर स्वीकार नहीं किया जाता है तो वादी सामग्री को हटाने के लिए इन मध्यस्थों से संपर्क कर सकता है। यदि मध्यस्थ मानते हैं कि विशेष सामग्री निषेधाज्ञा आदेश के अंतर्गत नहीं आती है, तो वे वादी को तीन दिनों के भीतर सूचित करेंगे।

****

अर्जुन अवार्ड पाने वाली पहली महिला भारोत्तोलक हैं कुंजारानी देवी

कुंजारानी देवी का जन्म 1968 में आज ही इंफाल में हुआ था। 1985 की राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप में 44 किग्रा, 46 किग्रा और 48 किग्रा वर्ग में स्वर्ण जीता। राष्ट्रीय क्षेत्र पर दबदबा बनाने के बाद 1989 में मैनचेस्टर वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में रजत जीता। 1991 से 1997 तक वर्ल्ड चैंपियनशिप में छह और रजत पदक जीते। उन्होंने 1990 और 1994 के एशियाई खेलों में लगातार कांस्य भी जीते। 2004 में बीजिंग ओलिंपिक में भाग लिया। 1990 में अर्जुन अवार्ड पाने वाली पहली महिला भारोत्तोलक बनीं।

वैश्विक संगठन अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने शुरू किया कामकाज

1947 में आज ही अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) ने कामकाज शुरू किया था। इसकी स्थापना 1944 में अमेरिका में ब्रेटन वुड्स सम्मेलन में 29 देशों ने मिलकर की थी। आठ मई, 1947 को फ्रांस इससे उधार लेने वाला पहला देश बन गया। वर्तमान में इसके 190 सदस्य देश हैं।

किसी दूसरे ग्रह पर उतरने वाली पहली मानव निर्मित वस्तु बनी वेनेरा 3

1966 में आज ही अंतरिक्ष यान वेनेरा 3 शुक्र ग्रह की सतह से टकराने के बाद किसी अन्य ग्रह पर उतरने वाली पहली मानव निर्मित वस्तु बन गई थी। सोवियत संघ ने इसे 1965 में लांच किया था। 16 फरवरी को ही संचार प्रणाली विफल हो जाने की वजह से यह कोई डेटा नहीं भेज पाया।

इधर-उधर की

...जब झरने से पानी की जगह बहने लगी आग



कैलिफोर्निया के हार्सटेल फाल का नजारा ● इंटरनेट मीडिया

वाशिंगटन, एजेंसी: कभी-कभी प्रकृति कुछ ऐसे मनोरम दृश्य दिखाती है जिसपर यकीन कर पाना मुश्किल होता है। कैलिफोर्निया के योसेमाइट नेशनल पार्क में आने वाले पर्यटकों को कुछ ऐसा ही दुर्लभ नजारा देखने को मिला। यहां पर्यटकों ने हार्सटेल फाल से पानी की जगह आग बहते हुए देखा। दरअसल जब डूबते हुए सूर्य का प्रतिबिंब हार्सटेल फाल से बहते हुए पानी पर पड़ता है तब यह बहती हुई लपटों जैसा दिखने लगता है। ऐसा केवल फरवरी के महीने में ही होता है। इस घटना की झलक पाना दुर्लभ है, क्योंकि झरना अक्सर बादलों से ढका रहता है। जे हुआंग नाम के पर्यटक ने इस नजारे का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर साझा किया है, जो तेजी से प्रसारित हो रहा है।

एच-1बी पंजीकरण-आवेदन को नई प्रणाली लांच

वाशिंगटन, प्रेट्र: अमेरिका में एच-1बी वीजा और ग्रीन कार्ड बैकलाग में सुधार को लेकर राष्ट्रपति जो बाइडन हर संभव प्रयास कर रहे हैं। बुधवार को अमेरिकी नागरिकता एवं आव्रजन सेवा (यूएससीआइएस) एजेंसी ने एच-1बी वीजा रजिस्ट्रेशन व आवेदन को लेकर नई प्रणाली लांच करने की घोषणा की है। इससे एक संगठन के भीतर कई लोगों के साथ-साथ उनके कानूनी प्रतिनिधियों को एच-1बी पंजीकरण और एच-1बी आवेदन पर सहयोग करने और तैयार करने की अनुमति मिलेगी।

व्हाइट हाउस ने कहा कि हाल में ही आव्रजन प्रणाली में धोखाधड़ी की संभावना कम करने के लिए होमलैंड सिक्योरिटी विभाग ने कदम उठाए हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरीन जीन पियरे ने बुधवार को प्रेसवार्ता में कहा कि बाइडन प्रशासन वीजा प्रणाली और ग्रीन कार्ड में सुधार को लेकर लगातार कदम उठा रहा है। वहीं, यूएससीआइएस ने कहा कि मार्च में हम आनलाइन गैर-कैप एच1बी आवेदनों के लिए फार्म आइ-129 और संबंधित फार्म आइ-907 की आनलाइन फाइलिंग शुरू करेंगे। 1 अप्रैल को यूएससीआइएस एच-1बी कैप आवेदनों और संबंधित फार्म आइ-907 के लिए आनलाइन फाइलिंग करना शुरू कर देगा।

बाइडन कार्य के लिए पूरी तरह फिट: व्हाइट हाउस

जो बाइडन● एपी

वाशिंगटन, प्रेट्र : व्हाइट हाउस ने बाइडन के स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी साझा की है। डाक्टरों का हवाला देते हुए कहा गया है कि वह अपने कार्य के लिए पूरी तरह फिट हैं और सभी जिम्मेदारियों को पूरी तरह से निष्पादित कर रहे हैं। उन्हें कोई गंभीर समस्या नहीं है।

तीन डिग्री पारा बढ़ा तो हिमालय के 90% हिस्से में पड़ेगा सूखा

नई दिल्ली, प्रेट्र: ग्लोबल वार्मिंग से दुनिया भर में जलवायु परिवर्तन का संकट खड़ा हो गया है। इसके असर से भारत भी अछूता नहीं है। एक हालिया अध्ययन में चेतावनी दी गई है कि यदि तापमान तीन डिग्री सेल्सियस बढ़ा तो हिमालय के 90 प्रतिशत क्षेत्र को साल भर सूखे का सामना करना पड़ सकता है। जबकि ग्लोबल वार्मिंग की सीमा 1.5 डिग्री तक सीमित रखने से भारत में कृषि क्षेत्र में सूखे के खतरे को 21 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है।

क्लाइमेट चेंज जर्नल में प्रकाशित अध्ययन में शोधकर्ताओं ने पाया कि पेरिस समझौते के तहत 1.5 डिग्री वैश्विक तापमान लक्ष्य से भारत में गर्मी के तनाव के मानव जोखिम को 80 प्रतिशत कम किया जा सकता है। ब्रिटेन की यूनिवर्सिटी आफ ईस्ट एंजिला (यूईए) के शोधकर्ताओं ने अपने निष्कर्ष के लिए आठ अध्ययनों में भारत, ब्राजील, चीन, मिस्र, इथियोपिया और घाना पर फोकस किया था। शोध दल ने पाया कि ग्लोबल वार्मिंग की सीमा 1.5 डिग्री तक सीमित करने से देश की जैवविविधता के नुकसान को आधा रोका जा सकता है।

- एक अध्ययन में दी गई चेतावनी-इतना तापमान बढ़ने पर पूरे साल रहेगा सूखा
- सबसे ज्यादा असर भारत के हिमालयी इलाकों पर पड़ सकता है

महाराष्ट्र के कर्जत में पारा पहुंचा 41 डिग्री सेल्सियस

मुंबई, मिड-डे: महाराष्ट्र के कर्जत में गुरुवार को तापमान 41.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ठाणे, पालघर और कोंकण के कई अन्य इलाकों में भी तापमान 40 डिग्री पहुंच गया है। मौसम विज्ञानियों ने कुछ दिन गर्म मौसम बना रहने की आशंका जताई है। वैगरीज आफ वेदर के राजेश कपाड़िया ने कहा कि इस स्थिति में कुछ दिनों तक मौसम सामान्य तापमान से अधिक गर्म रहता है।

रूसी सेना से 20 भारतीयों की वापसी का प्रयास

विदेश मंत्रालय ने कहा-हरसंभव मदद देंगे

नई दिल्ली, प्रेट्र : भारत ने गुरुवार को कहा कि रूसी सेना में सहायक कर्मचारियों के तौर पर काम कर रहे लगभग 20 भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द कार्यमुक्त कराने के हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक प्रेस कान्फ्रेंस में कहा, 'हमारा मानना है कि वहां 20 लोग (भारतीय) हैं जो रूसी सेना में सहायक या सहायक कर्मचारियों के तौर पर काम करने के लिए गए थे। हम उन्हें निकालने की हरसंभव कोशिश कर रहे हैं। हम उन्हें कार्यमुक्त कराने एवं उनकी मदद करने का प्रयास कर रहे हैं।' उन्होंने बताया कि इन लोगों ने मास्को में भारतीय दूतावास से संपर्क किया था। वे विभिन्न स्थानों पर हैं और भारतीय दूतावास उनसे संपर्क बनाए हुए है। जायसवाल ने बताया कि इन भारतीयों की स्वदेश वापसी सुनिश्चित करने के लिए भारत दिल्ली और मास्को दोनों जगह रूसी अधिकारियों के संपर्क में है। उन्होंने कहा, 'हमने लोगों से कहा कि वे युद्ध क्षेत्र में न जाएं या ऐसी स्थिति में न फंसे जो मुश्किल हो। हम अपने सभी लोगों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं।' विदेश मंत्रालय ने सोमवार को बताया था कि भारत की मांग पर रूस की सेना ने सहायक के तौर पर कार्य कर रहे कई भारतीयों को कार्यमुक्त कर दिया है।

- विभिन्न स्थानों पर हैं ये भारतीय, दूतावास उनसे बनाए हुए है संपर्क
- सहायक के तौर पर कार्य कर रहे कई भारतीय कार्यमुक्त हुए

कतर में मौत की सजा पाए आठ पूर्व नौसेना अधिकारियों की रिहाई से जुड़े मामले में जायसवाल ने कहा, आठवें भारतीय नागरिक को कुछ औपचारिकताएं पूरी करनी हैं। जब ये पूरी हो जाएंगी तो वह भी लौट आएंगे।' मालदीव में तैनात भारतीय सैन्यकर्मियों की वापसी के मामले में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, 'आधुनिक हल्के हेलीकाप्टर को संचालित करने के लिए तकनीकी कर्मियों की पहली टीम मालदीव पहुंच चुकी है। ब्रिटिश नागरिक निताशा कौल को वापस भेजने से जुड़े सवाल पर जायसवाल ने कहा, 'यह विशेष ब्रिटिश नागरिक (निताशा) 22 फरवरी को भारत आई थीं। जैसा कि आप जानते हैं कि हमारे देश में विदेशी नागरिकों का प्रवेश एक संप्रभु निर्णय है...।' निताशा ने दावा किया था कि उन्हें कर्नाटक सरकार ने संगोष्ठि के लिए आमंत्रित किया था और बेंगलुरु एयरपोर्ट से उन्हें लौटा दिया गया था।

पुतिन की पश्चिमी देशों को परमाणु युद्ध की चेतावनी

मास्को, एपी : रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को पश्चिमी देशों को आगाह किया कि यूक्रेन में उनका असीमित दखल विश्व को परमाणु युद्ध के खतरे की ओर ले जा रहा है। उन्होंने साफ कहा कि यूक्रेन में अपने उद्देश्यों को पूरा किए बगैर रूस सैन्य कार्रवाई नहीं रोकेगा। यूक्रेन में रूसी सेना ने जो जीत हासिल की है, वह उसे बनाए रखने के लिए संकल्पबद्ध हैं। राष्ट्रपति पुतिन ने यह बात आम चुनाव से पूर्व अपने राष्ट्रीय संबोधन में कही है। रूस की राजनीति में जो समीकरण बन गए हैं उनमें पुतिन का चुनाव जीतना और राष्ट्रपति बने रहना लगभग तय माना जा रहा है। पुतिन ने चुनाव से पूर्व करीब 110 अरब डालर की योजनाओं और बच्चों वाले सामान्य वर्ग के परिवारों को सुविधाएं देने की घोषणा की है।

पुतिन ने परमाणु युद्ध की चेतावनी फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के पश्चिमी देशों की सेनाओं की यूक्रेन में तैनाती की संभावना से इन्कार न किए जाने के बाद दी है। मैक्रों ने यूक्रेन के युद्ध में नाटो के देशों की सेनाओं की तैनाती पर इसी हफ्ते बात की है। पुतिन ने कहा कि जो भी देश यूक्रेन में सेना की तैनाती के निर्णय में भागीदार बनेंगे वे भयंकर दुष्परिणाम भुगतने के लिए जिम्मेदार होंगे। कहा, जब यूरोप के नाटो देशों पर रूस के हमले की योजना की चर्चा की जाती है तो इसका मतलब यह होता है कि पश्चिमी देश रूसी ठिकानों पर हमले की रूपरेखा बना रहे हैं। यूक्रेन में जो हथियार भेजे जा रहे हैं उनका उद्देश्य भी रूस को नुकसान पहुंचाना है। पुतिन ने कहा, जो देश अपनी सेनाएं रूसी धरती पर भेजने की योजना बना रहे हैं, हमलावर के रूप में उनके साथ बहुत बुरा होगा। इससे पहले सांसदों और उच्च अधिकारियों को संबोधित करते हुए पुतिन ने कहा, पश्चिमी देशों को यह बात मस्तिष्क में रखनी चाहिए कि हमारे पास उन पर हमला करने में सक्षम हथियार हैं। ऐसी स्थिति में परमाणु युद्ध छिड़ने का पूरा खतरा है और उससे पूरी दुनिया का विनाश निश्चित है।

मास्को में राष्ट्र को संबोधित करते रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ● एपी

- यूक्रेन में नाटो सैनिकों की तैनाती के बयान पर बोले रूसी राष्ट्रपति
- कहा, यूक्रेन में असीमित दखल बढ़ा रहा दुष्परिणाम का खतरा

रूस ने यूक्रेन के सीमावर्ती क्षेत्रों में हमले किए तेज

कीव, एपी : हाल की सफलताओं के बाद रूसी सेना ने यूक्रेन के शहरों पर हमले तेज कर दिए हैं। रूसी सेना यूक्रेन के पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी भाग को निशाना बनाकर हमले कर रही है। रूस अब यूक्रेनी सेना के पास हथियारों और गोला-बारूद का कमी का फायदा उठाते हुए बड़े हिस्से पर कब्जा करना चाह रहा है।

2028 तक जी 7 को पीछे छोड़ देगा ब्रिक्स: पुतिन ने कहा है कि वैश्विक जीडीपी में ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका और कुछ अन्य देश) 2028 तक अमेरिका के नेतृत्व वाले जी 7 को पीछे छोड़ देगा। 2028 तक वैश्विक जीडीजी में ब्रिक्स की भागीदारी 36.6 प्रतिशत होगी, वहीं जी 7 की 27.8 प्रतिशत होगी। (आइएएनएस)

मारीशस के एगलेगा में भारत ने बनाई हवाई पट्टी

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र की चुनौतियों से निपटने के लिए भारत और मारीशस एक प्राकृतिक साझेदार है। इस पूरे क्षेत्र में सुरक्षा, संपन्नता व स्थिरता के लिए हम काम करते रहेंगे। उन्होंने पिछले छह महीने के दौरान मारीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ के साथ हुई पांच बैठकों को दोनों देशों के बीच बढ़ते समझ-बूझ के तौर पर चिह्नित किया।

भारत सरकार की तरफ से मारीशस के एगलेगा में निर्मित हवाई पट्टी, जेट्टी और सामुदायिक विकास की छह परियोजनाओं का वर्चुअली उद्घाटन करने के बाद मोदी ने ये बातें कहीं। कार्यक्रम में मारीशस के पीएम भी मौजूद रहे। वैसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में भारत ने हिंद महासागर में पांव पसारने की जो शुरुआत की थी, वह अब ज्यादा स्पष्ट तौर पर दिखाई देने लगी है। हालांकि दोनों देशों की तरफ से स्पष्ट किया गया है कि उक्त दोनों परियोजनाओं का कोई सैन्य उद्देश्य नहीं है लेकिन इनके जरिये हिंद महासागर में शत्रु देशों की गतिविधियों पर नजर रखने में मदद मिलेगी। सुविधाओं का भारतीय नौसेना के जहाज भी शांतिपूर्ण कार्यों के लिए लाभ उठा सकेंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मारीशस के उनके समकक्ष प्रविंद जगन्नाथ ● एएनआइ

- प्रधानमंत्री मोदी ने वर्चुअली किया कई परियोजनाओं का उद्घाटन
- हिंद महासागर क्षेत्र में शत्रु देशों की गतिविधियों पर रख सकेंगे नजर

लक्षद्वीप में बेस आइएनएस जटायु बनाएगी नौसेना

नई दिल्ली, एएनआइ: हिंद महासागर क्षेत्र में अपनी स्थिति मजबूत करने की कवायद के तहत भारतीय नौसेना लक्षद्वीप के मिनिकाय द्वीप समूह में अगले सप्ताह एक नया बेस आइएनएस जटायु बनाने जा रही है। रक्षा अधिकारियों ने बताया कि भारतीय नौसेना आइएनएस विक्रमादित्य और आइएनएस विक्रांत सहित दो विमान वाहकों पर अपने कमांडरों का सम्मेलन भी आयोजित करेगी। एक पोत से उड़ान भरने और दूसरे पर उतरने जैसे कई आपरेशन करेंगे।

सुरक्षा परिषद में सुधार पर चीन का चर्चा का बहाना

बीजिंग, प्रेट्र : संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार के मसले पर चीन ने फिर अस्पष्ट रुख प्रदर्शित किया है। सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता के दावे के विरोध से इन्कार करते हुए चीन ने कहा है कि सुधार के लिए गंभीर चर्चा करके सहमति बनाए जाने की जरूरत है।

चीन के विदेश मंत्री वांग ई ने कहा, विश्व उम्मीद करता है कि संयुक्त राष्ट्र वैश्विक चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटे और उनका समाधान निकाले। चीन सुरक्षा परिषद में सुधार का समर्थन करता है लेकिन उसमें विकासशील देशों की आवाज शामिल होनी चाहिए। वांग ने यह बात सुरक्षा परिषद में सुधार के सिलसिले में सरकारों से बात करने वाली संयुक्त राष्ट्र की समिति के सदस्यों से वार्ता के दौरान कही।

म्यांमार सीमा बाड़बंदी के खिलाफ नगालैंड विस में हुई चर्चा

कोहिमा, प्रेट्र : नगालैंड विधानसभा में म्यांमार की सीमा पर बाड़ लगाने और पड़ोसी देश के साथ मुक्त आवागमन व्यवस्था (एफएमआर) को रद करने के केंद्र सरकार के फैसले खिलाफ शुक्रवार को प्रस्ताव पारित किया जाएगा। यह जानकारी मुख्यमंत्री नीफियो रियो ने दी।

उन्होंने बताया कि इस मुद्दे पर गुरुवार को चर्चा की गई। सदन के सभी 60 सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव को पारित करने में सहमति जताई। एफएमआर पर चर्चा की शुरुआत नागा पीपल्स फ्रंट (एनपीएफ) के विधायक कुझोलुजो नीनु ने की और अन्य सदस्यों ने इसमें हिस्सा लिया।

'ब्रिटेन भीड़ तंत्र की ओर बढ़ रहा'

लंदन, एपी : इजरायल-हमास युद्ध को लेकर विरोध प्रदर्शनों से सरकार पर दबाव बनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा है कि ब्रिटेन लोकतंत्र से भीड़ तंत्र की ओर बढ़ रहा है। वह बुधवार को पुलिस प्रमुखों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने पुलिस प्रमुखों से विरोध प्रदर्शनों को भीड़ तंत्र में बदलने से रोकने के लिए अपनी पूरी शक्ति का उपयोग करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि देश में बढ़ते हिंसक और डराने वाले व्यवहार का पैटर्न है, जिसका उद्देश्य स्वतंत्र बहस को खत्म करना और निर्वाचित प्रतिनिधियों को अपना काम करने से रोकना है। उन्होंने कहा कि इस बात पर आम सहमति बढ़ रही है कि भीड़ शासन लोकतांत्रिक शासन की जगह ले रहा है। हमें सामूहिक रूप से इसे तत्काल बदलना होगा। इजरायल का समर्थन करने के कारण धमकी मिलने की कई सांसदों ने शिकायत की थी। इसे लेकर सरकार की ओर से उनकी सुरक्षा बढ़ाने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए 310 लाख पाउंड का फंड जारी किया गया है।

ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक।

भारतवंशियों को लुभाने के लिए लेबर पार्टी ने लांच किया संगठन: ब्रिटेन की लेबर पार्टी ने नया डायसपोरा आउटरीच आर्गेनाइजेशन लांच किया है। इसका उद्देश्य भारतवंशियों को अपनी ओर आकर्षित करना है।

भारत-बांग्लादेश के बीच ढाका में होगी सीमा वार्ता

नई दिल्ली, प्रेट्र: भारत और बांग्लादेश के बीच द्वि-वार्षिक महानिदेशक स्तरीय सीमा वार्ता इसी माह ढाका में आयोजित होगी। प्रतिनिधिमंडल पांच से नौ मार्च तक होने वाली बैठक के लिए बांग्लादेश की यात्रा पर जाएगा।

इलिनोइस में प्राइमरी चुनाव से ट्रंप अयोग्य घोषित

वाशिंगटन, रायटर : कैपिटल हिंसा मामले में इलिनोइस के एक जज ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को राज्य के प्राइमरी चुनाव से अयोग्य घोषित कर दिया है। संविधान में 14वें संशोधन के विद्रोह खंड के अंतर्गत निर्णय दिया गया कि छह जनवरी को कैपिटल हिंसा में उनकी भूमिका ने उन्हें राष्ट्रपति के रूप में सेवा करने के लिए संवैधानिक रूप से अयोग्य बना दिया है। ट्रंप को अपील के लिए शुक्रवार तक का समय दिया गया है।

यह फैसला कुक काउंटी सर्किट जज ट्रेसी पोर्टर ने सुनाया है। ट्रंप को कोलोराडो और मेन के बाद तीसरे राज्य में ऐसा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट बुधवार को यह तय करने के लिए सहमत हो गया है कि क्या ट्रंप पर 2020 के चुनाव में हस्तक्षेप के आरोप में मुकदमा चलाया जा सकता है।

डोनाल्ड ट्रंप।

पाक में रविवार को चुना जाएगा नया प्रधानमंत्री

इस्लामाबाद, प्रेट्र : पाकिस्तान का नया प्रधानमंत्री रविवार को चुना जाएगा। पीएम पद के लिए पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के शहबाज शरीफ सबसे मजबूत दावेदार हैं। नेशनल असेंबली सचिवालय ने गुरुवार को चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की।

कार्यक्रम के मुताबिक पीएम पद के उम्मीदवार शनिवार दोपहर दो बजे नामांकन पत्र जमा कर सकते हैं। वहीं गुरुवार को नवनिर्वाचित सांसदों ने शपथ ली। इस दौरान इमरान खान की पार्टी के समर्थक सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे।

मदद की आस में एकत्र भीड़ पर इजरायली हमला, 104 की मौत

काहिरा, रायटर: गाजा में युद्धविराम की कोशिशों के बीच इजरायल के हमले जारी हैं। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने आरोप लगाया कि गाजा शहर में मदद की आस लगाए फलस्तीनियों पर गुरुवार को इजरायली हमले में 104 लोग मारे गए हैं और 280 लोग घायल हो गए। कहा, इजरायल-हमास जंग शुरू होने के बाद से अब तक 30,035 फलस्तीनी मारे जा चुके हैं, जबकि 70,457 लोग घायल हुए हैं।

इजरायल के प्रवक्ता ने गाजा के अधिकारियों के आरोप को खारिज करते हुए कहा कि जिस स्थान पर घटना की बात कही जा रही है वहां किसी तरह की गोलाबारी नहीं हुई है। वहीं, फलस्तीनी अधिकारियों ने कहा कि एक अस्पताल ने कहा कि वहां 10 लोगों के शव ले जाए गए। सात अक्टूबर के हमास हमले के बाद इजरायल के हवाई, समुद्री व जमीनी हमले का सबसे अधिक प्रभाव गाजा सिटी और उत्तरी गाजा के आसपास के क्षेत्र में रहा है।

****

दैनिक जागरण क्लासीफाइड

कम दाम, ज्यादा काम

For online booking log on to www.jagranclassifieds.com

आवश्यकता

आवश्यकता

मशीन ऑपरेटर चाहिए।

- फ्लोर कोटिंग मशीन
- टी.टी.एस. मशीन
- सरफेस ग्राइंडर मशीन

अनुभव 5-7 वर्ष

ओम इलेक्ट्रा लिमिटेड, लोटा

तुरंत सम्पर्क करें

98291-22336

आवश्यकता है लग्जरी गाड़ियों हेतु कार रेंटल कंपनी को कमर्शियल लाइसेन्सधारी ड्राईवरों की, मासिक वेतन रू 20,000 संपर्क Ten Travels महिपालपुर नई दिल्ली 9953595950, 9953595970

खण्डा सिक्योरिटी को गाजियाबाद में गार्डों की, आवश्यकता है, अच्छा वेतन+ रहने की, सुविधा। योग्यता- दसवीं पास, लम्बाई- 5'7" तुरन्त सम्पर्क करें: 9457284373, 9897082113

सूचना

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given that Share Certificate No. 89699 for 100 Equity Shares of Rs.10/- (Rupees ten only) each bearing Distinctive No.(s) 18752117 to 18752216 of Eicher Motors Limited, having its registered office at 3rd Floor, Select Citywalk, A-3 District City Centre, SACKET New Delhi 110017 registered in the name of Ashok Kumar Bhatia/Neelam Bhatia have been lost. (Name of the holder) have applied to the company for issue duplicate certificate. Any person who has any claim in respect of the said shares certificate should lodge such claim with the company within in 15 days of the publication of this notice.

Known to all that my client Smt. Bindra Devi W/o Sh. Dalip Kumar R/o A-82, Janta Colony, Shivaji Vihar, New Delhi-27 has disowned her sons, Jitender Kumar and his wife Ritu Kumar, Vikas Kumar and his wife Sakshi and Akash Kumar from all her movable and immovable properties and severed her relations with her sons and daughter-in-laws, because they are out of her control. Anybody, who deals with them in any manner, He/she shall do so at his/her own risks. My client will not be responsible, for the same, in any manner. Ajay Kumar (Adv.)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुविक्कलों तेजपाल पुत्र स्व) रामजी लाल एवं श्रीमती अन्नी पत्नी तेजपाल दोनों निवासीगण म.नं. 210, बीछ पट्टी, खेड़ा मौहल्ला, छोटी माता मन्दिर, असोला, फतेहपुर बेरी, दक्षिणी दिल्ली-74 ने अपने पुत्र अरविन्द कुमार को इसके गलत आचरण, दुर्व्यवहार करने तथा नियंत्रण से बाहर होने के कारण अपनी सभी चल व अचल सम्पत्तियों से बेदखल कर अपने सभी सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है तथा मेरे मुविक्कलों का अपने पुत्र से कोई भी रिश्ता-नाता नहीं हैं। दिनकर वर्मा (अधिवक्ता) चैंबर नं. 121 साकेत कोर्ट नई दिल्ली।

प्रापर्टी

NCR में कामर्शियल /आवासीय /कृषि उपयोग की भूमि उचित दाम में खरीद कर अधिक लाभ प्राप्त करने के लिए संपर्क करें : - SDS Group of Property 9411997904, 9837113136

खोया-पाया

I lost the POSSESSION LETTER for my FLAT No. 1101 Monarch TOWER at AJNARA GEN-X Crossing Republic, NH-24, Ghaziabad

नाम परिवर्तन

I hitherto known as GIRJARANI W/O RAM CHARAN SONI Pesently residing at A-484, Gali No-6-7, Part-1, 1st Pusta Sonia Vihar, Karawal Nagar, North East Delhi-110094, have changed my name and shall hereafter be known as BHANMATI.

मैं,दिव्या, श्री जय भगवान मित्तल की पुत्री, निवासी, इ-2/35,शास्त्री नगर,दिल्ली 110052, ने अपना नाम दिव्या मित्तल से दिव्या में 25.12.2023 को नोटरी एम.डी. अनीस ताज के सामने दायर एफिडेविट के माध्यम से बदल लिया है।

I, Hari Om Dubey s/o Brij Kishor R/o village timrakh, ranipur, kurra jarawan, mainpuri U.P-205268 have changed my name to Arun Prakash for all future purposes.

I hitherto known as Leelam S/o Anar Singh Saini R/o 70, Village and Post Holambi Kalan, North West Delhi-110082 have changed my name and shall hereafter be known as Neelam Saini.

I Sanjeev S/o Himachal Singh R/o Gram- Alamgirpur Badhla 8, Alamgirpur Badhla , Meerut, Parkishit Garh UP- have changed my name to Sanjeev Kumar for all purposes.

Classifieds

दैनिक जागरण

YOU CAN BOOK CLASSIFIED ADVT. OVER PHONE In Delhi-NCR

For More Details Contact

- Delhi : Pawan Kumar- 8717082004
- Noida & Gr. Noida : Vijay Kumar- 8717082004, Prince Pandey 8711822750
- Ghaziabad : Vijay- 7838087222
- Gurugram : Chandan- 9818022008
- Faridabad : Manish Jha- 9910120434

इरकॉन

इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड

नवरत्न कम्पनी

(भारत सरकार का उपक्रम)

वेबसाईट : www.ircon.org, CIN - L45203DL1976GOI008171

ई-प्रोक्योरमेंट सूचना (राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी बोली)

ई-निविदा सं. : इरकॉन/इलैक्ट्रिकल/गेट/लिफ्ट/बोर्ड/01 दिनांक 28.02.2024

निम्नलिखित कार्य हेतु आवश्यक पात्रता पूर्ण करने वाले निविदादाताओं से ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती है:

सी-4, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, साकेत, नई दिल्ली स्थित इरकॉन के कॉर्पोरेट कार्यालय भवन में संस्थापित 6 अवम मीजूदा कोन मेक लिफ्टों का रिहैबिलिटेशन।

कार्य की अनुमानित लागत	रु. 85,74,100/-
ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	19.03.2024 को 15.00 बजे तक

अधिक जानकारी हेतु, कृपया वेबसाइट https://eprocure.gov.in/epublish.app देखें। शुद्धि पत्र, यदि कोई होगा तो, केवल वेबसाइट पर होस्ट किया जाएगा।

मुख्य महाप्रबंधक/विद्युत, सी-4, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, साकेत, नई दिल्ली-110017

सीएसआईआर-भारतीय विषविज्ञान अनुसंधान संस्थान

विषविज्ञान भवन, 31 महात्मा गांधी मार्ग, पोस्ट बॉक्स नं. 80, लखनऊ-226001

CSIR-INDIAN INSTITUTE OF TOXICOLOGY RESEARCH

Vishvigyan Bhavan, 31 Mahatma Gandhi Marg, Post Box No. 80, Lucknow-226001

IITR

विज्ञापन संख्या : आईआईटीआर/1/2024

ऑनलाइन आवेदन और शुल्क जमा शुरू होने की तिथि : 01 मार्च 2024 ; 10:00 बजे पूर्वान्ह

पोर्टल पर पूर्ण आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि : 31 मार्च 2024 ; शाम 5.30 बजे अपरान्ह

"आवेदन की हार्ड कॉपी स्वीकार नहीं की जायेगी"

विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी क्षेत्र में अनुसंधान कैरियर हेतु एक अनूठा अवसर

सीएसआईआर-भारतीय विषविज्ञान अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-आईआईटीआर) लखनऊ, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), नई दिल्ली की एक घटक प्रयोगशाला है जिसकी स्थापना 4 नवंबर 1965 को हुई थी। संस्थान के बारे में और अधिक जानकारी के लिए कृपया संस्थान की वेबसाइट https://www.iitr.res.in पर देखें।

निम्नलिखित तकनीकी सहायक/अधिकारी तथा तकनीशियन के पदों हेतु उत्साही, युवा भारतीयों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं, जिनके पास आवश्यक अनुभव और उच्च स्तर की प्रेरणा और उपरोक्त क्षेत्रों में कैरियर के रूप में अनुसंधान करने की इच्छा के साथ उत्कृष्ट शैक्षणिक रिकॉर्ड है।

मानदंडों के अनुसार पदों एवं संबंधित परिलब्धियों तथा आयु सीमा का विवरण निम्नलिखित है :

पदनाम	पदों की संख्या और आरक्षित पदों का विवरण	पे मैट्रिक्स स्तर	*कुल परिलब्धियाँ	**ऑनलाइन आवेदन के की अंतिम तिथि तक आयु, निर्धारित ऊपरी आयु सीमा से अधिक नहीं होनी चाहिए
तकनीकी सहायक	अनारक्षित = 03 पीडब्ल्यूबीडी (एचएच) = 01 एससी = 01 ओबीसी = 02 ईडब्ल्यूएस = 01 कुल पदों की संख्या : 08	वेतन मैट्रिक्स लेवल – 06	Rs. 63,312/- (लगभग)	28 वर्ष (नियमानुसार छूट)
तकनीशियन (1)	अनारक्षित = 03 पीडब्ल्यूबीडी (एचएच) = 01 ईएसएम = 01 एससी = 02 ओबीसी = 03 ईडब्ल्यूएस = 01 कुल पदों की संख्या : 11	वेतन मैट्रिक्स लेवल – 02	Rs. 34,625/- (लगभग)	28 वर्ष (नियमानुसार छूट)

*कुल परिलब्धियों का अर्थ यह है कि न्यूनतम मूल वेतन पर लखनऊ शहर में देय मकान किराया भत्ता सहित अनुमानित कुल परिलब्धियाँ।

**आयु में छूट नियमानुसार प्रदान किया जायेगा। आयु में छूट हेतु कृपया "छूट कॉलम" के अंतर्गत देखें।

अधिक जानकारी हमारी वेबसाइट : https://www.iitr.res.in पर उपलब्ध है।

प्राधिकृत अधिकारी

फाइल संख्या : 5(104)/1/2023-E.I. दिनांक : 28.02.2024 सीएसआईआर-आई.आई.टी.आर.



असली या नकली?
अंतर पहचानिये

Instagram के चेतावनी लेबल्स के साथ

यदि आपको डीपफेक जैसी गुमराह करने वाली जानकारी वाला कोई Instagram पोस्ट मिलता है, तो शिकायत अधिकारी से संपर्क करें और इसकी रिपोर्ट करें। ऐसे पोस्ट्स हमारे सामुदायिक दिशानिर्देशों और भारत के कानून का उल्लंघन कर सकते हैं।

ज़्यादा जानिये Instagram.com/INfactcheck पर

****

जागरण सिटी

दैनिक जागरण
दिल्ली

www.jagran.com

सेवानिवृत्ति जीवन का अंत नहीं : शैलानी III

अब तक 87 हजार बुजुर्गों को कराई तीर्थयात्रा : आतिशी IV

प्रणाम

चित्रकला प्रदर्शनी

- इंडिया हैबिटेट सेंटर में चित्रकार निशिता बदेरिया की एकल चित्रकला प्रदर्शनी, ओपन पाल्म कोर्ट गैलरी। सुबह 11 से शाम सात बजे तक। प्रदर्शनी पांच मार्च तक लगी रहेगी।

फोटोग्राफी प्रदर्शनी

- इंडिया हैबिटेट सेंटर में इटेलियन दूतावास सांस्कृतिक केंद्र की ओर से फोटोग्राफी प्रदर्शनी, सेंटर एट्रियम। सुबह 11 से शाम सात बजे तक। प्रदर्शनी सात मार्च तक लगी रहेगी।

दैनिक जागरण कार्यालय

स्थानीय ब्यूरो
प्यारे लाल भवन, बहादुरशाह जफर मार्ग, आइटीओ, दिल्ली

प्रिय पाठकगण,
आप एक जागरूक शहरी के रूप में दैनिक जागरण अखबार व अपने समाज की आंख व कान बन सकते हैं। अपने शहर की जिन समस्याओं, मुद्दों व बातों को जिम्मेदार लोगों तक पहुंचाना चाहते हैं, हमें बताएं। हम समाचार पत्र के माध्यम से आपकी आवाज को उन लोगों तक ले जाएंगे जो इसके लिए जिम्मेदार हैं। संपर्क करें : 8175813532 ईमेल : reporter@nda.jagran.com

अगर आपको अपना प्रिय समाचार पत्र दैनिक जागरण मिलने में कोई परेशानी हो रही है तो कृपया हमें जरूर बताएं।
9873067812

एक नजर में

केजरीवाल के खिलाफ चुनाव लड़ेगा जेल में बंद सुकेश

पूर्वी दिल्ली : ठगी के मामले में मंडोली जेल में बंद सुकेश चंद्रशेखर ने सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफ विधानसभा चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। सुकेश ने अपने वकील के जरिये एक पत्र जारी किया है, जिसमें उसने मुख्यमंत्री को संबोधित करते हुए चुनाव लड़ने की बात कही है। सुकेश ने पत्र में लिखा कि पिछले दो महीने से सब कुछ खामोश था, मैं भी सोच रहा था कि सब कैसे चुप हो गए। मुझे धमकियां और आफर नहीं भेजे जा रहे, लेकिन पिछले तीन दिनों से एक बार फिर जेल प्रशासन के माध्यम से दबाव की रणनीति शुरू हो गई है। तमिलनाडु या कर्नाटक से चुनाव के लिए टिकट आफर किया है। उसने आरोप लगाया है कि तीन दिनों से एक विशेष फोन नंबर से लगातार उसके परिवार को फोन आ रहा है। (जासं)

गोवंशी को ट्रैक्टर ट्राली से घसीटने का आरोप

गाजियाबाद : नंदग्राम थानाक्षेत्र में डेरी संचालक पर गोवंशी को ट्रैक्टर ट्राली से घसीटने का आरोप लगाया गया है। मामले में पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज किया है। विजयनगर के पवन तोमर ने नंदग्राम पुलिस को शिकायत दी कि 27 फरवरी को उन्हें सूचना मिली कि हिंडन विहार में गाय ने बछड़े को जन्म दिया है। डेरी संचालक इरफान गोवंशी को घसीटकर ले जा रहा था। पुलिस ने इरफान समेत अज्ञात पर केस दर्ज किया है। (जासं)

दिल्ली के छह स्टेशनों को 'ईट राइट' टैग

- यात्रियों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने वाले स्टेशनों में नई दिल्ली, अयोध्या कैंट, भोपाल भी शामिल
- नोएडा इलेक्ट्रानिक सिटी, बाटनिकल गार्डन समेत छह मेट्रो स्टेशनों को भी मिला टैग

राब्यू, नई दिल्ली : दिल्ली के छह रेलवे स्टेशनों को भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआइ) द्वारा ईट राइट स्टेशन का प्रमाणपत्र 'टैग' मिला है। इस समय देश के 154 स्टेशनों को यह प्रमाण पत्र मिला है। दिल्ली में सबसे पहले मार्च, 2020 में आनंद विहार टर्मिनल को पांच स्टार की रेटिंग दी गई थी। दो वर्ष की अवधि समाप्त होने के बाद फिर से उसे प्रमाण पत्र दिया गया। नई दिल्ली, पुरानी दिल्ली, हजरत निजामुद्दीन, नरेला, शाहदरा रेलवे स्टेशन भी इस सूची में शामिल हैं।

लोगों को स्वास्थ्य के अनुकूल, शुद्ध व गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के लिए एफएसएसएआइ ने वर्ष 2018 में ईट राइट अभियान शुरू किया है। इसकी टैगलाइन है, सही भोजन बेहतर जीवन। भारतीय रेलवे भी इस अभियान का हिस्सा है। स्टेशनों पर उपलब्ध खानपान सुविधा की विभिन्न मानकों पर पड़ताल करने के बाद एक से लेकर पांच तक की रेटिंग दी जाती है। तीन से पांच स्टार प्राप्त करने वाले स्टेशन को दो वर्षों के लिए ईट राइट स्टेशन का प्रमाणपत्र मिलता है। मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन चार स्टार की रेटिंग के साथ देश का पहला ईट राइट स्टेशन बना था। दो वर्ष के लिए यह प्रमाण पत्र दिया जाता है। उसके बाद फिर आवेदन करना होता है। पड़ताल करने के बाद प्रमाणपत्र जारी होता है। देश के छह मेट्रो स्टेशनों को भी टैग दिया गया है। इनमें आइआइटी कानपुर, नोएडा इलेक्ट्रानिक सिटी, नोएडा सेक्टर 51, बाटनिकल गार्डन (नोएडा), एस्प्लेनेड (कोलकाता) शामिल हैं।

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन ●

मेट्रो-रैपिड ट्रेन एक ही ट्रैक पर अब साथ दौड़ेंगी

कुंदन तिवारी ● नोएडा

नोएडा मेट्रो रेल कारपोरेशन (एनएमआरसी) की नोएडा सेक्टर-61 (ब्लू लाइन) से ग्रेटर नोएडा नालेज पार्क- 5 तक प्रस्तावित एक्वा मेट्रो लाइन को गाजियाबाद से नोएडा एयरपोर्ट तक जाने वाले रैपिड ट्रेन ट्रैक से ग्रेटर नोएडा एक्सटेंशन में लिंक किया जाएगा। इससे नोएडा में प्रदेश का पहला ऐसा मेट्रो ट्रैक होगा, जिसमें एक ही ट्रैक पर दो अलग-अलग वजन की मेट्रो-रैपिड ट्रेन एक साथ दौड़ेंगी। चूंकि मेट्रो कोच का वजन करीब 42 टन (प्रति कोच) और रैपिड ट्रेन के प्रति कोच का वजन करीब 60 टन होगा। ऐसे में दोनों के संचालन में गति में बड़ा अंतर होगा। आरआरटीएस की रैपिड ट्रेन की अधिकतम गति 140 से 160 किमी प्रतिघंटा हो सकती है। जबकि मेट्रो की अधिकतम गति 120 किमी प्रतिघंटा होती है। नोएडा में चलने वाली एक्वा मेट्रो की अधिकतम गति 80 किमी प्रतिघंटा है। लेकिन 45 से 50 किमी प्रतिघंटा ही संचालित हो रही है। तीन कोच की मेट्रो और आठ कोच की रैपिड ट्रेन का संचालन एक साथ एक ही ट्रैक पर संचालित होने से छह लाख सवारियों को सीधा फायदा मिलेगा। इसके संकेत केंद्र सरकार की ओर से नोएडा मेट्रो रेल कारपोरेशन एमडी डा. लोकेश एम को दिए गए है। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये ग्रेटर नोएडा एक्सटेंशन के लिए प्रस्तावित एक्वा मेट्रो की पूरी कार्ययोजना से अधिकारी अवगत हुए। उन्होंने स्पष्ट किया है कि दोनों में से एक ही परियोजना को अनुमति मिलेगी। यदि प्रस्तावित परियोजना को मंजूरी नहीं मिलती तो नई डीपीआर के साथ इसको लिंक लाइन में तब्दील कर दिया जाएगा।

नोएडा सेक्टर 61 ब्लू लाइन मेट्रो स्टेशन ● जागरण

जमकर पीटा, चाकू घोंपकर की हत्या

कहासुनी के कुछ ही घंटों के बाद आजादपुर में युवक की हत्या

- चार लोगों ने की हत्या, शादी समारोह में काम को लेकर आरोपित व युवक में हुआ था विवाद
- युवक तीन बहनों का इकलौता भाई था और कैटरिंग के काम-धंधे से जुड़ा हुआ था

जागरण संवाददाता, बाहरी दिल्ली : उत्तर-पश्चिम जिला पुलिस क्षेत्र के आजादपुर में बुधवार रात चार लोगों ने एक युवक को पहले बुरी तरह पीटा और फिर चाकू घोंप कर हत्या कर दी। बताया जाता है कि लोगों की मौजूदगी में युवक की हत्या को अंजाम दिया। हत्या आरोपित में दो सगे भाई भी शामिल हैं। युवक तीन बहनों का इकलौता भाई था और कैटरिंग के काम-धंधे से जुड़ा था। शादी समारोह में काम को लेकर आरोपितों और युवक के बीच कहासुनी हुई थी।

मृतक सोनू ● सौजन्य-स्वजन

आजादपुर स्थित सामुदायिक केंद्र में बुधवार को शादी समारोह का आयोजन चल रहा था। इसी दौरान कैटरिंग टीम के 23 वर्षीय युवक सोनू और अन्य साथियों के साथ बर्तन की सफाई को लेकर कहासुनी हो गई। उस समय बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया गया। इसके बाद एक युवक अपने भाई और साथियों को बुला लिया और सोनू को घेर लिया। बताया जाता है कि चार-पांच हमलावरों ने सोनू को पहले डंडों से पीटा और फिर चाकू घोंप दिया। बाद में सोनू को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। बताया जाता है कि सोनू और आरोपित जेलरवाला बाग क्षेत्र के रहने वाले हैं।

रोती-बिलखतीं सोनू की बहन ने आरोप लगाया कि उनके भाई की हत्या करने वाले युवक इलाके में कई बार मारपीट कर चुके हैं। पुलिस ने कभी इनके खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं की। इस कारण इनके हौसले बढ़ते चले गए और उनके भाई को सरेआम मार डाला। सोनू तीन बहनों का इकलौता भाई था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस हत्या में शामिल एक को पकड़ लिया है। बाकी आरोपित को भी पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। आरोपितों में दो सगे भाई भी शामिल हैं।

जेलरवाला बाग स्थित घर के बाहर मृतक सोनू के शोकाकुल स्वजन ● जागरण

लापता बच्चे का शव मिला, पड़ोसी ने की थी हत्या

जासं, बाहरी दिल्ली : बवाना पुलिस थाना क्षेत्र से 26 फरवरी को गायब हुए आठ साल के बच्चे का शव नरेला के सुनसान क्षेत्र में झाड़ियों में मिला। बच्चे की गला घोंटकर हत्या करने वाला कोई और नहीं, पड़ोसी ही निकला। 54 वर्षीय आरोपी गयासुद्दीन मूल रूप से बंगाल का रहने वाला है और वह यहां सिलेंडर में गैस भरने का काम करता है। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि प्लास्टिक की रस्सी से बच्चे की गला घोंट कर हत्या कर दी।

पुलिस को गुमराह करने के लिए आरोपित गुमशुदगी रिपोर्ट लिखवाने से लेकर बच्चे की तलाश में भी साथ रहा। आरोपित की बच्चे के परिवार से बहुत घनिष्ठता रही है। कुछ समय से संबंधों में कम महत्व मिलने से खफा होकर उसने बच्चे की हत्या की। पुलिस ने अपहरण और हत्या का मामला दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पूठ खुर्द निवासी विध्यांचल पांडे ने 26 फरवरी को आठ वर्षीय बेटे शिवम के लापता होने की शिकायत बवाना थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी थी।

पिटाई के बाद गला दबा की गई थी हत्या

यश हत्याकांड

- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुई गंभीर चोट, नाक व मुंह से खून बहने की पुष्टि
- घर पहुंचा छात्र का शव तो ढांढस बंधाने के लिए उमड़े शहर के लोग

जागरण संवाददाता, अमरोहा : पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पुष्टि हुई है कि कारोबारी प्रदीप मित्तल के बेटे यश की हत्या पिटाई के बाद गला दबाकर की गई है। पिटाई से उसकी नाक और मुंह से खून बहा था। हत्या से पहले दोस्तों ने गजरौला में पार्टी की थी। वहीं पर विवाद के बाद हत्या की गई। शव पहुंचने पर शहर के लोग सांत्वना देने के लिए उमड़ पड़े। गुरुवार को ब्रजघाट में छात्र का अंतिम संस्कार किया गया।

यश मित्तल दादरी की बेनेट यूनिवर्सिटी में बीबीए प्रथम वर्ष का छात्र था। 25 फरवरी की शाम वह दोस्तों के बुलावे पर हास्टल से बाहर आया। इसके बाद वापस नहीं लौटा। उसके मोबाइल से बहन ईशा और पिता के मोबाइल पर छह करोड़ रुपये की फिरौती का मैसेज आया। 26 फरवरी को प्रदीप मित्तल ने दादरी थाने में मुकदमा दर्ज कराया। 28 फरवरी को पुलिस ने गजरौला से उसके दोस्त रचित नागर को पकड़ा और गजरौला से ही यश मित्तल का शव बरामद कर लिया। पुलिस ने तीन दोस्तों को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक शरीर पर नीले व काले निशान हैं। गर्दन की हड्डी भी टूटी हुई है। शव बरामद होने से लगभग 65-70 घंटे पहले ही हत्या की गई थी। हास्टल से बाहर आते समय यश सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। इसके बाद ये सभी लोग नोएडा के एक रेस्टोरेंट में गए। वहां के बाद कुछ पता नहीं लगा। सीओ श्वेताभ भास्कर ने बताया कि गला दबाकर हत्या की बात सामने आई है।

हत्यारे बन गए यश के वर्षों पुराने दोस्त : नगर के सेंटमेरी कान्वेंट स्कूल में यश की दोस्ती सुशांत वर्मा से हुई। सुशांत ने ही उसे बाहरी दोस्तों से मिलवाया। पार्टियां हुईं तो दोस्ती भी गहरी होती चली गई। पार्टी का खर्च यश ही उठाता था। ये लोग यश से नोएडा भी मिलने जाने लगे। वहां पर होने वाली पार्टियों का खर्च भी यश ही उठाता था। उस दिन यश ने रु. खर्च करने से मना किया तो उसकी हत्या कर दी।

पुलिस के मुताबिक 25 फरवरी की शाम को यश को हत्यारोपित दोस्त सफेद रंग की स्विफ्ट कार में गजरौला लेकर आए थे। रचित नागर व सुशांत दोनों दोस्त ही यश को लेने गए थे। इन्होंने यश को कार में बैठाया। हत्या से पहले भी उन्होंने उस स्थान पर पार्टी की थी। इसी दौरान विवाद हुआ।

हत्या की जानकारी के बाद विलाप करते स्वजन, मौके पर मौजूद पुलिस ● जागरण आकाइव

आपराधिक इतिहास नहीं, ..शातिर अंदाज में की हत्या

सभी हत्यारोपित युवा हैं और किसी का भी अपराधिक इतिहास नहीं है। इसके बावजूद उन्होंने हत्याकांड को अंजाम दिया। इसके बाद पुलिस को गुमराह करने के लिए छह करोड़ की फिरौती मांगी। हत्यारोपितों ने एक साल से बंद मोबाइल में नया सिम कार्ड डालकर 27 नवंबर से लेकर 26 फरवरी तक यश के फोन पर 39 बार काल की। हत्याकांड में अभी तक शिवम उर्फ मोंटी, सुमित, शुभम चौधरी, सुशांत वर्मा और रचित नागर का नाम सामने आया है। शुभम फरार है। सभी आरोपित संपन्न परिवार के हैं।

पुलिस सत्यापन में लापरवाही, सात पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

चंदन विहार में अवैध रूप से रह रहे सात नाइजीरियाई को पकड़ा, पुलिस ने किया डिपोर्ट, बुराड़ी में चलाया गया सत्यापन अभियान

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली: उत्तरी दिल्ली के बुराड़ी थानाक्षेत्र में अवैध रूप से रहने वाले नाइजीरियाई नागरिकों की पहचान करने के लिए पुलिस ने अभियान चलाया। इस दौरान चंदन विहार इलाके से 12 से ज्यादा नाइजीरियाई नागरिकों को हिरासत में लेकर उनके दस्तावेज की जांच की गई। जिनके पास वैध दस्तावेज नहीं थे, उन्हें उनके दूतावास को डिपोर्ट कर दिया गया है। नाइजीरियाई नागरिकों के पुलिस सत्यापन में लापरवाही बरतने पर अलग-अलग बीट में तैनात सात पुलिसकर्मियों को बुधवार को लाइन हाजिर कर दिया गया था।

बुराड़ी इलाके के वेस्ट कमल विहार में बीते 24 फरवरी को हुए धमाके में दो नाइजीरियन नागरिकों की मौत के बाद पुलिस ने यह कार्रवाई शुरू की। जानकारी के मुताबिक, जहां धमाका हुआ उस घर में नाइजीरियन मादक पदार्थ बनाने का काम कर रहे थे। केमिकल की मिलावट करते वक्त यह हादसा हुआ था। बुराड़ी इलाके में अवैध रूप से रह रहे नाइजीरियाई नागरिकों द्वारा बड़े पैमाने पर ड्रग्स का व्यापार किए जाने की आशंका है।

बम धमाकों के आरोप के बाद हैंडलूम नगरी का नाम हुआ था बदनाम

जितेंद्र शर्मा ● पिलखुवा

देशभर में हैंडलूम नगरी के नाम पर दाग लगाने वाले अब्दुल करीम उर्फ टुंडा को टाडा कोर्ट ने बरी कर दिया हो, लेकिन उस पर लगे आरोपों ने हैंडलूम नगरी का नाम देशभर में बदनाम कर दिया था। अब्दुल करीम कोतवाली पिलखुवा का हिस्ट्रीशीटर है। वर्ष 1993 को सिलसिलेवार बम धमाकों के आरोप में अब्दुल करीम को राजस्थान के अजमेर की टाडा कोर्ट ने गुरुवार को बरी कर दिया है। कोतवाली पिलखुवा में उस पर कुल 13 मुकदमे दर्ज हुए थे।

स्वजन से मिली जानकारी के अनुसार अब्दुल करीम उर्फ टुंडा का जन्म वैसे तो दिल्ली में हुआ था, लेकिन उसकी परवरिश पिलखुवा के मोहल्ला अशोकनगर में हुई थी।

पिलखुवा के मोहल्ला अशोक नगर का वह मकान जहां कभी रहता था टुंडा ● जागरण

स्वजन के अनुसार, पहले वह पिलखुवा में ही रहकर बढ़ई का कार्य करता था, लेकिन बाद में वह गुजरात के अहमदाबाद चला गया और वहां पर बढ़ई का कार्य करने लगा। बाद में उसका नाम वर्ष 1993 में पांच शहरों में सिलसिलेवार हुए बम धमाकों में आया था। जिसके बाद केंद्रीय जांच एजेंसियों व पुलिस ने उसके मकान पर कई बार छापेमारी भी की।

फिलहाल टाडा कोर्ट ने उसे गवाहों के अभाव में बरी कर दिया है। अब्दुल करीम पर पहला मुकदमा कम उम्र में ही वर्ष 1956 में कोतवाली पिलखुवा में चोरी का दर्ज हुआ था। जबकि, 1994 में उसके खिलाफ विस्फोटक एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया था। कोतवाली पिलखुवा में उसके खिलाफ नौ मुकदमे दर्ज हुए। इसी वर्ष उसके खिलाफ राजस्थान के अजमेर में टाडा के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

टुंडा अशोकनगर स्थित जिस मकान में रहता था, उस पर लगे आरोपों के बाद वह जेल चला गया था। जहां उसका साढ़ू महमूद आलम परिवार सहित रहने लगा था। अब्दुल करीम पर इसी से ट्रेनिंग देने और लश्कर-ए-तय्यबा के लिए काम करने के भी आरोप लगे थे।

अब्दुल करीम उर्फ टुंडा ●

ऐसे पड़ा था टुंडा नाम

अब्दुल करीम का नाम टुंडा कैसे पड़ा। इसके लिए अलग-अलग बातें सामने आईं। एक और जहां उसके स्वजन के अनुसार, बढ़ई का काम करने वाले अब्दुल करीम का हाथ कार्य के दौरान तेज धारदार किसी औजार से कट गया था। वहीं यह भी चर्चा है कि बम बनाने के दौरान हुए ब्लास्ट में उसका हाथ उड़ गया था। तब से उसे अब्दुल करीम उर्फ टुंडा कहा जाने लगा।

नोएडा एयरपोर्ट के पास बसेगी मिनी मुंबई

जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा : नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास मिनी मुंबई (फिनटेक सिटी) बसाई जाएगी। इसका खाका कुशमन एंड वेकफील्ड इंडिया प्रा. लि. कंपनी तैयार करेगी। यमुना प्राधिकरण में बुधवार को खोली गई वित्तीय निविदा में पांच कंपनियों में से कुशमन एंड वेकफील्ड इंडिया प्रा. लि. का चयन फिनटेक सिटी की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए किया गया है। कंपनी 45 दिन में अपनी रिपोर्ट तैयार करेगी। फिनटेक सिटी यीडा समेत गौतमबुद्ध नगर में आर्थिक गतिविधियों का मुख्य केंद्र बनेगा। इसमें हजारों लोगों को रोजगार के अवसर के साथ वित्तीय संस्थानों से संबंधित कार्यों को एक ही क्लस्टर में कराने की सुविधा मिल जाएगी। डीपीआर तैयार करने पर एक करोड़ 12 लाख रुपये खर्च होंगे।

यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के कारण तेजी से आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी। वाणिज्य के साथ औद्योगिक ढांचे का यीडा क्षेत्र में विकास हो रहा है। इसलिए यमुना प्राधिकरण ने सेक्टर 13 में फिनटेक सिटी के विकास का फैसला किया है। इसे सौ एकड़ में विकसित किया जाएगा। वैश्विक निविदा में सीबीआरई साउथ एशिया प्रा. लि., कुशमन एंड वेकफील्ड इंडिया प्रा. लि., जोन्स लेंग ला सेले प्रापर्टी कंसल्टेंट इंडिया प्रा. लि., ट्रेक्टेबल इंजीनियर्स प्रा. लि. और वायन्ट्स सल्यूशन प्रा. लि. तकनीकी निविदा में सफल रही थीं। वित्तीय निविदा में कुशमन एंड वेकफील्ड इंडिया प्रा. लि. का चयन किया गया है। सीईओ डा. अरुणवीर सिंह ने बताया कि 45 दिन में कंपनी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करेगी।

45 दिन में अपनी रिपोर्ट तैयार करेगी कंपनी

1.12 करोड़ खर्च होंगे डीपीआर तैयार करने पर

विकास के माडल पर देगी सुझाव

चयनित कंपनी फिनटेक सिटी के विकास पर सुझाव देगी कि इसे पीपीपी माडल पर विकसित किया जाए या फिर प्राधिकरण सीधे वित्तीय संस्थानों को सीधे भूखंड का आवंटन करे। फिनटेक सिटी को विशेष आर्थिक क्षेत्र के रूप में विकसित करना फायदेमंद होगा की नहीं। केंद्रीय वित्तीय संस्थानों के लिए फिनटेक सिटी की केंद्र सरकार से अधिसूचना जारी करना जरूरी है या नहीं आदि पर कंपनी सुझाव देगी।

सिटी बनेगी आर्थिक गतिविधियों का केंद्र

मुंबई को देश की आर्थिक राजधानी की पहचान मिली है। इसी की तर्ज पर फिनटेक सिटी को वाणिज्यक एवं वित्तीय संस्थानों के केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। 50 प्रतिशत में कामर्शियल, शेष में आवासीय, कोर फाइनेंशियल सर्विस सेंटर, बीमा कंपनियों के कार्यालय समेत वित्तीय क्षेत्र से संबंधित गतिविधियां होंगी। इसका 250 एकड़ तक विस्तार किया जाएगा।

देश में बढ़ रहा है फिनटेक मार्केट

2022 में भारत में 46 प्रतिशत लेनदेन रियल टाइम में हुआ। भारत में फिनटेक मार्केट 15000 करोड़ रुपये का है। 2030 में यह बढ़कर 23700 करोड़ रुपये का हो जाएगा।

क्या आपका पेट आपके पीठ दर्द के कारकों में से एक हो सकता है?

जब हम पीठ दर्द का अनुभव करते हैं, तो हम फिजियोथेरेपी, मलहम, व्यायाम की कोशिश करते हैं लेकिन फिर भी कभी-कभी पीठ दर्द बना रहता है। यहां तक कि रक्त परीक्षण, एक्स रे या एमआरआई के बाद भी, कुछ भी कारण नहीं पाया जाता है। तो, अगर पीठ दर्द में पीठ के साथ कुछ भी गलत नहीं है, तो क्या पेट आपके पीठ दर्द में योगदानकर्ता हो सकता है? हमारी रीढ़ स्वाभाविक रूप से एक आकर या वक्र बनाए रखती है। यह वक्र हमारे मूल में स्थिरता सुनिश्चित करता है। हालांकि, जब पेट की चर्बी बढ़ जाती है, तो यह प्राकृतिक वक्र विकृत हो जाता है। यह हल्के पीठ दर्द की शुरुआत है। वहां, एमआरआई किसी भी असामान्यता को प्रकट नहीं कर सकता है। यदि हम दर्द को अनदेखा करना जारी रखते हैं, जबकि पेट की चर्बी बढ़ जाती है, तो स्थिति बढ़ सकती है। अतिरिक्त वसा काठ का डिस्क पर दबाव डालती है। कभी कभी, डिस्क इस दबाव में टूट सकती है या उभार सकती है। कभी-कभी, यह फैल सकता है और नसों पर दबाव डाल सकता है, जिससे साइटिका हो सकता है। यह पेट की चर्बी बढ़ने के दूसरे चरण को चिह्नित करता है। कुछ मामलों में, भले ही कोई व्यक्ति बाहरी रूप से पतला दिखाई दे, पेट, लिवर और अग्न्याशय के अंगों सहित उनकी आंत की वसा जमा हो जाती है और बाहरी रूप से दिखाई नहीं दे सकती है। अल्ट्रासाउंड के माध्यम से, यह फैटी लिवर के रूप में दिख सकता है। समय के साथ, ये हमारे स्केलेटन को कमजोर करते हैं, बाद में ऑस्टियोपेनिया और ऑस्टियोपोरोसिस का कारण बनते हैं। जिससे फ्रैक्चर का खतरा बढ़ जाता है। **कैसे निर्धारित करें कि कोर कमजोर है या नहीं।** यदि आपको बिस्तर या कुर्सी से उठते समय किसी सहारे पर निर्भर रहना पड़ता है। यदि आपकी पीठ खड़े होने पर झुकती है। अगर आपका शरीर चलते समय साइड में झुक जाता है और आप सीधे नहीं चल पाते हैं। यदि आपको कोर व्यायाम करते समय अपनी सांस रोकनी पड़ती है। उपरोक्त में से कोई भी कारण, कमजोर कोर की ओर इशारा करती है। **मैनेजमेंट क्रैश डाइट/फैड डाइट का शिकार न हों,** जो एक या दो महीने के लिए आपका वजन कम कर सकता है लेकिन अंततः निराशा और इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन की ओर जाता है। इसलिए, यह महत्वपूर्ण है, कुछ ऐसा शामिल करना जो जीवन के लिए अनुसरण कर सके। पहला महत्वपूर्ण पहलू व्यायाम है हर दिन कम से कम 20-30 मिनट दें। या तो सुबह की सैर या योगा जिम जाना, जो भी आपके शेड्यूल के अनुसार सूट करता है। 16 घंटे के लिए इंटरमिटेंड उपवास, यदि आपको इसे शुरू करने के लिए 16 घंटे करना मुश्किल लगता है, तो आप 12 घंटे से शुरू करते हैं और अंततः 14-16 घंटे तक बढ़ जाते हैं। उदाहरण के लिए, आप शाम 6-7 बजे जल्दी डिनर और सुबह 10-11 बजे पहला नाश्ता कर सकते हैं। रिफाईंड आँचल, रिफाईंड शुगर, फ्राइड और जंक फूड जैसे प्रोसेस्ड फूड के समय से बिल्कुल बचें। इसकी जगह शीतल पेय या पैकेज्ड जूस की जगह गुड़, खजूर से मीठा और ताजे फलों का रस या नारियल पानी लें।

Dr. Aanchal Sharma (Sr. Consultant)
BLK MAX Hospital

Rajendra Place, New Delhi
For Appointment- 8920863490 | draanchalpainclinic

Advertisement

निःसंतानता का ईलाज केवल आई.वी.एफ. ही नहीं है : डा0 नेहा गुप्ता

आज कल IVF क्लिनिक या निःसंतान रोगियों के ईलाज वाले हॉस्पिटलों की एक बाढ़ सी आ गयी है। मेडिकल के इस क्षेत्र में जो एक क्रांति आई है वह अभूतपूर्व है। हर तरफ केवल इनफर्टिलिटी के इलाज का बोलबाला है। पेशेंट को इलाज करने से पहले जो बातें ध्यान में रखनी चाहिए वह देश की जानी मानी निःसंतान दंपत्ति विशेषज्ञ और मेडीवर्ल्ड फर्टिलिटी सेंटर नई दिल्ली की प्रमुख डॉ नेहा गुप्ता समझा रही हैं।

डॉ नेहा गुप्ता के अनुसार निःसंतानता का इलाज करवाने से पहले आपको यह पता होना चाहिए कि इसके कितने इलाज मौजूद हैं। यह धारणा है कि इसका इलाज केवल आई. वी. एफ. ही है, यह सरासर गलत है। एक अनुभवी डॉक्टर या हॉस्पिटल में केवल 30% रोगियों में ही आई वी एफ किया जाता है। बाकि पेशेंट्स में निम्न इलाज से ही सफलता मिल सकती है-

1. दवाइयों के द्वारा - काफी रोगियों का इलाज केवल दवाईयों से ही संभव हो जाता है। आजकल महिलाओं और पुरुषों के लिए ऐसी दवाएं मौजूद हैं, जिसके कोर्स से प्रेगनेंसी संभव है।

2. आई. यू. आई. - इस चिकिसा में स्पर्म्स को सीधा महिला के गर्भाशय में डाल दिया जाता है। इस इलाज से काफी रोगियों को सफलता प्राप्त हो जाती है।

3. लेप्रोस्कोपी - अधिकांश महिलाओं में गर्भ न धारण करने का कारण गर्भाशय में यूटेराइन ट्यूमर, फाइब्रॉएड या सिस्ट का होना है। इस समस्या का इलाज लेप्रोस्कोपी से संभव है जिससे न केवल फाइब्रॉएड निकल जाता है बल्कि ब्लॉक फॉलोपियन ट्यूब्स को खोल दिया जाता है।

डॉ. नेहा गुप्ता

डॉ नेहा गुप्ता से दिल्ली में प्रतिदिन मिलने के लिए कॉल करें 9873473443

मेडीवर्ल्ड फर्टिलिटी सेंटर अशलोक हॉस्पीटल, सफदरगंज, नई दिल्ली

****

दैनिक जागरण
सप्तरंग
मनोरंजन की दुनिया का
शुक्रवार, 1 मार्च, 2024

दिल से

देश में इन दिनों राजनीति का माहौल गर्म है। युवाओं के कंधों पर है मताधिकार से भविष्य की दिशा तय करने की जिम्मेदारी। ऐसे में बिजाय नांबियार की आज प्रदर्शित होने वाली फिल्म दंगे बात करेगी छात्रों की मन:स्थिति की। फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे हर्षवर्धन राणे ने साझा की दिल की बातें...

सबकी पसंद का काम करूंगा

फिल्म दंगे में कालेज और वहां के माहौल को वास्तविकता के साथ प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है। अभिनेता हर्षवर्धन राणे कहते हैं कि यह फिल्म मेरे लिए खास है, क्योंकि असल जीवन में मुझे कालेज जाने का अवसर नहीं मिल सका था, पर दंगे फिल्म का हिस्सा बनने के बाद कालेज व छात्रों के जीवन को करीब से देखा और जाना। वे अनुभव यादगार हैं। जब कालेज के छात्रों के बीच पहुंचा था, तो महसूस हुआ कि वे कितने निडर हैं। सामने वाला क्या सोचेगा, ये देखकर वे व्यवहार नहीं करते। वे अपने मन की करते हैं। यह बात सीखने वाली है।

दंगे फिल्म को प्रदर्शित होने में दो वर्ष का समय लग गया। क्या यह प्रतीक्षा लंबी नहीं कलाकार के लिए? हर्षवर्धन कहते हैं कि शिकायत करने से किसी चीज का समाधान नहीं मिल सकता है। कठिनाइयां तो आपको मजबूत बनाती हैं। जब पीछे मुड़कर देखता हूं तो खुशी मिलती है कि मैंने मेहनत में कभी कमी नहीं की। मुझे पहले से बेहतर काम मिल रहा है। आर्थिक सुरक्षा भी है।

डिजिटल प्लेटफार्म के इस दौर में फिल्में थिएटर में आना कितना जरूरी है? इस पर हर्षवर्धन कहते हैं कि मैं वेब सीरीज और म्यूजिक वीडियो नहीं करता हूं। केवल फिल्में करता हूं। अब वह फिल्म कहां दिखाई जा रही है, यह मेरे सोचने का विषय नहीं है। फिल्म बिकने से मतलब है। अगर निर्माता मुझ पर भरोसा करके फिल्म को थिएटर में लेकर आ रहे हैं तो खुशी की बात है। जब पिछले काम का परिणाम आता है तो उसे देखकर लोग अगला काम देते हैं। कम ही लोग हैं, जो साफ-सुथरी फिल्में बना रहे हैं।

ओटीटी पर काम करने को लेकर हर्षवर्धन कहते हैं कि डिजिटल प्लेटफार्म पर कंटेंट में अपशब्द इस्तेमाल किए जाते हैं, उससे मुझे दिक्कत है। तो क्या वेब सीरीज से हमेशा दूरी रहेगी? हर्षवर्धन कहते हैं कि ऐसा नहीं है। मैं सबकी पसंद का काम करूंगा, जब मेरे पास वेब सीरीज के प्रस्ताव आते हैं तो मैं निर्माताओं से एक ही सवाल पूछता हूं कि क्या आप ये कंटेंट अपने माता-पिता के साथ बैठकर देख सकते हैं। अगर वे इन्कार करते है, तो मैं वेब सीरीज नहीं करता हूं। मेरे माता-पिता नहीं हैं, तो क्या हुआ, दोस्तों के माता-पिता हैं, वे मेरा काम कैसे देखेंगे। जो काम छिपकर देखना पड़े, वह काम करना ही नहीं है।

प्रियंका सिंह

खास मुलाकात

खलचरित्र भी होता है अपनी कहानी का नायक

फिल्म एनिमल में खलचरित्र के लिए दर्शकों का प्यार पाकर उत्साहित बाबी देओल अब उससे अलग तेवर के पात्र की खोज में हैं। 10 मार्च को आयोजित होने वाले जी सिने अवार्ड्स में वह परफार्म करते दिखेंगे। पसंदीदा पात्रों, आगामी फिल्मों व परिवार को लेकर बाबी देओल से दीपेश पांडेय की बातचीत के अंश...

आपके लिए पुरस्कार कितना महत्व रखते हैं?

पुरस्कार एक तरह से आपके काम की पहचान होते हैं। हालांकि, पुरस्कार न भी मिले, पर लोगों का प्यार मिलता रहे, वही मेरे लिए सबसे बड़ी बात है। मैंने तो यही देखा है। पापा ने फिल्म इंडस्ट्री में जीवनभर काम किया, लेकिन पुरस्कार नहीं मिलता था। उन्हें लोगों का प्यार खूब मिला। जब आपको पुरस्कार मिलता है तो सबसे ज्यादा खुशी आपके प्रशंसकों को मिलती है। वो खुशी मेरे लिए पुरस्कार को और खास बना देती है।

करीब तीन दशक के अभिनय सफर में कोई ऐसी भूमिका रही, जो आपके मुताबिक पुरस्कार की हकदार थी, लेकिन नहीं मिला?

जब मैंने दिल्लगी (1999) फिल्म की थी। उसे भैया सनी देओल ने निर्देशित किया था। उसमें निभाया पात्र मेरा पसंदीदा है। भैया ने मुझसे बहुत अच्छा काम निकलवाया था। सोचता हूं कि काश उसके लिए किसी पुरस्कार में नामित किया गया होता।

एनिमल से पहले आश्रम और लव हास्टल में भी आपके खलचरित्र खूब चर्चित रहे, क्या अब खलचरित्र अधिक भा रहे हैं?

अगर आप विश्लेषण करेंगे तो ऐसा ही लग रहा है। (हंसते हुए) खलचरित्र निभाने के बाद से मुझे लोगों का प्यार ज्यादा मिल रहा है। जहां भी जाता हूं, लोग आश्रम के पात्र को याद करते हैं। जब लव हास्टल फिल्म आई तो लोग चाह रहे थे कि उसमें मेरी डागर की भूमिका को लेकर स्पिन आफ फिल्म बने। इससे खुशी मिलती है कि खलचरित्रों के लिए भी लोग आपको प्यार देते हैं। मेरे हर खलचरित्र की अपनी अलग कहानी है। एनिमल में अबरार की कहानी नायक रणविजय से ज्यादा दुखभरी है। रणविजय का रिश्ता सिर्फ उसके पिता के साथ ठीक नहीं था, लेकिन अबरार को तो घर से निकलवा दिया गया था, उसके दादा ने आत्महत्या कर ली थी, भाई को मार दिया। मैं ऐसी भूमिकाओं को खलचरित्र के तौर पर नहीं देखता हूं, वो भी एक तरह का हीरो होता है, जिसे पता नहीं होता है कि वो बुरा है।

फोटो: संजीव कुमार

देओल परिवार के लिए बीता वर्ष काफी अच्छा रहा। गदर 2 में सनी देओल तो राकी और रानी की प्रेम कहानी में पिता धर्मेंद्र की भी चर्चा हुई। क्या इस वर्ष पर्दे पर पूरा परिवार साथ आने की संभावना बन रही है? अपने 2 की बात काफी दिनों से चल रही है...

जब तक जब तक अपने 2 की पूरी स्क्रिप्ट फाइनल नहीं होती, तब तक मैं उसके बारे में कुछ नहीं बोल सकता हूं। स्क्रिप्ट ही सबसे महत्वपूर्ण होती है। फिलहाल उस पर काम चल रहा है। मैं भी चाहता हूं कि पापा के साथ फिर से कोई फिल्म करूं, भतीजे करण के साथ काम करूं। मेरा बेटा आर्यमन अभी तो छोटा है, वो इंडस्ट्री में आएगा, लेकिन दो-तीन वर्ष बाद। अभी वह सीख रहा है।

किसी फिल्म के हिट होने के बाद आमतौर पर कलाकार को ज्यादातर मिलते-जुलते प्रस्ताव मिलते हैं, एनिमल के बाद आपको किस तरह के प्रस्ताव मिले?

एनिमल के बाद प्रस्ताव तो काफी आ रहे हैं, लेकिन मैं हमेशा कुछ अलग करने की सोचता हूं। अब भी कुछ अलग करने के लिए ढूंढ़ रहा हूं। कुछ दिलचस्प फिल्मों और वेब सीरीज के प्रस्ताव मिले हैं। कभी नहीं सोचा नहीं था कि मेरी भूमिका को इतना ज्यादा प्यार मिलेगा। फिलहाल नर्वस हूं कि किसको हां बोलूं और किसको इन्कार करूं।

तमिल फिल्म कंगुवा से अखिल भारतीय (पैन इंडिया) स्टारडम की तरफ भी कदम बढ़ा रहे हैं...

दक्षिण भारतीय सिनेमा में भी कुछ अच्छे प्रोजेक्ट कर रहा हूं। वहां कुछ अच्छे निर्माता-निर्देशक हैं। उनका सिनेमा बेहतरीन है। वहां मुझे फिल्म कंगुवा में एक मौका मिला है। उस फिल्म में सूर्या मुख्य भूमिका में हैं। वह बहुत ही कमाल के कलाकार और इंसान हैं। उसके निर्देशक शिवा भी बेहद प्यारे हैं।

आपने कहा था कि क्लास आफ 83 जैसी फिल्म दोबारा करना चाह रहे हैं?

मैं वैसी फिल्म ढूंढ़ रहा हूं। हमारे यहां अच्छी कहानी लिखने वाले बहुत कम हैं। इसीलिए तो अच्छी फिल्में इतनी कम बनती हैं। फिलहाल ढूंढ़ रहा हूं कि मुझे वैसी फिल्म मिल जाए।

नई छवि गढ़ने में माहिर

फिल्म बरसात (1995) से बतौर रोमांटिक हीरो शुरुआत करने के बाद आश्रम और लव होस्टल जैसी वेब सीरीज में निभाए खलचरित्रों ने बाबी देओल को दिया छवि बदलने का अवसर। ओटीटी के बाद एनिमल फिल्म में मात्र 15 की भूमिका में उन्होंने ऐसी छाप छोड़ी कि नायक के समकक्ष ही उसके चर्चे हुए। बाबी मानते हैं कि खलचरित्र भी उतार-चढ़ाव से भरी अपनी कहानी का नायक ही होता है।

मेरी बात

अच्छी चीजों में समय लगता है

आगामी दिनों में वेब सीरीज शोटाइम और फिल्म द वर्जिन ट्री में नजर आएंगी मौनी राय। प्रोजेक्ट के चयन की कसौटी व भावी योजनाओं को उन्होंने किया साझा...

फिल्म ब्रह्मास्त्र पार्ट 1: शिवा व वेब सीरीज सुल्तान आफ डेल्ही में अभिनय के लिए प्रशंसा मिलने के बाद सधी गति से करियर में आगे बढ़ रही हैं मौनी राय। मौनी कहती हैं, 'बतौर कलाकार मेरे लिए अच्छा काम करना महत्वपूर्ण है। ब्रह्मास्त्र पार्ट 1 की सफलता के बाद मैं सजग रहकर प्रोजेक्ट चुन रही हूं। हालांकि यह भी सच है कि मेरे पास सीमित प्रस्ताव आते हैं, पर उनमें से चुनिंदा ही करने लायक होते हैं। वेब सीरीज शो टाइम हमने पिछले वर्ष ही शूट किया था। हारर कामेडी फिल्म द वर्जिन ट्री की शूटिंग का अंतिम शेड्यूल चल रहा है। ऐसा नहीं कि मैं काम नहीं कर रही थी, पर गत वर्ष सिर्फ एक प्रोजेक्ट प्रदर्शित हुआ था। कोई भी शो या प्रोजेक्ट बनने में भी काफी समय लगता है। बहरहाल मुझे काम करना है, फिर वह चाहे डांस परफार्मेंस हो या कोई नान फिक्शन शो। इस वर्ष मेरे दो प्रोजेक्ट प्रदर्शित होंगे, तीसरे की भी घोषणा शीघ्र हो जाएगी।'

फिल्म ब्रह्मास्त्र के बाद बनी उम्मीदों पर मौनी कहती हैं, 'यह बहुत जरूरी है कि किसी फिल्म व पात्र के लिए प्रशंसा मिलने के साथ निर्माता-निर्देशक भी आपको दूसरी भूमिका में देख पाएं, आपके साथ किसी दूसरे पात्र की कल्पना कर पाएं। जब मेहनत करते हैं और सही समय चल रहा होता है तो अच्छे परिणाम निकलकर आते हैं। अच्छी चीजें आने में समय लगता है।'

इन दिनों अखिल भारतीय फिल्मों का चलन है। भविष्य में ऐसी फिल्में करने की योजनाओं पर मौनी कहती हैं, 'अभी कुछ तय नहीं है पर अलग-अलग भाषाओं में फिल्में करना चाहती हूं। इसके लिए कोशिश भी करती रहती हूं। मैं बंगाली हूं, तो किसी अच्छी बांग्ला फिल्म का भी हिस्सा बनना चाहूंगी।'

दीपेश पांडेय

वर्ग पहेली-2560

बाएं से दाएं

1. अंदाजा (4) 4. भिक्षुक, मांगने वाला (3) 6. अपने से भिन्न (3) 7. 'गीत-गोविंद' पुस्तक के रचयिता (4) 9. सूर्य, दिनकर (2) 11. जबर्दस्त (4) 12. जान से मारना (3) 13. सामंत (3) 15. बावला, विक्षिप्त (3) 16. अनाज (3) 18. बातचीत (4) 20. मृत्यु के देवता (2) 23 आफत (4) 25. चटाई (3) 26. इमली को अरबी में कहते हैं... (3) 27. दर्द से भरा (4)

ऊपर से नीचे

1. छोटा भाई (3) 2. कुशल एवं प्रवीण व्यक्ति, श्रीकृष्ण (4) 3. त्रेता और कलयुग के बीच का युग (3) 4. खानाबदोश, घुमंतू (4) 5. ऋणी (4) 8. भरोसा (3) 10. अरुचि, विरक्ति (3) 11 यथार्थ, सच्चाई (2) 14. कुंडल (3) 15. अपराध कसूर (2) 17. प्रियतम, प्रेम पात्र (3) 18. संतोष की बात (4) 19. तरबतर (4) 21. मनोरथ (4) 22. नियत अवधि तक का (3) 24. जल्दी-जल्दी, चटपट (3)



© Bird Features & Writing Agency

कल का हल

आ	झा	त		क	रा	र	क	र	ना
द		प	ह	ले			र्ज		गि
ल	ट			व	र			जा	न
ब			प	र		प		गृ	
द		पा				ति	ल	ति	ल
ल	थ	प	थ				ब्ध		क
	प्प		म		प	ल			वा
जे	ह			वै	ट			सै	मा
न		सै			वा	र्षि	क		र
नौ	र	जा	गु	ले	री		ल	ह	ना

जागरण सुडोकू-2560

		4		1		3		6
2				6			8	
7			9		3		4	
1			3		5			4
		5			8		1	
4	9			7			3	
5			4			7		
		1		2		4		3
		6	5		7			2

कल का हल

4	2	5	8	6	7	1	3	9
1	8	6	9	2	3	4	7	5
9	3	7	5	1	4	6	8	2
5	4	8	2	3	6	7	9	1
2	7	9	1	4	8	3	5	6
6	1	3	7	5	9	2	4	8
8	5	4	6	7	1	9	2	3
3	9	1	4	8	2	5	6	7
7	6	2	3	9	5	8	1	4

आज का भविष्यफल-01 मार्च, 2024 शुक्रवार

के. ए. दुबे पदमेश

आज की ग्रह स्थिति: फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष षष्ठी। आज का राहुकाल: प्रातः 10:30 बजे से 12 बजे तक। आज का दिशाशूल: पश्चिम। विशेष: षष्ठी तिथि वृद्धि

कल का पंचाग दिशाशूल: पूर्व विशेष: षष्ठी तिथि वृद्धि। भद्रा: प्रातः 07:54 से रात्रि 08:20 बजे तक। वि. सं. 2080 शके 1945 उत्तरायण, शिशिर ऋतु फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष की षष्ठी तत्पश्चात सप्तमी, तुला में चंद्रमा।

मेष: यात्रा या देशाटन का योग है। शासनसत्ता का सहयोग मिलेगा।

वृष: दांपत्य जीवन सुखमय होगा। पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

मिथुन: फिजूलखर्ची पर नियंत्रण रखें। व्यर्थ की परेशानी रहेगी।

कर्क: संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी।

सिंह: उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। सामाजिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

कन्या: सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। धन, यश, कीर्ति में वृद्धि होगी।

तुला: बुद्धि से किया गया कार्य संपन्न होगा। रिश्तों में निकटता आएगी।

वृश्चिक: चली आ रही परेशानी पर नियंत्रण होगा। सम्मान में वृद्धि होगी।

धनु: स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी।

मकर: जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। रिश्तों में निकटता आएगी।

कुंभ: शासनसत्ता का सहयोग रहेगा। जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी।

मीन: जीवनसाथी का सहयोग और सान्निध्य मिलेगा। यात्रा भी संभव है।

जागरण सिटी दिल्ली

जन्मदिन पर नाले में गिरी बच्ची, पुलिस ने बचाई जान

नाले में गिरी बच्ची को माता-पिता को सौंपतीं चौकी प्रभारी प्रीति पवार • सौ. पुलिस

जागरण संवाददाता, नोएडा: कोतवाली फेज-दो क्षेत्र के सेक्टर-110 में खेलने के दौरान बुधवार रात चार वर्षीय बच्ची नाले में गिर गई। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद बच्ची को नाले से निकाला। पुलिस ने बताया कि गाजियाबाद का दंपती सेक्टर-110 में झूले लगाए हुए हैं। बुधवार रात उनकी चार वर्षीय बच्ची खेलते-खेलते अचानक गायब हो गई।

राजा शर्मा नाम के एक व्यक्ति ने सेक्टर-110 चौकी पर बच्ची के नाले में गिरने की सूचना दी। नाले में एक बच्ची के रोने की आवाज आ रही थी। पुलिस ने बच्ची को स्थानीय लोगों की मदद से नाले से बाहर निकाला।

बच्ची के पिता ने बताया कि बृहस्पतिवार को उसके चौथे जन्मदिन पर उसको नई जिंदगी मिली है। 29 फरवरी को पैदा होने के कारण उसका आज चार साल बाद जन्मदिन आया था। जन्मदिन का पता चलने पर पुलिस ने चौकी पर ही केक मंगाया और वहीं पर बच्ची का जन्मदिन मनाया गया।

मतांतरण मामले में दो पर कोर्ट में आरोपपत्र दाखिल

विनीत कुमार • गाजियाबाद

नंदग्राम थाना क्षेत्र में दिसंबर में सामने आए मतांतरण मामले में पुलिस झाड़-फूंक से इलाज करने वाले सरफराज व उसके पिता पर नंदग्राम पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी है। पुलिस ने सरफराज पर दर्ज दो मुकदमों में चार्जशीट लगाई है। इलाज के बहाने मतांतरण का आरोपित बनाते हुए पुलिस ने सरफराज के पिता शमशाद पर भी आरोपपत्र दाखिल किया है।

मौलवी सरफराज •

नंदग्राम थाने में 24 नवंबर को पीड़ित ने शिकायत देकर बताया था कि उनकी मां का इलाज करने के बहाने उनका परिवार वर्ष 2017 में मोरटा के सरफराज के संपर्क में आया था। सरफराज ने झाड़-फूंक के बहाने इलाज से उनकी मां को ठीक करने का दावा किया था। इसके बाद पूरे परिवार को शीघ्र स्वस्थ होने के लिए इस्लाम धर्म में आस्था रखने व नमाज पढ़ने संग कुरान में बताए नियमों का पालन करने से बीमारी शीघ्र ठीक होने का आश्वासन दिया। आरोपित ने पीड़ित स्वजन को यह भी बताया कि जिन्होंने उसकी बात पूर्व में मानी है, उनकी बीमारी ठीक हो गई है। आरोपित की बातों में आकर महिला ने घर से देवी-देवताओं की मूर्तियां व तस्वीरें भी हटा दी थीं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर 24 नवंबर को ही आरोपित सरफराज को गिरफ्तार कर लिया था।

पुलिस की जांच में सामने आया कि सरफराज का पिता शमशाद भी उसकी मदद करता था। आरोपित ने पीड़ित स्वजन से लाखों रुपये बीमारी के नाम पर ठग लिए थे। पुलिस के मुताबिक सरफराज को उच्च न्यायालय से जमानत मिली है, वहीं, पिता शमशाद को 13 दिसंबर को अग्रिम जमानत मिली थी।

गुदड़ी के लाल नासा में दिखाएंगे कमाल

अजय चौहान • नोएडा

- नोएडा के दो छात्र ओम और उत्कर्ष का नासा की ह्यूमन एक्सप्लोरेशन रोवर चैलेंज के लिए हुआ चयन
- नोएडा के सेक्टर-12 निवासी ओम की मां घरेलू सहायिका है और पिता ई-रिक्शा चलाते हैं

स्कूल वाले छोटे से ही कहते आ रहे थे कि आपका बेटा पढ़ने में होशियार है, लेकिन जब मुझे पता चला कि वह अमेरिका जाएगा तो लगा कि लोग सही ही कहते थे। हमने तो कभी सोचा भी नहीं था कि यह 16 वर्ष में ही विदेश घूम आएगा। यह कहना है नासा की ह्यूमन एक्सप्लोरेशन रोवर चैलेंज के लिए चुने गए दादरी के छायासां गांव के उत्कर्ष मलिक की मां निशा का। यूपी बोर्ड से 10वीं की परीक्षा दे रहे उत्कर्ष व उनके परिवार के लिए यह एक ऐसी उपलब्धि है, जिसकी उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की थी। उत्कर्ष के पिता उपेंद्र सिंह को आठ वर्ष पहले ब्रेन हेमरेज हो गया था। तब से वह पूरी तरह बिस्तर पर हैं। इसके उनका परिवार आजीविका के लिए पूरी तरह खेती पर निर्भर हो गया है। उनके 80 वर्षीय दादा सुरेंद्र सिंह खेती करते हैं। इसमें उनकी मां और वह हाथ बंटाते हैं। वह दो जुड़वा भाई-बहन हैं।

ओम •

उत्कर्ष मलिक •

ओम की मां घरेलू सहायिका और पिता हैं रिक्शा चालक: सेक्टर-12 एच ब्लाक में रहने वाले ओम भाऊराव देवरस सरस्वती विद्या मंदिर में 11वीं के छात्र हैं। वह भी ह्यूमन एक्सप्लोरेशन रोवर चैलेंज में प्रतिभाग करेंगे। बेहद साधारण पृष्ठभूमि से आने वाले ओम की सफलता बताती है कि प्रतिभा परिस्थितियों पर निर्भर नहीं होती है। ओम की मां सुनीता देवी घरेलू सहायिका हैं। उनके पिता अरविंद कुमार रिक्शा चालक हैं। करीब सात महीने पहले सड़क हादसे में पैर टूटने के कारण अभी घर पर ही हैं। उनकी मां ही पूरा घर चला रहीं हैं।

150 रुपये के माडल से मिला टिकट: जीएल बजाज इंटर कालेज में आयोजित प्रतियोगिता में नामी स्कूलों के 100 से अधिक छात्र माडल लेकर पहुंचे थे। कुछ छात्रों के माडल 25 हजार तक के थे, लेकिन उत्कर्ष माडल चार्ज होने वाले ई-वाहन पर 150 रुपये खर्च आया था। जो सबको प्रभावित किया।

नमो भारत के यात्रियों को मिलेगी कैब सुविधा

जासं, गाजियाबाद: नमो भारत ट्रेन के यात्रियों को स्टेशन पर कैब की सुविधा मिलेगी। इसके लिए एनसीआरटीसी ने कैब सुविधा देने वाली कंपनी रैपिडो से साझेदारी की है। इससे यात्रियों को स्टेशन तक घर जाने के लिए सवारी वाहन का इंतजार अधिक नहीं करना होगा।

एनसीआरटीसी के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पुनीत वत्स ने बताया कि नमो भारत ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को अंतिम छोर तक कनेक्टिविटी दिलाने के लिए कैब सुविधा उपलब्ध कराने का निर्णय हुआ है। गाजियाबाद व साहिबाबाद स्टेशन पर कैप्टन नियुक्त किए गए हैं, जो यात्रियों को कैब बुक करने के तरीके बताएंगे। इसके अलावा फीडर सेवा के रूप में इलेक्ट्रिक बस की सुविधा भी यात्रियों को पहले से दी जा रही है। वर्तमान में नमो भारत ट्रेन का परिचालन साहिबाबाद से दुहाई के बीच हो रहा था। दुहाई से मोदीनगर नार्थ तक ट्रेन का परिचालन यात्रियों के लिए करने की तैयारी अंतिम दौर में है। जल्द ही यहां पर ट्रेन का परिचालन शुरू हो सकता है।

मनोरंजन

सात सवाल

मेरे लिए सही समय पर खुले दरवाजे

पहले रेडियो फिर फिल्मों में चरित्र भूमिकाएं निभाते हुए अब अभिनेता अपारशक्ति खुराना उस पड़ाव पर पहुंच चुके हैं जहां निर्माता उन्हें केंद्र में रखकर प्रोजेक्ट बना रहे हैं। इस क्रम में पिछले साल प्रदर्शित वेब सीरीज जुबली में उन्होंने काफी सराहना बटोरी। अभिनय के साथ-साथ वह अवार्ड समारोह को होस्ट भी कर रहे हैं। अपारशक्ति से इन विषयों को लेकर बातचीत के अंश ...

• जुबली के बाद फिल्म इंडस्ट्री में अपने लिए परिस्थितियां किस तरह से बदली हुई देख रहे हैं?

-उसके बाद सबसे अच्छी बात यह है कि मैं जिस तरह के निर्माताओं के साथ काम करना चाहता था, अब मैं उनके साथ बैठकर अलग-अलग स्क्रिप्ट्स पर बात कर पा रहा हूं। उसमें से एक-दो प्रोजेक्ट लाक भी किया है, लेकिन उनके बारे में मैं अभी ज्यादा बता नहीं सकता। मैं खुश हूं कि अब मेरे लिए ये जो दरवाजे खुले हैं, वो सही माध्यम, सही तरीके से और सही समय पर खुले हैं। इसमें न तो बहुत ज्यादा समय लगा, न ही ऐसा हुआ कि मैं कल शहर में आया और आज ही मुझे सब मिल गया। ऐसा भी नहीं हुआ कि भैया (अभिनेता आयुष्मान खुराना) ने दो लोगों को फोन कर दिया और मुझे काम मिल गया।

• पिछले दिनों आयुष्मान और आपका एक पुराना वीडियो भी प्रसारित हुआ था, जिसमें आप दोनों आडिशन दे रहे थे..

-हां...। वो वीडियो तब का है, जब हमने पहली बार कैमरे का सामना किया था। तब मैं 18 तथा भैया 20 साल के थे और रियलिटी शो रोडीज के आडिशन के लिए गए थे। वो काफी पुराना वीडियो है। जब मैंने पहली बार उस वीडियो को देखा था तो मेरी आंखों से आंसू निकल आए थे। वहां से यहां तक के सफर के देखने के बाद अपनी भावनाओं को छुपा पाना मुश्किल होता है। बहुत ही कम ऐसा देखा जाता है कि एक छोटे शहर से उठकर दो भाई मुंबई आए और दोनों ही भाइयों को प्यार, इज्जत और बरकत मिले।

• सामान्यत: अपने परिवार के सामने प्रस्तुति देने में हिचकिचाहट होती है, क्या आपके साथ भी ऐसा कुछ होता है?

-(जोर से हंसते हैं) ये बचपन से ही एक असमंजस की परिस्थिति होती है कि घरवालों के सामने क्या करना है और क्या नहीं। स्कूल-कालेज में तो मैं अपने माता-पिता को किसी समारोह में बुलाता ही नहीं था। थिएटर के दिनों में भी मेरे माता-पिता ने कभी मेरा नाटक नहीं देखा। एक अजीब सी नर्वसनेस होती है। घर पर इज्जत मिलनी बहुत जरूरी है। अगर प्रस्तुति के दौरान हम थोड़ा लड़खड़ाए या गलत करें, तो घर जाने के बाद घरवाले बोलते हैं कि आपने ये गलत किया, वो गलत किया। अब तक तो ना मैंने, न ही भैया ने अपने किसी प्रस्तुति में अपने घरवालों को बुलाया है।

• बढ़ते सिनेमाई कद को देखते हुए क्या स्त्री 2 और अन्य प्रोजेक्ट्स में आपका स्क्रीन टाइम और फीस बढ़ाई गई?

-जैसे-जैसे आप अच्छा काम करते रहेंगे, उसी के साथ आपकी मार्केट वैल्यू और स्क्रीन स्पेस भी बढ़ती रहेगी। किसी भी कलाकार के लिए यह स्वाभाविक सा सफर है। यह सिर्फ हमारे पेशे में ही नहीं, ऐसा हर पेशे में होता है।

• ..लेकिन क्या कभी स्क्रीन स्पेस या फीस बढ़ाने को लेकर निर्माता से सामने से भी कहना पड़ा?

-नहीं, मुझे लगता है कि बतौर कलाकार हमें यह नहीं कहना चाहिए। मेरा तरीका यह नहीं है कि मैं किसी को सामने से जाकर बोलूं कि अब ऐसा काम कर रहा हूं, तो आप मेरे लिए फलां चीजें कीजिए। बतौर कलाकार कई बार आपको ऐसी परिपक्वता दिखानी पड़ती है। वैसे भी ज्यादातर लोगों को पता चल जाता है, बोलना नहीं पड़ता है। आज के दौर में लोगों को दिख रहा है कि कौन अच्छा काम कर रहा है और कौन नहीं। उसी हिसाब से लोग प्यार दे देते हैं और किस्मत से प्यार मिल भी रहा है।

• फिल्म बर्लिन को लेकर तैयारियां कैसी रहीं?

-जी स्टूडियोज के प्रोडक्शन में बनी इस फिल्म को पहले हमने दुनिया भर के कई फिल्म फेस्टिवल्स में दिखाया। वहां हमें बहुत ही अच्छी प्रतिक्रिया मिली। इससे हमारा हौसला बढ़ा। हमारी योजना मई-जून तक यह फिल्म प्रदर्शित करने की है। फिल्म के साथ मेरा सफर कमाल का रहा। अतुल सभरवाल, जिन्होंने वेब सीरीज जुबली लिखा था, उन्होंने यह फिल्म भी लिखी है। इस फिल्म में साइन लैंग्वेज का काफी प्रयोग किया गया है। इसके लिए मुझे कुछ ऐसा बच्चों के साथ समय व्यतीत करने का मौका मिला जो अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में साइन लैंग्वेज का प्रयोग करते हैं।

बर्लिन में साइन लैंग्वेज में बातचीत करते नजर आएंगे अपारशक्ति • टीम श्रीराम

• आज जिस मुकाम पर हैं, उसमें प्रस्तोता का महत्व क्या देखते हैं?

-मेरी जिंदगी में सबकुछ बहुत महत्वपूर्ण है। प्रस्तोता भी, एक्टिंग भी, म्यूजिक भी और जब रेडियो में काम करता था, तो वह भी। कुल मिलाकर काम महत्वपूर्ण है। काम हो रहा है तो सब हो रहा है, वो नहीं होता है तो कुछ भी नहीं होता है। मेरी कोशिश हर काम को दिल से करने की होती है। किस्मत से अब तक बरकत ही मिली है। किसी भी कलाकार को जब अपने सफर में बरकत मिलती है, तो वह खुश होता है। मैं भी अपने आपको बहुत ज्यादा खुशकिस्मत मानता हूं।

(दीपेश पांडेय)

दृश्यम की रीमेक में अमिताभ बच्चन के साथ नजर आएंगी दीपिका • शिडडे

सितंबर में मां बनेंगी दीपिका पादुकोण

बीते दिनों अभिनेत्री दीपिका पादुकोण लंदन में आयोजित हुए 77वें बाफ्टा अवार्ड समारोह में गई थी तो उनके गर्भवती होने के कयास लगाए गए थे। वह साड़ी में अपना बेबी बंप छुपाते दिखी थीं। अब उन्होंने खुद ही इस खुशखबरी को साझा किया है। उन्होंने बता दिया है कि जल्द ही उनके आंगन में भी किलकारी गूंजने वाली है। दरअसल, दीपिका ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट साझा की है। इस पोस्ट में एक कार्ड बना हुआ है, जिस पर बच्चों के कपड़े, खिलौने और जूतों की इमेज बनी हुई है। इसके साथ ही दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह का नाम लिखा हुआ। दोनों के नाम के ऊपर सितंबर 2024 लिखा हुआ है। इससे बच्चे के सितंबर में आने के कयास लगाए गए हैं। दीपिका के मां बनने की खबर प्रसारित होते ही उन्हें इंटरनेट मीडिया पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा ने दिल की इमोजी के साथ बधाई लिखा। वहीं आलिया भट्ट, अर्जुन कपूर, भूमि पेडणेकर समेत तमाम कलाकारों ने उन्हें बधाई दी। सोनाक्षी ने बधाई देते हुए लिखा अब तक का आपका सर्वश्रेष्ठ प्रोडक्शन। आप दोनों के लिए बहुत खुश हूं।

****

रैट माइनर के योगदान की नहीं थी जानकारी, सामान्य कार्रवाई के तहत ढहाया मकान : डीडीए

- खजूरी खास क्षेत्र की श्रीराम कालोनी में रैट माइनर के ध्वस्त किए गए मकान का मामला
- डीडीए ने जारी किया बयान, रैट माइनर वकील हसन ने जमीन पर अतिक्रमण कर बनाया था मकान

जागरण संवाददाता, पूर्वी दिल्ली : खजूरी खास क्षेत्र की श्रीराम कालोनी में ध्वस्त किए गए रैट माइनर के मकान को लेकर डीडीए ने अपना पक्ष रखा है। डीडीए ने बयान जारी कर कहा है कि अतिक्रमण हटाने की सामान्य कार्रवाई के तहत ध्वस्तीकरण किया गया है। रैट माइनर वकील हसन ने जमीन पर अतिक्रमण कर मकान बनाया हुआ था। कार्रवाई से पहले उनको मकान खाली करने का पर्याप्त समय दिया गया था। साथ ही यह भी कहा कि कार्रवाई से पहले और उसके दौरान डीडीए के किसी अधिकारी को उत्तराखंड की सिलक्यारा सुरंग में फंसे कामगारों को बचाने में वकील के हाल के योगदान के बारे में जानकारी नहीं थी। देर शाम उनके योगदान के बारे में मालूम होने पर डीडीए की ओर से उनके आश्रय की वैकल्पिक व्यवस्था की थी, लेकिन वकील ने उसके लिए मना कर दिया। वह यहीं पर या दूसरी जगह पक्का मकान देने की मांग कर रहे थे। देर रात कई अधिकारी वहां पर गए भी थे।

मकान तोड़े जाने के बाद घर के सामने तिरपाल डालकर बैठे वकील हसन (बाएं से दूसरे) और साथ में उनके परिवार के सदस्य ● जागरण

डीडीए की ओर से बताया गया कि वर्ष 2016 में यहां पर तीन भूखंडों को अतिक्रमण हटाकर खाली कराया गया था। वर्ष 2017 में निरीक्षण के दौरान पाया गया था कि उनमें से दो भूखंडों पर वकील व एक अन्य व्यक्ति ने कब्जा कर लिया है। इस अतिक्रमण के संबंध में तत्काल पुलिस को शिकायत दी गई थी और जून 2018 में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई प्रस्तावित की गई थी। हालांकि, टीम जब अतिक्रमण हटाने के लिए पहुंची थी तो उसे काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। अतिक्रमणकारियों के रूप में पहचाने जाने वाले परिवार ने इसका विरोध किया था। उस समय अतिक्रमण के लिए जिम्मेदार अधिकारियों से स्पष्टीकरण भी मांगा गया था। फिर सितंबर 2022 और दिसंबर 2022 में कार्रवाई प्रस्तावित की गई थी। उस दौरान फिर परिवार की महिलाओं ने खुद को शारीरिक नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया और परिसर के भीतर आत्मदाह की धमकी दी थी। डीडीए ने कहा कि वकील को जमीन के स्टेट्स के संबंध में सब पता था।

प्रधानमंत्री आवास योजना में दिया जाएगा रैट माइनर को घर : तिवारी

जागरण संवाददाता, पूर्वी दिल्ली: सिलक्यारा सुरंग में फंसे मजदूरों की जान बचाने वाले श्रीराम कालोनी निवासी रैट माइनर वकील हसन का घर बुधवार को डीडीए ने अवैध निर्माण बताते हुए तोड़ दिया। वकील हसन अपने परिवार के साथ सड़क पर रह रहे हैं। उनका आरोप है कि कामगारों की जान बचाने की कीमत उन्हें घर खोकर चुकानी पड़ी है। सांसद मनोज तिवारी ने कहा है कि वकील हसन को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर दिया जाएगा।

वकील हसन ने कहा कि उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी ने मजदूरों को बचाने पर उन्हें व उनकी टीम को सम्मानित किया था। उन्होंने आश्वासन दिया था कि वह उनके घर को टूटने नहीं देंगे। डीडीए ने उनके व उनके परिवार के साथ बहुत बुरा बर्ताव किया। वह घर से सामान भी नहीं निकाल सके और कार्रवाई शुरू कर दी। जनप्रतिनिधि उन्हें सिर्फ घर देने का मौखिक आश्वासन दे रहे हैं। मनोज तिवारी ने बताया कि वह रैट माइनर से मिलने के लिए जाने वाले थे, लेकिन किसी कारणवश नहीं जा सके। एलजी ने कहा कि मामला मेरे पास आया है, इस पर गौर किया जाएगा।

उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने कहा– मकान गिराए जाने का मामला मेरे पास आया है, इस पर गौर किया जाएगा

हर उजड़े घर मालिक को पीएम आवास योजना के तहत मिले मकान : आप

राब्यू, नई दिल्ली: आप ने बृहस्पतिवार को मांग की कि उन सभी लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर मुहैया कराया जाए जिनके घर पिछले एक साल में केंद्रीय एजेंसियों ने ध्वस्त कर दिए हैं। प्रेसवार्ता में कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कहा कि पिछले एक साल में डीडीए, एएसआइ, रेलवे आदि ने काफी तोड़फोड़ की है। बुधवार को सिलक्यारा सुरंग बचाव में शामिल एक रैट माइनर के घर को डीडीए द्वारा ध्वस्त कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि एलजी ने कहा है कि उन्हें घर दिया जाएगा। हम इस कदम का स्वागत करते हैं, लेकिन मांग करते हैं कि जिन अन्य लोगों के घर गिरे हैं, उन्हें भी घर दिए जाएं।

भारतीय उद्यमिता उत्सव का आयोजन दो मार्च को

वि., नई दिल्ली: समाधान समूह और स्वावलंबी भारत अभियान के सहयोग से स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में दो मार्च को प्रगति मैदान में 'भारतीय उद्यमिता उत्सव 2024' का आयोजन किया जा रहा है। प्रगति मैदान के भारत मंडपम में शाम पांच बजे शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में दो सत्र रखे गए हैं।

पहले सत्र 'उद्यमिता की नींव' में उद्यम की स्थापना पर फोकस होगा, जिसमें कृषि, फूड प्रोसेसिंग, सर्विसेस, रियल स्टेट व अन्य क्षेत्रों पर चर्चा होगी। दूसरे सत्र 'उद्यमिता का भविष्य' में स्टार्टअप, मैन्युफैक्चरिंग, महिला उद्यमी, सामाजिक उद्यम और शिक्षा पर चर्चा होगी। इस दौरान जाने माने मोटिवेशनल स्पीकर शिव खेड़ा समेत औद्योगिक क्षेत्र की कई बड़ी हस्तियां चर्चा में शामिल होंगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जूना पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि होंगे।

प्रापर्टी डीलर पर गोली चलाने वाला मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

- नरेश उर्फ सेठी-अक्षय गिरोह का शूटर है पकड़ा गया बदमाश
- अपराध में प्रयुक्त दो पिस्टल, चार कारतूस व बाइक बरामद हुई

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली: बुद्ध विहार में प्रापर्टी डीलर पर गोली चलाने के मामले में शामिल बदमाश संदीप कश्यप को क्राइम ब्रांच ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। संदीप गैंगस्टर नरेश उर्फ सेठी-अक्षय गिरोह का शूटर है। पुलिस ने वारदात के 24 घंटे के अंदर बदमाश को दबोच कर सुलझा लिया।

डीसीपी अमित गोयल के मुताबिक, क्राइम ब्रांच की टीम ने संदीप कश्यप को अहिंसा स्थल, एमजी रोड के पास बुधवार को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। वह हरियाणा का रहने वाला है। 27 फरवरी को सेक्टर-24, रोहिणी में एक प्रापर्टी डीलर के कार्यालय पर गोलीबारी की घटना के संबंध में बुद्ध विहार पुलिस को पीसीआर काल मिली थी। पीड़ित ने बताया कि वह कार्यालय में कुछ दोस्तों के साथ बैठा था। इसी बीच कुछ लोग बाइक पर आए और उसके कार्यालय पर गोलियां चलाईं।

जांच में मौके से कारतूस का एक खोखा। मामले में बदमाशों के बारे में पता लगाने की जिम्मेदारी क्राइम ब्रांच को सौंपी गई। जांच में पता चला कि फायरिंग में नरेश सेठी का शूटर शामिल था। पुलिस को पता चला कि बुद्ध विहार की गोलीबारी में शामिल संदीप महरौली इलाके में आएगा। पुलिस टीम ने घेरकर उसे दबोच लिया। उस समय वह लाडो सराय की ओर से बाइक से आ रहा था। संदीप पूर्व में झज्जर, हरियाणा के आर्म्स एक्ट के एक मामले में संलिप्त था। बदमाश ने बताया कि 2020 में उसका अपने गांव में झगड़ा हुआ था और वह अवैध हथियार रखने के आरोप में झज्जर जेल में बंद रहा था। वहां वह गैंगस्टर अक्षय के संपर्क में आया। जमानत पर रिहा होने के बाद अक्षय ने उनकी आर्थिक मदद की और लगातार उसके संपर्क में रहे।

हत्या के प्रयास के मामले में वांछित दो बदमाश गिरफ्तार

जासं, नई दिल्ली: डाबरी में हत्या के प्रयास के मामले में वांछित दो बदमाशों को अपराध शाखा की टीम ने गिरफ्तार किया है। एडिशनल पुलिस कमिश्नर, क्राइम ब्रांच, संजय भाटिया के मुताबिक, गिरफ्तार बदमाश रोहित उर्फ भतीजा निवासी उत्तम नगर व सोनू निवासी सीतापुरी, डाबरी हैं। 14 जनवरी को दोनों ने दो साथियों के साथ मिलकर कृष्णा को खत्म करने के इरादे से उस पर चाकू से हमला किया था। उक्त मामले में डाबरी थाने में एफआइआर दर्ज हुई थी। कुछ समय बाद डाबरी थाना पुलिस ने वारदात में शामिल ललित को गिरफ्तार किया था। हवलदार राज आर्यन को सूचना मिली कि रोहित व सोनू तिलक नगर के पास आने वाले हैं। डीसीपी संजय जैन व एसीपी नरेंद्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दोनों को दबोच लिया।

थीसिस जमा करने में देरी पर एक हजार रुपये प्रतिदिन लगेगा दंड

डीयू ने मेडिकल कालेजों के छात्रों के लिए जारी किए निर्देश

- डीयू ने कहा, समय पर परीक्षा परिणाम जारी करने को लाए नियम
- फैसले के विरोध में आए मेडिकल कालेजों के रेजिडेंट डाक्टर
- छात्र उचित कारण बताता है तो नहीं ली जाएगी लेट फीस

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली : दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध मेडिकल कालेजों के छात्रों के थीसिस जमा करने में देरी होने पर उन्हें एक हजार रुपये प्रतिदिन के हिसाब से शुल्क देना होगा। विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग की ओर से नए दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। थीसिस जमा करने के शुल्क को पांच हजार से बढ़ाकर 15 हजार रुपये कर दिया गया है। मेडिकल कालेजों के डाक्टर इस फैसले के विरोध में आ गए हैं। उन्होंने बढ़े हुए शुल्क को वापस लेने की मांग की है। डीयू ने कहा, सही कारणों के साथ आने वाले छात्रों पर कोई दंड नहीं लगाया जाएगा।

डीयू के परीक्षा विभाग की ओर से जारी दिशानिर्देशों के मुताबिक एमएस, एमडीएस, डीएम और एमसीएच के छात्रों को अगर थीसिस जमा करने में देरी होती है, तो उन्हें हर रोज एक हजार रुपये के हिसाब से दंड भरना होगा। विश्वविद्यालय के आदेश का यूनिवर्सिटी कालेज आफ मेडिकल साइंसेज (यूसीएमएस) की रेजिडेंट डाक्टर एसोसिएशन ने विरोध जताया है।

एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. नीतेश कुमार ने कहा, गाइड छात्रों को दो हफ्ते बाद तक की तारीख दे देते हैं। ऐसे मामलों में छात्रों को मोटी रकम लेट फीस के रूप में देनी होगी। कई छात्र डीआरपी में काम के लिए गए थे। उनकी थीसिस पूरी नहीं हुई है। अगर उन पर नियम लागू हुआ, तो 30 हजार रुपये तक शुल्क उन्हें देना होगा। थीसिस की फीस बढ़ाना ठीक है, लेकिन जमा न करने पर जुर्माना लगाना ठीक नहीं है। पहले एक हफ्ते की देरी पर एक हजार रुपये जुर्माना लगता था। यह ठीक था, लेकिन नया नियम फंड एकत्र करने के लिए लाई गई योजना लगता है। इससे डाक्टरों पर वित्तीय संकट बढ़ेगा। डाक्टर पहले से ही कई चुनौतियों से जूझ रहे हैं। फेडरेशन आफ रेसिडेंस डाक्टर एसोसिएशन भी इसके विरोध में है और अगर इसे वापस नहीं लिया गया, तो कुलपति से मुलाकात कर विरोध जताया जाएगा।

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के परीक्षा विभाग के ओएसडी प्रो. अजय अरोड़ा ने कहा है कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य समय पर परिणाम निकालना है। मेडिकल कालेज के छात्र थीसिस जमा करने में देरी करते हैं और इससे परिणाम प्रभावित होते हैं। इसलिए यह निर्णय लिया गया है। निर्णय स्नातकोत्तर के छात्रों के लिए है और उन्हें मेहनताना मिलता है और वे जिम्मेदार छात्र हैं। ऐसे में उन्हें थीसिस समय पर जमा करनी चाहिए। अगर उनके गाइड देरी कर रहे हैं, तो उन्हें डीयू से संपर्क करना चाहिए और नियमों के साथ उनकी मदद की जाएगी और उनसे कोई लेट फीस नहीं ली जाएगी। उन्होंने कहा, तकनीकी विभागों के छात्रों की परीक्षा फीस बढ़ाई गई है। डीयू स्नातक के छात्रों की फीस बढ़ाने पर भी विचार कर रहा है। जल्द इस पर निर्णय लिया जाएगा।

29 फरवरी से बढ़ाकर 15 मार्च की गई तिथि

डीयू के चिकित्सा विज्ञान संकाय की ओर से थीसिस जमा करने की तिथि को 29 फरवरी से बढ़ाकर 15 मार्च कर दिया गया है। संकाय की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि एमडी, एमएस, एमडीएस बैच 2021 के छात्रों के हित में तिथि को बढ़ा दिया है। विश्वविद्यालय ने संस्थान के प्रमुख की सिफारिश पर निर्णय लिया है। इससे आगे छात्रों को कोई राहत नहीं दी जाएगी।

जिम संचालक पर लाखों की ठगी करने का आरोप

जागरण संवाददाता, दक्षिणी दिल्ली: वसंत कुंज नार्थ थाना क्षेत्र में एक जिम संचालक पर लोगों ने ठगी करने का आरोप लगाया है। ठगी के शिकार लोगों ने पुलिस को बताया कि जिम संचालक ने जिम के सामने भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान का फोटो लगाकर सदस्यता के नाम पर रुपये लिए और अब उनके रुपये वापस नहीं दे रहा है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

वसंत कुंज नार्थ में एक व्यक्ति ने जिम खोला था और वहां पर भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान की फोटो लगाई हुई थी। उसने लोगों से जिम खोलने के लिए फ्रेंचाइजी लेने की बात कही थी। इसके बाद जिम संचालक ने लोगों से सदस्यता के नाम पर रुपये लेने शुरू कर दिए। आरोप है कि जब उसका जिम नहीं चला, तो संचालक ने उसे बंद कर दिया।

आरोप है कि उसने कुछ लोगों के रुपये वापस नहीं दिए और वहां से चला गया। इसके बाद लोगों ने वसंत कुंज नार्थ थाने में शिकायत देकर आरोप लगाया कि जिम संचालक सदस्यता के नाम पर लिए पैसे नहीं दे रहा है। लोगों ने पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने कहा कि जिम संचालक ने उनके साथ धोखाधड़ी की है। पुलिस उपायुक्त रोहित मीना ने बताया कि मामले की प्राथमिक जांच में सामने आया है कि संचालक ने अब अपना जिम बंद कर दिया है। उसने कुछ लोगों को सदस्यता के रुपये वापस भी कर दिए हैं। इसके अलावा बाकी सदस्यों को अभी रुपये नहीं दिए हैं। इस मामले की पूरी जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

विविध गतिविधियां

विद्यारण्य महास्वामी की प्रतिमा का अनावरण

जगद्गुरु विद्यारण्य महास्वामी की प्रतिमा अनावरण के मौके पर पुष्पांजलि अर्पित करतीं जेएनयू की कुलपति प्रो. शांतिश्री डी पंडित ● सौजन्य: जेएनयू

जासं, नई दिल्ली: जेएनयू में गुरुवार को जगद्गुरु विद्यारण्य महास्वामी की प्रतिमा का अनावरण किया गया। कार्यक्रम में श्री श्रृंगेरी मठ के मुख्य सलाहकार पद्मश्री डा. गौरीशंकर और जेएनयू कुलपति प्रो. शांतिश्री धुलिपुड़ी पंडित मौजूद रहीं। प्रो. शांतिश्री ने प्रतिमा के लिए 36वें जगद्गुरु भारती तीर्थ महास्वामी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, समग्र ज्ञान विज्ञान और आध्यात्मिकता से आता है। भारतीय सभ्यता को ऊंचाई पर ले जाने के लिए भारतीय ज्ञान प्रणाली को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए। डा. गौरीशंकर ने 14वीं शताब्दी में विजयनगर राजवंश की स्थापना में विद्यारण्य के योगदान के बारे में प्रकाश डाला। उन्होंने श्री श्रृंगेरी मठ के विद्वानों की चेतना और अनुभूतियों को बाहरी दुनिया तक फैलाने के लिए जेएनयू में विद्यारण्य पीठ स्थापित करने की भी पेशकश की।

प्राण प्रतिष्ठा ने देश को एक सूत्र में पिरोया : गोयल

जासं, नई दिल्ली: राम लला के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा ने देश को एक सूत्र में पिरोया है। सभी ने प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का उत्सव मनाया है। कुछ लोग अब भी भ्रम फैला रहे हैं। यह बात भाजपा नेता डा. बसंत गोयल ने कही। वे एक निजी होटल में फार्मा उद्योग से संबंधित एक कार्यक्रम में संबोधन दे रहे थे। उन्होंने कहा, धुर विरोधी रहीं पार्टियों ने गठबंधन कर सत्ता हथियाने का रास्ता खोजा है। लेकिन, जनता ऐसे लोगों को जवाब देगी।

हरियाणा से तस्करी कर लाई गई शराब पकड़ी

जासं, दक्षिणी दिल्ली: दक्षिण पश्चिम जिले की एएटीएस ने हरियाणा से कार में तस्करी कर लाई गई शराब को चेकिंग में पकड़ा। पुलिस ने तस्कर के कब्जे से 2100 क्वार्टर बरामद किए हैं। कार को भी जब्त कर लिया है। दक्षिणी पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त रोहित मीना ने बताया कि 26 फरवरी की रात कार में हरियाणा से शराब ला रहे संभल जनपद के ब्रह्मवती निवासी नेत्रपाल यादव को पकड़ा गया। आरोपित हरियाणा से शराब लाकर दिल्ली में आपूर्ति करता था। उसके खिलाफ पहले से ही मामला दर्ज है।

संगम विहार में तीसरे दिन भी चला अवैध मकानों पर बुलडोजर, तैनात रहे पुलिसकर्मी

- इलाके में अर्द्धसैनिक बल तैनात कर गलियों पर की थी बैरिकेडिंग
- 20 से अधिक मकान गिराए गए, विरोध में लोगों ने किया हंगामा

जागरण संवाददाता, दक्षिणी दिल्ली: संगम विहार में तीसरे दिन भी वन विभाग का बुलडोजर अवैध मकानों पर चला। यहां पर 20 से अधिक मकानों को गिराया गया। पुलिस ने इलाके में जगह-जगह बैरिकेडिंग कर रखी है। सुरक्षा के लिए पुलिस व अर्द्ध सैनिक बल तैनात किया गया है, ताकि वहां कोई हंगामा न कर सकें।

संगम विहार इलाके में वन विभाग की जमीन पर सैकड़ों की संख्या पर अवैध रूप से मकान बने हुए है। इन मकानों को ध्वस्त करने के लिए वन विभाग की टीम का तीसरे दिन भी मकानों को ध्वस्त करने के लिए बुलडोजर चला। ध्वस्त किए जा रहे मकानों के विरोध में लोगों ने हंगामा किया और कार्य रोकने का प्रयास किया। इसके बाद पुलिस व अर्द्धसैनिक बल ने हंगामा कर रहे करीब सात महिला व पुरुष को हिरासत में लिया और उन्हें वहां से दूर ले गए। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पूरी होने के बाद उन्हें छोड़ दिया गया।

मकान टूटने से संगम विहार में अफरातफरी का माहौल रहा। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि विभाग की जमीन को कब्जा मुक्त कराने के लिए सभी अवैध मकानों को तोड़ा जाएगा। लोगों ने जमीन पर अवैध रूप से कब्जा जमाया हुआ है।

पुलिस और अर्द्ध सैनिक बल रहा तैनात : संगम विहार इलाके में वन विभाग की जमीन पर बने मकानों के आसपास पुलिस और अर्द्धसैनिक बल तैनात रहा। इलाके में पुलिसबल तैनात कर सभी गलियों पर बैरिकेडिंग कर रखी थी। वहां किसी को भी नहीं जाने दिया जा रहा था। यदि कोई जाने का प्रयास करता, तो उसको वहां से भगा दिया जाता था। इलाके में हालात काबू में हैं।

संगम विहार में वन विभाग की जमीन पर बने मकान को तोड़ता बुलडोजर ● जागरण

दिल्ली में कारें चोरी कर भेज देता था उत्तराखंड, गिरफ्तार

- पुलिस ने चोरी की पांच कारें और अन्य सामान किया बरामद
- शालीमार बाग में चोरी करने आए आरोपित को दबोचा

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली: दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने दाऊद नाम के कुख्यात वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपित दिल्ली से वाहन चोरी कर उसे उत्तराखंड में चोरी के वाहन खरीदने वाले रिसीवर को बेच देता था। इसकी निशानदेही पर चोरी की पांच कारें बरामद की गई हैं।

एडिशनल पुलिस कमिश्नर संजय भाटिया के मुताबिक दाऊद, नीमखेड़ा, बझेड़ा, संभल, उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। इसे चोरी की टाटा अल्ट्रोज कार के साथ गिरफ्तार किया गया। बाद में पूछताछ के बाद चार अन्य कारें बरामद की गई। 29 फरवरी को एएसआइ अशोक को सूचना मिली कि वाहन चोर दाऊद मैक्स हास्पिटल, शालीमार बाग के पास चोरी की टाटा अल्ट्रोज में किसी अन्य वाहन चोरी करने आने वाला है। डीसीपी संजय कुमार सेन व एसीपी नरेंद्र सिंह व इंस्पेक्टर संदीप स्वामी के नेतृत्व में टीम ने दाउद को पकड़ लिया। उसी दौरान एक मामले में उसे मुरादाबाद जेल में कुछ समय रहना पड़ा। वहां उसकी मुलाकात जुमा शालिन से हुई, जो वाहन चोरी करता था। इसके बाद उसने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर राजौरी गार्डन इलाके से एक कार लूटी जिसमें उसे दोबारा जेल में बंद होना पड़ा। इस धंधे में अच्छी कमाई देखकर उसने अपने दोस्त हाकिम अली उर्फ मुल्ला के साथ मिलकर वाहन चोरी करना शुरू कर दिया। वाहन चोरी करने के बाद वह उक्त वाहनों को उत्तराखंड के रहने वाले राजू को बेच देता था। हाकिम अली उर्फ मुल्ला मास्टरमाइंड है, जो प्रोग्रामिंग किट की व्यवस्था करता था और निशाना बनाए जाने वाले स्थान और वाहन की रेकी भी करता था। वे आमतौर पर ड्राइवर साइड की खिड़की का शीशा तोड़ देते थे और दरवाजा खोलने के बाद प्रोग्रामिंग किट में कोड डालते थे और वाहन का स्टीयरिंग लाक खोल देते थे।

सेवानिवृत्ति जीवन का अंत नहीं : शैलानी

जासं, नई दिल्ली: सेवानिवृत्ति जीवन का अंत नहीं है, बल्कि जीवन को स्वतंत्रता से जीने की शुरुआत है। यह बात नई दिल्ली नगर पालिका परिषद की सदस्य विशाखा शैलानी ने कही। वे एनडीएमसी के कलयाण् विभाग की ओर से सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों और कर्मचारियों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहीं थीं। उन्होंने कहा, विदाई समारोह का आयोजन सेवानिवृत्त हो रहे व्यक्ति के काम और योगदान को पहचानने के लिए किया जाता है।

विशाखा शैलानी

Lowest Gold Rate in all over Delhi
₹57300* Per 10g
Today's B.I.S. Hallmark 91.6/22CT Gold Rate
8% Making on all items
Gold Testing Machine Available
KAPIL JEWELLERS SINCE 2010.
F-24/35-36, Sec-7 Rohini
9999889959, 01127042254

SHIRT
TROUSER & JEANS
SALE
Formal & Party Wear
upto 60% off
MEN & WOMEN
By Economy Sales: 9212758425
ARROW PARK AVENUE ColorPlus SMART CASUALS LOUIS PHILIPPE LEVI'S
• GURUGRAM 306, City Center, Sector 29 (Near Hotel Pilazio)
• PUNCHKUIAN ROAD, Garwal Bhawan, (Near Jhandewalan, Gole Chkr.)
• WAZIRPUR A-5, Near Richi Rich Banquet (Opp. Shalimar Bagh)
• JANAKPURI B-1/2, Main Najafgarh Road, Opp. Metro Pillar 543
• NOIDA, Nirula's Sec-2, Near Metro Station, Sec-15, Noida, UP
• LAJPAT NAGAR, 49, Main Ring Road, Adj. Haldi Ram, Near Moolchand Crossing

फरार अपराधी गिरफ्तार

जासं, दक्षिणी दिल्ली: दक्षिण जिले की एएटीएस ने 24 मामलों में 21 साल से फरार चल रहे एक घोषित अपराधी को गिरफ्तार किया है। अपराधी को यूपी से गिरफ्तार किया गया।

निःसंतान
शुक्राणुओं की कमी
धात, स्वप्नदोष, सेक्स पा आदि गुप्त रोगों के लिए
चेतन आयुर्वेदा
▸बदरपुर ▸दरियागंज
▸भजनपुरा ▸छतरपुर
B2, CDR Chowk, Chhatterpur Delhi
9817469817

दूसरे के टिकट पर जा रहे थे गोवा, तीन धरे

आरोपितों में दो मामा-भांजे और एक साइबर कैफे संचालक को भी दबोचा, उनके खिलाफ धोखाधड़ी की धारा में प्राथमिकी दर्ज

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली : दूसरे के टिकट में हेरफेर कर गोवा जाने की कोशिश में दो लोगों को आइजीआइ एयरपोर्ट पर पकड़ लिया गया। दोनों आरोपित मामा-भांजे हैं। इस मामले में पुलिस ने इनकी मदद करने वाले साइबर कैफे संचालक को भी दबोचा है। आरोपितो के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी की धारा में प्राथमिकी की है। गिरफ्तार आरोपितों में मो. इश्तियाक, समीर खान व मुनीश है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि 28 फरवरी की शाम चार बजे गोवा जाने के लिए एक यात्री एयरपोर्ट पहुंचा। उसे इंडिगो एयरलाइंस से दिल्ली से गोवा जाना था। सुरक्षा जांच के दौरान उसने अपना नाम दानिश अब्बास बताया। उसने अपने मोबाइल फोन में आधार कार्ड की कापी दिखाकर टर्मिनल परिसर में घुसने की कोशिश की। उसकी आइडी पर अधिकारियों को कुछ शक हुआ। यात्री को पकड़ कर उससे पूछताछ की, जिसमें आरोपित यात्री ने अपना असली नाम मो. इश्तियाक बताया। उसने बताया कि उसके भांजे समीर ने अपने दोस्त दानिश अब्बास के साथ गोवा जाने के लिए टिकट बुक किया था। दानिश के जाने से मना करने पर वह टिकट के पैसे बचाने के लिए उसके नाम के आधार कार्ड पर उसका फोटो लगवा दिया। पुलिस ने मो. इश्तियाक को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में उसने बताया कि वह अनपढ़ है और दिल्ली के सीलमपुर इलाके में ई-रिक्शा चलाता है। उसने बताया कि दानिश अब्बास के गोवा जाने से इन्कार करने पर समीर खान ने उसे दानिश की जगह गोवा घूमने के लिए कहा। इसके बाद समीर खान ने साइबर कैफे चलाने वाले अपने दोस्त की मदद से अपना आधार कार्ड बनाया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने समीर को गिरफ्तार कर लिया। समीर ने बताया कि वह 12 वीं तक पढ़ा है। उसके पिता सौंदर्य प्रसाधन के सामान का कारोबार करते हैं। वह सामान की मार्केटिंग के लिए गोवा की टिकटें बुक कराई थीं।

राष्ट्रहित सर्वोपरि
राष्ट्र निर्माण पार्टी
आगामी 2024 में दिल्ली से लोकसभा की सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। चुनाव लड़ने के इच्छुक योग्य, ईमानदार, राष्ट्रभक्त एवं समर्थ प्रत्याशी संपर्क करें।
डॉ. आनंद कुमार IPS (R)
राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्र निर्माण पार्टी
संपर्क सूत्र:- 9810764795, 8377990421, 011-45791152
मुख्य कार्यालय A-41, दूसरी मंजिल लाजपत नगर - II नई दिल्ली -110024
Email-rashtranirmanparty@gmail.com
मुख्य मीडिया सलाहकार सुनील पाराशर :- 9873256001 Email: media.parashar@gmail.com

****

एक नजर में

मायके का उपनाम दोबारा अपनाने की शर्तों को दी चुनौती

नई दिल्ली: मायके का नाम दोबारा इस्तेमाल करने के लिए तलाक की डिक्री व पति से एनओसी की जरूरत संबंधी केंद्र सरकार की अधिसूचना का विरोध कर एक महिला ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन व न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की पीठ ने केंद्र सरकार को जवाब दाखिल कर निर्देश दिया है। महिला ने दावा किया है कि अधिसूचना उनके स्वायत्तता और गोपनीयता के अधिकार का उल्लंघन करती है। मुख्य पीठ ने नाम बदलने के संबंध में आवास व शहरी मामलों के मंत्रालय के प्रकाशन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना को चुनौती देने वाली याचिका पर केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने को कहा। (जासं)

दो वाहन चोर पकड़े, तीन दोपहिया बरामद

दक्षिणी दिल्ली: दक्षिण पश्चिम जिला पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से तीन वाहन बरामद किए गए हैं। पुलिस उपायुक्त रोहित मीना ने बताया कि आरोपितों की पहचान वसंत विहार निवासी सनी उर्फ आकाश व शास्त्री मार्केट मोती बाग निवासी विष्णु के रूप में हुई है। दोनों को साउथ कैंपस इलाके से दबोचा गया। (जासं)

दो तस्कर पकड़े, 67 लाख का सोना बरामद

नई दिल्ली: आइजीआइ एयरपोर्ट के कस्टम अधिकारियों ने चेकिंग के दौरान सोने की तस्करी करने वाले दो लोगों को पकड़ा है। उनके पास से 1260.72 ग्राम सोना बरामद हुआ। इसकी कीमत 67 लाख रुपये से अधिक बताई गई है। कस्टम अधिकारियों ने बताया कि एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 से आरोपित सगुल हमीद अहमद और असरुद्दीन अब्दुल को पकड़ा गया है। यह आरोपित ढाका से दिल्ली आए थे। उनके बैग से सोना मिला। वहीं, एयरपोर्ट से 490 ग्राम सोने के साथ एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। इसकी कीमत 26 लाख से अधिक बताई गई है। (जासं)

दुकानदार को लूटने वाले दो नाबालिग समेत तीन पकड़े

दक्षिणी दिल्ली: दक्षिण जिले के स्पेशल स्टाफ ने लूट करने वाले दो नाबालिग सहित तीन लड़कों को पकड़ा है। आरोपितों से तीन चाकू बरामद हुए हैं। दक्षिण जिले के पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि आरोपित की पहचान मदनगीर निवासी पीयूष के रूप में हुई। आरोपित के साथ दो नाबालिग भी पकड़े गए। (जासं)

लचर सेवा व अव्यावहारिक रूट से बसों पर नहीं बढ़ रहा भरोसा

छह साल में दिल्ली में बसें तो बढ़ीं, पर यात्रियों की संख्या घटी

सीएसई की रिपोर्ट

संजीव गुप्ता • अलवर

विभिन्न तरह के प्रदूषण से जूझती दिल्ली के लिए शासन, प्रशासन व एजेंसियां अपने स्तर पर विमर्श करती हैं और कार्ययोजना तैयार करती हैं। बावजूद राजधानी को विशेष राहत मिलती नहीं दिखती। राजस्थान के अलवर में चल रहे पर्यावरण सम्मेलन में विशेषज्ञों ने दिल्ली के प्रदूषण की समस्या व समाधान को लेकर प्रमुखता से अपनी बात रखी।

दिल्ली में इस समय ई-बसों की संख्या देश के किसी भी शहर के मुकाबले सर्वाधिक 1650 है, लेकिन दिल्ली का वायु प्रदूषण कम करने के लिए इन बसों में यात्रियों की संख्या का भी बढ़ना जरूरी है। लोग जब तक सार्वजनिक परिवहन सेवा पर भरोसा नहीं कर पाएंगे, प्रदूषण की स्थिति में बहुत बदलाव नहीं आ पाएगा। अलवर के नीमली स्थित अनिल अग्रवाल एनवायरमेंट ट्रेनिंग इंस्टीटयूट में चल रहे सीएसई (सेंटर फार साइंस एंड एनवायरनमेंट) द्वारा आयोजित पर्यावरण सम्मेलन में दूसरे दिन प्रस्तुत अध्ययन रिपोर्ट में विस्तार से बताया गया। 2017-18 में दिल्ली में बसों की संख्या 5,695 थी। वर्तमान में इनकी संख्या 7,582 है। इनमें 1650 ई-बसें भी हैं, दूसरी तरफ बसों में चलने वाले यात्रियों की संख्या घट रही है। 2017-18 की तुलना में यात्रियों की संख्या में 48.5% की गिरावट दर्ज हुई है। लचर सेवा, अव्यावहारिक रूट और सड़कों पर रहने वाला जाम बसों के प्रति यात्रियों का भरोसा बढ़ने नहीं दे रहा। सीएसई की कार्यकारी निदेशक अनुमिता राय चौधरी बतातीं हैं कि ई-बसें पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अच्छा प्रयास हैं, लेकिन इन्हें सफल तभी माना जाएगा, जब लोग निजी वाहनों पर निर्भरता छोड़ इनमें सवारी करें। डीटीसी, कलस्टर बसों और मेट्रो में केवल 50.77% यात्री सवारी कर रहे हैं। 49.33% अब भी कार, आटो व दोपहिया वाहनों के सहारे हैं। मौसम विज्ञानी आर के जेनामणि ने बताया कि दिल्ली की भौगोलिक परिस्थितियां ऐसी हैं कि मौसमी कारक भी प्रदूषण का स्तर बढ़ा देते हैं। सर्दियों में कोहरा छाने, हवा की रफ्तार कम होने और तापमान में गिरावट से एक्यूआइ बढ़ जाता है।

इलेक्ट्रिक बस • सौ. इंटरनेट मीडिया

धूल से बढ़ रहा प्रदूषण

आइआइटी कानपुर के प्रो. मुकेश शर्मा ने बताया कि दिल्ली में प्रदूषण की बड़ी वजहों में परिवहन के साथ धूल है। धूल का कारण टूटी सड़कें और निर्माण स्थल हैं।

दिल्ली में सात वर्षों में इस बार फरवरी में सबसे कम रहा प्रदूषण

राय्यू, नई दिल्ली : राजधानी में लगातार पिछले आठ दिनों से हवा की गुणवत्ता मध्यम श्रेणी में है। बृहस्पतिवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट कर जानकारी दी है कि इस बार फरवरी में प्रदूषण का स्तर पिछले सात वर्षों में सबसे कम रहा है। आयोग ने इस बार प्रदूषण कम होने का कोई कारण तो नहीं बताया है, लेकिन इस बार फरवरी में पिछले 10 वर्षों में सबसे अधिक वर्षा हुई है। इसे प्रदूषण कम होने का एक कारण माना जा रहा है।

इस बार फरवरी का औसत एक्यूआइ व पीएम-2.5 का औसत स्तर वर्ष 2018 से अब तक सात वर्षों में सबसे कम रहा। फरवरी में औसत एक्यूआइ 218 और पीएम-2.5 का औसत स्तर 104 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रहा। मध्यम वायु गुणवत्ता वाले दिनों की संख्या इस बार अधिक रही और खराब से गंभीर श्रेणी की वायु गुणवत्ता वाले दिनों की संख्या कम रही, लेकिन इस बार फरवरी में एक दिन भी एक्यूआइ 100 से नीचे नहीं रहा। एक भी दिन स्वच्छ हवा तो नहीं मिली, लेकिन फरवरी में 15 दिन हवा की गुणवत्ता मध्यम रही।

आज रात हो सकती है वर्षा, कल के लिए आरेंज अलर्ट

दिन भर तेज धूप के बाद बृहस्पतिवार की शाम को मौसम अचानक खुशनुमा हो गया। पलाश के पेड़ पर लाल रंग का फूल कुछ ही दिनों के लिए रहता है, आइटीओ के समीप एक पेड़ पर खिले फूलों के बीच चहचहाते पक्षी • चंद्र प्रकाश मिश्र

राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली: राजधानी में बृहस्पतिवार को आसमान साफ रहा। पिछले दिन के मुकाबले अधिकतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई।

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से शुक्रवार को आंशिक बादल छाए रहेंगे और रात के वक्त गरज के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना है। इस दौरान 25 से 35 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हवा चलेगी। इस वजह से मौसम विभाग ने शुक्रवार के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, शनिवार को आरेंज अलर्ट है। शनिवार को मध्यम स्तर की वर्षा हो सकती है। इस दौरान 40 से 50 किमी प्रति घंटे की गति से तेज हवा चल सकती है। दिल्ली में अधिकतम तापमान 27.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस अधिक है। न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जो सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस कम है। एक दिन पहले दिल्ली में अधिकतम तापमान 25.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10.7 डिग्री सेल्सियस था।

पूर्व दानिक्स अधिकारी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

जासं, नई दिल्ली : अनुकंपा के आधार पर नौकरी देने का वादा करने और नौकरी के बदले नकद घोटाले के संबंध में दिल्ली सरकार के विशेष सचिव (सतर्कता) के खिलाफ मनगढ़ंत शिकायत दर्ज करने का प्रलोभन देने के आरोपित की अग्रिम जमानत याचिका कोर्ट ने खारिज कर दी। तीस हजारी कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सुशील अनुज त्यागी ने पूर्व दानिक्स अधिकारी एवी प्रेमनाथ की याचिका खारिज कर कहा कि उन्होंने जांच में सहयोग नहीं किया और न ही अपराध में इस्तेमाल किया गया मोबाइल फोन पेश किया, जिसे उसने खुद गफ्फार मार्केट से खरीदा था। कोर्ट ने कहा कि अग्रिम जमानत देने के लिए यह उपयुक्त मामला नहीं लगता है। अभियोजन पक्ष ने कहा कि आरोपित के खिलाफ आरोप गंभीर प्रकृति के हैं और उसे राहत देने से जांच लटक जाएगी। शिकायतकर्ता नकुल ने प्राथमिकी में आरोप लगाया था कि उसने अनुकंपा के आधार पर रोजगार के लिए आवेदन किया लेकिन कार्रवाई नहीं की गई। आरोपित ने दिल्ली के मंत्री से परिचित होने का दावा कर नौकरी दिलवाने में मदद का आश्वासन दिया था।

अब तक 87 हजार बुजुर्गों को कराई तीर्थयात्रा : आतिशी

जागरण संवाददाता, दक्षिणी दिल्ली: दिल्ली सरकार की राजस्व मंत्री आतिशी ने कहा कि आप सरकार मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा के तहत अभी तक 91 ट्रेन भेजकर 87 हजार बुजुर्गों को तीर्थयात्रा करा चुकी है। आतिशी ने बृहस्पतिवार को त्यागराज स्टेडियम में भजन संध्या के बाद बुजुर्गों को टिकट सौंपे और 92वीं ट्रेन भगवान श्रीकृष्ण के धाम द्वारका के लिए रवाना की।

आतिशी ने बताया कि 92वीं ट्रेन से 780 बुजुर्गों को दिल्ली से द्वारका रवाना किया गया। इससे पहले सभी तीर्थयात्रियों के लिए त्यागराज स्टेडियम में भजन संध्या का आयोजन किया गया। आतिशी तीर्थयात्रियों से मिलीं और कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बेटे की भूमिका निभाते हुए दिल्ली के बुजुर्गों को तीर्थयात्रा करवा रहे हैं। वह श्रवण कुमार की तरह हर बुजुर्ग के लिए तीर्थयात्रा का इंतजाम कर रहे हैं। राजस्व मंत्री ने कहा कि यह खुशी की बात है कि तीर्थयात्रा पर जाने वाले बुजुर्गों में 80 फीसदी से अधिक महिलाएं होती हैं। मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना के तहत दिल्ली सरकार दो-तीन वर्षों से बुजुर्गों को देश भर में विभिन्न तीर्थस्थलों के दर्शन करवा रही है। बृहस्पतिवार शाम को सफदरजंग रेलवे स्टेशन से ट्रेन द्वारका रवाना हुई।

त्यागराज स्टेडियम में द्वारका रवाना हो रही ट्रेन का टिकट देने के बाद बुजुर्ग महिला से मिलतीं आतिशी • सौ : दिल्ली सरकार

- मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना के तहत 92वीं ट्रेन द्वारका के लिए रवाना
- आतिशी ने त्यागराज स्टेडियम में बुजुर्ग यात्रियों को सौंपे टिकट

उज्बेकिस्तान का नागरिक दवा तस्करी में गिरफ्तार

जासं, नई दिल्ली: आइजीआइ एयरपोर्ट पर सीआइएसएफ के जवानों ने उज्बेकिस्तान के एक नागरिक को दवा तस्करी के आरोप में पकड़ा है। आरोपित के पास से 1.30 करोड़ रुपये की दवाइयां बरामद हुई हैं। सीआइएसएफ के प्रवक्ता अखिलेश कुमार शुक्ला ने बताया कि पकड़ा गया यात्री की बी तालीपोव है, जो उज्बेकिस्तान का रहने वाला है। इसे उज्बेकिस्तान एयरलाइंस के विमान से ताशकंद जाना था।

यहां पर जब इसके लगेज की एक्सरे मशीन में जांच की गई तो सीआइएसएफ की टीम को लगेज में संदिग्ध सामान नजर आया। इसके पास कुल पांच बैगेज थे। जांच के दौरान सभी में दवाइयां मिलीं, जिसकी कीमत 1 करोड़ 30 लाख रुपये आंकी जा रही है। इतनी भारी मात्रा में लाई गई दवा को लेकर उसने कोई भी दस्तावेज नहीं दिखाया। इसके बाद इस मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। उसके बाद उस हवाई यात्री और बरामद की दवाओं को कस्टम की टीम के हवाले कर दिया गया है। मामले में जांच जारी है।

फिल्म रिव्यू

लापता लेडीज ★★★★

प्रमुख कलाकार : नितांशी गोयल, प्रतिभा रांटा, स्पर्श श्रीवास्तव, रवि किशन, छाया कदम, गीता अग्रवाल
निर्देशक : किरण राव
अवधि : दो घंटे छह मिनट

महिलाओं की मनोदशा का चित्रण

'लापता लेडीज' दो दुल्हनों की अनजाने में अदला-बदली की कहानी है, लेकिन उनके बहाने ग्रामीण महिलाओं की जिंदगी को करीब से टटोल जाती है। कहानी दो नवविवाहिताओं की है, जो यात्रियों से भरी ट्रेन में घूंघट में पास-पास बैठकर जा रही हैं। अपना स्टेशन आने पर दीपक (स्पर्श श्रीवास्तव) सो रही पत्नी फूल कुमारी (नितांशी गोयल) को जगाकर स्टेशन पर उतारता है। घर पहुंचने पर रस्मों के दौरान पता चलता है कि दुल्हन की अदला-बदली हो गई है। यह दुल्हन अपना नाम पुष्पा (प्रतिभा रांटा) बताती है। उसे अपने ससुराल का पता भी ठीक से पता नहीं। उधर, फूल को भी इस सच्चाई का पता चलता है। उसे भी अपनी ससुराल के गांव का नाम तक पता नहीं है। उसे स्टेशन पर दुकान चलाने वाली मंजू माई (छाया कदम) अपने यहां पनाह देती हैं। दोनों दुल्हनों का ससुराल पक्ष पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराता है। इस दौरान पुष्पा की गतिविधियां संशय पैदा करती हैं। इंस्पेक्टर मनोहर (रवि किशन) उसकी हरकतों पर नजर रखता है। उधर, फूल इस इंतजार में है कि उसका पति उसे खोजते हुए आएगा। उनकी जिंदगी की परतें खुलनी आरंभ होती हैं।

फिल्म के निर्माता आमिर खान हैं। कहानी बिप्लब गोस्वामी ने लिखी है। स्क्रीनप्ले और संवाद स्नेहा देसाई के हैं। आमिर ने ही यह कहानी अपनी पूर्व पत्नी किरण को बनाने के लिए दी थी। उम्मीदों पर वह खरी उतरी हैं। फिल्म धोबी घाट के निर्देशन के करीब 13 साल बाद किरण राव ने निर्देशन में वापसी की है। साधारण-सी कहानी में महिलाओं की आत्मनिर्भरता, शिक्षा, जैविक खेती जैसे मुद्दों के साथ उनकी दिशा और मनोदशा को कहानी में खूबसूरती से चित्रित किया गया है। फिर भी फिल्म उपदेशात्मक नहीं हुई। फिल्म के संवाद चुटीले और परिस्थिति के अनुकूल हैं। फिल्म गांव की समस्याओं की ओर भी इंगित करती है।

आम हिंदी फिल्मों की तरह यहां कोई खलनायक नहीं है। पुलिसकर्मी मनोहर भले ही भ्रष्ट और लालची है, लेकिन दुष्ट प्रवृत्ति का नहीं है। रवि किशन इस पात्र के लिए सटीक हैं। वह दमदार मौजूदगी दर्ज कराते हैं। प्रतिभा रांटा का पात्र चालाक व बुद्धिमान है। वह अपनी कुशाग्रता से किस प्रकार अपने सपने के लिए राहें बना रही हैं, वह चौंकाता है। पुष्पा की सच्चाई सामने आने पर वह सहानुभूति बटोरने में कामयाब रहती हैं।

नितांशी फूल की भूमिका में मासूम दिखी हैं। उनका पात्र निरक्षर होने से किस प्रकार संकट में आता है, उसके प्रभाव कहानी में उभारे गए हैं। वेबसीरीज जामताड़ा से सुर्खियों में आए स्पर्श श्रीवास्तव नवविवाहित पत्नी के गुम होने का दर्द और दोस्तों के आक्षेप से परेशान युवक की भूमिका में प्रभावित करते हैं। छाया कदम का काम उल्लेखनीय है। सहयोगी कलाकार भी कई बार खामोश रहकर भी बहुत कुछ बयां कर जाते हैं।

राम संपत का संगीत और स्वानंद किरकिरे, प्रशांत पांडे, दिव्यनिधि शर्मा द्वारा लिखे गाने ग्रामीण पृष्ठभूमि के अनुरूप हैं।

महिलाओं की शिक्षा, आत्मनिर्भरता जैसे मुद्दों को उठाया गया है। चित्र सौ. : फिल्म टीम

किसी को आसान, तो किसी को मुश्किल लगा भूगोल का पेपर

भूगोल का पेपर देने के बाद स्कूल के बाहर आपस में मंथन करतीं छात्राएं • ध्रुव कुमार

सीबीएसई परीक्षा

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली: सीबीएसई ने बृहस्पतिवार को देशभर में 12वीं की भूगोल की परीक्षा आयोजित की। तीन घंटे की इस परीक्षा में 70 अंकों के लिए सवाल पूछे गए थे। विद्यार्थी परीक्षा केंद्रों पर सुबह 10 बजे ही पहुंच गए थे।

परीक्षा सुबह साढ़े दस से दोपहर डेढ़ बजे तक चली। परीक्षा केंद्रों से परीक्षा देकर निकले विद्यार्थियों ने परीक्षा को लेकर मिली-जुली प्रतिक्रिया दी। कुछ को पेपर बहुत कठिन तो कुछ को आसान लगा। विद्यार्थियों ने बताया कि परीक्षा में 17 बहुवैकल्पिक प्रश्न पूछे गए थे जो कि आसान थे। विद्यार्थियों ने बताया कि अधिकांश प्रश्न मध्यम से कठिन स्तर के थे। कुछ प्रश्नों में वास्तव में आलोचनात्मक सोच की आवश्यकता थी, जिससे विद्यार्थियों के पूर्व अपेक्षित ज्ञान का परीक्षण किया जा सके। कुल मिलाकर, इस वर्ष का भूगोल का पेपर काफी समावेशी था और अधिकांश विद्यार्थी प्रश्नों से संतुष्ट थे। उन्होंने कहा कि वस्तुनिष्ठ और मानचित्र प्रश्न भी बिंदुवार और सीधे थे। विद्यार्थियों ने कहा कि औसत अंकों से पास होने की उम्मीद है। बहुत ज्यादा नहीं लगा सकते हैं।

समिति में महिला अधिवक्ता के लिए आरक्षित की जाएंगी दो सीटें

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) ने दिल्ली हाई कोर्ट को आश्वासन दिया कि महिला अधिवक्ता के लिए बार निकाय कार्यकारी समिति में कम से कम दो सीटें आरक्षित करने के मुद्दे पर चर्चा के लिए दो माह में एक आम सभा बुलाई जाएगी। न्यायमूर्ति सुधीर कुमार जैन ने एससीबीए के अध्यक्ष आदिश अग्रवाल के बयान के बाद जनहित याचिका का निपटारा कर कहा कि किसी भी अन्य बार एसोसिएशन की तरह समिति में कम से कम दो महिला सदस्य होनी चाहिए।

एससीबीए अध्यक्ष आदिश अग्रवाल ने कहा कि बार एसोसिएशन की आम सभा को दो माह में बुलाया जाएगा। अग्रवाल ने कहा कि हर कोई इस बात से सहमत होगा कि कार्यकारी समिति में एक महिला प्रतिनिधि होनी चाहिए और इतने बड़े संघ के लिए दो महिला सदस्यों की मांग वास्तविक है। महिला अधिवक्ता की ओर से पेश अधिवक्ता श्रीराम परक्कट ने कहा कि एससीबीए अध्यक्ष के बयान के बाद याचिका का निपटारा किया जा सकता है।

- सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन अध्यक्ष ने कहा, आम सभा को दो माह के अंदर बुलाया जाएगा
- महिला अधिवक्ता की याचिका पर एससीबीए अध्यक्ष के बयान के बाद याचिका का हुआ निपटारा

याचिका में कहा था कि कार्यकारी निकाय में महिलाओं के लिए कम से कम दो सीटें आरक्षित करने के लिए एससीबीए नियमों व विनियमों में संशोधन पर विचार करने के लिए एक सामान्य निकाय बैठक बुलाने के लिए अगस्त 2023 में एससीबीए व भारत के मुख्य न्यायाधीश को एक आवेदन दिया गया था, लेकिन कोई स्वीकृति या प्रतिक्रिया नहीं मिली। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि कार्यकारी पैनल में महिला सदस्यों की अनुपस्थिति में यौन उत्पीड़न जैसे मुद्दों को पर्याप्त रूप से हल नहीं किया जाता है। अधिवक्ता ने कहा कि उनका पर्याप्त प्रतिनिधित्व कानूनी समुदाय के भीतर यौन उत्पीड़न की घटनाओं को रोकने और निवारण के लिए बनाई गई नीतियों व कार्यान्वयन में योगदान दे सकता है।

कागज 2 ★★★

प्रमुख कलाकार : दर्शन कुमार, अनुपम खेर, स्मृति कालरा, नीना गुप्ता, सतीश कौशिक, अनंग देसाई
निर्देशक : वी.के. प्रकाश
अवधि : दो घंटा चार मिनट

अहम मुद्दा उठाती फिल्म

करीब दो साल पहले आई फिल्म कागज एक ऐसे व्यक्ति की कहानी थी, जिसे जीवित होने के बावजूद सरकारी कागजों में मृत बताया गया था। सतीश कौशिक के निर्देशन में बनी उस फिल्म के लगभग तीन साल बाद इस फ्रेंचाइज की दूसरी फिल्म कागज 2 आई है। दिवंगत अभिनेता और फिल्ममेकर सतीश कौशिक की यह अंतिम फिल्म है। इससे वह निर्देशक के बजाय निर्माता और अभिनेता के रूप में जुड़े। आम इंसान के दर्द को उकेरने के साथ यह फिल्म राजनीतिक और सामाजिक व्यवस्था पर चोट करती है। रैलियों, हड़ताल, धरने-प्रदर्शन के चलते जगह-जगह ट्रैफिक जाम की कीमत आम लोगों को किस प्रकार चुकानी पड़ती है, इसी मुद्दे पर कागज 2 आधारित है।

इंडियन मिलेट्री एकेडमी (आइएमए) में प्रशिक्षण ले रहे उदय सिंह (दर्शन कुमार) के बचपन में उसके माता-पिता अलग हो चुके हैं। वह काम में फोकस नहीं रह पाता। वह आइएमए छोड़कर घर आ जाता है। उसकी मां राधिका (नीना गुप्ता) बुटीक चलाती है। इस बीच उदय के पिता वकील राजनारायण (अनुपम खेर) उससे मिलने की इच्छा व्यक्त करते हैं। उदय बेमन से उनसे मिलने जाता है। बचपन में उसे और उसकी मां को छोड़कर जाने की वजह से वह पिता से बेहद नाराज है। उसे पता चलता है कि पिता को ब्लड कैंसर है, फिर भी वह एक लाचार पिता सुशील रस्तोगी (सतीश कौशिक) का मुकदमा लड़ रहे हैं। रैली के चलते ट्रैफिक जाम में फंसने से इलाज के अभाव में उनकी एकमात्र होनहार बेटी दम तोड़ देती है। वह अपनी बेटी को न्याय दिलाने की लड़ाई लड़ते हैं। उदय भी इस मुहिम का हिस्सा बनता है।

कागज पर लिखे नियम तब तक बेअसर हैं, जब तक उन्हें अमल में न लाया जाए। फिल्म यह संदेश देती है। क्लाइमेक्स में रस्तोगी कहते हैं, देशसेवा के नाम पर नेता रैली करते हैं, धरना प्रदर्शन करते हैं, क्या उससे देश को सचमुच बदल देंगे? अपने रास्ते बनाने के लिए दूसरों के रास्ते रोकने का अधिकार इन्हें दिया किसने? यह संवाद उस व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है, जो आम इंसान को हाशिए पर रखता है। फिल्म इसे तार्किक ढंग से उठाती है। साथ ही माता-पिता के अलगाव का बच्चों पर पड़ने वाले प्रभाव को भी रेखांकित करती है। हालांकि उदय के पात्र को स्थापित करने व मुद्दे पर आने में लेखक, निर्देशक काफी समय लेते हैं। पिता-पुत्र के बीच के कई दृश्य प्रभाव छोड़ते हैं।

निडर वकील की भूमिका में अनुपम खेर जंचते हैं। इस विषय पर उनका अनुभव झलकता है। दर्शन कुमार के साथ पहले वह द कश्मीर फाइल्स में नजर आ चुके हैं। दोनों की केमिस्ट्री जमती है। दर्शन ने पात्र के अनुरूप खुद को ढालने के लिए फिटनेस पर मेहनत की है। क्लाइमेक्स में सतीश कौशिक एक पिता की बेबसी बयां करते हुए आंखें नम कर जाते हैं।

स्मिता श्रीवास्तव



चित्र सौ. : फिल्म टीम

फेयरी फोक ★★

मुख्य कलाकार : रसिका दुग्गल, मुकुल चड्ढा, चंद्रचूड़ राय, अस्मित पठारे, निखिल देसाई
निर्देशक : करण गौर
अवधि : एक घंटा 40 मिनट

कपोल कल्पित कहानी

निर्देशक, लेखक और एडिटर करण गौर की फिल्म फेयरी फोक वास्तविकता और फंतासी की दुनिया के बीच अटकती-भटकती है। कहानी शुरू होती है जंगल से, जहां मोहित (मुकुल चड्ढा) और रितिका (रसिका दुग्गल) की गाड़ी खराब हो जाती है। वहां उन्हें अचानक नग्न अवस्था में एक वनवासी दिख जाता है। अगले दिन वनवासी मोहित के घर पहुंच जाता है। मोहित जो कहता है, वह वनवासी करता है। एक दिन मोहित उसे प्यार से चूम लेता है। अगले दिन वह हूबहू मोहित जैसा बन जाता है, जिसका नाम कबीर (चंद्रचूड़ राय) रखा जाता है। कुछ दिन बाद मोहित के पास एक और ऐसा ही व्यक्ति पहुंचता है। इस बार मोहित और रितिका उसे पुरुष नहीं, बल्कि स्त्री की पहचान देना चाहते हैं। क्या होगा, जब मोहित और रितिका जैसे व्यक्तित्व वाले दो वनवासी उनके साथ रहेंगे, इस पर कहानी आगे बढ़ती है।

वास्तविकता और फंतासी को मिलाकर बनाई गई करण गौर की इस कहानी का प्लाट दिलचस्प तो है कि एक युगल के जीवन में प्यार और कामुकता की कमी की चर्चा उनके जैसे दो वनवासियों के आने के बाद खुलकर होती है। उन वनवासियों के रूप में उन्हें परफेक्ट पार्टनर मिल जाता है, लेकिन वह इस बात को समझाने में चूक जाते हैं।

इस फिल्म को इंप्रोवाइज्ड अभिनय के तहत शूट किया गया है, जिसमें कलाकार खुद अपने संवाद बनाकर बोलते हैं। रसिका और मुकुल के संवाद वास्तविक लगते हैं, लेकिन उनके दोस्तों की बातचीत शोर लगने लगती है। अजीब बात यह है कि एक वनवासी के आ जाने से किसी को भी हैरानी नहीं होती। पति-पत्नी भी अपने जैसे व्यक्तित्व वाले वनवासी के साथ एकदूसरे को बांटने में सहज हैं, वे खुद के रिश्तों को सुधारने का प्रयास नहीं करते। वनवासियों में एक व्यक्ति हिंदी में बात करता है, तो फिर उसके साथ रहने वाले बाकी लोग क्यों बात नहीं कर पाते हैं? अगर केवल चूमने पर ही सामने वाले की पहचान कोई अपना लेता है, तो वह उसकी तरह बनने की बजाय उससे बेहतर कैसे बन जाता है? ऐसे कई सवाल अनुत्तरित हैं।

मुकुल चड्ढा इंप्रोवाइजेशन कामेडी शोज करते आए हैं। इंप्रोवाइज्ड अभिनय में उनकी पकड़ मजबूत है। रसिका दुग्गल ने इसमें उनका साथ बखूबी दिया। वनवासी की भूमिका में निखिल देसाई ने नपातुला काम किया है। चंद्रचूड़ राय और अस्मित पठारे प्रभावशाली लगे हैं। खासकर अस्मित, जिन्होंने रितिका की पहचान अपनाई होती है, वह पुरुष के शरीर में महिलाओं के भाव सहजता से लाते हैं।

प्रियंका सिंह

चित्र सौ. : फिल्म टीम

नवाचार की जरूरत पहले से कहीं अधिक: बिल गेट्स

- कहा- आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस सबसे परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकी
- सार्वजनिक भलाई के लिए नवाचार पर आइआइटी में दिया व्याख्यान

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली : बिल और मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के सह-अध्यक्ष बिल गेट्स ने बृहस्पतिवार को कहा कि विभिन्न चुनौतियों से निपटने के लिए नवाचार की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक है। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआइ) सबसे परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकी है, जिसे उन्होंने अपने जीवनकाल में देखा है। गेट्स आइआइटी दिल्ली में 'सार्वजनिक भलाई के लिए नवाचार' विषय पर विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे।

गेट्स ने कहा कि समाज की भलाई के लिए प्रौद्योगिकी का फायदा उठाया जाना चाहिए। गेट्स ने कहा, मैं भारत को बहुत व्यापक दृष्टिकोण से देख रहा हूं। मैं काफी भाग्यशाली हूं कि फाउंडेशन के काम के जरिये, ऐसे नवप्रवर्तकों को देख पाया जो सभी प्रकार के क्षेत्रों-स्वास्थ्य से लेकर कृषि व जलवायु तक में मदद कर सकते हैं। हमें बेहतर भारतीय नवाचार की आवश्यकता है। उन्होंने छात्रों से कहा, आप सभी भाग्यशाली हैं कि आप यहां आए और आपने बेहतरीन शिक्षा प्राप्त की। प्रौद्योगिकी को हम कैसे लेते हैं, कैसे आकार देते हैं, इसकी जो जटिलता है, उसमें आपको बड़ी भूमिका निभाने का अवसर मिलेगा। गेट्स ने उन्हें वित्तीय प्रभाव के संदर्भ में अपने करियर पर विचार करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, यदि मैं आज एक छात्र होता, तो एआइ के रहस्य मुझे आकर्षित करते। यह अजीब बात है कि जो तकनीक इतनी बेहतर तरीके से काम कर रही हैं, हम उन्हें वास्तव में समझ नहीं पाते हैं। मैं निश्चित रूप से इस तरह की तकनीक के बारे में जानना चाहूंगा।

उन्होंने कहा, नवाचारों को बढ़ावा देने के लिए शैक्षणिक संस्थानों, सरकार और निजी क्षेत्र के बीच सहयोगात्मक प्रयास होने चाहिए। व्याख्यान के दौरान छात्रों ने बिल गेट्स से सवाल भी पूछे। कार्यक्रम में एक हजार छात्रों ने भाग लिया। इस मौके पर आइआइटी दिल्ली के निदेशक डा. रंगन बनर्जी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व छात्रा गजल कालरा ने किया।

आइआइटी दिल्ली में छात्रों के साथ बिल गेट्स • सौ. आइआइटी दिल्ली

★★★★★ उत्कृष्ट ★★★★ बहुत अच्छी ★★★ अच्छी ★★ औसत ★ औसत से कम

अपनी राय हमें जरूर बताएं : feature@jagran.com

****